प्राचीन हस्तलिखित पोथियों का विवरण

[पहला खण्ड]

सम्पादक
डॉक्टर धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना–४

तृतीय संस्करण, २०००
शकाब्द १८९३; विक्रमाब्द २०२८; खृष्टाब्द १९७१
मूल्य : ६·५०

मुद्रक
सुनील प्रिन्टिंग प्रेस
पटना–४

वक्तव्य

[तृतीय संशोधित एवं संवर्द्धित संस्करण]

तथ्यपरक शोध, पाठानुसन्धान और साहित्येतिहास के पुनर्निर्माण की दृष्टि से प्राचीन हस्तलिखित पोथियों का विपुल महत्त्व है। इन क्षेत्रों में गहन अध्ययन की आधारशिलाएँ ये प्राचीन हस्तलिखित पोथियाँ ही प्रस्तुत करती हैं। अतः, एक शोध-संस्थान होने के कारण परिषद् ने ऐसी दुर्लभ प्राचीन हस्तलिखित पोथियों का विवरण छह खण्डों में प्रकाशित किया है। हमें इस बात की प्रसन्नता है कि सूक्ष्मेक्षिका-सम्पन्न अनुसन्धित्सु-समुदाय ने इन सभी खण्डों का पर्याप्त समादर किया है।

परिषद् के प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ-शोध-विभाग द्वारा संगृहीत पुरानी पोथियों के प्रथम खण्ड का पहला संस्करण सन् १९५४ ई० में प्रकाशित हुआ था। प्रथम संस्करण में इस खण्ड की सामग्री कुछ और सुव्यवस्थित होने की अपेक्षा रखती थी; क्योंकि उस समय परिषद् द्वारा संकलित ग्रन्थों का जो विवरण त्रैमासिक साहित्य' में क्रमशः प्रकाशित हो रहा था, उसी की पुनर्मुद्रित प्रतियों का कुछ अंश पुस्तकाकार प्रकाशित कर दिया गया था। इसलिए, सन् १९५८ ई में जब इस खण्ड का दूसरा संस्करण प्रकाशित हुआ, तब उसे अपेक्षित संशोधनों एवं परिवर्द्धनों के साथ सन्तोषजनक रीति से सुव्यवस्थित कर दिया गया। सन् १९७१ ई० में प्रस्तुत यह नवीन तृतीय संस्करण दूसरे संस्करण की आवृत्ति-मात्र नहीं, बल्कि उसका और भी संवर्द्धित रूप है। अतः, हमें विश्वास है कि प्राचीन हस्तलिखित पोथियों के विवरण का यह प्रथम खण्ड इस रूप में गवेषकों और अनुसन्धित्सुओं को अधिक प्रीत करेगा।

इस खण्ड के पहले दो संस्करण प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ-शोध-विभाग के तत्कालीन अध्यक्ष और इस विवरण-ग्रन्थ के सम्पादक स्वर्गीय डॉक्टर धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री के जीवनकाल में ही प्रकाशित हुए थे। किन्तु, कई वर्ष पूर्व उनका देहावसान हो जाने के कारण हम इस संस्करण में उनकी पारंगत विद्वत्ता और निपुण निर्देशन का लाभ नहीं उठा सके। प्रस्तुत संस्करण को संशोधित-संवर्द्धित करने का बहुलांश श्रेय श्रीरामनारायण शास्त्री को है, जिन्होंने पहले दो संस्करणों को उपस्थित करने में स्वर्गीय ब्रह्मचारीजी के साथ शोध-सहायक के रूप में कार्य किया था। श्रीरामनारायण शास्त्री ने इस तृतीय संस्करण को संशोधित-परिवर्द्धित करने में बहुत ही श्रम और अभिनिवेश से काम लिया है। इन्होंने इस बार 'ग्रन्थकारों का परिचय' शीर्षक अंश को अच्छी तरह मार्जित कर दिया है और ग्रन्थों के विवरण में भी अद्यतन सूचनाओं को अनेकत्र जोड़कर उसे अधिकाधिक उपयोगी बना दिया है। इस सन्दर्भ में इन्होंने श्रीवेदप्रकाश गर्ग, श्रीअगरचन्द नाहटा, श्रीमुनि कान्तिसागर

इत्यादि जैसे शोध-विद्वानों के सुझावों और सम्मतियों से भी लाभ उठाने की चेष्टा की है। इस प्रकार, प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ-शोध-विभाग के प्रधान अनुसन्धायक के रूप में श्रीशास्त्री ने तृतीय संस्करण को प्रस्तुत करने में जिस योग्यता का परिचय दिया है, उसके लिए हम इन्हें हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

आशा है, यह नवीन संस्करण अनुसन्धित्सुओं के लिए पहले संस्करणों की अपेक्षा अधिक लाभकर सिद्ध होगा।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना-४
जीवत्पुत्रिका, २०२८ वि०

(डॉ०) कुमार विमल
निदेशक

वक्तव्य

[द्वितीय संशोधित संवर्द्धित संस्करण]

परिषद् के प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थशोध-विभाग द्वारा संगृहीत पुरानी पोथियों के विवरण का यह प्रथम खण्ड पहले-पहल विक्रमाब्द २०११ में प्रकाशित हुआ था। यह नवीन संस्करण उसी का सशोधित और संवर्द्धित रूप है। इस संस्करण में, पहले संस्करण में अंकित गुरुमुखी और बँगला की पुरानी पोथियों के विवरण नहीं हैं। केवल हिन्दी और संस्कृत की पोथियों के ही विवरण अलग-अलग इसमें दिये गये हैं।

पहले संस्करण से इसमें विशेषता यह है कि हिन्दी की ५७ पुरानी पोथियों के नये विवरण प्रकाशित हैं। उन पुरानी पोथियों में से अधिकांश ऐसी ही हैं, जिनसे बिहार-राज्य के अनेक ज्ञात-अज्ञात कवियों की रचनाएँ उपलब्ध हुई हैं।

पहले संस्करण से दूसरी विशेषता इसमें यह है कि इसकी पृष्ठ-संख्या क्रमबद्ध है और इसके आरम्भ में ग्रन्थकारों का संक्षिप्त परिचय दे दिया गया है तथा तीन परिशिष्टों में विश्लेषणात्मक ढंग से ज्ञातव्य विषयों के सम्बन्ध में संक्षिप्त सूचनाएँ संकलित कर दी गई हैं।

इस विवरण का दूसरा खण्ड भी प्रकाशित हो चुका है। इस प्रथम खण्ड के प्रथम संस्करण का प्रकाशन सीमित संख्या में ही हुआ था। साहित्यिक अनुसन्धान में संलग्न विद्वानों ने उसको बहुत उपयोगी समझकर अपनाया। फलस्वरूप, उसका यह परिष्कृत संस्करण प्रकाशित किया गया है। आशा है कि इस संस्करण से साहित्यिक गवेषणा के कार्य में यथोचित सहायता मिलेगी।

इस संस्करण में सम्मिलित नई पोथियाँ, जिन सज्जनों से प्राप्त हुई हैं, उनको हार्दिक धन्यवाद देते हुए हम आशा करते हैं कि वे भविष्य में इसी प्रकार परिषद् के ग्रन्थ-संग्रह-कार्य में सहयोग करते रहेंगे।

महाशिवरात्रि, शकाब्द १८७९
फ़रवरी, १९५८ ई०

शिवपूजन सहाय
(संचालक)

दो शब्द

[द्वितीय संस्करण]

तीन वर्ष पूर्व (सं० २०११ वि० में) हमने परिषद्-संग्रहालय में संकलित एक सौ हस्तलिखित पोथियों के, त्रैमासिक 'साहित्य' में प्रकाशित, विवरणात्मक लेखों की पुनर्मुद्रित (रिप्रिण्ट्स) प्रतियों को पुस्तकाकार प्रकाशित किया था। उसके इतना शीघ्र समाप्त हो जाने की सम्भावना नहीं थी। किन्तु, अनुसन्धित्सु सुधी-सुविज्ञों ने उसे इस प्रकार अपनाया कि आज हम उसका द्वितीय संस्करण प्रस्तुत कर रहे हैं।

इस किंचित् सुसम्पादित और परिष्कृत संस्करण में हिन्दी एवं संस्कृत-भाषा की हस्तलिखित पोथियों के विवरण पृथक्-पृथक् तो दिये ही गये हैं, ग्रन्थों की संख्या भी बढ़ाकर एक सौ इक्यावन (१०० हिन्दी और ५१ संस्कृत) कर दी गई है। इस विवरण में पूर्व-संस्करण में आई हुई पोथियों के अतिरिक्त हिन्दी की सत्तावन (दरिया-साहित्य २२* और चौबे-संग्रहस्थ ३५) अन्य पोथियों के विवरण सम्मिलित कर दिये गये हैं। विवरण के तृतीय परिशिष्ट में महत्त्वपूर्ण हस्तलेखों के समय तथा अन्य प्रकाशित खोज-विवरणिकाओं में उनके उल्लेख का संकेत कर दिया गया है।

इस संग्रह में ५१ ग्रन्थकारों (हिन्दी ३४, संस्कृत १७) के १५१ ग्रन्थों (१०० हिन्दी और ५१ संस्कृत) के विवरण हैं, जिनमें चालीस ऐसी रचनाएँ (हिन्दी १८ और संस्कृत २२), हैं जिनके ग्रन्थकार साहित्यिक जगत् के लिए अपरिचित एवं अज्ञात हैं (प्रथम परिशिष्ट में देखिए)।

निम्नलिखित तालिका में विक्रम-शताब्दी के अनुसार प्रत्येक शताब्दी में रचित तथा लिपिकृत ग्रन्थों की संख्या का निर्देश किया गया है। इनके अतिरिक्त ग्रन्थों में रचनाकाल का उल्लेख नहीं हुआ है।

विक्रम-शताब्दी के अनुसार ग्रन्थों के रचनाकाल और लिपिकाल

शताब्दी	इस शताब्दी में रचित पोथियों की संख्या	इस शताब्दी में लिपिबद्ध पोथियों की संख्या
सोलहवीं	१	×
सत्रहवीं	×	×
अट्ठारहवीं	१	५
उन्नीसवीं	२	२४
बीसवीं	६	४८

* २२ की संख्या जिल्दों की द्योतक है, इनमें ५४ पोथियाँ सम्मिलित हैं।

इस संस्करण में अप्रकाशित पोथियों की संख्या की वृद्धि हुई है, जिसके फलस्वरूप निम्नलिखित बिहारी एवं अन्य अज्ञात ग्रन्थकारों की विशेष चर्चा हुई है—

अवतार मिश्र, परमानन्द, भुवालस्वामी, कुशलसिंह और हरिदास।

इनके सम्बन्ध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पणी ग्रन्थ-विवरण के प्रारम्भ में दे दी गई है। इनमें सूरजदास, लालचदास, पदुमनदास, कुंजनदास, शिवनाथदास, कृष्ण (कारख) दास, के ग्रन्थों पर परिषद् के इस विभाग का खोज-कार्य जारी है। सन्त सूरजदास और उनकी कृति 'रामजन्म' का सम्पादन हो रहा है। 'सन्त कवि दरिया : एक अनुशीलन' के दूसरे खण्ड—'दरिया-ग्रन्थावली' के लिए सन्त दरिया के ग्रन्थों का पाठान्तर-विश्लेषण भी हो चुका है। प्रतिवर्ष एक हस्तलिखित ग्रन्थ अपने मूल रूप में समीक्षात्मक अध्ययन के साथ प्रकाशित करने का विचार है।

हम उन महानुभावों के कृतज्ञ हैं, जिन्होंने परिषद्-संग्रहालय के लिए उदारतापूर्वक हस्त-लिखित पोथियों का दान किया है। ग्रन्थ विवरण-प्रसंग में उनके दान का उल्लेख कर दिया गया है। विशेष रूप से हम श्रीसाधु चतुरीदासजी तथा पं० श्रीगणेश चौबे के अनुगृहीत हैं, जिन्होंने सन्त दरिया के ग्रन्थों तथा महत्त्वपूर्ण हस्तलिखित पोथियों का दान कर परिषद् संग्रहालय की श्रीवृद्धि की है।

धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री
अध्यक्ष
प्राचीन हस्तलिखित-ग्रन्थ-अनुसन्धान-विभाग

वसन्त-पंचमी
२०१४ वि०

निवेदन

[प्रथम संस्करण]

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् की ओर से समस्त बिहार-राज्य में हस्तलिखित प्राचीन पोथियों और दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों की खोज कराई जाती है। खोज का काम सर्वत्र भ्रमण करके श्रीरामनारायण शास्त्री करते हैं। यह काम परिषद् के मान्य सदस्य और बिहार-राज्य के शिक्षा-विभाग के उपनिर्देशक डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री के तत्त्वावधान में होता है। श्रीब्रह्मचारीजी की देख-रेख में श्रीरामनारायणजी सभी संगृहीत पोथियों का परिचयात्मक विवरण तैयार करते हैं, जो डॉ० शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'साहित्य' में क्रमशः प्रकाशित होता रहता है। क्रमशः छपे हुए उस विवरण के कुछ अतिरिक्त पृष्ठ, त्रैमासिक 'साहित्य' के प्रत्येक अंक से अलग रख लिये जाते हैं। उन्हीं में से एक सौ पोथियों का विवरण इस पुस्तिका में प्रकाशित किया जा रहा है। यह संग्रह केवल अनुसन्धानकर्त्ता विद्वानों (रिसर्च-स्कॉलरों) की सुविधा के लिए बहुत सीमित संख्या में प्रकाशित हुआ है। आशा है, विद्वज्जन इससे लाभ उठावेंगे।

इस विवरण-पुस्तिका की पृष्ठ-संख्या क्रमबद्ध नहीं है। किन्तु, पोथियों का संख्या-क्रम ठीक है। विवरण का दूसरा खण्ड क्रमबद्ध पृष्ठ-संख्या के साथ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया जायगा।

इस संग्रह में प्रकाशित एक सौ पुस्तकों के विवरणों में हिन्दी के अतिरिक्त कुछ संस्कृत, बँगला और गुरुमुखी पोथियों के भी विवरण हैं। जिन उदार सज्जनों की कृपा और सहायता से परिषद् को हस्तलिखित प्राचीन पोथियाँ प्राप्त हुई हैं, उनके नाम और पते तो विवरण में दे ही दिये गये हैं, पर यहाँ हम परिषद् की ओर से उन सबको हार्दिक धन्यवाद देते हैं। विश्वास है कि परिषद् के ग्रन्थ-शोधक श्रीरामनारायण शास्त्री बिहार-राज्य में जहाँ कहीं जायेंगे, वहाँ सहृदय सज्जनों से, उनको संग्रहणीय ग्रन्थों का दान अवश्य प्राप्त होगा। पोथियाँ देनेवाले सहृदय सज्जनों को यह स्मरण रखना चाहिए कि जहाँ-तहाँ बिखरी पड़ी हुई पोथियों से साहित्यिक गवेषणा का काम सुविधा से नहीं हो सकता है। इसलिए, बिहार-सरकार की सहायता से परिषद्-पुस्तकालय में अलभ्य पोथियों का एक संग्रहालय बनाया गया है, जिसमें पोथी देनेवाले सज्जन भी पधारकर सुरक्षित रखी हुई पोथियों से लाभ उठा सकते हैं।

शिवपूजन सहाय
(परिषद्-मन्त्री)

दो शब्द

[प्रथम संस्करण]

भारत के प्राचीनतम साहित्य को मुख्यतः दो व्यापक संज्ञाएँ दी गई हैं—श्रुति और स्मृति। 'श्रुति' का आशय उस मूल साहित्य से है, जिसे मानव-जाति ने प्रथम-प्रथम पाया। इस साहित्य का मुख्य स्रोत 'श्रुति' अथवा 'श्रवण' था और प्राचीन गुरु-परम्परा के अभाव में इसे ईश्वरीय वाणी मानकर परम सम्भावना का पात्र बनाया गया। किन्तु, वह साहित्य, जो इस मूल श्रुति-साहित्य के आधार पर निर्मित हुआ, और जिसे गुरु-परम्परा से लोग स्मृति (स्मरण) द्वारा रक्षित करते रहे, 'स्मृति' के नाम से प्रचलित हुआ। इस प्रसंग में यह कहना कठिन है कि श्रुति और स्मृति दोनों प्रकार का मौखिक साहित्य प्रथम-प्रथम लिपिबद्ध कब हुआ। किन्तु, इतना तो असन्दिग्ध रूप से माना जायगा कि पाणिनि के व्याकरण की रचना के समय तक लिपिकला का आविष्कार हो चुका था।

प्रथम-प्रथम जो लिपिबद्ध साहित्य हमें प्राप्त है, वह मुख्यतः शिलालेखों, मुद्राओं अथवा ऐतिहासिक महत्त्व रखनेवाली इस प्रकार की अन्यान्य वस्तुओं पर अंकित मिलता है। जब बौद्धों और जैनों ने अपने विपुल अपभ्रंश, पालि तथा प्राकृत-साहित्य का निर्माण किया और उनका अधिकाधिक प्रचार करना चाहा, तब ग्रन्थों को भूर्जपत्र अथवा तालपत्र पर लिखकर सुरक्षित करने की प्रथा चलाई। प्राचीन काल में जितने बौद्धों के विहार और जैनों के मन्दिर थे, उनसे सम्बद्ध हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रहालय रहा करता था। जैनधर्मावलम्बी इन संग्रहालयों को 'शास्त्र-भण्डार', सरस्वती-भण्डार 'भारती-भाण्डागार' अथवा संक्षेप में केवल भण्डार' कहा करते थे। आज भी राजस्थान तथा अन्यत्र स्थित अनेकानेक मन्दिरों में जैन-ग्रन्थों की विपुल निधि सुरक्षित है। काश्मीर, काशी, मिथिला, नदिया (बंगाल) आदि कतिपय प्रदेशों अथवा स्थानों में वैदिक अथवा हिन्दू-धर्म से सम्बद्ध संस्कृत-भाषा का प्रचुर साहित्य हस्तलिखित रूप में संचित है। बौद्धों के भी तक्षशिला, विक्रमशिला और नालन्दा-विहारों तथा विश्वविद्यालयों में बहुसंख्यक ग्रन्थ सुरक्षित थे, जिनमें से अनेक ग्रन्थ इतरधर्मियों द्वारा भस्मसात् भी कर दिये गये।

वर्त्तमान युग में जब मुद्रण के आविष्कार ने ज्ञान की सामग्री को सर्वसुलभ बनाया, तब विद्वानों का ध्यान इस ओर गया कि हस्तलिखित ग्रन्थों की अमूल्य निधि को प्रकाश में लाया जाय। फलतः, इस प्रकार के ग्रन्थों की खोज और उनके सम्बन्ध में संक्षिप्त सूचनाओं के प्रकाशन का कार्य सन् १८६८ ईसवी से आरम्भ हुआ। पहले-पहले यह कार्य मुख्यतः संस्कृत-ग्रन्थों की खोज तक सीमित था। डॉ० कीलहार्न, बूलर, पीटर्सन, बरनेल तथा भण्डारकर आदि विद्वानों ने एशियाटिक सोसाइटी एवं प्रादेशिक सरकारों के साहाय्य से, संस्कृत-ग्रन्थों की खोज के आधार पर, संग्रह प्रकाशित किये और उन सबको मिलाकर आफ्रेक्ट साहब ने एक बृहत् परिचयात्मक संकलन 'कैटेलोगस कैटेलॉगोरम्' के नाम से अनुसन्धित्सु-जगत् के सम्मुख प्रस्तुत किया। संस्कृत-ग्रन्थों तथा जैनधर्म-सम्बन्धी साहित्य के ऐसे कई बहुमूल्य परिचयात्मक संकलन विद्यमान हैं।

हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों के संग्रह तथा उनके सम्बन्ध में सूचनाओं के प्रकाशन का व्यवस्थित रूप से कार्य करने का प्रयत्न सर्वप्रथम काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा ने किया और

सन् १९०० ईसवी में श्रीबाबू श्यामसुन्दरदास के तत्त्वावधान में खोज-विभाग की स्थापना हुई। सभा ने अबतक १९ रिपोर्टें तैयार की हैं, जिनमें केवल १२ छप सकी हैं और शेष अभी लाल फीते के जटा-जूट में विलीन हैं। इन रिपोर्टों का प्रकाशन सरकार के आर्थिक अनुदान पर ही अवलम्बित रहा है। अतः, अप्रकाशित रिपोर्टों के उद्धार के लिए कब गंगावतरण होगा, यह अनिश्चित है। हिन्दी-साहित्य का प्रत्येक विद्यार्थी यह स्वीकार करेगा कि हमारे साहित्य और संस्कृति के नवीन इतिहास तथा नवीन चेतना के निर्माण में हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज ने बहुत बड़ी देन दी है।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के तत्त्वावधान में हस्तलिखित पोथियों के संग्रह और अनुसन्धान का कार्य सन् १९५१ ई० के फरवरी मास से प्रारम्भ हुआ है। तीन वर्ष के अल्पकालिक अन्वेषण के फलस्वरूप अबतक ७७७ हस्तलिखित ग्रन्थ संग्रहालय में संकलित हो चुके हैं। प्रान्त के विभिन्न ग्रन्थालयों में संगृहीत १५८ ग्रन्थों का विवरण-पत्र भी तैयार किया जा चुका है। संकलित ग्रन्थों का संक्षिप्त विवरण बिहार-हिन्दी-साहित्य सम्मेलन और बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के सम्मिलित त्रैमासिक मुखपत्र 'साहित्य' में क्रमशः प्रकाशित होता रहा है। उन प्रकाशित विवरणों की पुनर्मुद्रित प्रतियों का कुछ अंश पुस्तकाकार प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस संग्रह में १०० हस्तलिखित ग्रन्थों के विवरण हैं, जिनमें ४२ हिन्दी, १ गुरुमुखी, ५ बँगला और १ तालपत्र पर लिखित मिथिलाक्षर-ग्रन्थ हैं। शेष ५१ नागरी लिपि में लिखित संस्कृत-ग्रन्थ हैं। हमें आशा है कि अनुशीलनशील सुधी-समाज के लिए यह संक्षिप्त विवरण अनुसन्धान-कार्य में मार्गनिर्देश का कार्य करेगा। संक्षिप्त विवरणों को तैयार करते समय यह ध्यान रखा गया है कि हस्तलिखित ग्रन्थों के उद्धरण अपने मौलिक अविकल रूप में आवें।

हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों में अनेक पोथियाँ ऐसी हैं, जो अबतक अप्रकाशित हैं और इनपर यदि सम्यक् अनुसन्धान किया जाय, तो हिन्दी तथा बिहार के साहित्यिक इतिहास पर अभिनव प्रकाश पड़ेगा। अबतक, परिषद् में तथा राज्य के विभिन्न पुस्तकालयों में संगृहीत पोथियों से पचीस ऐसे कवियों, लेखकों का पता चला है, जिनके सम्बन्ध में अनुसन्धान-अनुशीलन की नितान्त आवश्यकता है। इन पचीस में ग्यारह ऐसे हैं, जिनके ग्रन्थों की संक्षिप्त सूचनाएँ प्रस्तुत संग्रह में आई हैं। ये निम्नलिखित हैं—

१. **श्रीसन्त सूरजदास**—इनके द्वारा लिखित 'रामजन्म' नामक ग्रन्थ मिला है। रचना से प्रतीत होता है कि ये बिहार-प्रान्त के ही सन्त थे। 'रामजन्म' पर एक समालोचनात्मक अध्ययन डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा 'साहित्य' में प्रकाशित हो रहा है।

२. **श्रीलालचदास**—ये यथासम्भव गोस्वामी तुलसीदासजी से भी पूर्व आविर्भूत हुए थे और इन्होंने कृष्ण-सम्बन्धी प्रबन्ध-काव्य की रचना की थी। इनका दोहों और चौपाइयों में लिखित श्रीमद्भागवत प्राप्त हुआ है। परिषद्-संग्रहालय में इनके तीन ग्रन्थ हैं। इस विवरण में सबसे पहला ग्रन्थ इन्हीं का है। इनके दो ग्रन्थ भी मन्नूलाल पुस्तकालय, गया में सुरक्षित हैं। नागरी-प्रचारिणी सभा की खोज-रिपोर्ट, मिश्रबन्धुविनोद तथा शिवसिंहसरोज में भी इनकी चर्चा की गई है। श्रीलालचदासजी का जन्मस्थान बरेली (उत्तरप्रदेश) था। इनकी साहित्य-भूमि बिहार थी। इन्होंने विशेषतः दरभंगा जिले के रोसड़ा के आसपास समय-यापन किया।

३. श्रीपद्रुमनदास—ये रामगढ़-राज्य के आश्रित कवि थे। इन्होंने हितोपदेश का हिन्दी-पद्यानुवाद किया था, जो इस विवरण में है। इनके द्वारा लिखित दो और ग्रन्थ मन्नूलाल पुस्तकालय, गया में हैं। इनकी रचना में रामगढ़-राज्य की संक्षिप्त वंशावली भी दी हुई है।

४. श्रीशिवनाथदास— दरियापन्थ के एक साधु। इन्होंने इसी मत से सम्बद्ध एक मौलिक ग्रन्थ की रचना की है। ये प्रसिद्ध दरियापन्थी मठ, तेलपा (सारन जिला) में रहते थे।

५ श्रीकुंजनदास—शिवपुराण के आधार पर लिखित दोहे और चौपाइयों में 'शिवपुराणरत्न' इनकी मौलिक रचना है ये शाहाबाद जिले के निवासी थे। इनकी रचना से ज्ञात होता है कि इनके शिष्य पूर्वी बिहार के मुँगेर और भागलपुर जिले में अधिक थे।

६· श्रीकृष्णकारखदास— बिहार-प्रान्त के दरभंगा जिले के रोसड़ा के निवासी एक सन्त। ये सम्भवतः कबीर के समकालीन सन्त थे। रोसड़ा में इनका एक मठ भी है। कबीर-पन्थियों में इनकी एक पृथक् शाखा मानी जाती है। इनकी तीन रचनाएँ प्राप्त हुई हैं। इनके द्वारा लिखित अन्य अनेक हस्तलिखित ग्रन्थ रोसड़ा-मठ में सुरक्षित हैं।

७· श्रीज्ञामदास—इनका निवासस्थान मिर्जापुर जिले के अकौढ़ी नामक ग्राम में था। यह ग्राम पूर्वीय रेलपथ के विन्ध्याचल स्टेशन से एक स्टेशन आगे, अष्टभुजा के करीब, बिरोही स्टेशन के सन्निकट है। इनके द्वारा लिखित 'श्रीरामार्णव' विशालकाय ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ लगभग २०० वर्ष प्राचीन है। इनकी रचना पर 'अवधी' का प्रभाव अधिक है। यह ग्रन्थ और ग्रन्थकार हिन्दी-जगत् के लिए नवीन हैं।

८· श्रीश्रीभट्ट—इनकी रचना 'युगलस्तोत्र' है। इसमें इन्होंने व्रजभाषा-प्रभावित भाषा में राधा और कृष्ण के सम्बन्ध में बड़ा ही रोचक वर्णन किया है। इनकी अन्य रचनाएँ श्रीमन्नूलाल पुस्तकालय, गया में हैं। अपनी रचना में इन्होंने विभिन्न रागों के पद तो बनाये ही हैं, दोहे भी लिखे हैं। इनके सम्बन्ध की सूचना काशी-नागरी-प्रचारिणी की खोज-रिपोर्ट में भी है। इनके ग्रन्थों में इनके निवास-स्थान आदि के सम्बन्ध में कोई भी चर्चा नहीं है।

९· श्रीपरमानन्ददास—इन्होंने अपने ग्रन्थ 'कबीरभानुप्रकाश' में अपना कोई भी परिचय-संकेत नहीं दिया है। इनके ग्रन्थ से इनका विशाल अध्ययन तथा सभी धार्मिक सम्प्रदायों के मन्तव्यों से विस्तृत परिचय ज्ञात होता है।

१०· श्रीनगनारायण सिंह—ये सारन जिले के पटेढ़ी नामक ग्राम के निवासी साहित्यिक थे। यद्यपि ये बहुत प्राचीन कवि नहीं हैं, तथापि 'पूर्व-वर्त्तमानकाल' के साहित्यिकों में इनकी गणना होगी। इन्होंने हिन्दी, संस्कृत और फारसी में पद्य-रचना की है। विशेष इस विवरण में देखिए।

११· श्रीअवधकिशोर सहाय— ये बिहार-प्रान्त के पलामू जिले के डालटेनगंज के आसपास कंचनपुर-ग्रामवासी थे। इन्होंने चित्तौर की लड़ाई और राजपूती इतिहास से सम्बद्ध वीरकाव्य की रचना की थी। इनकी रचना 'चित्तौरोद्धार' का प्रवाह बड़ा ही सुन्दर है।

इन ग्यारह कवियों के अतिरिक्त जिन अज्ञात साहित्यस्रष्टाओं का पता चला है, उनके विवरण पृथक् संग्रह में सम्मिलित किये जायेंगे। बिहार के चम्पारन जिले में प्रचलित सरभंग सन्तों की वाणियाँ भी संगृहीत होकर परिषद्-संग्रहालय में आ गई हैं। उन वाणियों का

सांस्कृतिक-साहित्यिक अध्ययन यथासमय ग्रन्थाकार प्रकाशित किया जायगा। परिषद् ने यह भी निश्चय किया है कि क्रमशः प्रतिवर्ष मूलग्रन्थ भी मुद्रित तथा प्रकाशित किये जायँ।

विवरण प्रस्तुत करते समय यह ध्यान रखा गया है कि उद्धरण आदि उसी रूप में रखे जायँ, जिस रूप में वे मूल पोथी में हैं। फलतः श, ष, स, अथवा ह्रस्व, दीर्घ आदि को अविकल रूप से उतार दिया गया है और उनका शुद्ध रूप नहीं दिया गया है। व और ब के सम्बन्ध में यह जान लेना चाहिए कि प्रायः पोथियों में ब वैसा ही लिखा गया है, जैसा नागरी का व और व को नागरी व के नीचे बिन्दु (व़) देकर संकेतित किया गया है। किन्तु, उद्धरण देते समय छापे की सुविधा को ध्यान में रखकर उच्चरित ब और व को क्रमशः व और व़ न लिखकर ब और व ही लिखा गया है।

एक बात और। हस्तलिखित पोथियों में प्रायः छन्द के एक चरण को इकाई मानकर इस प्रकार लिखा गया है, जिससे शब्द एक-दूसरे से पृथक् नहीं मालूम पड़ते। या तो समग्र चरण या पोथी की समग्र पंक्ति के ऊपर एक ही लकीर दे दी गई है, अथवा जहाँ एक लकीर नहीं है, वहाँ उस पंक्ति अथवा चरण का प्रत्येक अक्षर समान दूरी पर अलग-अलग, किन्तु एक दूसरे से सटाकर, लिखा हुआ है।

आधुनिक लेखों और पुस्तकों के पढ़नेवालों को हस्तलिखित पोथियों के पढ़ने में इस कारण कुछ कठिनाई अवश्य होगी; क्योंकि पढ़ने समय अपने मन से एक में मिले हुए शब्दों को अलग-अलग करके पढ़ना और समझना होगा।

नागरी के य का उच्चारण प्रायः ज के समान होता है, किन्तु किसी अक्षर के साथ संयुक्त होने पर य के समान होता है। जहाँ संयुक्त न होते हुए भी य का उच्चारण अन्तःस्थ य के समान इष्ट है, वहाँ प्रायः उसके नीचे बिन्दु (य़) दे दिया गया है। मूर्धन्य ष का उच्चारण प्रायः ख के समान माना गया है और इसी कारण दुष (दुख), शाषा (शाखा) और वषानि (बखानि) आदि प्रयोग किये गये हैं। ग्रन्थों के लिपिकार अन्य प्रकार की भी बहुत-सी अशुद्धियाँ करते थे, जिनका परिचय मूल उद्धरणों से पाठकों को मिल जायगा। पोथियाँ जहाँ-जहाँ से संगृहीत हुई हैं, उन स्थानों अथवा पुस्तकालयों के नाम विवरण के साथ ही दे दिये गये हैं

हम इस संग्रह को व्यवस्थित तथा वैज्ञानिक नहीं बना सके हैं; क्योंकि यह रिप्रिण्टों का संकलन-मात्र है और प्रयास भी प्रथम है। किन्तु, हमें आशा है कि अगले संग्रह को हम पूर्वनिर्धारित योजना के अनुसार साहित्यिक जगत् को भेंट कर सकेंगे।

इस संग्रह को तैयार करने तथा सामग्री जुटाने में हमारे शोधकर्ता श्रीरामनारायण शास्त्री ने जिस तत्परता तथा लगन से कार्य किया है, वह अभिनन्दनीय है।

धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री
अध्यक्ष
प्राचीन हस्तलिखित-ग्रन्थ शोध-विभाग
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्

श्रीमहावीर-जयन्ती
चैत्रशुक्ल १३, सं० २०११ वि०

विषय-सूची

संकेत-विवरण

वि० सं०	विक्रमी संवत्
क्र० सं०	क्रम-संख्या
ग्रं० संख्या	ग्रन्थ-संख्या
फ०	फसली सन्
ई०	ईसवी सन्
ना० प्र० स० का०	नागरी-प्रचारिणी-सभा, काशी
खो० वि०	खोज-विवरणिका
र० का०	रचनाकाल
लि० का०	लिपिकाल और लिपिकार
पृ० स०	पृष्ठ-संख्या
प्र० पृ० पं०	प्रतिपृष्ठ पंक्तियाँ
पु० क्र० सं० का०	पुस्तकालय-क्रमसंख्या-काव्य
खो० वि० ग्रं०	खोज-विवरण-ग्रन्थ
बि० रा० भा० प० १ खं०	बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् १ खण्ड
आ० शा० भं० ज० ग्रं०	आमेरशास्त्र-भण्डार, जयपुर (जैन)-ग्रन्थ-सूची
क० प्रा० ता० ग्रं०	कन्नडप्रान्तीय तालपत्रीय ग्रन्थ-सूची
ज० सि० भ० आ० सू०	जैन-सिद्धान्त-भवन, आरा-सूची
बि० रि० सो० सा० डि० कै० मि०	बिहार रिसर्च सोसायटी डिस्क्रिप्टिव कैटलॉग ऑव मैनस्क्रिप्ट्स
सी० सी० पार्ट	कैटलोगस कैटलोगोरम, स्क्रिप्ट्स-भाग
सी० एस्० सी० खं०	कलकत्ता-संस्कृत-कॉलेज-खण्ड
एच्० पी० एस् खं०	हरप्रसादशास्त्री-खण्ड
बी० एम्०	ब्रिटिश-म्यूजियम
सी० पी० बी०	सेण्ट्रल प्रोविन्स ऐण्ड बरार
डिस्० कैट० एम्०	डिस्क्रिप्टिव कैटलॉग ऑव संस्कृत मैनस्क्रिप्ट्स गवर्नमेण्ट ओरियण्टल मैनस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास

प्राचीन हस्तलिखित पोथियों का विवरण

[पहला खण्ड]

ग्रन्थकारों का संक्षिप्त परिचय[1]

[ग्रन्थकारों के नाम के सामने (अंकित) कोष्ठकान्तर्गत संख्याएँ विवरणिका में सम्मिलित ग्रन्थों की क्रम-संख्याएँ हैं ।]

१. अवतार मिश्र (६१)—'नाममाला' के रचयिता; चम्पारन जिला (बरिअरिया ग्राम)-निवासी ; रचना काल १६६४ वि० ।

२. अवधकिशोर वर्मा (२०)—पलामू जिले के कंचनपुर-ग्राम-निवासी स० १६६४ वि० में वर्त्तमान ; 'साहित्यवाचस्पति' उपाधि से विभूषित ; हिन्दी और संस्कृत के प्राध्यापक ।

३. आनन्द कवि (७६)—'कोकसार' के रचयिता । इनकी मुख्यतः—कोकसार, कोक-मंजरी, कोकविलास और आसनमंजरीसार—इन चार रचनाओं का उल्लेख मिलता है । आनन्द कवि के सम्बन्ध में अन्य खोज-विवरणों में उल्लेख हुआ है । नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी के खोज-विवरण के अनुसार कवि की रचना की सबसे प्राचीन प्रति स० १८१० वि० (सन् १७५३ ई०) की मिली है । सरोजकार के मत से कवि का उपस्थिति-काल १७११ वि० है । 'सरोज-सर्वेक्षण' में डॉ० किशोरीलाल गुप्त ने कवि को कायस्थ जाति का और हिसार (हरियाना) का निवासी बताया है । उन्होंने 'कोकमंजरी' का रचनाकाल १६६८ वि० निश्चित किया है । इसकी पुष्टि में ग्रन्थ का निम्नांकित उद्धरण दिया है—

"कायथ कुल आनन्द कवि, वासी कोट हिसार ।
कोककला इति रुचि करन जिन यह कियो विचार ।।
ऋतु वसंत सम्बत् सरस सोरह सै अरु साठ ।
कोकमंजरी यह करी धर्म कर्म करि पाठ ।।"

राजस्थान रिपोर्ट के द्वितीय भाग में पृ० सं० १४० और १४१ में किसी आनन्द राय कवि की 'वचनविनोद' नामक एक रचना का उल्लेख हुआ है, जिसकी पुष्पिका में इन्हें भटनागर कायस्थ और काशीवासी तुलसीदास का शिष्य बताया गया है । इस ग्रन्थ का प्रतिलिपि काल १६७६ वि० है । इस ग्रन्थ में कुल १२५ छन्द हैं । इस ग्रन्थ की एक प्रति

---

१. यह परिचय उपलब्ध सामग्री के आधार पर सङ्कलित है । हम इसमें संशोधन अथवा परिमार्जन के सुझाव का स्वागत करेंगे ।—सं०

बीकानेर की अनूप संस्कृत-लाइब्रेरी में भी सुरक्षित है, जिसका लिपिकाल १६८२ वि० है। 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' में प० मोतीलाल मेनारिया ने पृ० सं० २८० में एक नाजिर आनन्दराम की चर्चा की है, जिनकी सं० १७६१ वि० में लिखित रचना—'भगवद्गीता'—खोज में मिली है। जोधपुर के राजस्थान-प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान की हस्तलिखित ग्रन्थ सूची, भाग २ की पृष्ठ-सं० २०८ में आनन्दकवि की रचनाओं की उपलब्ध चार प्रतियों का उल्लेख हुआ है। १८०७ वि० में २६ पृष्ठों में लिपिकृत एक दूसरी प्रति राजस्थान के कोटा में स्थित इन्द्रगढ़ के संग्रहालय में भी सुरक्षित है।

४. **कबीरदास** (२३-क, २७, ३२, ८०, ८३, ८४)—निर्गुण-काव्यधारा के प्रसिद्ध सन्त कवि; कबीर-पन्थ के प्रवर्त्तक, जन्म सं० १४५५ वि०; निर्वाण सं० १५७५ वि०। रामानन्द के शिष्य और धर्मदास के गुरु। इस विवरण में इनके निम्नांकित ग्रन्थ हैं—

१. हनुमानबोध—लि० का० १२८८ साल; अबतक खोज में प्राप्त कबीर-साहित्य में यह ग्रन्थ नवोपलब्ध है।

२. शब्द—यह रचना नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को भी खोज में मिल चुकी है।[1]

३. शब्दावली—उपर्युक्त ग्रन्थ के समान।

४. बीजक—कबीर का प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रन्थ। इस ग्रन्थ की पाण्डुलिपि सन् १८०१ ई० (= १७४८ वि०) की है।

५. ज्ञानसम्बोध—सन्तमहिमा-विषयक कबीर का यह ग्रन्थ सम्भवतः अप्रकाशित है। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इस ग्रन्थ की एक प्रति खोज में मिली है।[2]

६. श्वासगुंजार—यह ग्रन्थ कबीरपन्थ की योग-साधना का आध्यात्मिक विवेचन है। सम्भवतः अद्यावधि अप्रकाशित। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को कवि की लगभग पचहत्तर रचनाएँ प्राप्त हुई हैं।[3]

५. **कुंजनदास** (२१)—'शिवपुराणरत्न' के ग्रन्थकार; बिहार-राज्यान्तर्गत शाहाबाद जिले के 'पँवार' ग्राम निवासी; रचना-काल अज्ञात।

६. **कृपाराम** (८५)—सं० १८९५ वि० के लगभग वर्त्तमान; रामानुज सम्प्रदाय के भक्त कवि। ना० प्र० स०, का० को भी यह ग्रन्थ—'भागवत भाषा'

---

१. दे० 'हस्तलिखित हिन्दी-पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण', पहला भाग, पृ० सं० १८।

२. दे० 'हस्तलिखित हिन्दी-पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण', पहला भाग, पृ० सं० ५६।

३. दे० वहीं पृ० सं० १८ और देखिए—

'हस्तलिखित हिन्दी-ग्रन्थों का त्रयोदश त्रैवार्षिक विवरण (१९२६-२८ ई०), पृ० सं० ५१।
,, ,, चतुर्दश ,, ,, (१९२९-३१ ई०) ,, ५५।
,, ,, पंचदश ,, ,, (१९३२-३४ ई०) ,, ४१।

खोज में मिला है। 'समयबोध' के ग्रन्थकार इनसे भिन्न हैं। काव्यशास्त्र पर हिन्दी में प्रथम उपलब्ध ग्रन्थ 'हिततरंगिणी' के ग्रन्थकार, सन् १५४१ ई० में वर्त्तमान कवि कृपाराम से ये भिन्न हैं। इनकी चार रचनाएँ नागरी-प्रचारिणी सभा काशी की खोज में मिली हैं। सभा से प्रकाशित हस्तलिखित हिन्दी-पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण की पृ० सं० २६ द्रष्टव्य है। सरोजकार ने 'माधवसुलोचनाचम्पू' नामक ग्रन्थ के रचयिता कृपाराम (नरैनापुर निवासी) का उल्लेख किया है। सरोजकार ने महेशदत्त द्वारा रचित 'काव्य-संग्रह' में इनके उल्लेख की चर्चा की है। 'सरोज-सर्वेक्षण' में श्रीकिशोरीलाल गुप्त ने खोज में मिले पाँच कृपाराम कवि—(१) ज्योतिषसार भाषा के रचयिता ; १७९२ वि० के लगभग वर्त्तमान ; शाहजहाँपुर-निवासी ; कायस्थ कुलोत्पन्न ; (२) धीरज राम के पिता, १८१० वि० के पूर्व वर्त्तमान ब्राह्मण-कुल के कवि ; (३) भाई झड़नजी (सेवापन्थी) के शिष्य ; 'कीमियाय सआदत' नामक ग्रन्थ के रूपान्तरकार ; (४) कण्ठमाल या बिसुनपद के रचयिता और (५) 'हित-तरंगिणी' के ग्रन्थकार का उल्लेख किया है। इनके मतानुसार 'भागवत-भाषा, के ग्रन्थकार कृपाराम इन सभी से भिन्न हैं और इनका रचनाकाल १८१५ वि० है।

राजस्थान की खोज-रिपोर्ट में भी १८६५ वि० के लगभग वर्त्तमान, जोधपुर-राज्य के खराड़ी वासी खिड़िया शाखा के चारण कवि कृपाराम मिले हैं। इनके रचित सोरठों की संख्या १७५ के लगभग है। इन्होंने 'कालकनेमी' नामक नाटक और अलंकारों से सम्बद्ध एक ग्रन्थ भी लिखा है। 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज', तृतीय भाग में पृ० सं० १६४ पर 'नयनदीप' ग्रन्थ के रचयिता एक दूसरे कृपाराम ग्रन्थकार का उल्लेख हुआ है, जिनका रचनाकाल १७८५ वि० है। आयुर्वेद-विषयक यह ग्रन्थ उदयपुर के जगदीश चौक-स्थित श्रीस्वरूपलाल के पास सुरक्षित है। 'राजस्थान-पुरातत्त्वान्वेषण-मन्दिर' को खोज में १९२२ वि० में प्रतिलिपिकृत 'मकरन्दकारिका' और १९०७ वि० में लिपिकृत ज्योतिषसार' नामक रचनाएँ मिली हैं, जिनके ग्रन्थकार भी (पृ० सं० १०४ और १७४) कृपाराम ही है। प्रस्तुत कृपाराम इन सभी कृपारामों से भिन्न प्रतीत होते हैं।

७. कृष्ण (कारख) दास (३८)— विचारमाणावली' के ग्रन्थकार; बिहार राज्या-न्तर्गत दरभंगा जिले के रोसड़ा-वासी। कहा जाता है कि ये सम्भवत कबीर साहब के समकालीन थे। कबीर-पन्थ की प्रचलित शाखाओं में 'वचनवंशीय' शाखा के सम्भवतः प्रवर्त्तक। धनीधर्मदास के पुत्रों में एक— चूड़ामणिदास— के वंशजों ने भी, कहा जाता है, वचनवंशीय शाखा चलाई थी, जिसका मुख्य स्थान मध्यप्रदेश के रायपुर में कबीरधर्मनगर है। कबीरदास और धर्मदास के

प्रश्नोत्तर में 'काली दंशी' की चर्चा में इस शाखा का उल्लेख है। देखिए नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी से प्रकाशित 'कबीर-वचनावली' की पृ० सं० ३४, विक्रमाब्द १७१७ में 'भक्तमाल' के ग्रन्थकार राघोदास ने कबीरपन्थ की शिष्य परम्परा के सम्बन्ध में लिखा है, छन्द-सं० ६४० पूर्वार्द्ध में—

"ज्यूँ नारायण नव निरमए त्यूँ कबीर किये सिखनव।
प्रथमहि दास कमाल दुती है दास कमाली॥
पदमनाभ पुनि त्रितय चतुरथय राम कृपाली।
पंचम षष्टम् नीर खीर सप्तम पुनो ज्ञानी॥
अष्टम हैं धर्मदास नवम हरदास प्रमानी।
नव का नव नर तिरन कौ जन राघौ कह्यो पयोधिभव॥
ज्यूँ नारायन नव निरमए त्यौं कबीर किय सिख नव।"

कबीरपन्थ की यह शिष्य-परम्परा राघोदास ने मौलिक रूप में प्रस्तुत की है।[१]

८. केशवदास (७३,८६,९७,९८,१००, (—ओरछा-नरेश मधुकरशाह और उनके पुत्र राजकुमार इन्द्रजीत सिंह के आश्रित; ओरछा (बुन्देलखण्ड)-निवासी सनाढ्य ब्राह्मण; सुप्रसिद्ध ग्रन्थकार; इनके निम्नांकित हस्तलेख इस संग्रह में हैं —

१. विज्ञानगीता—दो हस्तलेख।

२. रसिकप्रिया—दो हस्तलेख।

३. रामचन्द्रिका—एक हस्तलेख; समय—सं० १७९३ वि० = (सन् १७३६ ई०)।

इनकी रचनाएँ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) की खोज में मिली हैं।[२] कवि का अनुमित समय सन् १६०० ई० है।

सरोजकार के मत से कवि का उपस्थितिकाल १६२४ वि० है। 'सरोज-सर्वेक्षण' के लेखक ने इनका जन्म सं० १६१२ वि० और मृत्यु सं० १६७४ वि० माना है। लाला भगवान दीन ने इनका जन्म १६१८ वि० में माना है। ओरछा-नरेश मधुकरशाह का शासन-काल १६११—१६४९ वि० था। इन्हीं के शासनकाल में आचार्य केशव ने अपने प्रथम ग्रन्थ 'रसिकप्रिया' की रचना की थी। सं० १६४९ से १६६९ वि० तक का शासनकाल

---

१. दे० हिन्दी भक्तवार्त्ता-साहित्य, प्रथम संस्करण, पृ० ११४।

२. दे० ना० प्र० स०, काशी की खोज-विवरणिका, १९२३—२५ ई० की ग्रं० सं० २०७।
,, १९२६—२८ ई० ,, ,, २३३।
,, १९२९—३१ ई० ,, ,, १९२।
,, १९३२—३४ ई० ,, ,, ११३।
,, १९०९—११ ई० ,, ,, २०५।

था मधुकर शाह के पुत्र इन्द्रजित शाह का, जो रामसिंह या रामसाह के भाई थे और जिन्हें अपने आठों भाइयों में कछौआ-राज्य का हिस्सा मिला था। 'मिश्रबन्धु-विनोद' में इनका रचनाकाल १६१२ वि० विवृत है। आचार्य शुक्ल भी कवि का समय यही मानते हैं। 'हिन्दी-नवरत्न' के लेखक ने १६०८ वि० अनुमित जन्मकाल माना है। 'सुकवि-सरोज' के मत से इनका जन्मकाल १६१८ वि० है। कवि की अन्तिम रचना 'जहाँगीर-जसचन्द्रिका' (१६६९ वि० में रचित) में इन्होंने बुढ़ापा का मार्मिक वर्णन किया है। सरोजकार शिवसिंह ने कवि को भाषा-काव्य का 'भामह' लिखा है। अबतक इनकी ये रचनाएँ ('सरोज-सर्वेक्षण' के अनुसार) मिलती हैं—(१) रतन-बावनी, (२) रसिकप्रिया, (३) कविप्रिया, (४) रामचन्द्रिका, (५) वीरसिंह देवचरित्र, (६) विज्ञानगीता, (७) जहाँगीर-जसचन्द्रिका और (८) नखसिख। कतिपय अन्य रचनाएँ भी इनके नाम से प्रचारित हैं किन्तु वे शोधोपरान्त इनकी नहीं ठहरती हैं। इनके अतिरिक्त, अबतक की खोज में अन्य पाँच केशव की रचनाएँ प्राप्त हुई हैं। दे० 'सरोज-सर्वेक्षण', पृ० सं० १६२—१६६। 'हिन्दुई साहित्य का इतिहास' ('इस्त्वार द ल लितरेत्यूर ऐन्दुई ऐ ऐन्दुस्तानी') के लेखक गार्सां द तासी ने अपनी पुस्तक (प्र० हिन्दुस्तानी एकेडमी, उत्तरप्रदेश, इलाहाबाद; लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय द्वारा अनूदित), प्रथम संस्करण की पृ० सं० ४० पर लिखा है; "हिन्दुई के ब्राह्मण जाति के एक प्रसिद्ध लेखक हैं, जो सोलहवीं शताब्दी के अन्त और सत्रहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में, जहाँगीर और शाहजहाँ के राजत्व काल में विद्यमान थे।" तासी ने कवि के सम्बन्ध में श्रीरेड (Reid), श्रीविल्सन, ब्रिटिश-म्यूजियम के मेकेंजी-संग्रह, 'हिस्ट्री आँव दि लिटरेचर आँव दि हिन्दूज के लेखक वॉर्ड के पास इनकी रचनाओं की प्राप्ति का उल्लेख किया है।

विभिन्न संग्रहालयों में सम्भवतः अबतक प्राप्त पाण्डुलिपियों की संख्या निम्नांकित क्रम से है—

१· **कविप्रिया**— (क) काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा—(१७६५ वि०, १७६९ वि०, १८२२ वि०, १८८२ वि० और १९१४ वि०, में लिपिकृत)—१३ प्रतियाँ।

(ख) हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग—(१७३९ वि०, और १९३१ वि० में लिपिकृत)—५ प्रतियाँ।

(ग) राजस्थान में हिन्दी-हस्तलिखित पोथियों की खोज—(१७४० वि० में लिपिकृत)—१२ प्रतियाँ।

(घ) मन्नूलाल पुस्तकालय, गया—(१८८३ वि० और १९०० वि० में लिपिकृत)—२ प्रतियाँ।

(ङ) बिहार-रिसर्च-सोसयटी, पटना की खोज में उपलब्ध—(लक्ष्मीश्वर पब्लिक-लाइब्रेरी, दरभंगा में सुरक्षित)—१ प्रति।

(च) बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् पटना—(१८८३ वि०, और १६०० वि०, में लिपिकृत) ५ प्रतियाँ। कुल = २७ प्रतियाँ।

२· रसिकप्रिया—(क) काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा—(१७३७ वि०, १८१४ वि०, १६०८ वि० और १६१७ वि० में लिपिकृत)—८ प्रतियाँ।

(ख) राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ-सूची—(१७३० वि० में लिपिकृत)—१ प्रति।

(ग) हिन्दी साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग—(१८४८ वि० में लिपिकृत)—१ प्रति।

(घ) राजस्थान हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची—(१७५६ वि०, १७६६ वि०, १८२६ वि०, १८४६ वि०, और १८५६ वि० में लिपिकृत)—८ प्रतियाँ।

(ङ) मन्नूलाल पुस्तकालय, गया—(१८६७ वि० और १६१६ वि० में लिपिकृत)—२ प्रतियाँ।

(च) बिहार-रिसर्च-सोसायटी, पटना की खोज में उपलब्ध ४ प्रतियाँ।

(छ) बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्, पटना—(१८५४ वि० १८६७ वि० और १६१६ वि० में लिपिकृत)—११ प्रतियाँ। = कुल ३६ प्रतियाँ।

३. विज्ञानगीता—(क) काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा—(१७०५ वि०, १८४६ वि०, १८६१ वि०, और १८६६ वि० में लिपिकृत)—६ प्रतियाँ।

(ख) बिहार-रिसर्च-सोसायटी, पटना की खोज में उपलब्ध—(१२६५ वि०)—१ प्रति।

(ग) बिहार राष्ट्रभाषा-परिषद् पटना (१२६५ वि० में लिपिकृत)—४ प्रतियाँ। = कुल ११ प्रतियाँ।

४· रामचन्द्रिका—(क) काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा—(१८४६ वि०, १८८२ वि०, १८८८ वि०, में लिपिकृत)—८ प्रतियाँ।

(ख) हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग—(१८८५ वि०, १८६६ वि० और १६०५ वि० में लिपिकृत) ७ प्रतियाँ।

(ग) राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज—(उदयपुर के कविराव मोहन सिंह को संग्रहालय में स्थित)—१ प्रति।

(घ) मन्नूलाल पुस्तकालय गया—(१८३५ वि० १९३७ वि० में लिपिकृत)—३ प्रतियाँ।

(च) बिहार-सिर्च-सोसायटी, पटना को खोज में उपलब्ध—(१८५४ वि० में लिपिकृत और सुलपुर, भागलपुर के चिन्तामणि सिन्हा के संग्रहालय में सुरक्षित)—१ प्रति।

(छ) बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्, पटना—(१७९३ वि० में लिपिकृत)—१ प्रति। =कुल २० प्रतियाँ।

५. रतनबावनी—(क) काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा (राजा मधुकरशाह के पुत्र कुँवर रतनसिंह और अकबर-सेना के युद्ध का वर्णन) – १ प्रति।

आचार्य केशवदास की समस्त रचनाएँ हिन्दुस्तानी एकेडमी इलाहाबाद से तीन भागों (प्रथम भाग —(१) रसिकप्रिया, (२) कविप्रिया; (द्वितीय भाग)—(१) रामचन्द्र-चन्द्रिका, (२) छन्दमाला, (३) शिखनख; तृतीय भाग —(१) रतनबावनी, (२) वीरचरित्र, (३) जहाँगीर-जसचन्द्रिका, (४) विज्ञानगीता – में (आचार्य विश्वनाथमिश्र द्वारा सम्पादित) प्रकाशित हुई हैं।

६. गुरु नानक साहब (१५)—'सतनाम विहंगम' के ग्रन्थकार'; सिक्ख-पन्थ के प्रसिद्ध संस्थापक; तिलवण्डी (पंजाब)-निवासी; जाति के वेदी खत्री; सं० १५२६—१५९६ तक वर्त्तमान; नामदेव छीपी के समकालीन वर्णनात्मक तथा उपदेश शैली में महत्वपूर्ण रचना। इनके शिष्यों में इन प्रवचनों का विशेष प्रचार है। सिक्ख मत के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'जपुजी साहब' तथा 'सुखमनि-साहब' के आधार पर ही इस ग्रन्थ की रचना हुई है। नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी को इनकी अन्य तीन सुखमनी, अष्टांग योग, नानकजी की साखी और गुरुनानक-वचन—पाण्डुलिपियाँ खोज मे मिली हैं। विस्तार के लिए दे० खोज-विवरणिका, १९०२, ग्रं०सं० २१८; १९०६,—१९०८, ग्रन्थ-स० १९९; १९०९—१९११, ग्रं० सं० २०५; २०७; १९२३-२५, ग्रं० सं० २९३; १९२६-२८, ग्रं० सं० ३१५; १९२९-३१, ग्रं० सं० २३६; १९३२-३४, ग्रं० सं० १५१। गुरुनानक साहब की रचनाओं के सम्बन्ध में ये सूचनाएँ भी मिलती हैं—

१. श्रीगुरुग्रन्थ-साहिब में इनकी रचनाएँ 'महला' के नाम से संकलित हैं।[1]

---

१. दे० श्रीगुरुग्रन्थदर्शन (इलाहाबाद - स्थित अग्रवाल डिग्री कॉलेज के हिन्दी - विभागाध्यक्ष डॉ० जयरामिश्र-लिखित), पृ० २३।

२. श्री गुरुग्रन्थ-साहिब में वाणियों का क्रम है—(क) जपुजी (१ पृ० से ८ पृ० तक), (ख) संदरु (पृ० ८ से १० तक) (ग) सो पुरखु (पृ० १० से १२), (घ) सोहिला (पृ० १२ से १३), (ङ, रागमाला (पृ० १२ से १३५३) (च) आदि श्रीगुरुग्रन्थ साहबजी (पृ० १३५३ से १४३०) ।[1]

३. पिनकाट के अनुसार श्रीगुरुग्रन्थ साहिब में ३३८४ शब्द हैं और उनमें १५५७५ बन्द हैं। इनमें से २९४९ बन्द आदि गुरुनानकदेव 'महला १' द्वारा रचित हैं।[2]

४. 'महला १' का अभिप्राय सिक्खों के आदि गुरुनानक से है। इसका संकलन सिक्खों के पाँचवें गुरु अर्जुनदेव ने १६६१ वि० (१६०४ ई०) मे किया था।[3]

५. सिक्खों के आदि गुरु नानक को कोई गुरुनानक, कोई बाबानानक कोई नानक शाह, कोई गुरुनानकदेव, कोई नानक पातशाह और कोई नानक साहब कहते हैं। इनका जन्म वैशाख सुदी ३, सं० १५२६ वि० (५, अप्रैल, १४६९ ई०) में तलबण्डा नामक स्थान में हुआ था। सिक्ख लोग तलबण्डी को ननकाना साहब भी कहते हैं। तलबण्डो लाहौर जिले (पाकिस्तान) में, लाहौर शहर से ३० मील दक्षिण-पश्चिम में है। उनके पिता का नाम कालू एवं माता का नाम तृप्ता था।[4]

६. नानकजी ने देश-देशान्तर की तीन बार यात्रा की थी, जिसे 'उदासी' (विचरण-यात्रा) कहते हैं। पहली उदासी १५०७ ई० से १५१५ ई० तक, दूसरी उदासी १५१७ ई० से १५१८ ई० तक और तीसरी उदासी १५१८ ई० से १५२१ ई० तक की थी। इस यात्रा में उन्होंने हरिद्वार, अयोध्या, प्रयाग, काशी, गया, पटना, असम, जगन्नाथपुरी, रामेश्वर, सोमनाथ, द्वारिका, नर्मदातट, बीकानेर, पुष्करतीर्थ, दिल्ली, पानीपत, कुरुक्षेत्र, मुलतान, लाहौर, ऐमनाबाद, सियालकोट, सुमेर-पर्वत, बहावलपुर साधुबेला, (सिन्ध), मक्का, मदीना, बगदाद, बलख बुखारा, काबुल, कन्धार आदि स्थानों का भ्रमण किया था।[5]

उनकी कविता में उपमा, रूपक अलंकारों और अन्योक्तियों की प्रधानता तो है ही, सिरी, माझ, गउड़ी, आसा, गूजरी, बडहंस, सोरठि, धनासरी, तिलंग, सूही, बिलावल,

---

१. दे० गुरु ग्रन्थ दर्शन, वही, पृ० ३१।
२. दे० वही, पृ० २२।
३. दे० नानकवाणी (डॉ० जयराम मिश्र-लिखित और मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद से प्रकाशित), पृ० १।
४. दे० उपर्युक्त पृ० ८१५।
५. दे० हिन्दी-साहित्य-कोश, भाग २, पृ० २८०।

रामकली, मारू, तुखारी, भरेउ, वसन्त, सारंग, मलार और प्रभाती रागों का प्रयोग हुआ है। इनकी रचना में फारसी, मुलतानी, पंजाबी, सिन्धी, व्रजभाषा और हिन्दी-भाषा है।[1]

७. नानक के जीवनकाल में बहलोल लोदी, सिकन्दर लोदी, इब्राहीम लोदी, बाबर और हुमायूँ राजा हुए। अपने जीवन के प्रथम पचास वर्षों में नानक साधु के वेष में यात्रा करते और मनन-चिन्तन करते रहे। सन् १५२८ और १५३८ ई० के बीच उन्होंने अपने अनुयायियों का संगठन किया। उन्होंने एक चर्या, एक ग्रन्थ, एक राष्ट्रीय आवास और सयत नियमावली प्रस्तुत की। उन्होंने करतारपुर में नगर बसाया और वहीं अपना अधिकांश वाणी-काव्य लिखा। उन्होंने हजारों पद लिखे तथा अपने रचित पदों को ३१ राग-रागिनियों में बाँधा। कबीर और नानक के साहित्यिक और नैतिक दृष्टिकोण में बहुत अन्तर था; क्योंकि नानक हिन्दू साहित्यिक और नैतिक परम्पराओं को कहीं अच्छी तरह समझते थे।[2]

८. कवि के सम्बन्ध में 'शिवसिंह सरोज' में कवि-सं० ३६१ से ३२३ के अन्तर्गत लिखा है—"नानकजी वेदी खत्री, तिलवड़ा गाँव (पंजाब) वासी, सं० १५२६ में उ०।....इनका ग्रन्थ 'ग्रन्थ साहब' के नाम से नानकपन्थियों में पूजनीय है। उसमें दस गुरुओं की कविता के सिवा और भक्त कवि लोगों का काव्य भी शामिल है।"

९. 'सरोज-सर्वेक्षण' के लेखक डॉ० किशोरीलाल गुप्त के मत में—'सरोज में गुरुनानक से सम्बद्ध सभी तथ्य और तिथियाँ ठीक हैं। गुरुनानक की सारी रचनाएँ ग्रन्थ साहब के पहले महले में हैं। ये रचनाएँ साखी, सुखमनी और अष्टांगयोग हैं। इनकी रचनाएँ हिन्दी में है।'[3]

१०. गार्सां द तासी ने ('इस्त्वार द ल लितरेत्यूर ऐन्दुई' ऐ ऐन्दुस्तानी) 'हिन्दुई साहित्य का इतिहास' (अनुवादक, लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय) में लिखा है—'सिक्ख-सम्प्रदाय के प्रसिद्ध संस्थापक, नानकशाह, उसके आदि ग्रन्थ, अर्थात् पहला ग्रन्थ, नामक पूज्य ग्रन्थ के रचयिता हैं। सम्भवतः, यह वही है, जो 'पोथी गुरु नानकशाही' (गुरु नानकशाह की पोथी) के शीर्षक के अन्तर्गत ईस्ट इण्डिया हाउस में है।

---

१. दे० 'हिन्दी-साहित्य-कोश, भाग २, पृ० २८१।
२. दे० 'भारतीय वाङ्मय', पृ० सं० ४७८ और ४७६।
३. दे० 'सरोज-सर्वेक्षण' : डॉ० किशोरीलाल गुप्त (प्रकाशक : हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद), पृ० ३७८।

पेरिस के राजकीय पुस्तकालय में, हिन्दुस्तानी में, नानक का एक हस्तलिखित इतिहास है, जिसमें इस प्रसिद्ध सुधारक के अनेकानेक वाक्य उद्धृत हैं, और 'ईस्ट इण्डिया हाउस' में, ब्रजभाखा' में लिखित 'निर्मल ग्रन्थ', अर्थात् 'पाक-पुस्तक' और 'पोथी सरब गनि' नामक दूसरी पुस्तक में नानक के सिद्धान्तों की व्याख्या सुरक्षित है।"[1]

११. मिश्रबन्धु-विनोद में इनका विवरण कवि-सं० ११६ के अन्तर्गत हुआ है।

१२. प्रयाग के हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के संग्रहालय में नानकदेव की ११ पृष्ठों में १८१० वि० की लिखित एक रचना है, जो वेष्टन-सं० १३६० में ग्रन्थ-सं० २१६४ के अन्तर्गत १६वाँ संग्रह है।[2]

नाभादास के उत्तरवर्ती भक्तवार्त्ता-साहित्य के प्रमुख ग्रन्थकार राघोदास ने विक्रमाब्द १८१७ में रचित 'भक्तमाल' की छं० सं० ६३५, पूर्वार्द्ध में नानक-पन्थ की शिष्य-परम्परा का [illegible] उल्लेख किया है—

"श्री नानक गुरु पद्धति चली ताको करौ बखान जू।
निराकार निर्लेप निरंजन नानक मिलिया॥
उनके अंगद भए राम भजि रामहिं रलिया।
अंगद को पुनि अमरदास अमरा पद पाये॥
रामदास तापारि राम कै अर्जुन भाये।
हरि गोविन्द हरिराम जन हरि कृपन तजो हद आन जू॥
श्री नानक गुरु पद्धति चली ताकों करूँ बखान जू॥"[3]

१०. **गोस्वामी तुलसीदास** (२, ३, ४, ५, १८, ३६, ४०, ४१, ४२, ६६, ७४, ७५, ८१, ९९)—हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ सन्तकवि। निम्नांकित रचनाओं की कुल सत्रह प्रतियाँ मिली हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है—

क्र० सं०	ग्रन्थनाम	प्रतियाँ	लिपिकाल
१.	रामचरितमानस	१५	१८५८ वि०, १९२२ वि०, १८४७ वि०, १८८८ वि०, १८५९ वि०, १८६४ वि० १८३६ वि०, १९०९ वि०।
२.	विनयपत्रिका	१	१८०९ वि०।
३.	छप्पय रामायण	१	×

---

१. दे० हिन्दुई साहित्य का इतिहासः मूल-लेखक गार्सां द तासी; अनुवादक : लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, (प्रकाशक : हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश) पृ० १२३-१२४।

२. दे० 'पाण्डुलिपियाँ' पृ० ३६२।

३. दे० 'हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य', प्रथम संस्करण, पृ० ११४।

११. चरनदास (६६)—चरणदासी-सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक ; प्रसिद्ध सन्त ; दहरा (अलवर-राजस्थान)-निवासी ; धूसर बनियाँ ; सुखदेव के शिष्य और सहजोबाई के गुरु ; जन्म—१७६० वि० ; मृत्यु १८३८ वि० ; प्रथम नाम रणजीत । कवि के अट्ठारह ग्रन्थ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिले हैं ।[१]

ध्यानदास के शिष्य ; १७४६ वि० में वर्त्तमान ; 'नेहप्रकाशिका' के रचयिता; बालकृष्ण नायक के गुरु चरनदास से भिन्न । इनके पिता का नाम मुरलीधर और माता का कुंजी था । अपने पीछे इन्होंने ५२ शिष्य छोड़े । नागरी-प्रचारिणी सभा काशी की खोज में इनके द्वारा रचित चौदह ग्रन्थ (१. अष्टांगयोग, २. नासकेत, ३. सदेह-सागर, ४. भक्तिसागर, ५. हरिप्रकाशटीका, ६. अमरलोक अखण्डधाम, ७. भक्तिपदारथ, ८. शब्द, ९. मन विरक्तकरन गुटका १०. राममाला, ११. ज्ञानस्वरोदय, १२. दानलीला, १३. ब्रह्मज्ञानसागर और १४. कुरुक्षेत्र-लीला) खोज में मिले हैं । 'ज्ञानस्वरोदय' की एक पाण्डुलिपि क० मु० भाषाविज्ञान-विद्यापीठ, आगरा के प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ-संग्रहालय में भी सुरक्षित है । 'शिवसिंह-सरोज' के ग्रन्थकार ने कवि-सं० २३६ के अन्तर्गत इन्हें फैजाबाद जिले के पण्डितपुर ग्राम का निवासी, १५३७ वि० (सन् १४८० ई०) में उपस्थित और 'ज्ञानस्वरोदय' ग्रन्थ का रचयिता लिखा है । ग्रियर्सन ने अपने इतिहास-ग्रन्थ में (किशोरीलाल गुप्त द्वारा सम्पादित-अनूदित, हिन्दी-प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी से १९५७ में प्रकाशित) पृष्ठ-सं० ७७ पर इनका उल्लेख किया है और इनका उपस्थिति-काल सरोजकार के अनुसार ही माना है । इसपर किशोरीलाल गुप्त की टिप्पणी है—"ज्ञानस्वरोदय के रचयिता चरणदास न तो पण्डितपुर जिला फैजाबाद के ब्राह्मण थे और न सन् १४८० ई० में उत्पन्न हुए थे । ग्रियर्सन ने यह विवरण सरोज से एवं सरोजकार ने महेशदत्त के 'भाषाकाव्य-संग्रह' से लिया है । चरणदास अलवर-राज्य के अन्तर्गत दहरा-नाम के गाँव में मुरलो नामक धूसर बनिये के घर भाद्रपद शुक्ल ३, मंगलवार, संवत् १७६०, को उत्पन्न हुए थे । इनकी मृत्यु सं० १८३९ में अगहन सुदी ४ को दिल्ली में हुई । 'भाषा-काव्यसंग्रह' के अनुसार सं० १५३७ चरणदास का मृत्युकाल है । इसे ग्रियर्सन ने जन्मकाल मान लिया है । चरणदास के बचपन का नाम रणजीत था । बाल्यावस्था में यह घूमते-घामते दिल्ली पहुँचे, जहाँ गुरु सुखदेव से इनकी भेंट हुई और ये चरणदास हो गये । इन्होंने चरणदासी सम्प्रदाय चलाया ।

मिश्रबन्धु-विनोद में इनके द्वारा रचित 'ज्ञानस्वरोदय' का रचनाकाल १५३७ वि० लिखा है । विनोद के लेखक ने तीन अन्य चरणदास नाम के ग्रन्थकारों का उल्लेख किया है, जिनका स्थितिकाल १७६० वि०, १७४९ वि० और १८१० वि० माना है ।[२]

---

१. दे० नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) का खोज-विवरण, १९०५ ग्रन्थ-सं० १७, १८, १९, १९०६-८, ग्रन्थ०-सं० १४७ ; १९०९-११, ग्रन्थ-सं० ४५ ; १९१७-१९, ग्रन्थ-सं० ३७ ; १९२०-२२, ग्रन्थ-सं० २९ ; १९२३-२५, ग्रन्थ-सं० ७४ ; १९२६-२८, ग्रन्थ-सं० ७८ ; १९२९-३१ ग्रन्थ सं० ६५ ; १९३२-३४, ग्रन्थ-सं० ३८ ।

२. दे० मिश्रबन्धु-विनोद (प्रकाशक : गंगा पुस्तकमाला-कार्यालय, लखनऊ, पंचम सं०, २०१२ वि०) पृ० सं० १९६, कवि-सं० ६१५ ।

'सरोज-सर्वेक्षण' के लेखक डॉ० किशोरीलाल गुप्त ने इनके द्वारा रचित ३४ ग्रन्थों की सूची दी है, जो नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी के खोज-विवरणों पर आधृत है। चरणदास के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'ज्ञानस्वरोदय' के अतिरिक्त अमरलोक अखण्डधाम, अष्टांगयोग, कालीनाथन-लीला, कुरुक्षेत्र-लीला चरणदास के पद, चरणदास-सागर, जागरण-माहात्म्य, जोग, जोगशिक्षा-उपनिषद्, तत्वजोग नामोपनिषद्, तेजबिंदोपनिषद् दानलीला, धर्म-जहाज, नासिकेत, निर्गुन बानी, पंच उपनिषद्, अथर्वणवेद की भाषा, पद और कवित्त, बानी चरणदास की, बाल-लीला, ब्रजचरित्र, ब्रह्मज्ञानसागर, भक्तिपदार्थ, भक्तिसागर, मटकी और हेली, मन विरक्तकरन गुटका माखनचोरी लीला, योगसन्देहसागर या सार, राममाला शब्दों के मंगलाचरण या शब्द, षटरूपमुक्ति, गुरुचेले की गोष्ठी, सर्वोपनिषद्, स्फुट पद और कवित्त तथा हंसनाद उपनिषद् नामक ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा को खोज में मिली हैं। खोज में 'अनेक प्रकार' नामक एक रचना का भी हस्तलेख प्राप्त हुआ है, जिसमें ब्रजचरित्र, अमरलोक-कथा, योगसार, ज्ञानस्वरोदय, ब्रह्मज्ञानसागर भक्तिपदार्थ मन विरक्तिकरन गुटका सन्देश-सागर आदि आठ ग्रन्थ और फुटकर छप्पय, कवित्त, स्तुति आदि हैं।[१]

'राजस्थान-रिपोर्ट' के भाग १, पृ० ८४ के आधार पर डॉ कि० ला० गुप्त ने राजस्थान-खोज में 'भक्तिसागर' नामक ग्रन्थ का उल्लेख किया है, जिसमें कवि की १४ रचनाएँ हैं। यह ग्रन्थ लखनऊ के नवलकिशोर प्रेस से सन् १८९८ ई० में प्रकाशित भी हुआ था, जिसमें उपर्युक्त चौदह रचनाओं में १३ रचनाएँ प्रकाशित थीं। इसका रचनाकाल १७८१ वि० है।[२]

चरणदास की शिष्या सहजोबाई ने 'सहजप्रकाश' नाम से इनका जीवनचरित्र लिखा है। इसके अनुसार इनका जन्म १७६० वि० में और इनकी मृत्यु १८३९ वि० में हुई। इनके बावन शिष्यों में सहजोबाई, दयाबाई, श्यामचरण, रामरूप, गुरु भक्तानन्द और जसराम प्रसिद्ध थे। अपने सम्प्रदाय के अनुयायियों में ये कृष्ण के अवतार माने जाते थे। निर्गुनिए होकर भी इन्होंने कृष्णलीला-सम्बन्धी ग्रन्थ रचे हैं। इन्हें 'श्याम-चरणदासाचार्य' नाम से स्मरण किया गया है।[३]

'हिन्दुस्तानी एकेडमी' से डी० लिट् उपाधि के लिए डॉ० त्रिलोकीनारायण दीक्षित-लिखित 'चरनदास' नामक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुका है।

डॉ० रामचन्द्र तिवारी ने चरनदास के सम्बन्ध में लिखा है—"भागवत पुराण का ग्यारहवाँ स्कन्ध इनकी प्रेरणाओं का स्रोत है। समन्वयात्मक दृष्टिकोण होते हुए भी इन्होंने

---

१. दे० 'सरोज-सर्वेक्षण' (हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद से सन् १९६७ ई० में प्रकाशित), प्रथम संस्करण, पृ०, ३८३, ३८४, ३८५।

२. दे० उपर्युक्त।

३. दे० उपर्युक्त।

योग-साधना पर अधिक बल दिया है। इसीलिए, रामदास गौड़ ने इनके सम्प्रदाय को योगमत के अन्तर्गत रखा है। विल्सन महोदय ने इसे वैष्णव-पन्थ माना है, जो गोकुलस्थ गोस्वामियों के महत्त्व को कम करने के लिए प्रवर्त्तित हुआ था। बड़थ्वाल ने प्रेमानुभूति की प्रगाढताके कारण इसे निर्गुण-सम्प्रदाय के अन्तर्गत रखना ही उचित माना है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने इसे ज्ञान, भक्ति और योग का समन्वय करने वाला पन्थ कहा है। समन्वयात्मक दृष्टिकोण होने पर भी इनका मूल स्वर सन्तों का ही है। इनमें काव्य-रचना की अच्छी क्षमता थी और इनकी रचनाएँ सामान्य सन्तों से उत्कृष्ट हैं। इनकी समस्त रचनाओं का प्रमुख विषय योग ज्ञान, भक्ति, कर्म और कृष्णचरित का दिव्य सांकेतिक वर्णन है।[1] हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग के संग्रहालय में इनकी—१. अष्टांगयोग भाषा (लि० का० १९२२ वि०, १९३१ वि०), २. हठयोग (लि० का० १८०६ वि०), ३ अक्षरशरणी (लि० का० १८८५ वि०), ४. ज्ञानस्वरोदय (लि० का० विक्रमाब्द १८०५, १८६०, १८७६, १८८८; १९२६. १९५१); ५ नासिकेत-कथा (लि० का० १८३४ वि०)—रचनाओं के पन्द्रह हस्तलेख संकलित हैं।[2] पूना-विश्वविद्यालय के जयकर-ग्रन्थालय' में १८६० वि० में लिपित 'स्वरोदय' का १२ पृष्ठों का (दोहा, चौपाई तथा छप्पय छन्द) हस्तलेख सुरक्षित है, जिसकी ग्रन्थ-क्र० सं० ४३।१० है।[3] उदयपुर (राजस्थान) के धोली बावड़ी में स्थित रामद्वारा-संग्रहालय में गुटका-सं० २६ में कवि की रचना 'नासकेत' (१०८ दोहे और १६५६ चौपाइयाँ) संकलित है। भीडर (राजस्थान) के माणिक्य-ग्रन्थ भण्डार में गुटका-सं० ३० में भी 'नासकेत' की पाण्डु-लिपि है। उदयपुर के अन्ताणी-संग्रह में भी ७४ पृष्ठों में लिखित 'नासकेत' की पाण्डुलिपि सुरक्षित है।[4] राजस्थान प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर के संग्रहालय में १९०२ वि० में लिपिकृत 'स्वरोदय' का एक हस्तलेख सुरक्षित है।[5] सन्त चरनदास की 'भक्तितरंगणी' की १९४१ वि० में, ४० पृष्ठों में लिपिकृत प्रति और 'ज्ञानस्वरोदय' की १९०७ वि० में ३१ पृष्ठों में लिपित दूसरी प्रति भी जोधपुर के राजस्थान प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान में सुरक्षित है।[6]

---

१. दे० हिन्दी-साहित्य-कोश, भाग २ (ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी), प्रथम संस्करण, पृ० १७० ।
२. दे० हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग से प्रकाशित 'पाण्डुलिपियाँ' की पृ० सं० ८६, वे० सं० और ग्रन्थ-सं० १२९०।१९१९, १२९३।१९३०; पृ० सं० ३८४, वे० सं० और ग्रन्थ-सं० १००८। १६०३; पृ० सं० ३८८, वे० सं० और ग्रन्थ-सं० १३६५।२१७०, १४१७।२३७९, १३५८।२५७०, १७६३।३३६६, १३९७।२२९०, १५९९।३१००१, १२८४।१९०१, १४६१।२१६८; पृ० सं० ४४३, वे० सं० और ग्रन्थ-सं०–८१४।११११२, १०८७।१९८४, १०८९।१६८६, १२९१।१९२८ ।
३. दे० पुणे विद्यापीठ-पत्रिका : ज्ञानखण्ड, पृ० २९ ।
४. दे० रा० मे० हि० के ह० ग्रन्थ की खोज (उदयसिंह भटनागर, राजस्थान-विश्वविद्यापीठ, उदयपुर, प्रथम सं०) पृ० १६; २२ और १८१ ।
५. दे० राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला, भाग १, प्र० सं०, ग्रन्थ-सं० १७५९ ।
६. दे० राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला, हस्तलिखित ग्रन्थसूची, भाग २, पृ० २१७, ११६, ग्रन्थ सं० ५४५७ और ११०७ ।

इसी प्रतिष्ठान के इन्द्रगढ़ पोथीखाना में भी 'स्वरोदय' की पाण्डुलिपि संकलित हुई है।[१] जयपुर (राजस्थान) के पाड्या में स्थित श्री दि० जैन मन्दिर लूणकरजी में संगृहीत 'ज्ञानस्वरोदय' का लेखनकाल १८९५ है।[२] जयपुर के ही बड़ा में तेरहपन्थियों के श्री दि० जैन मन्दिर के शास्त्र-भण्डार में १८३६ वि० में प्रतिलिपित 'ज्ञानस्वरोदय' की पाण्डुलिपि सुरक्षित है।[३]

संवत् १८११ में चरनदास से दीक्षित, १८०० वि० जनमे, दिल्ली के निकटस्थ जैसिंहपुर ग्रामवासी रामरूप ने 'चरनदास की परिचयी' लिखी है, जिसकी १८४२ में लिखित प्रति दिल्ली निवासी गणेशदत्त मिश्र के पास सुरक्षित है। २५० पृष्ठों और १३२५ छन्दों में रचित इस 'परिचयी' में चरनदास का जन्म-सं० १७६० वि० माना है।[४]

१२. झामदास (२८)—'श्रीरामार्णव' के ग्रन्थकार, अकोढ़ो ग्राम, विन्ध्याचल (मिर्जापुर) निवासी; जाति के ब्राह्मण; साधु; सं० १८१८ वि० के लगभग वर्त्तमान। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इनके ग्रन्थ खोज में मिले हैं।[५] 'रामायण पिंगल' नामक इनकी दूसरी रचना भी खोज में मिली है।[६]

१३. धर्मदास (२३ ख, २३ ङ, २६, २९, ३७, ९०)—कबीरदास के शिष्य; सं० १४५७ के लगभग वर्त्तमान; कबीरपन्थ के प्रचारक; कबीरपन्थ में आने से पूर्व का नाम जुड़ावन; जाति के बनिया और बान्धवगढ़ (मध्यप्रदेश)-निवासी। धर्मपत्नी 'अमीना' से नारायणदास और चूड़ामन नामक दो पुत्र; नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इनकी अनेक पोथियाँ खोज में मिली हैं।[७] 'हिन्दी-साहित्य-कोश', भाग २ की पृष्ठ-सं० २५५ में इनके सम्बन्ध की निम्नां-

---

१. दे० उपर्युक्त की पृ० सं० ३६०, क्र० सं० ६४ (क)।

२. दे० राजस्थान के जैनशास्त्र-भण्डारों की ग्रन्थ-सूची (द्वितीय भाग), सं० कस्तूरचन्द कासलीवाल, प्रथम संस्करण, पृ० सं ३६, ग्रन्थ-सं० ३३।३६५।

३. दे० वही, पृ० सं० ३५१, ग्रन्थ-सं० २४४८, वेष्टन-सं० २५६५।

४. दे० हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य, डॉ० ललताप्रसाद दुबे-लिखित, साहित्य-सदन, देहरादून से प्रकाशित) प्रथम संस्करण, पृ० २६७।

५. दे० नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) की खोज-विवरण, १९०१, ग्रन्थ-संख्या २१ ; १९०३, ग्रन्थ-संख्या १४५।

६ दे० नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी की खोज-विवरणिका सन् १९२०-२२, सन् १९१३-२५, ग्रन्थ-सं० १९१।

७. दे० ना० प्र० स०, का०, खो० वि०—१९०६-८ ई०, ग्रन्थ-संख्या—१५८ ; १९२३-२५ ग्रन्थ-संख्या १०० ; १९३२-३४, ग्रन्थ-संख्या ५३।

कित सूचना है—"सन्त-सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार-धनी धर्मदास कबीर से आयु में छोटे थे और इनकी मृत्यु कबीर की मृत्यु के पच्चीस वर्ष बाद हुई। इस प्रकार, सामान्य रूप से धर्मदास का जीवन-सं० १४७५ और १५८५ वि० के बीच मानना उचित होगा। प्रारम्भ में, साकारोपासना के समर्थक। नागरी-प्रचारिणी सभा काशी को 'कबीर के द्वादश पन्थ' नामक रचना खोज में मिली है।"[1] इनका पूर्वनाम जुड़ावन था। मध्य-प्रदेश के छत्तीसगढ़ में स्थित धमखेड़ा में इनकी गद्दी अवस्थित है। कबीरपन्थ में आने के बाद इन्होंने अपनी जायदाद तथा अन्य सभी सुखोपभोग-सम्पत्ति का परित्याग कर दिया।

मिश्रबन्धु-विनोद के अनुसार इस नाम के चार ग्रन्थकार खोज में मिले हैं। १. १५७५ वि० में कबीरदास की गद्दी के अधिकारी 'कबीर के द्वादश पन्थ' 'निर्भयज्ञान' और 'कबीरबानी' के ग्रन्थकार धर्मदास का जन्मकाल १५०० वि० और मरणकाल १६०० वि० लिखा है। ये बांधोगढ़ के वासी कसौंधन बनिया थे। दे० मिश्रबन्धु-विनोद, पृ० सं० १६७ और कवि-सं० ११२। २. विनोद की पृ० स० २६१ की कवि-सं० १६१ में 'आत्मबोध' के रचयिता एक दूसरे धर्मदास उल्लिखित हुए हैं। ३. काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा के प्रथम त्रैवार्षिक खोज-रिपोर्ट और चतुर्थ खोज-रिपोर्ट के आधार पर मिश्रबन्धुओं ने 'विनोद' की पृ० सं० ३२५ और कवि-सं० ३५५ में 'महाभारत' ग्रन्थ के ग्रन्थकार धर्मदास का रचनाकाल १६४४ वि० माना है और १७११ वि० में भी उपस्थिति लिखी है। ४. 'विनोद' में पृ० सं० २५६ तथा कवि-सं० १८४ में 'उपदेशमाला बालबोध' के रचयिता धर्मदास गणि का रचनाकाल १५८५ वि० सिद्ध किया है।

१४. नगनारायण सिंह (२४)—बिहार-प्रान्तस्थ सारन जिले के 'पटेढ़ी' ग्राम-निवासी; अनेक हिन्दी संस्कृत-ग्रन्थकारों के आश्रयदाता; फारसी, हिन्दी और संस्कृत में समान भाव से लिखनेवाले कवि।

१५. नन्ददास (६)—स्वामी विट्ठलदास के शिष्य; सं० १६२४ वि० के लगभग वर्त्तमान; तुलसीदास के भाई; अष्टछाप के कवियों में प्रमुख; इनके अन्य ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में उपलब्ध हुई है। दे० ना० प्र० स०, का० खो० वि० १९०१, ग्र० सं० ११, ६६; १९०२, ग्र० सं० २०० ए, बी, सी, डी, ई; १९०३, ग्र० सं० १५३; १९०६—११, ग्रं० सं० २०८ बी, डी, ए, सी, ई, एफ्; १९१७-२०, ग्र० सं० ११६ ए०; १९२०-२२ ग्र० सं० ११३ डी, ई; १९२३-२५ ग्र० सं २९४; १९२६-२८ ग्र० सं० ३१६ ए, बी, सी, डी, ई, एफ् जी; १९२९—३१, ग्र० सं० २४४।

अबतक इनकी निम्नांकित पन्द्रह पोथियाँ खोज में उपलब्ध हुई हैं—

१. अनेकार्थमंजरी (नाममाला) २. भँवरगीत, ३. नाममंजरी या मानमंजरी, ४. फूलमंजरी, ५. रानो मंगो, ६. रासपंचाध्यायी, ७. रुक्मिणी-मंगल, ८. विरहमंजरी, ९. दशमस्कन्ध भागवत, १०. नामचिन्तामणि माला, ११. जोग-लीला, १२. श्यामसगाई, १३. नासुकेतपुराण-भाषा, १४. रसमंजरो और १५. विरहमंजरी।

इनका जन्मकाल सन् १५३३ ई०, सम्प्रदाय-प्रवेश सन् १५५९ ई० तथा गोलोकवास सन् १५८६ ई० माना गया है। 'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्त्ता में उन्हें गोस्वामी तुलसीदास का भाई कहा गया है। हिन्दी-साहित्य-कोश, भाग २ के अनुसार इनकी निम्नांकित रचनाएँ प्रकाशित-अप्रकाशित मिलती हैं— १. रासपंचाध्यायी, २. भँवरगीत, ३. सिद्धान्त-पंचाध्यायी, ४. स्याम-सगाई, ५. रसमंजरी, ६. अनेकार्थमंजरी ७. मानमंजरी नाममाला, ८. विरहमंजरी, ९. रूपमंजरो, १०. रुक्मिणीमंगल, ११. गुरुमहिमा, १२. नाममहिमा, १३. विनय-भावना, १४. गोवर्द्धनलीला और १५. सुदामाचरित। इनके सम्बन्ध में कहा गया है— जहाँ और कवि 'गढ़िया' हैं, नन्ददास 'जड़िया' है। इनकी सम्पूर्ण कृतियों के दो सस्करण — पण्डित उमाशंकर शुक्ल द्वारा सम्पादित और प्रयाग विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'नन्ददास' तथा व्रजरत्नदास द्वारा सम्पादित और नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित 'नन्ददास ग्रन्थावली'—प्रकाशित हो चुके हैं। नन्ददास अष्टछाप के कवियों में सबसे अल्पवयस्क थे। कहा जाता है, इनके अन्य हजार पद मिलते हैं, जो ग्रन्थावली में नहीं आये हैं। 'रानी मंगो' नामक इनको एक रचना नागरी-प्रचारिणी-सभा काशी को खोज में मिली है। दे० सभा का चौदहवाँ खो० वि०, ग्र० सं० २४४ आइ० (पृ० सं० ६५ और ४५६)। यह ग्रन्थ उत्तरप्रदेशीय आगरा जिला के होलीपुरा-स्थित रटौटी-ग्रामवासी डॉ० प्रताप सिंह के पास सुरक्षित है। राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज (तृतीय भाग) की पृष्ठ-सं० २१, २२, ३८, ३९, ५५, ५६, ५७, ६३, ६४, १५० और १८१ पर उदयपुर के चौगो बावड़ो-स्थित रामहारा में दो रचनाएँ (अनेकनाममाला' और 'अनेकार्थमाला') सुरक्षित हैं; भीडर के माणिक्यग्रन्थ-भण्डार में गुटका-सं० १० में ग्रन्थ-सं० १; भीडर के ही ब्रजलाल साधु के पास १९३१ वि० में लिपिकृत 'भ्रमरगोत'; उदयपुर के दादूपन्थी केवलराम और प्रयागदासजी का स्थल में भागवत दशमस्कन्ध भाषा (१७३५ और १७९२ वि० में लिपिकृत) की ५ प्रतियाँ (ग्रन्थ-संख्या ५३, ५४, ५५ और ५६) मिली हैं। इसी संग्रह में रासपंचाध्यायी, विरहमंजरी की प्रतियाँ भी हैं।

राजस्थानी हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची, भाग १ की पृष्ठ-सं० ४४ पर १८३७ वि० में लिपिकृत 'नासकेत पुराणभाषा' की एक प्राचीन प्रति के प्राप्त होने का उल्लेख हुआ है और भाग २ की पृ० सं० १४, ६०, २८१, २०६, २१०, २१२, २१४, २१७, २१९, २२०, २२१ और २२६ में यमुनाष्टक, १८२१ वि० में लिपिकृत दशश्लोकी टीका नासकेतपुराण-भाषा (१८३७ वि० में लिपिकृत), १८५९ में लिपिकृत अनेकार्थी, १८९० में लिपिकृत

चिन्तामणिमाला, १८१३ वि० तथा १८८६ वि० में लिपित नाममंजरी, मानमंजरी, पंचाध्यायी भँवरगीत, भाषाभूषण टीका, माखनलीला (१६१४ में लिपित), मानमंजरी, नाममाला, रसमंजरी और १८८५ वि० में लिखित रासपंचाध्यायी की पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई हैं। दादूपन्थी राघोदास द्वारा १७१७ वि० में रचित 'भक्तमाल' में नन्ददासजी को रामानुज सम्प्रदाय के अन्तर्गत माना है।[१] विक्रमाब्द १८५०-१८६० में, दयालदास-रचित 'करुणा-सागर' में इनके द्वारा मरी हुई गाय को पुनः जिला देने का प्रसंग आया है। यह प्रसंग नाभादास के भक्तमाल (र० का० १७१५ वि०,) में भी वर्णित है।[२] 'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्त्ता' की वार्त्ता-सं० ४ में 'नन्ददास' का उल्लेख 'भक्तमाल' की चर्चा से कुछ भिन्न है।[३]

१६. नाभाजी, नाभादास (६, १०, ११)—स्वामी अग्रदास के शिष्य और प्रियादास के गुरु; भक्तमाल के प्रसिद्ध लेखक; सं १६५७ के लगभग वर्त्तमान; ध्रुवदास के समकालीन। इनका उपनाम नारायणदास था। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इनकी रचनाएँ खोज में मिली हैं।[४]

१७. पदुमनदास (२२)—बिहार-प्रान्तस्थ हजारीबाग जिले के रामगढ़-राज्य के आश्रित कवि, कर्ण कायस्थ, दामोदरलाल के पुत्र, सं० १७३८ (=१६८१ ई०) के लगभग वर्त्तमान। इनके ग्रन्थ अबतक अप्रकाशित हैं। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इनकी रचनाएँ खोज में मिली हैं।[५]

रामगढ़-राज्य के पद्मानरेश और कवि, खैरबार राजा दलेल सिंह से प्रेरणा-प्राप्त कवि ने अनेक ग्रन्थों की रचना की है। इनके रचित अन्य ग्रन्थ भी पारखद्-संग्रहालय में सुरक्षित हैं। 'हिन्दी-साहित्य-कोश' के अनुसार 'कविशिक्षा-ग्रन्थों' की दृष्टि से हिन्दी में केशव के बाद इन्हीं का स्थान है। संस्कृत के आचार्यों के अतिरिक्त इन्होंने केशव की 'कविप्रिया' से भी सहायता ली है। इस ग्रन्थ[६] में अन्य काव्यांगों का विवेचन भी है, पर कविशिक्षा-विषयक प्रकरण 'कविप्रिया' के इस प्रकरण की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित है। ये केशव की परम्परा के कवि माने गये हैं।[७] इनके द्वारा १७४१ वि० में रचित 'काव्यमंजरी'

---

१. दे० हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य (प्रकाशक : साहित्य-सदन, देहरादून, ले० डॉ० लालता प्र० दूबे), प्रथम संस्करण, सं० ११२।

२. दे० हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य, प्रथम संस्करण, पृ० १८३।

३. दे० उपर्युक्त, पृ० ३२४, ३२५, ३४३ और ३४४।

४. ना० प्र० स० (काशी), १६००, ग्र० सं० १५, ७७; १६०६-८, ग्रं० सं० १२१; १६०६-११, ग्रं० सं २०२, २११।

५. दे० ना० प्र० स०, का०, १६२६—२८, ग्रं० सं०, ३२६।

६. 'इस ग्रन्थ में' का अभिप्राय इनकी एक दूसरी रचना—'काव्यमंजरी'—से है।—सं०

७. 'हिन्दी-साहित्यकोश' भाग २, प्रथम संस्करण, पृ० सं० २६६।

को १८६७ ई० में लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई से प्रकाशन हुआ है। इस ग्रन्थ में ७१६ छन्द और १४ कलिकाएँ हैं। काव्य की दृष्टि से इस रचना को केशव की कविप्रिया की परम्परा में माना गया हैं। इनको एक नई रचना परिषद्-संग्रहालय में संकलित हुई है। हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के वृहद् इतिहास के खण्ड ६ में भी इस कवि का उल्लेख हुआ है।

१८. **परमानन्द** (६२)—बिरहमासा के रचयिता; बिहार-राज्य के शाहाबाद जिले के कोरी ग्रामवासी कवि; सं० १८५५ (=सन् १७९८ ई०) के लगभग वर्त्तमान।

१९. **परमानन्ददास** (३२)—पंजाब प्रान्तस्थ दोदा (गुरदासपुर) ग्रामवासी; सं० १९३५ (=सन् १८७८ ई० के लगभग वर्त्तमान। ना० प्र० स०, का० को इनकी रचना खोज में मिली है।[1]

२०. **बिहारीलाल** (७२)—हिन्दी के प्रसिद्ध कवि; ग्वालियर-राज्य के निवासी; १६३० वि० के लगभग वर्त्तमान, माथुर चौबे; जयपुर-नरेश जयसिंह मिर्जा के आश्रित; कृष्णदास के गुरु, जिन्होंने सतसई पर टीका लिखी है। ये नवरत्नों में गिने जाते हैं। बिहारी-सतसई की पाण्डुलिपियाँ ना० प्र० स० (काशी) को खोज में मिली हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है—

क्रम-सं०	लिपिकाल	खोज-विवरण-काल	ग्रन्थ सं०
१.	१७१९ वि०	१९०० ई०	११५
२.	१७७५ वि०	१९०१ ई०	२७
३.	१८०३ वि०	१९०२ ई०	८
४.	(टीका) १८३७ वि० (टीका-काल १७७७ वि०)	१९०१ ई०	५२
५.	,, ,,	१९०४ ई०	१२६
६.	,, १८२३ वि० ,,	१९०१ ई०	७५
७.	,, १८५० वि०	१९०६—१९०८ ई०	९६
८.	,, १८५१ वि०		
९.	,, १८२८ वि०	१९२६—२८ ई०	६८ ए
१०.	,, सं० १८४० (=सन् १७८३ ई०)	१९२६—२८ ई०	६८ बी
११.	सं० १८९८ वि० (=सन् १८४१ ई०)	१९२६—२८ ई०	६८ सी
१२.	सं० १९०० वि० (=सन् १८४३ ई०)	१९२६—२८ ई०	६८ डी
१३.	—	१९२६—२८ ई०	६८ ई
१४.	१७६२ वि० (=सन् १७०५ ई०)	१९२९—३१ ई०	५३ सी

इसके अतिरिक्त इसी विवरणिका में देखिए ग्रं० सं० ५३ ए और बी।

---

१. दे० ना० प्र० स०, काशी १९२९-३१, ग्रं० सं० २६२।

अन्य पाण्डुलिपियाँ भी इसी खोज में मिली हैं। विस्तार के लिए दे० ना० प्र० स० (का०), खो० वि० १९२०—२२, ग्र ं० स ं० २०, २३, २५ और ६२।

'राजस्थानी भाषा और साहित्य' (पृ० स ं० १९६) के अनुसार इनका जन्म सं० १६०० के लगभग भी माना गया है। इनका देहान्त १७२० में हुआ था। ये ग्वलियर-राज्य के बसुवा-गोविन्दपुर ग्राम के निवासी थे। ये जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह के दरबारी कवि थे, जिनकी ओर से प्रति दोहे पर इन्हें एक अशर्फी मिला करती थी।

'हिन्दी-साहित्य-कोश' भाग २ के उल्लेख में—कवि के सम्बन्ध में जन्म-सं० १६५२ वि० (१५७५ ई०) माना गया है। इनके पिता का नाम केशवराय था। इनके एक भाई और एक बहन थी। इनके जन्म के सात-आठ वर्ष बाद इनके पिता केशवराय ग्वालियर छोड़कर ओरछा चले गये। वहीं इन्होंने हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि आचार्य केशवदास से काव्यशिक्षा ग्रहण की।

मुगल बादशाह शाहजहाँ के कृपापात्र; जोधपुर, बूँदी, जयपुर आदि अनेक रियासतों के कृपापात्र कविवर बिहारी के ७१३ मुक्तक, दोहे और सोरठे के स ंग्रह 'सतसैया' के अतिरिक्त तीन कवित्त भी खोज में उपलब्ध हुए हैं।

२१. भुवाल (६७)—भगवद्गीता के—दोहे-चौपाइयों में—रूपान्तरकार; उपनाम—जनभुवाल और भुवालस्वामी; नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) के खोज-विवरण में भी इनकी पाण्डुलिपि की चर्चा हुई है। दे० खोज-विवरण—१९०९-११ ई० ,ग्र ं० स ं० १६२। उक्त पाण्डुलिपि का हस्तलेख-समय है १७६२ वि०।

जनभुवालस्वामी नाम के एक अन्य ग्रन्थकार भी हैं, जिनकी रचना भी गीता से सम्बद्ध है। 'मिश्रबन्धु-विनोद' के अनुसार कवि का स्थितिकाल १००० वि० है। स ं० २०१३ में गंगा ग्रन्थागार, लखनऊ से प्रकाशित 'मिश्रबन्धु-विनोद' (पंचम स ंस्करण) की पृ० स ं० ८८ और कवि-स ं० २५ द्रष्टव्य है।

२२. रामानन्द (७८)—'सिद्धान्त-पटल' के ग्रन्थकार, प्रसिद्ध सुधारक और कबीर के गुरु; रचनाकाल सम्भवतः पन्द्रहवीं शती; ना० प्र० स०, का० को इनकी रचना मिली है।[1] रामभक्ति के प्रथम आचार्य। डॉ० फर्कुहर के मतानुसार १४५७ वि० से १५२७ वि० के बीच वर्त्तमान। पं० रामचन्द्र शुक्ल के लेख के अनुसार

---

१. दे० ना० प्र० स०, का०, खो० वि०, सन् १९०२ ई०, ग्रन्थ सं०-६५।
,, ,, सन् १९०९-११ ई० ग्रन्थ सं० २०५।
,, ,, सन् १९२६-२८ ई०, पृ० सं० ७८३ (ग्रन्थ सं० ११७ तृतीय परिशिष्ट, अज्ञात रचनाकारों की कृतियाँ)।

पन्द्रहवीं शती के पूर्वार्द्ध और सोलहवीं शती के प्रारम्भ में उपस्थित। 'अगस्त्यसंहिता' ने इनका जन्म १३५६ वि० माना है। डॉ० फर्कुहर के मत का आधार कबीर, रैदास, और सन्त पीपा से सम्बद्ध किंवदन्तियाँ हैं और पण्डित शुक्ल ने सिकन्दर लोदी और तकी को कवि का समकालीन ठहराया है। 'हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य' (डॉ० लालता प्रसाद दुबे-लिखित और साहित्य-सदन, देहरादून से प्रकाशित, प्रथम संस्करण) की पृ० सं० १३२ पर लिखा है—"पीपाजी गागरौन गढ़ के राजा थे। देवी के बतलाने पर रामानन्द से दीक्षा ली।" चन्ददास-रचित 'भगत बिहार' (र० का० १८०७ वि०) में ६७८वें पद के बाद—'रामानन्द राम अधिकारी। ते करिहैं प्रभु मुक्ति तुम्हारी ।। करो तिन्हें गुरु लै उपदेसा। भजो राम गुन छूट कलेसा।—पंक्तियाँ सन्त रामानन्द के सम्बन्ध में लिखी हैं। 'हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य' की पृ० सं० १२५ में इस पाण्डुलिपि का उल्लेख हुआ। पाण्डुलिपि प्रयागस्थ हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के संग्रहालय की क्र० सं० २५, वेष्टन-सं० १३१३/१६५६२ में सुरक्षित है।

'हिन्दी-साहित्य-कोश', भाग २ की पृ० सं० ४६७ पर इनकी लिखी गई कही जानेवाली इन रचनाओं की सूचना मिलती है—'श्रीवैष्णव मताब्ज-भास्कर', श्रीरामार्चन-पद्धति, 'गीताभाष्य,' 'उपनिषद्-भाष्य, 'आनन्दभाष्य,' 'सिद्धान्तपटल' 'रामरक्षा-स्तोत्र' 'योगचिन्तामणि', 'रामाराधनम्,' 'वेदान्तविचार,' 'रामानन्दादेश' 'ज्ञानतिलक,' 'ग्यानलीला,' 'आत्मबोध,' 'राममन्त्र जोगग्रन्थ,' 'फुटकल हिन्दी पद,' 'अध्यात्मरामायण'। नागरी-प्रचारिणी सभा काशी ने 'रामानन्द की हिन्दी की रचनाएँ' नामक इनके फुटकल पदों का संग्रह प्रकाशित किया है। काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा की खोज में 'रामानन्द' नाम के चार ग्रन्थकार मिले हैं। दे० 'हस्तलिखित हिन्दी-पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण' (पहला भाग), पृ० सं० १४४, १४५। विवरणीय कवि सन्त रामानन्द के सम्बन्ध में उक्त विवरण में लिखा है —'पन्द्रहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में वर्त्तमान, प्रसिद्ध सुधारक, नामदेव छीपो व कबीर के गुरु थे।, सभा के खो० वि० १६०२, ग्रन्थ-सं० ६५ और खो० वि० १६०६—११, ग्रन्थ-सं० २०५ द्रष्टव्य है।

'राजस्थानी भाषा और साहित्य' की पृ० सं० ३११ पर १८००—२० वि० में उपस्थित कवि बालकराम के विवरण-सन्दर्भ में, उनकी रचना में स्वामी रामानन्द का उल्लेख हुआ है। राजस्थानी साहित्य के शोध-विद्वान् अगरचन्द नाहटा द्वारा लिखित 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज' (चतुर्थ भाग) में स्वामी रामानन्द

की उपलब्ध रचनाओं का उल्लेख हुआ है—पृ० सं० ३४ में अभय जैन पुस्तकालय में संगृहीत ज्ञानतिलक'; पृ० सं० ४१ में स्वामी नरोत्तमदासजी के संग्रह में स्थित बालकदास द्वारा १८५६ वि० में लिखित दो पद और पृ० सं० ४७ में मोतीचन्द खजांची-संग्रह के सन्तवाणी-संग्रह (गुटका १२) में पत्रांक ४२५ पर तीन पद। श्रीउदयसिंह भटनागर द्वारा लिखित 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज (तृतीय भाग) की पृ० सं० २४ में भीडर (राजस्थान) के माणिक्य ग्रन्थ-भण्डार के संग्रहालयस्थ गुटका (सं० ३०) में रचना-सं० ५१ और इसी खो० वि० की पृ० सं० ५८ में उदयपुर (राजस्थान) के केवलराम दादूपन्थी के संग्रहालय की १८२५ वि० में लिखित (वाणी-संग्रह) की पृ० सं० २३५ पर सन्त रामानन्द के पद लिखित हुए हैं। पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि द्वारा सम्पादित राजस्थान-राज्य द्वारा संस्थापित राजस्थान-प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान से प्रकाशित 'राजस्थानी-हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची'[१] (भाग १ की पृ० सं० ७५ में १८५६ वि० में लिखित कवि की रचना को चार प्रतियों (क्रमांक १५०१—१५०४) का और इसी खो० वि० के भाग २ के इन्द्रगढ़ पोथीखाना-सूची (ग्रन्थ की पृ० सं० ३३८ पर) के अन्तर्गत क्रमांक १६४ में १९०५ वि० में लिखित 'रामरक्षा' ग्रन्थ की एक प्रति तथा उन्नीसवीं शताब्दी में लिखित (पृ० सं० २६२, क्र० सं० ५५६, ५६० और ग्रन्थांक ६७४६ (२) और ७६०६) दो प्रतियों का उल्लेख हुआ है। आगरा (उत्तरप्रदेश) के क० मुं० भाषा-विज्ञान विद्यापीठ के हस्तलिखित ग्रन्थ-संग्रहालय में भी कवि की रचना संगृहीत ('भारतीय साहित्य', वर्ष ६, अंक ४, अक्टूबर, १९६१ ई० की पृ० सं० १५६) हुई है।

'रसिकप्रकाश भक्तमाल' की पृ० सं० ११ के अनुसार 'रामानन्दजी के पिता का नाम सदन शर्मा तथा माता का नाम सुशीला बताया जाता है।' देशवाड़ी प्राकृत में लिखे हुए 'प्रसंगपारिजात' नामक ग्रन्थ में उनकी माता का नाम मुरली देवी दिया है। 'रसिकप्रकाश भक्तमाल' तथा नाभाकृत 'भक्तमाल' के टीकाकार रूपकलाजी के अनुसार इनका प्रारम्भिक नाम रामदत्त था। डॉ० बदरीनारायण श्रीवास्तव ने अपने 'रामानन्द-सम्प्रदाय' ग्रन्थ की पृ० सं० १०० पर विभिन्न सूत्रों से ज्ञात रामानन्द की तथाकथित रचनाओं के नाम दिये हैं। इन्होंने संस्कृत की अपेक्षा जनभाषा को अधिक महत्त्व दिया। भक्तमाल के अनुसार इनके बारह—अनन्तानन्द, कबीर, सुखानन्द, पद्मावती, नरहर्यानन्द पोपा, भवानन्द, रैदास, धना, सेन, सुरसुरानन्द और सुरसरि – प्रधान शिष्य थे।[१] दक्षिण से आकर उत्तर भारत में 'राममन्त्र' का प्रचार करनेवाले, 'भक्तमाल' के रचयिता नाभाजी के अनुसार सारी पृथ्वी को पत्रालम्बित कर (हिलाकर) चारो वर्णों और आश्रमों को भक्ति में दृढ़ करनेवाले रामोपासक राघवानन्दजी रामानन्द के दीक्षागुरु थे। स्वामी राघवानन्द यामुन मुनि के शिष्य रामानुजाचार्य (१०७६ वि०—११७४ वि० = १०१९-१११७ ई०)

---

१. दे० हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य (डॉ० ललताप्रसाद दुबे-लिखित और साहित्य-सदन, देहरादून से प्रकाशित), प्रथम संस्करण।

की तेरहवीं पीढ़ी में स्वामी राघवानन्द थे। कहा जाता है, रामानुज-सम्प्रदाय के लिए जो महत्त्व तोताद्रि का था, वही महत्त्व रामानन्दी सम्प्रदाय में उत्तर भारत के 'गलता' को प्राप्त हुआ। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'हिन्दी-साहित्य का इतिहास' की पृ० सं० १२१ पर इस स्थान को 'उत्तर तोताद्रि' नाम से लिखा है।[१] नाभादास के उत्तरवर्ती भक्तवार्त्ता-साहित्य के प्रणेता राघोदास ने स्वरचित भक्तमाल (१७१७ वि० में रचित) में रामानन्द-सम्प्रदाय की परम्परा, रामानन्द के शिष्य पयहारी कृष्णदास के शिष्य तथा अग्रदास शिष्यों के वर्णन पर विचार किया है।[२] रामानन्द की शिष्य-परम्परा के सम्बन्ध में राघोदास ने भक्तमाल में लिखा है—

"यम रामानंद प्रताप तें यतने दिग्‌ग द्वादश महंत।
अनंतानन्द कबीर सुखानन्द सुख में बूलैं॥
सुमरि सुरसुरानन्द राम रैदास न भूलें॥
धना सेन पद्मावती पीपा मुनि नरहरि दासा॥
भावानन्द सुरसुरी कियो हरि घटि में बासा॥
परमारथ कूँ अवतरे जन राघो मिलि राम रहंत॥
यम रामानंद प्रताप ते यतने दिग द्वादस महंत॥"[३]

इससे मिलती-जुलती शिष्य-परम्परा का उल्लेख नाभादास के भक्तमाल में हुआ है—

"श्री रामानन्द रघुनाथ ज्यों दुतिय सेतु जगतरन कियो।
अनन्तानन्द, कबीर, सुखा, सुरसुरा, पदमावती, नरहरि॥
पीपा, भावानन्द, रैदास, धना सुन सुरसुर को धरहरो॥
औरौ शिष्य प्रशिष्य एकतें एक उजागर॥
विश्व मंगल आधार सर्वानन्द दसधा के आगर॥
बहुत काल वपुधारि कै प्रणत जनन कौं पार दियौं॥
श्री रामानन्द रघुनाथ ज्यौं दुतिय सेतु जगतरन कियौ॥"[४]

दोनों—'भक्तमाल'—की शिष्य-परम्पराओं में कोई विशेष अन्तर नहीं हैं केवल क्रम का अन्तर है।[५]

---

१. दे० हिन्दी-भक्तवार्त्ता-साहित्य (डॉ० ललताप्रसाद दुबे द्वारा लिखित और साहित्य-सदन, देहरादून से प्रकाशित), प्र० सं० पृ० ४५, ४६।

२. उपर्युक्त, पृ० सं० ९९, १००।

३. भक्तमाल राघोदास, छ० सं २३६।

४. भक्तमाल रूपकला सटीक, छ० सं० ३६।

५. दे० हिन्दी-भक्तवार्ता-साहित्य, प्रथम संस्करण, पृ० सं० १०९-११०।

२३. रामप्रसाद शुक्ल (१६)—वैद्यरत्नार्णव के ग्रन्थकार। रचनाकाल १२७७ फ०= सन् १८७० ई०=१६२७ वि०।[1]

२४. लालचदास—(१, ८२)—बरेली-निवासी; हरिचरित्र के ग्रन्थकार; सं० १५२७ वि०=सन् १४७० ई० के लगभग वर्त्तमान। शिवसिंह-सरोज' और 'मिश्रबन्धु-विनोद' में केवल नाम-चर्चा; शिवसिंह ने इनका र० का० सं० १६५२ माना है और कालिदास-कृत हजारा में भी इनके नामोल्लेख की चर्चा की है।[2] नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को भी खोज में ग्रन्थकार के हस्तलेख मिले हैं। सन् १९०६—८ ई० की खोज-रिपोर्ट में इनका र० का० १५६५ वि० है।[3]

ना० प्र० स० (काशी) के एक हस्तलेख में इनका र० का० है सं० १५२५= सन् १४६८ ई० और दूसरे में सं० १५८५ वि० सन् = १५२८ ई०।[4] ऐसा प्रतीत होता है कि १५२५ वि० और १५८५ वि० में ८ और २ का व्यत्यय लिपिकार की अनवधानता का परिणाम है। कहा जाता है कि कवि की काव्यरचना-भूमि बिहार-राज्य के दरभंगा (रोसड़ा) जिले में थी।

ग्रन्थकार के सम्बन्ध में परिषद् का प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थशोध-विभाग विभिन्न सूचनाओं तथा खोजों के परिणामस्वरूप अधोलिखित निष्कर्षों पर पहुँचा है—

१. श्रीगोविन्दजी ने सूचित किया है कि उनके संग्रहालय में ६०० पृष्ठों में लिखित ९६ अध्यायों में समाप्त और १९३० वि० में लिपिकृत एक प्रति सुरक्षित है।

२. 'साहित्य-सन्देश' (आगरा, १९५८ दिसम्बर) में डॉ० शिवगोपाल मिश्र के लेख में हमारी इस स्थापना—'हरिचरित' की रचना को लालचदास द्वारा अधूरा छोड़े जाने पर आसानन्द ने पूरा किया'—को समर्थन मिला है।

३. लालचदास इसके ४५ अध्याय ही रच पाये। शेष ४५ अध्याय को आसानन्द ने पूरा किया।

---

१. ना० प्र० स० (काशी) को भी 'सुखजीवनप्रकाश' के ग्रन्थकार जहानगंजनिवासी 'रामप्रसाद' खोज में मिले हैं, जिनका र० का० १८७४ ई०=१९३२ वि० है। (दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९२९-३१ ई०, ग्रन्थ-सं० २९०)। दोनों ग्रन्थ के ग्रन्थकार एक ही 'रामप्रसाद' सम्भव हैं।

२. दे० शिव सिंहसरोज की पृ० सं० २८२ और ४४५।

३. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९०६-८ ग्रन्थ सं० १८६; खो० वि० १९२३-२५ ग्रन्थ-सं० २३८।

४. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९२६-२८ ई०, ग्रन्थ-सं० २६१ ए और २६१ बी।

४. यह रचना 'रामचरितमानस' से १०४ वर्ष पहले 'पद्मावत' से लगभग ७० वर्ष पूर्व, 'चन्दायन' के १०० वर्ष बाद लिखी गई है। डॉ० दीनदयाल गुप्त के मत से नन्ददास से ४०-५० वर्ष पूर्व की रचना है।

५. रोसड़ा-निवासी श्रीबदरीलाल आर्य के पूर्वज-परिवार से ग्रन्थकार का सम्बन्ध था। ग्रन्थकार की काव्यरचना-भूमि बिहार रही है। रोसड़ा के निकटवर्त्ती एक 'डीह' को इनका स्थान बताया जाता है।

ग्रन्थकार के बिहार से सम्बद्ध और समादृत होने के सन्दर्भ में एक नई सूचना भी प्राप्त हुई है। 'परिषद्-पत्रिका' के वर्ष ७ अंक ३ की पृ० सं० १०१ पर 'बिहार में हिन्दी शिक्षा की आरम्भिक स्थिति' शीर्षक निबन्ध में डॉ० मुरलीधर श्रीवास्तव ने बिहार के कतिपय जिलों में १८३५ ई० के लगभग हिन्दी-पाठ्यक्रम से सम्बद्ध 'विलियम एडम' द्वारा सम्पादित सर्वे की चर्चा करते हुए तत्कालीन विद्यालयीय पाठ्य-पुस्तकों में 'हरिचरित' का उल्लेख किया है। विशेषत: पटना, गया, तिरहुत तथा पूर्णिया के क्षेत्र में ग्रन्थकार की रचना पढ़ाई जाती रही है। डॉ० मुरलीधर ने अपने लेख में लिखा है—'इसके अतिरिक्त लालचदास का भागवत (जो दशमस्कन्ध का अनुवाद है)............पढ़े जाते हैं।' ग्रन्थ के पच्चीस अध्यायों का प्रथम खण्ड अनेक प्रतियों के पाठ-भेदसहित परिषद् से प्रकाशित हो चुका है।

'शिवसिंह-सरोज' के ग्रन्थकार के अनुसार कवि का स्थितिकाल १६५२ वि० और किशोरीलाल गुप्त के लेखानुसार १५८५ वि०, १५८७ वि० या १५९५ वि० है। कवि के स्थान के सम्बन्ध में भी मतभेद है। श्रीकिशोरीलाल गुप्त द्वारा रचित 'सरोज-सर्वेक्षण' की पृ० स० ६७५-६७६ और ९९७ द्रष्टव्य है।

ग्रन्थकार के सम्बन्ध में प्रयाग की त्रैमासिक पत्रिका 'हिन्दुस्तानी' (सन् १९६५ ई० का अंक) में गोविन्दजी-लिखित 'भक्त कवि लालचदास और उनकी भागवत कथा' शीर्षक निबन्ध और 'हिन्दी-अनुशीलन' के (वर्ष १४, अंक ३) १९६१ ई० के अंक में डॉ० मुरारीलाल शर्मा 'सुरस' द्वारा लिखित 'अवधी में कृष्ण-काव्य के प्रणेता : कवि लालच दास' शीर्षक लेख महत्त्वपूर्ण है। उक्त दोनों निबन्धों में 'हरि-चरित' के कतिपय हस्तलेखों की सूचना मिलती है, जिसमें बलिया जिला (उत्तरप्रदेश) के रैंपुरा ग्रामस्थित, ६०० पृष्ठों में लिखित हस्तलेख में लिपिकाल १९३० वि० दिया हुआ है। इस ग्रन्थ की हस्तलिखित प्रतियाँ काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा, वाराणसी के याज्ञिक संग्रहालय में रीवाँ के बान्धवेश भारती भण्डार (लि० काल १८४१ ई०) में, बहराइच (उ० प्र०) के सिसैया-स्थित नवटला ग्राम के ठा० माधवराय के संग्रहालय में, सीतापुर (उ० प्र० के बिसवाँ ग्राम-स्थित आनन्द भवन-पुस्तकालय (दोनों का लिपिकाल १८८५ वि०) में, सीतापुर के ही मल्लापुर के महाराज प्रकाशसिंह के पुस्तकालय (लि० का० १८५८ वि०) में, प्रयाग-संग्रहालय के वेष्टन-सं० २१३, पुस्तक-सं० ६ (लि० का० १७६० वि०) में, डॉ० शिवगोपाल मिश्र के संग्रहालय (लि० का० १७६० वि०) में,

गया (बिहार) के मन्नूलाल पुस्तकालय (लि० का० १८४६ वि०) में संकलित प्रतियाँ मुख्य हैं।

२५. शिवनाथ दास (२५)—'शिवसागर' के दरियापन्थी ग्रन्थकार; बिहार-राज्य के सारन-जिलान्तर्गत तेलपामठ-निवासी; सम्भवतः इनकी अन्य कई रचनाएँ उक्त मठ में सुरक्षित हैं। ग्रन्थ अप्रकाशित। लि० का० सम्भवतः सं० १८५० वि० = १७९३ ई० है।

२६. नन्दलाल कवि (१६ ख)—रामरतनगीता के ग्रन्थकार; रचना अप्रकाशित; कुछ अनुसन्धायकों के मत से इस ग्रन्थ के ग्रन्थकार कुशलसिंह हैं। इनका र० का० सं० १६७७ वि० लगभग था। कहा जाता है कि अर्जुनगीता' और 'रामरत्नगीता' के ग्रन्थकार कुशलसिंह फफूँद के राजा, राजा मधुकरसाहि के पुत्र, कवि देवदत्त के आश्रयदाता कुशलसिंह से भिन्न हैं।[1] बाराबंकी जिले के मथुरा-निवासी कुशलसिंह ने भी गीता या रामरत्नगीता नामक ग्रन्थ की रचना की है।[2] नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली रचना का लि० का० सं० १९२२ वि० = १८६५ ई० है।[3] बि० रा० भा० प०, पटना के संग्रहालयस्थ प्रति से इसमें पाठभेद है। पं० श्रीपरमानन्द पाण्डेय (भागीरथी, पटना-६) के पास संकलित हस्तलेख के पाठ से परिषद्-संग्रहालयस्थ हस्तलेख के पाठ में प्रायः समानता है।[4] एक और नन्दलाल कवि - 'जैमुनी अश्वमेध' के ग्रन्थकार हो चुके हैं, जिनकी १८३२ वि० में लिपिकृत रचना प्राप्त हुई है। ये इनसे भिन्न हैं।

२७. श्रीभट्ट (१४)—निमादित्य के शिष्य; वृन्दावन-निवासी; सं० १६०१ वि० के लगभग वर्त्तमान, राजा जुगलकिशोर के आश्रित। यह रचना नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली है।[5] ग्रन्थकार की

---

१. दे० हस्तलिखित-हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण, दूसरा भाग (काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा), पृ० सं० २६। ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९०४ सं० ३७।

२. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९२३-२५, ग्र० सं० २३१।

३. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९२६—२८, ग्र० सं० २५४ ए०, बी०।

४. दे० त्रैमासिक 'साहित्य' (वर्ष ६, अंक ७) कवि कुशलसिंघ-कृत 'रामरत्नगीता' शीर्षक लेख, पृ० सं० ६२।

५. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९००, ग्र० सं० ३६, ७५, १९०६-८, ग्र० सं० २३७।

अन्य रचनाएँ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली हैं। दे० ना० प्र० स०, का०, खो० वि० १६३२—३४, ग्रं० सं० २०४ ए० बी० सी०। 'आभास-दोहा' नामक इनकी एक रचना श्रीमन्नूलाल पुस्तकालय (गया, बिहार) में सुरक्षित है। ग्रन्थकार श्रीभट्ट के सम्बन्ध में अन्य खोज-विवरणों में भी सूचनाएँ हैं। शिवसिंह सरोज के ग्रन्थकार और ग्रियर्सन ने इनका जन्म १६०१ वि० माना है। 'राग-सागरोद्भव' में भी कवि की चर्चा हुई है। 'रागकल्पद्रुम' में निम्बादित्य के शिष्य केशवभट्ट को ही श्रीभट्ट कहा गया है। किन्तु, किशोरीलाल गुप्त के मतानुसार "श्रीभट्ट और केशव भट्ट एक ही व्यक्ति नहीं हैं, अपितु वे केशवभट्ट के शिष्य हैं और १६०१ वि० कवि का जन्म-समय नहीं, प्रत्युत उपस्थिति-काल है। आचार्य शुक्ल ने तथा 'ब्रजमाधुरीसार' के लेखक वियोगी हरि ने कवि का जन्मकाल १५६५ वि० ठहराया है। केवल कश्मीरी के शिष्य-रूप में श्रीभट्टजी को स्वीकार करने पर भक्तमाल में हुए उल्लेख के आधार पर ये चैतन्य महाप्रभु के समसामयिक माने जायँगे और इनका रचनाकाल १५६५ वि० मानना उचित होगा। कवि श्रीभट्ट, किशोरीलाल गुप्त के मत से हरिव्यासदेवाचार्य एवं हरिदास के गुरु थे। गुप्तजी के मत में इनका जन्मकाल १५५० वि० के आसपास है।"[१]

मुगल बादशाह औरंगजेब के समकालीन और इलाहाबाद के नवाब सैयद हिम्मतखाँ के आश्रित, 'हिम्मतप्रकाश' (१८६८ वि० में लिपिकृत) के रचयिता भी एक श्री (पति) भट्ट हो चुके हैं, जो इनसे भिन्न हैं।

२८. सन्त सूरजदास (१६ क)—'रामजन्म' (कथा) के रचयिता; बिहार-निवासी कवि; 'रामजन्म' के आठ हस्तलेख परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित हैं। इनकी एक और रचना 'एकादशीमाहात्म्य' नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली है।[२] परिषद्-संग्रहालय में 'रामजन्म' के आठ हस्तलेख संगृहीत हैं।

इस रचना के सम्बन्ध में डॉ० मुरलीधर श्रीवास्तव (हिन्दी-विभागाध्यक्ष, राजेन्द्र कालेज, छपरा, बिहार-विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर) के द्वारा 'परिषद्-पत्रिका' के वर्ष ७, अंक ३ की पृ० सं० १०१ पर 'बिहार में हिन्दी-शिक्षा की आरम्भिक स्थिति' शीर्षक

१. दे० 'सरोज-सर्वेक्षण' पृ० सं० ७१७।
२. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १६२३-२५, ग्रं० सं० ४१७; १६२६-२८, ग्रं० सं० ४७३।

निबन्ध में सन् १८३५-१८३६ और १८३७ ई० में बिहार की शिक्षा की स्थिति पर 'विलियम एडम' द्वारा सम्पादित सर्वे के अनुसार प्राप्त रिपार्ट के आधार पर बिहार के बिहार जिले (वर्त्तमान पटना और गया) और तिरहुत जिले में पाठ्यक्रम में 'रामजन्म' का उल्लेख किया है। साथ ही, पूर्णिया की भी तत्कालोन पाठ्य-पुस्तकों में इस पोथी का पढ़ाई होती थी।

अब यह ग्रन्थ बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् से प्रकाशित हो गया है। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को भी खोज में इनके हस्तलेख मिले हैं। सभा के खो० वि० १९२३-२५, ग्रन्थ-संख्या ४१७; खो० वि० १९२६-२८, ग्रन्थ-संख्या ४७३ बी० द्रष्टव्य हैं। ग्रन्थकार को 'एकादशी माहातम' नामक एक अन्य रचना नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली है। द्रष्टव्य खो० वि० १९२६—२८।

'शिवसिंह-सरोज' के ग्रन्थकार ने कवि-सं० ९४९ के अन्तर्गत सूरजदास का उल्लेख किया है। किशोरीलाल गुप्त के अनुसार सूरजदास का उल्लेख सूदन ने किया है, अतः इनका रचनाकाल सं० १८१० वि० के पूर्व या आसपास होना चाहिए। श्रीगुप्त के सरोज-सर्वेक्षण के अनुसार ये सम्भवतः स्वामी प्राणनाथ के शिष्य थे। प्राणनाथजो छत्रसाल (शासनकाल १७२२—८८ वि०) के समकालीन थे, अतः सूरजदास १८१० वि० के पूर्ववर्त्ती हैं। राजस्थान की खोज में भी अट्ठारहवीं शताब्दी में वर्त्तमान एक ग्रन्थकार 'सूरज' का उल्लेख हुआ है। दे०, राजस्थानी हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची, भाग १ की पृ० सं० ४५, क्रमांक ९०३, ९०४ और ग्रन्थांक ३५४६ (१३) तथा ४४५२ (२२); 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज' (तृतीय भाग) में पृ० सं० १८ पर उदयपुर के धोली बावड़ी-स्थित रामद्वारा-संग्रहालय के गुटका-सं० २६ में कवि-सं० ८० और इसी खोज-ग्रन्थ के चतुर्थ भाग की पृ० सं० २७-२८ पर अनूप संस्कृत-पुस्तकालय में संगृहीत, ग्रन्थ-संख्या ८।

२९. सन्तकवि दरियासाहब—(१७, ३५, ४४, ४५ क, ४५ ख, ४५ ग, ४५ घ, ४५ ङ, ४५ च, ४५ छ, ४५ ज, ४६, ४७, क, ४७ ख, ४८, ४९, ५० क, ५० ख, ५० ग, ५१ क, ५१ ख, ५१ ग, ५२ क, ५२ ख, ५२ ग, ५२ घ, ५२ ङ, ५२ च, ५२ छ, ५३ क, ५३ ख, ५२ ग, ५४, ५५, ५६, ५७ क, ५७ ख, ५७ ग, ५७ घ, ५८, ५९, ६० क, ६० ख, ६० ग, ६० घ, ६१ क, ६१ ख, ६२ क, ६२ ख, ६२ ग, ६३, ६४, ६५ क, ६५ ख, ६५ ग,

६५ घ) बिहार-प्रान्तस्थ शाहाबाद जिलान्तर्गत धरकन्धा-निवासी, जन्म सं० १७३१ वि० और मृत्यु सं० १८३७ वि० पीरन शाह के पुत्र ; दरियापन्थ के प्रवर्त्तक ।[1] नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को भी इनकी रचनाएँ खोज में मिली हैं। इस विवरण में इनके ग्रन्थों की सत्तावन पाण्डुलिपियाँ हैं। इनके पूर्वज उज्जैन-निवासी क्षत्रिय थे, जो बिहार में आकर बस गये थे। दरियापन्थी साधु दलदास ने इनका जन्म १६३४ ई० माना है। वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद से सन् १९१०ई०में प्रकाशित 'दरियासागर' के सम्पादक ने सन् १६७४ ई० में इनका जन्म ठहराया है। 'दरिया-ग्रन्थावली' के सम्पादक स्वर्गीय डॉ० शास्त्री ने इनका जन्मकाल सन् १७३४ ई० निश्चित किया है। कहा जाता है, नवाब मीरकासिम ने इनको १०१ बीघा जमीन प्रदान की थी। इनके अनुयायी इन्हें कबीर का अवतार मानते हैं। सन्त शिवनारायण का इनपर पर्याप्त प्रभाव है। दरियाग्रन्थावली प्रकाशन-माला के प्रथम ग्रन्थ के रूप में स्वर्गीय डॉ० शास्त्री द्वारा लिखित 'सन्त कवि दरिया : एक अनुशीलन' बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् से प्रकाशित हो गया है। उनके द्वारा ही सम्पादित होकर ग्रन्थावली का दूसरा ग्रन्थ, जिसमें दरिया की छह रचनाएँ—(१) दरियासागर, (२) ग्यानरतन, (३) ग्यानसरोदै, (४) भक्तिहेतु, (५) ब्रह्मविवेक और (६) ग्यानमूल—सम्मिलित हैं, प्रकाशित हुआ है।

३०. **सूरदास (४३)**—हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि ; वल्लभ-सम्प्रदाय के वैष्णव भक्त और अष्टछाप के कवियों में प्रमुख ; व्रजवासी ; सं० १५४० वि० से १६२० वि० तक वर्त्तमान। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी), (लि० का० सं० १८६२, सं० १८७३, सं० १८६६ और सं० १८५३) और मन्नूलाल पुस्तकालय गया (लि० का० सं०

1. दे० सन्तकवि दरिया : एक अनुशीलन; डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री ; प्रकाशक : बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्, पटना-४।

१८९७ और १९२४) के संग्रहालयस्थ हस्तलेख से यह पाण्डुलिपि प्राचीन है। इसका लिपिकाल सं० १८२५ वि० है। सूरदास के सम्बन्ध में विशद विवरण के लिए 'ह० लि० पो० का विवरण', खण्ड २ द्रष्टव्य है।

३१· हरिदास (८७)—'रासलीला' के नवोपलब्ध ग्रन्थकार ; 'हरिदासस्वामी की बानी' नामक ग्रन्थ के रचयिता, हरिदास से भिन्न[1] ; सं० १७२७ वि० के लगभग वर्त्तमान।

सरोज-सर्वेक्षण के लेखक श्रीकिशोरीलाल गुप्त ने सरोज में उल्लिखित (कवि-सं० ९९०, ९९१, ९९२ और ९९३) 'हरिदास' के नाम के चार ग्रन्थकारों की चर्चा की है। 'हरिदास' के सम्बन्ध में 'हिन्दी-साहित्य-कोश, भाग २, की पृ० सं० ६३७ में डॉ० विजयेन्द्र स्नातक (दिल्ली वि० वि०) ने पर्याप्त प्रकाश डाला है। डॉ० ग्रियर्सन ने भी दो हरिदास का उल्लेख किया है। दोनों का जन्म-समय १८४४ और १८३४ ई० माना है।

हरिदास नाम के पाँच ग्रन्थकारों का विवरण काशी-नागरी प्रचारिणी सभा के भी विवरण में आया है। दे०—१. खो० वि० १९०२, ग्रन्थ सं० ६४, खो० वि० १९०५ ग्रन्थ-सं० ४७; ये निरंजनी पन्थ के संस्थापक तथा पीताम्बरदास के गुरु थे। २. खो० वि० १९००, ग्र० सं० २९ ६७, ३७; खो० वि० १९०१, ग्र० सं० १२; खो० वि० १९०२, ग्रन्थ सं० १७१ में १६१७ वि० में वर्त्तमान, अकबर बादशाह के समकालीन, टट्टी-सम्प्रदाय के संस्थापक और तानसेन का गुरु बताया गया है। ३. खो० वि० १९०१ ग्रन्थ सं० ५५, ७२; खो० वि० १९०६-१९०८, ग्रन्थ सं० २५६; खो० वि० १९०९-११, ग्रन्थ सं० ११०। ४. खो० वि० १९०६-८, ग्रन्थ सं० ४६ ए०, बी०, सी०। ५. खो० वि० १९०६-८, गण्थ सं० ४७।

राजस्थान की खोज में, श्रीअगरचन्द नाहटा के निजी संग्रहालय अभय जैन ग्रन्थालय में संकलित 'अमरबत्तीसी' ग्रन्थ के रचयिता, १७०१ वि० में वर्त्तमान 'हरिदास' का विवरण आया है।[3] राजस्थानी हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची, भाग १ की पृ० स० १३ में एक दूसरे ग्रन्थकार 'हरिदास' द्वारा १८१६ वि० में लिखित 'एकादशी-कथा' का उल्लेख हुआ है। इसी ग्रन्थ-सूची के भाग २ की पृ० सं० २३१ तथा २४१ पर क्रमश अट्ठारहवीं-उन्नीसवीं सदी में स्थित हरिदास की रचनाएँ (सत्यनारायण व्रतकथा एवं भक्तामर बालबोध टीका) मिली हैं।

★

---

१. दे० ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९०५ ग्र० सं० ६७ खो० वि० १९०९-११ ग्र० सं० १०९ बी।

२. दे० सरोज-सर्वेक्षण की पृ० सं० ७९७—८०२ और १०००।

३. दे० 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज', द्वितीय भाग १, पृ० सं० ६२।

संस्कृत-पोथियों के ग्रन्थकार

१. अनुभूतिस्वरूपाचार्य—(५, १२, २४) ईसा की पाँचवीं शताब्दी में वर्त्तमान, काशी-निवासी, दक्षिणात्य-प्रचलित किंवदन्ती के अनुसार बालकों के अनायास बोध के लिए इन्होंने व्याकरण की रचना की।[१] एक दूसरी जनश्रुति के अनुसार विद्वन्मण्डल में प्रयुक्त 'पुङ्क्षु' प्रयोग को शुद्ध सिद्ध करने के लिए अनुभूतिस्वरूपाचार्य ने काशी में सरस्वती का ध्यान किया। इनके तप से तुष्टा सरस्वती ने इन्हें अभीप्सित वर दिया और अपने कण्ठ से सात सौ सूत्र दिये। उन सूत्रों के आधार पर रचित व्याकरण का नाम ग्रन्थकार ने 'सारस्वतप्रक्रिया' रखा।[२] एक दूसरे मत से इस ग्रन्थ के रचयिता नरेन्द्राचार्य भी माने जाते हैं। क्षमेन्द्र ने इस ग्रन्थ की टीका लिखते हुए 'इति श्रीनरेन्द्राचार्य सारस्वते क्षेमेन्द्र-कृत टिप्पण्याम् ....." लिखा है। अमृतभारती टीका में भी तथा विट्ठल-रचित 'प्रक्रियाकौमुदी' टीका में भी इसे नरेन्द्र से रचित बताया गया है। इस व्याकरण के फैलानेवालों में गयासुद्दीन खिलजी और जहाँगीर का नाम लिया जाता है।

'सारस्वतप्रक्रिया' की पाण्डुलिपियों का उल्लेख आमेरशास्त्र-भण्डार, जैन-ग्रन्थ-सूची, कन्नड़-प्रान्तीय ताड़पत्रीय ग्रन्थसूची और जैन सिद्धान्त-भवन, आरा की ग्रन्थसूची में हुआ है।

इसपर मुख्यतः चन्द्रकीर्त्ति, वासुदेवभट्ट, माधव, जगन्नाथ, काशीनाथ, रमाकान्त, मेघरत्न, हंसविजय और रामभट्ट-कृत टीकाएँ मिलती हैं। इन टीका-ग्रन्थों में अन्य अनेक टीकाकारों के उल्लेख हुए हैं, किन्तु टीकाएँ प्रायः अनुपलब्ध हैं। रघुनाथनामाभिधेय भट्टोजि-दीक्षित के शिष्य ने इस ग्रन्थ पर एक लघुभाष्य की रचना की है, जिसमें वोपदेव और भट्टो-दीक्षित के मत का खण्डन किया है।[३]

'हिन्दी-विश्वकोश' ने—सरस्वती-प्रक्रिया, आख्यात-प्रक्रिया और धातुपाठ नामक ग्रन्थ

---

१. सं० १९९१ में चौखम्बा संस्कृत-सीरीज से प्रकाशित 'सारस्वतव्याकरणम्' की भूमिका, पृ० सं० ४। और सं० १९९६ वि० में बम्बई के वेंकटेश्वर प्रेस से खेमराज श्रीकृष्णदास द्वारा प्रकाशित 'सारस्वतम्' की प्रस्तावना तथा पृ० १ पर टीका की व्याख्या का अंश।

२. उपर्युक्त, पृ० सं० ३।

३. उपर्युक्त, पृ० सं० ४।

के प्रणेता अनुभूतिस्वरूप यति को 'न्यायदीपावली' नामक वेदान्त-ग्रन्थ और आनन्दबोध-प्रणीत 'प्रमाणरत्नमाला' निबन्ध की टीका का रचयिता के रूप में इनकी चर्चा की है।[१]

२. जयदेव कवि—(४, २०, ३८) ईसा की बारहवीं सदी में वर्त्तमान संयोगशृंगार के कवि। संस्कृतकाव्य में 'मुक्तक' कविता के प्रमुख रचनाकार। आर्यासप्तशती के रचयिता गोवर्द्धन, पवनदूत के ग्रन्थकार धोयी और 'पारिजातहरण' के प्रणेता उमापति के समकालीन। 'प्रसन्नराघव' के ग्रन्थकार जयदेव से भिन्न भोजदेव और राधादेवी के पुत्र।[२] सेनवंश के अन्तिम सम्राट् लक्ष्मणसेन के राजकवि। श्रीहर्ष के समसामयिक। संस्कृत-काव्यधारा में पद-विन्यास और संगीतात्मकता के प्रथम तथा मधुर कोमल कान्त पदावली-निर्माण-रसिक, अभिनव कवि। इनका जन्म 'किन्दुविल्व' नामक स्थान में हुआ था, जिसे कुछ लोग बंगाल में और कुछ उड़िसा में बतलाते हैं।

३. दैवराम (१)—अनन्तदैवज्ञ के सुत, अकबर बादशाह के सभापण्डित और दैवज्ञ नीलकण्ठ के अनुज, १६५७ वि० (१५२२ शकाब्द १६०० ई०) में वर्त्तमान, जयपुर-महाराजा रामदास की प्रसन्नता के लिए 'रामविनोद' नामक करण-ग्रन्थ के भी रचयिता।

४. दैवज्ञ ढुण्ढिराज (५१)—दैवज्ञ ज्ञानराज (सिद्धान्त-सुन्दर' नामक करण-ग्रन्थ के रचयिता) के शिष्य १५६० वि० (१४२५ शक ; १५०३ ई०) के लगभग वर्त्तमान, ज्ञानराजपुत्र दैवज्ञ सूर्यप्रकाश के समकालीन। दैवज्ञ ढुण्ढिराज ने 'जातकाभरण' के अतिरिक्त अनन्तदैवज्ञ-रचित 'सुधारस' की टीका तो लिखी ही है, 'ग्रहलाघवोदाहरण' ग्रहफलोत्पत्ति', 'पंचांगफल' और 'कुण्डकल्पलता' नामक ग्रन्थों की भी रचना की है।

५. पाणिनि मुनि (४०)—अष्टाध्यायी (चार हजार सूत्रों का ग्रन्थ) के प्रणेता, ईसा के ६०० वर्ष पूर्व वर्त्तमान, यास्क से दो सौ वर्ष (यास्क का काल ८०० ई० पू० था) उत्तरकालीन शाकल्य, शाकटायन और स्फोटायन के उत्तरवर्त्ती वैयाकरण। डॉ० गोल्डस्टकर और डॉ० भण्डारकर के मत से ये ईसा के सात सौ वर्ष पूर्व विद्यमान थे। कुछ संस्कृत-साहित्येतिहासिकों का मत है, पाणिनि ने 'जाम्बवती-परिणय' और 'पातालविजय' नामक दो काव्य ग्रन्थ भी लिखे थे। आधुनिक अटक के निकट स्थित शालातुर-ग्रामवासी,

---

१. हिन्दी-विश्वकोश, भाग १, पृ० ४७३।

२. "श्रीभोजदेवप्रभवस्य राधादेवीसुतश्रीजयदेवकस्य।
पाराशरादिप्रियवर्गकण्ठे श्रीगीतगोविन्दकवित्वमस्तु॥"

पाणिनि ने अपने ग्राम का नाम शाकटागंज और चन्द्रगोड़ी भी बताया है। 'गणरत्नमहोदधि' में शालातुर ग्राम की चर्चा हुई है और चीनी-यात्री हुएनसंग ने शालातुर (गान्धार) ग्राम का उल्लेख किया है। कनिंघम ने शालातुर ग्राम को वर्त्तमान 'लाहौर' बताया है। भाष्यकार इनकी माता का नाम ग्यारहवीं शताब्दी में सोमदेव-रचित 'कथासरित्सागर' के अनुसार व्याडि और इन्द्र इनके समकालीन थे। तक्षशिला-विश्वविद्यालय में पाणिनि के विद्याभ्यास की तथा पाटलिपुत्र (पटना) के 'वर्ष' नामक विद्वान् से विद्याभ्यास की चर्चा मिलती है। शब्दशास्त्र के आचार्य पणिनि मुनि ने काव्य-कौशल भी पाया था। उदाहरणस्वरूप ये दो श्लोक—

"गतेऽर्धरात्रे परिमन्दमन्दं गर्जन्ति यत् प्रावृषि कालमेघाः।
अपश्यती वत्समिवेन्दुबिम्बं तच्छर्वरी गौरिव हुङ्करोति ॥
ऐन्द्रं धनुः पाण्डुपयोधरेण शरद्दधानार्द्रनखक्षताभम्।
विनोदयन्ती सकलङ्कमिन्दुं तापं रवेरभ्यधिकं चकार ॥"

इस प्रकार, प्रसिद्ध महावैयाकरण पाणिनि ने काव्य-निर्माण में भी पथ-प्रदर्शन किया। राजशेखर ने अपने ग्रन्थ 'काव्यमीमांसा' के प्रारम्भ में पाणिनि को नमस्कार किया है—

नमः पाणिनये तस्मै येन रुद्रप्रसादतः।
आदौ व्याकरणं प्रोक्तमनु जाम्बवतीजयम् ॥"

भट्टसोमेश्वर और राजशेखर ने भी अपनी रचना में पाणिनि का सादर स्मरण किया है।

६· **भर्त्तृहरि (१६)**—६७२ वि० (६१५ ई०) के पूर्व वर्त्तमान। कुछ ऐतिहासकों के मत से 'वाक्यपदीय' के ग्रन्थकार तथा शतकत्रय (नीतिशतक शृंगारशतक और वैराग्यशतक) के रचयिता भिन्न हैं और 'भर्त्तृहरि' तथा 'भट्टि' एक ही हैं। कुछ किंवदन्तियों के अनुसार इन्हें विक्रमादित्य का भाई भी बताया जाता है। सिद्ध-परम्परा में भी एक भर्त्तृहरि हुए हैं, जिनका रचनाकाल ग्यारहवीं शताब्दी है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के मत से 'वैराग्यशतक' के कई श्लोकों का रूपान्तर (भ्रष्ट रूप में) 'नाथ सिद्धों की बानियाँ' में पाया जाता है।[1]

७ **रामाश्रमाचार्य (३१, ३२, ३३)**—सारस्वत-चन्द्रिका के लेखक रामाश्रमाचाय नृसिंहाश्रम के शिष्य थे और इन्होंने अमरकोश-टीका, तत्त्वचन्द्रिका, ब्रह्मसूत्रवृत्ति, दुर्गामाहात्म्य-टीका, दुर्जनमुखचपेटिका और प्रभाकर-परिच्छेद नामक ग्रन्थों की रचना की थी।[2]

---

१. दे० हिन्दी-साहित्यकोश, भाग २, पृ० सं० ३७६।

२. हिन्दी-विश्वकोश, १६वाँ भाग, पृ० ५१०।

८. हर्षकवि (२६)—ईसा की बारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध (सन् ११५६-११९३ ई०) के कवि; 'नैषधचरित' की दाधिमथी टीका के प्रणेता पं० शिवदत्तजी के मतानुसार काव्यकुब्जेश्वर विजयचन्द्र तथा उनके पुत्र जयन्तचन्द्र के सभापण्डित; 'पृथ्वीराजविजय' महाकाव्य के प्रणेता जयानक के समकालीन ; काव्यकुब्जेश्वर से दो बीड़ा पान प्राप्त करनेवाले श्रीहर्ष कवि 'हीर' तथा 'मामल्लदेवी' के पुत्र थे।[१] इनके द्वारा रचित सात ग्रन्थों—(१) नैषधचरित, (२) खण्डनखण्डखाद्य, (३) स्थैर्यविचार-प्रकरण, (४) विजयप्रशस्ति, (५) गौडोर्वीशकुलप्रशस्ति (६) नवसाहसांक-चरितचम्पू और (७) शिवशक्तिसिद्धि—मे प्रथम दो ग्रन्थ ही उपलब्ध हैं। 'नैषधीयचरित' महाकाव्य २२ सर्गों और २८३० श्लोकों में समाप्त हुआ है। इनके द्वारा रचित (१) अर्णव-वर्णन और (२) छन्दःप्रशस्ति नामक दो अन्य ग्रन्थ भी खोज में मिले हैं।

★

---

१. (क) 'ताम्बूलद्वयमासनञ्च लभते यः काव्यकुब्जेश्वरात् ॥'—२२ । १५३ ।
(ख) "श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतम् ।
श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियचयं मामल्लदेवी च यम् ॥"—१।१४५ ।

हस्तलिखित हिन्दी-पोथियों का विवरण

१. श्रीमद्भागवत (हरिचरित्र)—ग्रन्थकार—लालचदास। लिपिकार×। अवस्था—अत्यन्त प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—१८७। प्रति पृष्ठ पंक्तियाँ लगभग ४०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल—संवत् १८५८ वि०, आषाढ़ सुदी ७, रविवार।

प्रारम्भ—"पुत्रीवधैजुअति नहीआही वह अपने सूतदेहु बीवाही
बीनतीकीन्हसीस भुइनाई। देहुप्रसाद मोही कौस्न गोसाई"

अन्त—"ऐसे जगदीस्वरजोहै तेहीसेवहुनरनाह॥
चरनसरन जन लालच, हरीसुमरहू मनमाह
इतिश्रीहरीचरीत्रे दसम सकंधे श्री भागवते महापुराने कीस्न वैकुंठ सीधारननोनाम ऐकानवैमो अध्याऐ।"

विषय—भागवत महापुराण अध्याय ५ से अध्याय ९१ तक। दोहे और चौपाइयों में रचना की गई है।

टि०—(१) यह ग्रन्थ अत्यन्त प्राचीन है। ग्रन्थ के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ-संख्या के साथ 'लालच' लिखा हुआ है, जो ग्रन्थकर्त्ता के नाम का सूचक है। ग्रन्थ के अनेक स्थलों में और अध्यायों के अन्तिम दोहों में, यह नाम आया है। यथा पृष्ठ ४६ पर—

'जनलालच' के ठाकुर लोक वेद पर वान।
बैरी रूप जो आवै पावै पद नीरवान।"

(२) ग्रन्थ के लिपिकार ने आदि या अन्त में अपना परिचय नहीं दिया है। ग्रन्थ की लिखावट ठीक नहीं है। भाषा 'रामचरित-मानस' की-सी है।

(३) ग्रन्थ की लिखावट में ब के लिए 'व' और 'व' के लिए 'व़' लिखा है; 'ब' में नीचे बिन्दी देकर 'ब़' लिखा गया है।

(४) यह ग्रन्थ श्रीरामेश्वरप्रसाद गुप्त, मन्त्री—वैदिक पुस्तकालय, पुनपुन, (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

२. सम्पूर्ण रामायण—ग्रन्थकार—गोस्वामी तुलसीदास। लिपिकार—गयादत्त पाण्डे। अवस्था—अच्छी। पोथी सचित्र। पृष्ठ-संख्या—५३। प्र० पृ० पं० लगभग ६०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लेखनकाल—सं० १९२२, आश्विन कृष्ण सप्तमी, तारीख ११।

प्रा०—"जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि।
वंदौ सबके पदकमल सदा जोरि जुग पानि।
देव दनुज नर नाग षग प्रेत पितर गंधर्व।
वंदौ किन्नर रजनिचर कृपा करहु अब सर्व ।।७।।"

अन्त—"यह सुभ शंभु उमा संवादा सुष संपादन समन विषादा
भव भंजन गंजन संदेहा जन रंजन सज्जन प्रिय एहा।"

विषय—भगवान् रामचन्द्र की जीवन-कथा।

टि०—(१) यह ग्रन्थ लीथो किया हुआ है। इसमें कथा से सम्बन्ध रखनेवाले चित्र भी दिये हुए हैं।

(२) ग्रन्थ के अन्त में लिखा है—"यह ग्रन्थ संवत् १६२२ आश्विन कृष्ण सप्तमी, ता० ११ को अनन्तराम अग्रवाल के यहाँ श्रीगयादत्त पाण्डे के द्वारा आनन्दवन छापाखाने में छपा। स्थान श्री काशी विश्वनाथपुरी, मुहल्ले शिवालयघाट में।" छापाखाने का अभिप्राय लीथो छापाखाने से है।

(३) यह ग्रन्थ श्री विष्णुदेव शर्मा (ग्राम-खोरमपुर, डा० छितरौर, बेगूसराय, जि० मुँगेर) से प्राप्त हुआ है।

३. रामायण—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार-×। अवस्था—अत्यन्त प्राचीन, देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—१७७। प्र० पृ० पं० लगभग ४२। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लेखनकाल—सं० १८४७, फागुन सुदी पंचमी, बुधवार।

प्रारम्भ— (चौपाई)

"चहुजुगतीनीकालतीहूलोका भयेनामजपीजीववीसोका
स्रुतिपुरानसंतमतऐहू सकलसुक्रीतफलसकल सनेहू
ध्यानप्रथमयुगमखदुजपुजी दयापर परितोखनपरीपुजी
कलीकेवलमलमूलमलीना पापवोनीधीजनमनमीना"

अन्त— (सोरठा)

"सीअरघुवीरवीवाहजसप्रेमगावहीसुनही
तीन्हकहुपरमउछाहु: मंगलाएतन रामजस
इतिश्रीरामचरित्रे मानशेशकलकलीकलुखवीधसीनोनाम
अपीरखोभगतीवीग्याननोनामप्रथमपानशमापत बालकांडसंपूरन
पंडीतजनसोवीनतीमोरी छूटलवाढ़लपरहव सवजोरी सीभमस्तु"

विषय—श्रीरामचन्द्रजी की कथा। केवल बालकाण्ड है।

टि०—(१) 'रामचरित-मानस' की प्रकाशित अन्य प्रतियों से इसमें पाठभेद है। यथा—प्रारम्भ के 'चहु जुग' में, प्रकाशित प्रतियों में, 'वेद पुरान-

संत-मत एहू' के स्थान पर 'स्नृतिपुरान' और "ग्यान प्रथम-जुग मख-विधि दूजे' के स्थान पर 'मख दुज पुजी' लिखा है। अन्त के सोरठा में—'सियरघुवीर विवाह जो सप्रेम गावहि सुनहिं' के स्थान पर रघु-वीर विवाह जस-प्रेम गावहीं' है। इसी प्रकार, अन्य कई स्थानों पर 'सीतानाथ' के लिए 'जानकीनाथ' शब्द आया है।

(२) ग्रन्थ में मात्राओं का, ह्रस्व-दीर्घ का, कोई विचार नहीं है।
(३) ग्रन्थ में दोहे-चौपाइयों की संख्या नहीं दी गई है।
(४) ग्रन्थ के प्रारम्भ के ९ पृष्ठ नहीं हैं। प्रारम्भ दोहा-सं० ४२ के बाद चौपाई से हुआ है।
(५) यह ग्रन्थ श्रीरामेश्वरप्रसाद गुप्त (मन्त्री, वैदिक पुस्तकालय, पुनपुन, पटना) से प्राप्त हुआ है।

४. रामायण—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार— X। अवस्था—अत्यन्त प्राचीन, देशी कागज। पृ० सं० ६०। प्र० पृ० पं० लगभग ४०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—सं० १४८८; आषाढ बदी षष्ठी, मंगलवार।

प्रारम्भ—"श्रीगनेसाऐन्मह श्रीभगवानजी सहाऐ श्रीगंगाजी सहाऐ श्रीहनुमानजी-सहाऐ श्रीपोथअजोध्याकांड क्रीततुलशीदासजीका—

(इश्लोक)— वामांकेचवीभातीभुधरशूतादेवापगामस्तके:
भालेवालावीधुगूलेच-रले अस्त्रोरसो व्यालरटं:
सवीगेएवीमुतीभूखनवरं सर्वाधीपं सरवद:
सोयऐसर्वगतसीवससीनीभंग स्री शंकर पातुमा. ॥१॥
प्रस्नतामास्वोगताभीखेकंस्थानं.... वनवास दुहखोतानंद:
मुखावुंजं श्ररघुनन्दनसबसदासुमजुलमंगलप्रदा: ॥२॥
नीलांवुजंस्यामलकोमलंसीतास्वाम्वुपीत: वामभागं
पानौ महासाऐकं चारुचापं नमामीरामंरघुवंसनाथं

(दो०)—श्रीगुरुचरनशरोज रज: नीजमनमुकुरसुधार
वरनौरघुवरवीमलजस: जोदाऐकफलचारी"

अन्त— (सोरठा)

"भरतचरीत्रकरनेम: तुलसीजेशादरकहहीं
सीयारामपदप्रेम: अवसीहाऐहरीपदवीरती"

विषय—श्रीरामचन्द्रजी की कथा। अयोध्याकाण्ड-मात्र।

टि०—(१) अन्य प्रकाशित प्रतियों से पाठभेद है। यथा—अन्त की पंक्ति में (प्रकाशित प्रति में)— तुलसी जो सादर सुनहिं' है, और इसमें 'तुलसी जे शादर कहहीं' है। अन्तिम चरण में 'अवसि होइ भवरस

बिरति' है। इस ग्रन्थ में –'अवसि होऐ हरि-पदवीरती' है। इसी प्रकार अन्य स्थलों पर भी पाठभेद है।

(२) ग्रन्थ-संख्या ३ और ४ के लिपिकार एक ही व्यक्ति प्रतीत होते हैं; क्योंकि दोनों की लिपि और लेखनशैली एक-सी है। ग्रन्थ सं० ३ को सं० १८४७, फागुन सुदी पंचमी को समाप्त करने के बाद, ३ मास ६ दिन में, ग्र० सं० ४ (अयोध्याकाण्ड) को १८४८ संवत् में आषाढ़ बदी षष्ठी को समाप्त किया है।

(३) इन दोनों ग्रन्थों का लिपिकार ही भागवतमहापुराण (ग्रन्थ-सं० १) का भी लिपिकार है। इन दोनों के लिखने के बाद संवत् १८५८ में उसे लिखा है।

(४) बालकाण्ड के समान ही इसमें भी दोहों और चौपाइयों में संख्या नहीं दी हुई है।

(५) यह ग्रन्थ श्रीरामेश्वरप्रसाद गुप्त (मन्त्री, वैदिक पुस्तकालय पुनपुन पटना) से प्राप्त हुआ है।

५. सम्पूर्णरामायण – ग्रन्थकार— गो० तुलसीदास। लिपिकार— चुन्नीलाल। अवस्था— प्राचीन. देशी कागज। पृ० सं० २१७। प्र० पृ० पं० लगभग—४४। लिपि—नागरी। रचनाकाल— प्रसिद्ध। लेखनकाल– सं० १८५६, वैशाख सुदी २, मंगलवार।

प्रारम्भ— (चौपाई)

"वीधूवदनौ सवभांतीसवारी सोहन वसन वीनावरनारी।
सवगुनरहीतकुकवीक्रीत वानी रामनाम जस अंकीतखानी ॥"

अन्त— (दोहा)

"मोसमदीननदीनहीत : तुम्हसमानरघुवीर।
असवीचारी रघुवंसमनी : हरहुवोखम भौभीर
कामीहीनारीपीआरीजीमी : लोभीहीप्रीयजीमीदाम
तीमीरघुनाथनीरंतर : प्रीअलागहुमोहीराम ॥ संपूरन
इति रामचरीत्रेमानसेसकलकलीकलुखवीधंशनो वीमलवीआनसंवादीनो नाम सप्तसोपानउतरकांडसमापतह सीधीरस्तु सुभमस्तु ॥
इति श्री पोथी रामायेनशातोकांड क्रीततुलशीदाशकथासंपुरनजथादरस तथा लीखते ममदोषनदीजेते पंडीतजन शो वीनती मोरी छूटल अछर पठवशब्दजोरी ॥"
दसषत दासनके दाससेवक चुनीलाल काएथकान वाशीदेरानीपुर कशवा: ॥ शंवत् १८५६ शाल मीती वैशाषसुदी २ रोज मंगल को पोथी तैयार हुआ पोथी के मालीक षुशोहालशाहु जौनपुरी शुत हुकम-शाहु के वींददीहु शाहु वाशीदे रानीपुर कशवा—शुवे वीहार।"

विषय—श्रीरामचन्द्र-कथा ।

टि०—(१) लिपि प्राचीन तथा अस्पष्ट । मात्रा, ह्रस्व, दीर्घ आदि का भेद नहीं । प्रायः सभी स्थानों में ह्रस्व इकार के लिए दीर्घ ईकार का प्रयोग किया गया है ।

(२) यह ग्रन्थ स्पष्ट करता है कि लिपिकार यद्यपि जोनपुर के किन्हीं शाहजी के यहाँ रहते थे, तथापि उनका निवास-स्थान 'बिहार'-प्रान्त था ।

(३) यह ग्रन्थ श्रीरामहरि प्रसाद (मन्त्री, आर्य-वैदिक पुस्तकालय खुशरूपुर, पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है ।

६. नन्दकोष (नाममाला प्रथम खण्ड) - ग्रन्थकार— नन्ददास । लिपिकार—× । अवस्था-प्राचीन, अव्यवस्थित । पृष्ठ-सं० २४ । प्र० पृ० पं० लगभग —१० । लिपि—नागरी । रचनाकाल - प्रसिद्ध । लिपिकाल—× ।

प्रा०—"।।लतानाम ।। व्रतती विसतीवल्लरी विसनीलतावीतान ।
अमरवेलि जीमिमूलवनीतीमितुअदेषौमान ।।१११।।
प्रितम नाम ।। इष्टदयितवल्लभसपाप्रीतम परम सुजान ।।।
पिय प्यारे........।"

अन्त—"।।जुगल नाम ।। जमल जुगल जुग उभयपुनिमैथुनवीवीवीय ।।
जुगलकिशोर वशो सदा नंदलाल के हीय । २७१।।
इति श्री नाम माला प्रथम षंड नंदकोष नंदलालदासयकृत भाषाभनित समाप्तम् ।। सिद्धिरस्तु शुभमस्तु ।"

वि०—हिन्दी-भाषा के शब्दों के पर्याय ।

टि०—ग्रन्थ के अन्त में नाम का पर्याय देकर २७१ सं० से स्पष्ट होता है कि ग्रन्थ बड़ा होगा । प्रारम्भ में ११० नामों के पृष्ठ नहीं हैं । ग्रन्थ फटी हुई अवस्था में प्राप्त हुआ है ।। पृष्ठ १० तक नहीं हैं । यह ग्रन्थ कविराज श्रीनरेन्द्रनाथ वैद्य, प्रधान, आर्यसमाज भागलपुरनगर (मुहल्ला—जोगसर, भागलपुर) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है ।

७. (क) सतनाम—(भगत महातम कथा) - ग्रन्थकार—× । लिपिकार गोधनलाल । अवस्था—ठीक नहीं है । ग्रन्थ जीर्ण-शीर्ण है । पृष्ठ-सं० ५३ । प्र० पृ० पं० लगभग—४० । आकार-प्रकार—८"×७" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लेखनकाल सं० १२७८, वैशाख शुदी, पंचमी, रविवार ।

प्रा०—"भगती करै यात्री क की न ई ।। आन नारी पर चीत न डोलाई ।।
वरसै सावोन भादव मासा ।। स्वाती बुंद वान्ह मरै पीआसा ।।
तैसे राम भगति को आही ।। दौसरी सेवा करवै नाही ।।

अन्त— (दोहा)

"संतन्ही के प्रसंग ते ।। पापी उती को पाऐ ।।
जे सो चन्दन क साथ में ।। औरो काठ बसाऐ ।।
संत की संगती जो करै ।। पावै अन्त सुख वास ।।
भगती प्रतीग्या देखी कै ।। जम को भऐ जौ त्रास ।।"
इति श्री भगती महातम दुखहरन जमत्रास नेवारन सकल सासत्रसार जमराए दुत सम्वादे नारद मंन दीठा वो नो औ संसार भरमायो नो नाम द्वादसमो अध्याय ।।१२।। संपूरन ।
इति श्री भग्त महातम कथ सम्पूरन समापतह । जो देखा सो लीखा मम दोख नहीं अंत सकल संत सौ वीनती मोरी छुटल अछर मात्रा पठव सब जोरी पोथीक मालीक श्री श्री श्री स्वामी गोपालदासजी मोकाम शा० तेघरा प्रग० मलकी पुश शुदी तीन तीश्रा रोज ऐतिवार को अढ़ाई पहर दीन उठते तैआर भेल दसखत........"

वि०—भक्ति, सतसंगति और मोक्ष के आधार पर नारद के साथ राजा का संवाद दोहे और चौपाइयों में ।

टि०— ग्रन्थ के प्रारम्भ के पाँच पृष्ठ नहीं हैं। इस ग्रन्थ के साथ ही दो ग्रन्थ और भी सम्बद्ध हैं, जिसका विवरण अधोलिखित है। यह ग्रन्थ कबीर-मठ, रोसड़ा (दरभंगा) के महन्त श्रीअवधदास साहब के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

७. (ख) भौपालबोध—(भूपालबोध)—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—गोन्दरलाल। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज, विपर्यस्त। पृष्ठ सं० ६। प्र० पृ० पं० लगभग—४०। आकार-प्रकार—८" × ७"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचना-काल—×। लेखनकाल—सं० १२७८ आषाढ़ सुदी चतुर्दशी, शनिवार।

प्रा०—"चौपाई ।। धर्मदासो वचनं ।।
धर्मदास कहें वन्दो छोरा। कैसे जीवन भारत थोरा।।"

अन्त— (सोरठा)

"सोहं साईं महोऐ ।। सब्द सार तासौ कहौ ।।
ऐतो श्री ग्रन्थ भौपालबोध संमपूरंन समापतह जो देषा सोलीषा मम दोष नेही अंते सकल संत सौ वीनती मोरी छुटल अछर मंत्रा पठव सब जोरी मीती आषाढ़ सुदी चतुरसो रोज सनीचर के डेढ़ पहर दीन उठते ग्रन्थ तैआर भेल ग्रन्थ के मालीक श्री गोसाईं गोपालदास साकीन तेघरा प्रगंने मलकी द: अधीन संत गोन्दरलाल साकीन त्रौनी प्रगंने मलकी ता० २६ असाढ़ रोज शनोचर सं० १२७८ साल ।।"

वि०—धर्मराज, ज्ञानी और भूपाल के परस्पर वार्त्तालाप द्वारा जीवन, ज्ञान, मोक्ष और जीव के सम्बन्ध में विवेचन। साखी, दोहा, सोरठा और चौपाइयों में रचना।

टि०—इस ग्रन्थ के साथ दो पृष्ठों का नेहादास-लिखित 'अमरमूल' भी है। 'क' और 'ख' दोनों ग्रन्थ एक जिल्द में एक साथ ही हैं। यह ग्रन्थ श्रीमहन्त अवधदास साहब, रोसड़ा (दरभंगा), कबीरमठ के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

८. असज्जनमुखचपेटिका—ग्रन्थकार—रामाश्रमाचार्य। लिपिकार—भीष्मदास। अवस्था—अच्छी। ग्रन्थ अपूर्ण। पृ० सं० ६। प्र० पृ० पं० लगभग—२४। आकार-प्रकार—१४" × ५¾"। भाषा—हिन्दी लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—संवत् १६१०।

प्रा०—"श्रीमतेरामानुज्जाय नमः श्रीमद्भागवत नौमि यस्यै कस्य प्रसादतः अज्ञातानपि जानाति सर्वं. सर्वागमानपि १
रामाश्रमाचार्य्यकृता सज्जनमुखचपेटिका तामदं तु मीमांस्ये मां श्रीमद्भागवतद्विषां २
तदर्थं भाषायाः कुर्व्वे दुर्ज्जनानां हरिद्विषां मुखचपेटिकां सर्वे महांतो हृदिधीयतां ३

कवित्त—वेद औ पुराण सूत्र सकल सराहै जाहि
ताहि को बतावै वोपदेव कृत भडुआ
शंकर सराहै मधुसूदन सराहै जाहि
श्रीधरो सराहै ताहि मानो नहि गडुआ
वीर एहै जांहि धवचक्रवर्ति गौड को प्रमाण सब
नागोजी तिलक कियो वृतिआर्के कडुआ
भट्टोजी प्रमाण कियो विदित जहान माहि
कैसे कै बुझावौं सारे वयल कह भडुआ १"

अन्त—"कहि कहि थकि गयो वेद औ पुराण मुनि
जानत जहान सब लोग भकआए हैं।
भूलि है पुराण राह गहि है गवार वांह ता
ते कविता इकरि हमहु बताए है॥
नीक लागै सोई करो चुल्हा भार सोइ परो
तुम शो तौ हम नाहि कवो कछु पाए है।
दीन देषि सकल भरोसे दाम चामही के
मै तो सधुआइ वश कछु कलषाए है।।४२॥
हाथ जोरि माथ नाइ व्यासजी के लाड़िला के
चरग कमल रज मेरो धन ऐहो है
नाम शुकदेव जो वषाने एह भागवत
भागवत आप कृस्नचन्द्र के सनेही है॥
जासु रीति भाति सूत सकल सराहि गए

ताहि को भाव कहवैया कौन देही है।
तहा मेरो जीभि तो गवाही देत सकुचत
हारि मानि रहत न जात कहि मेहीं है ।।४३।।
यदि गाल्पा भवेदोर्षा परलोक हितात्मनः ।
भवद्भिश्च तथा सद्भिर्दीयतां मयम् सर्वशः ।।४४।।
नोचे करुणया प्रोक्ता मंगीकारतया शुभां ।
गृह्णीत सुधियो गालीं भवंतो हि सु साधव ।।४५।।
श्रुतिस्मृतिसमाचारविरोधविशरोषतः ।
कृते यम सता मर्वाक वाण्या मुख चपेटिका ।।४६।।
इति श्रीमज्जानको प्रशादकृता सज्जनमुख चपेटि समाप्ता संवत्
नुनंसेदस लिष्यतं भीष्मदास वैरागी कवीर पंथी ।।"

वि०—इस ग्रन्थ में लोक-प्रचलित अवतारवाद, पुराण आदि-सम्मत सिद्धान्तों की आलोचना की गई है।

टि०—कबीर-मत से सम्बद्ध विचार। ईश्वर के सम्बन्ध में भी विवेचन। वेद, पुराण, उपनिषद् भागवत आदि पर लेखक के अपने विचार। कबीरदास की जैसी तोखी भाषा का प्रयोग। यह ग्रन्थ, महन्त श्रीअवधदास साहबजी, कबीरमठ (रोसड़ा, दरभंगा) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

९. भक्तमाल— ग्रन्थकार – नाभास्वामी (नाभादास)। लिपिकार—भीष्मदास। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं० ३५४। प्र० पृ० पं० लगभग—३३। आकार-प्रकार—१४"×६$\frac{1}{2}$"। भाषा—हिन्दी। लिपि-नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १९०७ फाल्गुन शुक्ल एकादशी, रविवार ।।

प्रा०— 'श्रीकवीरसाहिवाय नमः ।। श्री हरिगुरुवैस्नवभ्यो नमः ।। अथ श्री भक्तमाल टीकासहित लिख्यते। तहा अर्थ भक्तमाल मै लिख्यो है ।।

भक्त भक्ति भगवतंरु सो व्यारिस रूप लिख्ये है ।।
तहाँ हरि को सरूपन लिख्यो जाय। क्योंकि कठिन है कवित्त ।।
रूप की अवधि अैसी औरन बनाई विधि जाके लिषवे को लाल
देवता मनाइवो ताकि सोभालषिवेको बैठत।
गरब करि अनंत हि मन होत घूमि घन नाइबो।
अैसी भाँति आप आप कूर कहिवाय गये चतुर।
चितेरे तिन्हें कहाँ लों गिनवाइवो। कृस्न प्रान प्यारे वह चित्रनि
विचित्र गति कान्ह पैन बनै वाके चित्र को वनाइवो ।।१।।
लिखन वैठी जाकि छवि गहि गहि गरव गरूर।
भये न केते [illegible]

चतुर चितेरे जो लिखे रवि पचि मूरति वाल।
वह चितवनि वह मुरिचलनि कैसे लिखै जमा॥
कठिन लिखन अतिसय महा कैसे कै लिखि जाय।
यशुदा सुत के बरन बपु कहो मोहि समुझाय॥
नुत्तर मन गति अति सौं रोकि कै हितचित मति करि एक॥
लिखै मधुर मूरति विसद जोवन गुरुपद टेक॥१॥

कवित्त

अन्त—"समर में लह्यौ जाय गिरिहू गिरयौ जाय
गगन में फिरयौ जाय पावक में दहियो
कानन में रह्यौ जाय विरह हू सह्यौ जाय
पाल कर गह्यौ जाय और कहा कहिवो।
हलाहल पियो जाय कन्तव कियो जाय
सर्व सुनियो जाय सखि को कहिवो।
और दुख पाहू से दुसह कठिन अैसो
जैसो कान्ह कर संग एक क्षिण रहियो॥"

विषय—श्रीकृष्ण-जीवन-सम्बन्धी प्रसिद्ध पोथी।

टि०—इस ग्रन्थ में एक साथ ही कई टीकाकारों की टीका प्रतीत होती है। लेखन-शैली प्राचीन है। टीकाकार प्रियदास हैं। दूसरे टीकाकार नारायणदास हैं। ज्ञात होता है, नारायणदास ने मूल की टीका की है और प्रियदास ने उस टीका की भी टीका की है। ग्रन्थ के अन्त में लिखा है—

"अस्तुति श्री मूलकार नारायणदास जू की। छप्पै॥
नमो नमो महाराज नमो श्री नाभा स्वामी
गुण निधान सब जानकाल नृप अंतर जामी
भक्त माल सुख जाल भक्तिरस अमृत बानी
भगतुसिंधु को तरन धर्म नौका यह कीन्ही
भागोत धर्म सब सुकथन को चतुर्वेद प्रगट्यौ मही
जन लालदास कै आस यह चरण सरण राखो सही॥१॥

दोहा—वार वार वंदन करौ नाभा आभा अैन
काठनौगा भा वेद को श्री भक्तमाल सुख देन॥"

अथ लिखके प्रार्थना (सम्भवतः इसका अभिप्राय है—लेखक की पाठकों के प्रति अभ्यर्थना)—

"नाभा स्वामी मूल कृत तिलक प्रियाभृतु कीन्ह
वैसनव पुनि पर्याय करि लाल अनुग लिखी लीन्ह १
जो टिप्पन पूरव किये वैसनवदास प्रमाण
ता सम मथन मौन कृत क्षेम दास गुरु जाण २

पुनि छै टिप्पन समुझि हित ठौर ठौर जौन
कीन्ह दास दास के दास कृत लाल दास मतहीन ३'

इससे ज्ञात होता है कि प्रारम्भ में 'तिलकप्रिया' टीका किसी ने की थी। बाद में 'वैस्नवदास', 'क्षेमदास' और 'नारायणदास' तथा 'प्रियादास' ने व्याख्या की है।

टीकाकार ने गीता के अतिरिक्त बिहारी और सूर के भी उद्धरण दिये हैं। ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार ने अपने विषय में लिखा है—

"श्रोता वकता जुगल सो बीनै करो कर जोरि
लघु वीशाल अक्षर परयौ सो सब बाँचिय जोरि
नाभा कृत जो मूल है टीका कृत प्रियादास
पुनि वैस्नव टिप्पन कीयो भक्तमाल सुख रास ॥
फागुन माह के पक्ष मैं शुकल पक्ष के बीच
तिथो एकादशो जानिये मध्याह्न के बीच
सम्मत सतनूनैस क माह एगारह जान
भीष्मदास पुस्तक लिषी रवीवार परमान ॥३॥
नहल गाव के दक्षिन पकरवला स्थान
तथा बैठि पूरण कीये गुरु पद करिहीये ध्यान ॥७॥"

इस ग्रन्थ के अनुसन्धान से सम्भावना है, कुछ महत्त्व की सामग्री प्राप्त हो। यह ग्रन्थ अवधदास साहब महन्त (कबीरमठ, रोसड़ा, दरभंगा) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

१०. भक्तमाल—ग्रन्थकार—नाभाजी (नाभादास)। लिपिकार—भीष्मदास। अवस्था—अच्छी। प्राचीन, हाथ का बना, देशी कागज। पृष्ठ संख्या—९३। प्र० पृ० पं० लगभग—२६। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—कार्त्तिक, शुक्ल तृतीया, सं० १९३४ (सन् १८७७), गुरुवार।

प्रारम्भ—"श्री गणेशायनमः ॥ अथ श्री भक्तमालटीका सहीत लिष्यते ॥ टीका करता को मंगलाचरण ॥"

कवित्त ॥

"महाप्रभु कृस्नचैतन्यमनहरन जू के
चरण को ध्यान मेरे नाम मुख गाईये ॥
ताही समै ना भाजू मैं आग्या दई लई
धारि टीका विस्तार भक्तमाल की सुनाईये ॥
कीजिये कवित्तबंध छंद अति प्यारो लगै
जगै जगमाही कहवानी विरमाईये ॥
जानौ निज मति ऐपै सुन्यौ भागवत
शकद्रु मुनि प्रवेस कियौ ऐसै ही कहाईये ॥

अथ टीका को नाम स्वरूपवरनन ॥
रचि कविताई सुषदाई लगै निपट सुहाई
औ सचाई पुनिरुक्त लै मिटाई है ॥
अक्षर मधुरताई अनुप्रास जमुकाई अति
छवि छाई मोद भरी सी लगाई है ॥
काव्य की बड़ाई निज मुषन भलाई होत
नाभाजु कहाई ताते पोटिक सुनाइ है ॥
हृदय सरसाइ जो पै सुनिलैं सदाइ यह
भक्तिरस बोधनी सुनाम टीका गाइ है ॥"

अन्त— "स्वारथ के साधवे को आनके अराधवे को
दीननिके वाधिवे को दौरत तुमाय को ॥
कोमल कृपा लहइ संतनिको सदाचार
दुर्जननुदारता सौवै वेरो अलसाय कै ॥
आलसी आलाम सुषधाम रामचंद्र भूल्यो
उल्यो भवसिंधमाहि फूल्यो धन पाय कै ॥
करमी कुचाल लाल मालाहून तिलक भाल
ऐसे भक्त मालहि कीजै कहलाय कै ॥६३२॥"
नाभा स्वामी जु की अस्तुति ॥

छप्पै ॥ "नमो नमो महाराज नमो श्री नाभा स्वामी
गुन निधान सब जान काल त्रिये अंतरजामी
भक्तमाल सुष जालभक्ति रस अमृत भीनी
जक्त सिंधु को तरन परम नोका इह कीनी
भागौत धर्म सब कथन को चतुर वेद प्रगट्यौ मही ॥
जन लालदास के आस यह चरन सरन रोषी सही ॥६३३॥

दोहा— बार बार वंदन करूनाभा आभा अैन ॥
कह्यौ गाभा वेद को भक्त माल सुष दैन ॥१॥"
इति श्री भक्तमाल मूल टीका सहित सम्पूर्ण समाप्त ॥१॥

विषय—भक्तिकाव्य ।

टि०—(१) यह 'भक्तमाल' सटीक है। टीका की शैली प्राचीन है। यद्यपि पोथी के प्रारम्भ या अन्त में टीकाकार के नाम का स्पष्ट संकेत नहीं है। ग्रन्थ के अन्त में 'जनलालदास कै आस' नाम से संकेत हो रहा है किसी लालदास का, जो सम्भवत: टीकाकार हो सकते हैं। इनके अन्य ग्रन्थों में भी नाम के लिए ये शब्द आये हैं।

(२) पोथी की लिपि प्राचीन है। लिपि पुरानी होने के कारण ही अस्पष्ट है। लिपिकार ने अपने सम्बन्ध में लिखा है—'ग्रन्थ लिपि समाप्त कीया भीष्मदास स्वयं पठनार्थे। १।। पछि देशहरिया नाहजहा रोट के षान दिल्लिसर के अग्रेहवषाना ग्राम सो जान कोसषोरस सोहे प्रमानतामधि बैठिकै ग्रन्थ पूरा कीया भीष्म गुरुपदधरि ध्यान ।।१।। नष सीष षष्ट ग्राम को लिषत भवो अति कष्ट। मूरष हाथ न दिजीयो सप्त लिषौ सप्त अष्ट ।।१।। संसतसो विनती मोरी छुटल अक्षर लेव सब जोरी ।।'

इससे लिपिकार के स्थान आदि का संकेत मिलता है।

यह ग्रन्थ कबीरपन्थी मठ (तेघड़ा, मुंगेर) के प्रमुख साधु के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

११. **भक्तमाल**—ग्रन्थकार—नाभास्वामी (नाभादास)। लिपिकार – × । अवस्था—अच्छी। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—१६। प्र० पृ० पं० लगभग—३०। लिपि–नागरी। रचनाकाल–प्रसिद्ध। लिपिकाल— × ।

प्रारम्भ—"श्री सद्गुरु कबीर साहिबायनम ।। बंदेहं श्रीगुरो श्रीयुत् पदकमलं श्री गुरुवैष्णवदास।

श्री रूपसाग्रजातंसहगणरघुनाथन्विदमतम् ।। तं सजीवं साहेतं साबधूतं परिजनसहितं कृस्नचैतन्य देवं श्री राधाकृस्नपादनर सहगणललितान् श्री विसाखान्वितास्वम् ।।१।।

चेतोमृगैर्जनानां सततनगता श्री प्रियादासटीका गंधद्रव्यादिलेपाहारिभकैर्व्यंजनी समन्तात्। सानदासर्वशास्त्र अवलिवकुलमोद्यानलता श्री नाभामालाकारेण कृपाचरतिहरिहृदि श्रीमतीर्भक्तिमाला ।।२।।

ब्रह्म ।। वंदोभक्त सुमाल लालिलाबिलो मतनहरण ।।
भेटत कठिन कराल भाल अंकवद्गुजन्मके ।।
वंदोतवधूरिगुण सागरनागरमह ।।
कृपा सजीवनिमूरिव्याधिहरण करुणा भवन ।।१।।
रसिकनलोगभूपजोरिपान विनतिकरत ।।
महाराजसुखस्वरूप भक्तमालहि विधि कहयौ ।।"
पद ।।

अन्त—"मीठेमोठेचाषिवेरल्याईभीलनी ।।
कौनसो अचार वरतीनही रंगरूप
रतीजाति हू मै कुलहीनी बड़ी है कुचीलनी।
जूठे फल पाये राम सकुचे न भाव जानि
तुमतौ प्रभु ऐसो कीनी रस की रसीलनी
कौनसी तुपस्या कीनी वैकुंठ पदई दीनी

विमान मैचलीजात अैसी है सुसीलनी ॥
सांची प्रीतिकरै कोई दासमीनागुधरै साई प्रीति
ही सोतरि गई गोकुल की अहीरनी ॥१॥

एकादशे ॥ भक्तयाहमेकया ग्राह्य शुद्धयात्मा प्रियस्थितां ॥
भवितं पुनातिमन्निष्टा स्वपाकानपि संभवान् ॥१॥"

विषय— भक्तिकाव्य । दार्शनिक और साहित्यिक ।

टि०—(१) इस ग्रन्थ में गीता, पुराण आदि के श्लोकों के उल्लेख द्वारा टीकाकार ने ग्रन्थ के विषय की पुष्टि की है। ग्रन्थ के मूल और टीका को प्रारम्भ करने के पूर्व टीकाकार ने विभिन्न विषयों पर अपने मत दिये हैं। आत्मा के सम्बन्ध में पृ० सं० ४ में—॥ गीतायां ॥ नैनं छिदंति शस्त्राणि नैनं दहति पावक: न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारुत: ।१। सो जीव नित्य है ॥ पूरव अभ्यासचल्योआवै है इंद्रयादिकन कोलय-विक्षेप है परन्तु जीव को नहीं ॥ त्रयकालत्रयावस्थाविषैअपरिछिन्न है याते ध्यान ॥"

टीकाकार ने अपने विषय में पृ० सं० ३ में लिखा है—"श्री अग्रनरायनदास प्रियाप्रियप्रगटी जीवन रसिकरसाल प्रभु ब्रह्मा पुनिविस्नुप्रभुनवंश-महेस रविशशिवरुण कुबेर शेष गणेश सुरेस ॥१॥
जाकी सत्ता पाय के सबही होत समर्थ
अपने अरने दास के सकल समारत अर्थ
जब जब राक्षस देत दुप काहूकीनवसाय ॥
व्याकुल फिरत विहाल अति महाकष्ट को पाय ॥"

पोथी के टीकाकार प्रियादास हैं। ग्रन्थ अपूर्ण है। टीका के पूर्व भूमिका विस्तृत है। पोथी की भाषा अवधी और ब्रज से मिलती-जुलती है।

(२) पोथी के लिपिकार का नाम प्रारम्भ या अन्त में नहीं है। लिपि की शैली प्राचीन और अस्पष्ट है। लिपिकार कोई कबीरपन्थी वैष्णव साधु प्रतीत होते हैं। प्रारम्भ में 'सद्‌गुरु कबीर' का नाम लिया गया है। टीका अच्छी है। 'मा० लो०' यह संकेत मूल ग्रन्थ के लिए है। ग्रन्थ में उद्धरण, गीता, वामनपुराण और पद्‌मपुराण से दिये गये हैं। ग्रन्थ की पृष्ठ-सं० ४ में 'हनुमन्नाटक' से भी उद्धरण दिया गया है। ग्रन्थ अनुसन्धेय है।

(३) यह ग्रन्थ कबीरस्थान, (तेघड़ा, मुँगेर) से प्राप्त हुआ।

१२. सतनाम—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। पृष्ठ सं० १८। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—(पतले अक्षरों में)

"झनकार है जगत को भावी भुतवृत्त तीनों अक्षर ते न्यारो न हिशहीये
ही बात यौ प्रवाल वेद मत को
ताहिते कहत है कवीर तीन अंक जोर मोर और कहैगते अगत को। २

(मोटे अक्षरों में) क ब्रह्म' अमीनामेषु ! विद्यमाणं विशिष्यते रमंते श्वभुतानं यत
कवीरस्य उच्यते। ३

पतले अ०) टीका ॥ जल में कवीर यौर थल में कवीर
पांच तत्त में बसे कवीर तीनि गुन में कवीर है।
विद्यमाण जान यौ बिसेखना है
भन हेके से निसु दिन ज्यौ हगन में नीर हैं
थावर औ जंगम जत जीव जगत मो है
रह्यौ भरपुर जैसे जटित जंजीर है
ताहिते कहत है कवीर तीनि यंक जोरि
मोरि मोरि और हिलगावै ते अधीर है।।३।

(मोटे अ०) मूल ॥ क: सुख सागोरो दाता। बीज ज्ञान तथैव च
रहितोआदि यंतेण। यत कवीरस्य उच्यते ॥४॥

(पतले अ०) टीका। कहत ककार सुष सागर दातार यहै
ध्यान को शयासागुर ज्ञान बीज वानी है
रटत रकार सीर हित आदि अंत मध्य
कहत चहत जाकी अकथ कहानी है
गूगै कै सो गुर जोई षाये सोई स्वाद जानै
चुपचाप होईक कक्ष बात न वषानी है।
ताहिते कहत है कवीर तीनी यंक जोरि
मोरि मोरि और ही कहैगे ते अज्ञान है ॥४॥"

अन्त—मूल ॥ (मोटे अक्षरों में) कपटस्या पटं क्षेत्रा ॥ बिचारो परमार्थक:
रागद्वेष विनासश्च ॥ यत कवीरस्य उच्यते ॥२६॥
(पतले अक्षरों में) टीका।—कपट प्रछेदा ॥
"सवते सिरे है पर सुन्य पर कर्न काज करना ॥
ककार सब जगणि शतार यह ॥
कहत बकार सो विचार करो ॥
वार वार जन जग माह जानौ मानौ सार शार यह ॥
राम राम रटवहे आठो जाम काम सोई सोई निजा
नाम धाम धाम है रकार यह ॥
ताही ते कहत है कवीर तीणि अंक जोरि मोरि मापे ॥
और नर्कं निरधार यह ॥३४॥

(मोटे अक्षरों में) मूल ।। कमुदनोय जथा भावो ।। त्रिमला चक्षु क्षियागती ।।
धारना सुभ लोकानां । यत कवीरस्य उच्यते ।।३५।।"

विषय—कबीरपन्थ का दार्शनिक साहित्य ।

टि०—(१) यह पुस्तिका अपूर्ण है । प्रारम्भ और अन्त के पृष्ठ फटे होने के कारण, ग्रन्थ का नाम, ग्रन्थकर्त्ता, लिपिकार, काल आदि के सम्बन्ध में कुछ भी ज्ञात नहीं होता है । अन्त के कुछ पृष्ठों पर 'सतनाम' लिखा है। यह नाम ग्रन्थ के लिए उपयुक्त प्रतीत नहीं होता। इसमें 'क' आदि वर्णों के आधार पर कबीर की स्तुति दार्शनिक पद्धति से की गई है । मूल ग्रन्थ सकृत श्लोक में है और उसकी टीका हिन्दी-पद्य में । मूल श्लोक के प्रत्येक के पदान्त में 'यत् कबीरस्य उच्यते' और हिन्दी पद्य के प्रत्येक के अन्त में 'तीनी ग्रंक जोरि' आदि हैं । सभी ४५ पद हैं, किन्तु पृष्ठ-सं० २ से आरम्भ होकर पृष्ठ-सं० १७ तक लगातार हैं । बाद के दो पृष्ठ नहीं हैं । २० वें पृष्ठ में दो पंक्तियाँ मात्र हैं ।

(२) पुस्तिका की लिपि स्पष्ट और सुन्दर है । लिपि-शैली, यद्यपि प्राचीन है, तथापि 'व' 'औ' 'ब' क्रमशः अपने स्वरूप में ही लिखे गये हैं । 'ख' के लिए 'ष' औ 'ज' के लिए 'य' तथा 'य' के लिए 'य' के नीचे बिन्दु देकर 'य़' लिखा गया है । किन्तु, य यहाँ अपने शुद्ध रूप में ही लिखा गया है ।

(३) यह पुस्तिका कबीरपन्थी मठ, (तेघरा, मुँगेर) के एक साधु के सौजन्य से प्राप्त हुआ ।

१३. ....ग्रन्थकार—×। लिपिकार—प्रेमदास । अवस्था · अच्छी, बीच बीच में फटा है। पृष्ठ-सं०१५० । प्र० पृ० पं० लगभग—२८ । आकार—×। लिपि—नागरी । रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"।। मंगल ।।

दिनन कहो दयाल भक्ति की पन करो ।।
सारण आपकी लाज गई साहिब जिन करो ।।१।।
नउ द्वार विकार धारनो का वगं ।।
मेरी सुरति नहीं ठहराय लगन कैसे लगै ।।२।।
पाँच तत्व गुन तीन का सावर सा जीया ।।
जम रावै मिल माय तो फंदन फांदिया ।।३।।
त्रिगुण फांसि फंदी आप माया मद जाल में ।।
भौ सागर के बीच महा जंजाल में ।।४।।
मोछ मुक्ति जब होय दया जन पै करो ।।
मेरो काटो कर्म विकार दास अपनो करो ।।५।।

साबेब कबीरबंदि छोर अरज एक मानिय ।।
हमसे पतीत उधारि सरन साहिब आनिये ।।६।।

अन्त—"।।टेक।।
मन करि घीत कायाकरि थाली ब्रह्म ज्ञान करि बाती
पंच तत ले दीप गजोया वल अपय दिन राती ।।१।।
चित चंदन ओ ध्यान सुगंधन अनहद घंट बजाई
अजपाधुनि भाव धरि भोजन मन सा भोग लगाई ।।२।।
चवर सुन अपख्यान गावना नावक पाट लगाई
भीतर हरि पुजि पर मे सुर अरम पुहुप चढ़ाई ।।३।।
संख मृदंग गंग हर धुनि उपजै अनहर वाजै वीन
ब्रह्मा विस्न महेस नारद सकल साध लोलीन ।।४।।
काल निकंदन सुर नर बंदन संतन पुरन अधार
कहैं कबीर भक्ति येक मागौ आवागमन निवारि ।।५।।"

विषय—कबीर-साहित्य । दार्शनिक ।

टि०-(१) पोथी के प्रारम्भ या अन्त में पोथी का नाम नहीं दिया हुआ है। प्रतीत होता है—कबीरदास के अनेक ग्रन्थों का इसमें लघुकाय, संक्षिप्त संग्रह है। इसमें साखी, रमैनी, मगला, मंगलाविलास और सेहरा तथा होरी आदि हैं। रचना सुन्दर, हृद्य और दार्शनिक है। स्थान-स्थान पर निर्गुण, रहस्यवादी भावना का बड़ा ही गम्भीर पुट है। यों तो प्रायः प्रत्येक पद्य के अन्त में 'कहै कबीर' ऐसा लिखा है; किन्तु पृष्ठ-संख्या ३५ और ३६ में श्रीधर्मदासजी का नाम आया है, जो श्रीसन्त कबीर साहब की ही शिष्य-परम्परा में से कोई सम्भव हों। 'सतगुरु' की सर्वत्र चर्चा है। ग्रन्थ अनुसन्धेय है।

(२) पोथी की लिपि प्राचीन और अस्पष्ट है। प्रारम्भ के सात पृष्ठ फटे हुए हैं और आठ से प्रारम्भ होने पर भी दो पृष्ठ जीर्ण हैं। अन्त में भी पोथी अपूर्ण है। पृष्ठ-सं० १०१ तक दी गई है, बाद के ४६ पृष्ठों में सं० नहीं दी गई है।

(३) यह पोथी श्रीकबीरमठ, (तिधड़ा, मुंगेर) से प्राप्त किया।

१४. युगलस्तोत्र—ग्रन्थकार—श्रीभट्ट। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ-सं० १०। प्र० पृ० पं० लगभग—२८। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"रागविभास—
उठत भोर लालजू के संगतें कुंजकी कसत राधिकाप्यारी
खिसी खिसी परत नीलपट सिरतें ससीवदनी नव यौवनवारी
मनभावती लाल गिरिधरजू की रचिहैं विधाता सुहथ संवारी

जै श्री भटसुरति रंग भीनें प्रीय सहित देखे निकुंज बिहारी ७
प्रात मुदित मिलि मंगल गावैं लाल लडंती को सखी लडावैं
रहसिकेलिकहिहीयें भाई राधामाधव अधिक हिताई
प्रेम संभ्रमकें वचन सुनावैं सुन्दरी हरिमुख दर्शन पावैं
भाल विशाल कमलदलनैंनी स्यामास्याम परम सुखबैंनी
जै जै शुरकरताल बजावैं गीतवाद्य सुचाल मिलावैं
हीयेंहाव भावलियें थारारतिघृतज्योतिवात विहारा
तनमनमुक्ता चौक पुरावैं आरति श्री भट अमिट परचावैं ८"

अन्त—"रागकेदारी—

फूली कुमुदनी सरद सुहाई
जमुनातीर धीर दोऊ विहरत कमल नील कट भाई
नील वरन स्यामा रुच कीनी अरुन वरन ता हरिमन भाई
श्री भट लपटी रहैं अंसनकर मानौ मरकतमीन कनक जाराई १०२
स्यामा स्यामपदपावैं सोईगुरु संतति अति रीत जो होई नंद
सुवन वृषभानु सुतापद भजे तजै मन अति जोई
श्री भट अटकि रहैं स्वामिपन आनकं हे मनि सब छाई १०३

दोहा—श्री भट प्रगटित जुगलसत पढै कंठत्रिकाल
जुगलकेलि अवलोंकसें मिटै विपैजंजाल १०४"
इति श्री युगल सत संपूर्णः ।

विषय—कृष्णभक्ति-काव्य ।

टि०—(१) इस ग्रन्थ में कविवर भट्ट ने राधा और कृष्ण के प्रेम का बड़ा ही आकर्षक और मनोरंजक वर्णन किया है। इसकी भाषा व्रजभाषा-साहित्य से मिलती-जुलती है। व्रजभाषा के कवियों के समान ही, बिभिन्न रागों में रचना की गई है । एक राग के बाद दोहा का समावेश है। बर्णन बड़ा ही रोचक और हृद्य है । शैली सुन्दर है और भाषा प्रभावकारी । ग्रन्थ अनुसन्धेय है । ग्रन्थ के प्रारम्भ के दो पृष्ठ फटे हैं।

(२) ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है ।

(३) यह ग्रन्थ श्रीकबीरमठ, सोनपुर के महन्तजी के सौजन्य से प्राप्त किया।

१५. सतनाम विहंगम—(गुरुग्रन्थ साहब के जपुजी साहब का भाग)—ग्रन्थकार—गुरुनानक साहब। लिपिकार—× । अवस्था—अच्छी, प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ-सं० १६३ । प्र० पृ० पं० लगभग—३० । आकार —×। लिपि—गुरुमुखी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ—"साखी ॥ हुक्म रजाईचलनानानकलिखियानालकिसकापरमारथतवअसाकहया सिधुजीमिलनरहनाआवनजाननांगभूखवक्षमारसवइसनोहुकुमपरमेश्वरदेवीचहै ॥"

अन्त—"वाहेगुरुनिर्मणिहैजापयाहोमपुनीत तिसेपरापतनानकातराविहंगम चीद,

पौड़ी—बोबैबसकरलेततसजीया अमृतनामहोतहिवीया
हहैहटासूधकरिराखैपी अमृतएहोमनतनतिरापै
जगे ग्यान किया मनमांहोजोचीनैसो भरमैनाही
रारेरांगबहुत अनकार नानक जबजब उतरे पार
इतीबिहंगमसंपूरन भुलाचुकावक्षणअक्खरलागकनासोध पढ़ावा।
बोले भाई बाहेगुरुजी, सतगुरुजी, धन्य गुरुजी, बाहेगुरुजी।
एकओंकार सतगुरुप्रसाद ।।"

विषय—जपुजी साहब (गुरुजी की प्रथम वाणी)।

टि०—(१) गुरुनानक साहब के जोवन की एक कथा है—"गुरुनानक साहब सुमेरु पर्वत पर गये, वहाँ गुरुगोरखनाथ और मछेन्द्रनाथ उपस्थित थे। उनके साथ उस समय उनके शिष्य भाई मरदानजी (मुसलमान) और भाई बालाजी (हिन्दू) थे। वहाँ उन लोगों की गोष्ठी हुई। उस स्थान पर श्रीगुरुनानकजी ने जो कुछ कहा, वह 'श्रीजपुजी साहब' नाम से प्रसिद्ध है।" यह ग्रन्थ-साहब का एक गुटका है।

(२) इस ग्रन्थ में 'जपुजी साहब' के अतिरिक्त 'सुखमणी साहब' भी हैं। 'सुखमणी साहब' पाँचवें गुरु अर्जुनदेव का लिखा है। इसमें उक्त दोनों ग्रन्थों की टीका है। टीकाकार ने मूल ग्रन्थ की टीका के अतिरिक्त अपने भी विचार दिये हैं। ग्रन्थ में, वाणी, साखी और शब्द का प्रयोग हुआ है। 'वाणी' सवैया और चौपाई को कहते हैं। यह एक छन्द है। 'साखी' वाणी की व्याख्या है। वाणी को ही 'शब्द' भी कहते हैं।

(३) इसमें बहुत-सी वाणियाँ ऐसी हैं, जो प्रकाशित और उपलब्ध 'गुरुग्रन्थ साहब' और 'सुखमणी साहब जपुजी साहब' में नहीं हैं। ग्रन्थ अनुसन्धेय है। यह ग्रन्थ (टीका) अप्रकाशित है।

(४) ग्रन्थ के लिपिकार कोई उदासीन-सम्प्रदाय (सिक्ख-सम्प्रदाय की एक शाखा) के साधु हैं। मूल ग्रन्थ और टीका के अतिरिक्त लिपिकार ने अपनी ओर से भी कहीं-कहीं कुछ लिखा है। लिपिकार ने अपने को 'विहंगम' कहा है। विहंगम का अर्थ होता है—अहन्ता एवं अभिमान से रहित। गुरुमुखी में, सिक्खों की भाषा में, 'साधु' को विहंगम कहते हैं। 'अतिथि' के लिए भी इस शब्द का प्रयोग होता है। लिपिकार ने ग्रन्थ की समाप्ति के बाद ग्रन्थ के लिए भी इसी शब्द का प्रयोग किया है। 'इती बिहंगम संपूरन' और 'तिसे परापत नाननका तरा बिहंगम चीद' में दो बार 'बिहंगम' शब्द आया है। ग्रन्थ में अनेक

स्थलों पर यह शब्द दुहराया गया है। इससे प्रतीत होता है कि लिपि-कार कोई साधु सिक्ख है या इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति।

(५) ग्रन्थ में स्थान-स्थान पर लिपि में थोड़ा अन्तर है, जिससे ज्ञात होता है कि या तो भिन्न-भिन्न लिपिकारों ने मिलकर लिखा है, या लेखनी भिन्न होने के कारण ऐसी भिन्नता है। ग्रन्थ को समाप्त करने के बाद पुनः लिखा है—

"राग तेलंग किवाड़ : अगम अगोचर अलख है रूप न लखा जाय। जोति की है दीदार दिया खै को अलार" आदि। दो पृष्ठ और लिखा है। लिपिकार ने ग्रन्थ के प्रारम्भ या अन्त में लिपिकार की ओर संकेत नहीं किया है। अनुमान है, यह दो सौ साल पूर्व की पोथी है। इसकी लिपि अत्यन्त प्राचीन और अस्पष्ट है। पोथी में कई स्थलों पर उदासीन-सम्प्रदाय के सिद्धान्त की भी समीक्षा है। यह ग्रन्थ श्रीगुरुनानक साहब का है। प्रारम्भ के कुछ पृष्ठ फटे हैं।

यह ग्रन्थ 'बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्' के संग्रहालय में सुरक्षित है। गुरुप्रसादजी, एम्० ए०, सोहसराय, बिहार शरीफ (पटना) के सौजन्य से प्राप्त।

१६. **(क) रामजन्म**—ग्रन्थकार—श्रीसन्त सूरजदासजी। लिपिकार—श्रीजगेश्वर लाल। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना कागज। पृ० सं० ६०। प्र० पृ० पं० लगभग—२६। आकार-प्रकार—×। भाषा—हिन्दी। लिपि-नागरी रचनाकाल—×। लिपिकाल—वैशाख-शुक्ल १४, रविवार, सन् १२८७ साल, सं० १९३७ वि०, १८८० ई०।

प्रारम्भ—"श्री गनेसजीसहाऐ श्री गंगाजी सदा सहाऐ श्री कालीजी सदा सहाऐ श्री सरोसतीजी सदा सहाऐ श्री पोथी रामजन्म ॥

दोहा ॥ श्री श्री गुरुचरनसरोज रजनीजमनमुकुरसुधार
बरनोंरघुवरवीमलजस जोदाऐकफलचारी
ऐकभरोसाऐकबल ऐकआसबीसवास
एकभरोसारामपर जापहीतुलसीदास

सुमीरीनी—कीरीपाकरोसीवनंदन पगुवंदोकरजोरी गौरीसंकरकंठेबसी सरोसतीहीरदेमहेस
तोहरेचरनमनोरथ सीधीकरोप्रभुमोर भुलाअछर परगासहु गौरीके पुत्र गनेस

चौपाई—बरनोगनपतीवोरवीनीवीनासा रामरूपतुमपुरवहुआसा
बरनोसरोसतीअम्रीतबानी रामरूपतुमभलीगतीजानी
बरनो बसुधा धरैजोभारा रामरूपभऐ जगत्रप्रतीपाला
बरनोचादसूजकीजोती रामरूपजसनीरमलीमोती"

अन्त— ॥ दोहा ॥
"सभ रानी असबोलही बेटा कहो तो पाप
सीता सभकी माता राम सभको बाप

चौपाई—रामजन्मकथाजोनरपढइबढै धरमपापछैजाइ
सुनीके ग्यानजोनरकरइ रामजन्मकथाअनुसरइ
दोहा—पाशरहाबहुतदीननके मेटीसकतनाकोऐ,
लोखनीबालाबावरादासगुरुकेहोऐ
दोहा—सात सरग अपब्रग सुख धरीअ तुलाऐकसंग
तुलैनाताहीसकलमीली जोसुखलहै सतसंग
दोहा—नामपहलु देवसनीसी ध्यानतुमहारकपाट
लोचनपदनीगत्रीका परानजाहीकेहीबाट
ऐतोश्रीपोथीरामजन्मसमपुरनस्मापतजोपत्रीमोदेखासोलीखाममदोषनादीअते
पंडीतजनसोमानतीमोरीछुटलअछरलेवसजोरीदसखतजगेस्रलाल"

विषय - भगवान् श्रीरामचन्द्र के जीवन से सम्बद्ध काव्य ।

टि० (१) यह पोथी सन्त सूरजदास की लिखी है। भाषा कुछ अवधी, भोजपुरी और कुछ-कुछ मागधी से मिलती-जुलती है। इस सन्त के नाम और रचनाओं का उल्लेख अबतक के किसी भी 'हिन्दी-साहित्य के इतिहास' में नहीं हुआ है। ग्रन्थकार सन्त-श्रेणी के कवि प्रतीत होते हैं; क्योंकि स्थान-स्थान पर जीवन-चरित्र से हटकर इन्होंने दार्शनिक विवेचन भी किया है। कथा का आधार 'रामचरितमानस' है। कथा संक्षेप में कही गई है। केवल दोहों और चौपाइयों में रचना है। कुछ स्थानों पर अन्य रागों का भी मिश्रण है। इस रचना पर भक्तिकाल का प्रभाव प्रतीत होता है। ग्रन्थ सुपाठ्य और विवेच्य है।

(२) लिपिकार ने पोथी के अन्त में अपना परिचय देते हुए लिखा है—"दसखतजगेस्रलाल जीलागोरखपुरहाल परस्हरकलकत्ता महलै टंडइलबगान सनबाइसै ८७ सालमहीनावैसाखसुदी १४ दीन अतवार के तईआर हुआ।" इससे ज्ञात होता है कि यह पोथी कलकत्ता में लिखी गई है। लिपि पुरानी और स्पष्ट है।

(३) यह पोथी शहीद-द्वारका-पुस्तकालय, खुशरूपुर (पटना) के पं० वासुदेवजी साहित्याचार्य के सौजन्य से, प्राप्त हुई है।

१६. **(ख) रामरतनगीता**—ग्रन्थकार—श्रीनन्दलाल कवि। लिपिकार—श्री जुगेश्वरलाल। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृ० सं० ६४। प्र० पृ० पं० लगभग—३२। आकार-प्रकार—×। भाषा—हिन्दी। लिपि-नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—पौष कृष्ण ९, शनिवार सन् १२८७ साल, सं० १९३७ वि० १८८० ई०।

प्रारम्भ—"श्री गनेसजी सहाऐ श्री महादेवजी सहाऐ श्री सरोसतीजी सहाः श्री गंगाजी सहाऐ श्री पोथीरामरतनगीता।

दोहा —पहीलिगुरकेगाइऐजीन्हगुररचाजहान
पानीसोपीडज भयो अलखपुरुखनीरवान
अलखपुरुखनीरवानहैं उन्हकेलखेनाकोऐ
उन्हकोतोवहीलखैजोवाहीघरकाहोऐ

चौपाई—सीरीगुरवीसनकेचरनमनावां जेहीपरसादगोबीदगुनगावों
सीरीकीरीसनरसअम्रोतबानी गुरपरसादकछुकहोबखानी
ऐकसमैसीरीजदुराई आरजुनसंग भऐ ऐक ठाइ
धूपदीपलेआरतीकीन्हा चरनोदक ले माथे दीन्हा
हाथजोरोअरजुनभौठाठे तुमकेमाआमोहकस बाढै

दोहा— तीनीलोककेठाकुरप्रभु भाखो वचन.......।
बीनतीकरो अधीनहोऐ दीनबंधु नंदलाल

चौपाई—संसैऐकपरभुआहैचीतमोरेकहतहोनाथदुनोकरजोरै
स्रीकीरीसनबोलेवीहसाइ आरजुनकहैंसुनोजदुराई

दोहा—रामरतनगीताकर अरजुनकीन्ह अनुसार
सकलसीरीस्टी सुनैचीतदेइ मुकतीहोऐसंसार"

अन्त— ।। चौपाई ।।
"देवनकेपाठै एहेगीतामनुखपढै सोहाएनीरचीता
गीत पढै सुनैचीतलाइ दुखदारीद्रसभजाऐपराइ
आपुत्रोजोपरानीहोइगीत सुनैपुत्रफलहोइ
वरम्हग्यानमंत्रएहआही परमतंतुकरी आरजुनराखा
तीनोंलोकजोभरीपुरीराखा
सीरीमुखगीतास्मपुरनभेउआरजुनकैसंसैछुटीगऐउ

दोहा —सीरीकीरीसन आरजुनमीलै गुप्ठकीन्हऐकठाव
से भगवंतहीतभाखेउ कुसल सीघपगहान समारन"

विषय—'राम-नाम'-महिमा का दार्शनिक विवेचन ।

टि०—(१) ग्रन्थकार का नाम ग्रन्थ के आदि या अन्त में नहीं है । प्रारम्भ के पद्यों में एक स्थान पर "वीनती करो अधीन होऐ दोनबन्धु नंदलाल" पद आया है। 'नंदलाल' भगवान् श्रीकृष्ण के लिए आया है; क्योंकि इस पद के पूर्व श्रीकृष्ण का प्रसंग है । यदि 'दीनबन्धु' से श्रीकृष्ण का बोध हो सकता है, तो यह ('नंदलाल') ग्रन्थकार के नाम की ओर संकेत कर रहा है।

(२) पोथी की भाषा अवधी और पच्छिमी भोजपुरी से मिलती-जुलती-सी है।

(३) इस पोथी में राम-नाम की महिमा के साथ-साथ दार्शनिक विचार भी हैं, जैसे—

"आरजुनसुनौक्रीसनकहही रामभजन ते सबसुखअहही
महीमामोरजोपावैकोईताकरदीस्टीसुरअैसनहोइ

महीमामोरोजोपावैमोहीसमाहोएसोए
सभमीली.....................।
बचनमोरसुनोजदुराइ नाम के महीमा कहतना आइ
एहेसामीकोईकहतना आवै नामके महीमाकहतन आवै
आरजुनउठीकैअस्तुतीलाइ जोगजीवनकहाबुझाइ
तेहीतेसकलपापबहीजाइ नेमधरममोहीचीतदेइ
जहीबीधीमोरहोएउधारा मोही सेभाखोनंदकुमारा"

६१ पृष्ठ के इन पदों में नाम, योग, धर्म आदि के सम्बन्ध में संकेत है। पूरे ग्रन्थ में इसी प्रकार कृष्ण अर्जुन के परस्पर संवाद के रूप में विषय का विवेचन किया गया है।

(४) ग्रन्थ में 'ए' के लिए 'ऐ' का और 'ऐ' के लिए 'एय' का प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार 'ष' के स्थान पर 'ख' और 'ख' के स्थान पर 'ख' के नीचे बिन्दु देकर प्रयोग हुआ है।

(५) ग्रन्थ विवेच्य और सुपाठ्य है।
(क) और (ख) दोनों पोथियाँ एक ही जिल्द में हैं तथा दोनों के लिपिकार भी एक ही हैं। ग्रन्थ की लिपि प्राचीन और शैली भी पुरानी होने के कारण अस्पष्ट है।

(६) यह पोथी शहीद-द्वारका-पुस्तकालय से पं० वासुदेवजी साहित्याचार्य, प्रधानाध्यापक, डी० ए० वी० मिड्ल स्कूल, खुशरूपुर (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुई।

१७. **ज्ञानदीपक**—ग्रन्थकार—सन्त दरिया साहब। लिपिकार--बुधनदास फकीर। अवस्था--अच्छी, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ सं० १८७। प्र० पृ० पं० लगभग—३६। आकार—९"×१०"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल---भाद्र, कृष्ण, १८९५, बुधवार।

प्रारम्भ—"वाहा साहब जींदा जाग्रीत हंस उवारन सुक्रीत दरीआ साहब सतगुरु ग्रंथ भाखल ग्यान दीपक साखी प्रेमजुक्ती नीजुमूल है गुरगंभीकरो सूयां दा आ दीपक जवही वरे दरसननामश्रया प्रथम ही सतगुरु सतकरमा उ दा आ से उकर दरसन पाउ नीसून घरी जवही गुरु मीले उ आनंद-मंगल ललीत लोभए उ भौतेरनी गुरग्यान अनूपा सो मम ही दैव से उ सरूपा प्रगटकरो फीरि राखु समोइ जेन फनी मनी नाही जात वीगोइ पत्र माव ऊंमी अंक नीखा पोवै प्रेम वीरला कोई संता ग्यान अंकुर रत राहा जो समिता चला प्रवाह प्रेम रश रमिता तामे सत सुंघट भव तरनी अति सुस्त्रृष साग्राजात नावरनी पठे संत सुष जानि पुनिता भव-शाग्र नाही होहिअनीता जठ जनता मे देपि भुलाना लहरी उतंग सम ग्यान छपाना लहरी फिरंग फिरता रहै मदमयिता के मूल परे भवन मे मरभि कै भऐ वो कठीन तन सुल

सुधर शंत मनि मुक्ता जैशे शामा शोभित बूधि जनतैं श
निज-निज ऊरथ गथै गुण ग्याना ।।"

अन्त—"भए वो सपुरन ग्यान सतगुरु पद पावन करो उवरे वसंत सूजान जीन्हि गंयोकी वो वीवेक गेह संमत अठारह सै सैंतीस भादौ पौथी अभार सावा जां भजन वरइनी गौ द री आ गवन वी चार भादौ वदीवार सुक गवन कीवो छालोक जो जन शब्द वीवेकी आ मेटे सकल सभ सोक ।। संमत १८९५ ग्रन्थ ग्यान दीपक सपुरन भइल वार बुध के सरकार साहाबाद भोजपुर प्रगने दनवारी तपेवीसी मौक्षे धरकंधा तप्त पौराथै प्रवाना समुद्दीलेना दरीआ साहब का अस्थान है ग्रंथ ग्यान दीपक मरमत कीआ बुधनगास फकीर दरीआ पंथी ।"

विषय—सन्त-परम्परा की निर्गुण-धारा का दार्शनिक विवेचन ।

टि०—(१) पोथी के पढ़ने से ज्ञात होता है कि दरिया साहब की यह अन्तिम कृति है। इस पोथी का अन्तिम पद "संमत अठारह सैंतीस भादो पोथी अंभार....भादौ वदी वार सुक गवन कीवो छपलोक" में स्पष्ट संकेत है कि उनके देहान्त के बाद उनके इन विचारों का संग्रह किया गया है।

(२) दरिया साहब बिहार-प्रान्त के आरा (शाहाबाद) जिले के 'धरकन्धा' ग्राम के निवासी थे । इनके विचार अधिकतर सन्त कबीर के विचारों से मिलते हैं । इन्होंने निर्गुण-विचारधारा को परिपुष्ट करते हुए दर्जनों ग्रन्थ लिखे हैं ।

(३) इस महान् सन्त-सम्बन्धी अन्वेषण और इनकी कृतियों के प्रकाशन से जहाँ हिन्दी-साहित्य की श्रीवृद्धि होगी, वहाँ बिहार-प्रदेश का भी गौरव बढ़ेगा । यह पोथी पटनासिटी के दीवान मुहल्ला-निवासी श्रीमोतीलाल 'आर्य' के सौजन्य से प्राप्त हुई ।

१८. रामचरितमानस—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास । लिपिकार—श्रीरामसहाय सिंह । अवस्था—अच्छी, कागज—हाथ का बना देशी । पृष्ठ सं० २९९ । प्र० पृ० लगभग—४२ । आकार— १०"×७½" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—पौष शुक्ल सप्तमी, मंगलवार, सं० १८६४ वि० ।

प्रारम्भ—"जेही शुमीरत शीधी होए गननाऐक करीवर वदन
करहु अनुग्रह शोए बुधी राशी शुभ गुन शदन :
मुक होऐ वाचाल पंगु चढे गीरीवर गहन : "

अन्त—"इति श्रीरामचरीत्र मानशे शकल कलीकलूक वीशंगनो नाम उत्रकांड रामाऐन क्रीततुलशीदाशशंपुन्य पथा दरश्ते तथा लीक्यते म्मदोष नदीअते पंडितजनश ोवीनती मोरी : टुटल अछरलेवशव जोरी श्री

शंवत १८६४ शाल पुश शुदी रोज मंगल को पोथी तैरा भऐल नु तैयार हुआ.......... ....। स्रीः रामशहाऐ शीघ काऐथ शाः मौ जरुहे प्रगने हाजीपुर...........।"

विषय—राम-जीवन-सम्बन्धी काव्य।

टि०—इस पोथी की लिपि प्रचलित, प्राचीन कैथी-लिपि से मिलती-जुलती है। पोथी में कई स्थानों पर प्रचलित प्रतियों से पाठभेद है। पोथी के लिपिकार ने, प्रतीत होता है, इसके अतिरिक्त अन्य पोथियों की भी प्रतिलिपियाँ की हैं। यह पोथी 'बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्' के दफ्तरी श्रीशत्रुघ्नप्रसाद सिंह से प्राप्त हुई।

१९. **वैद्यरत्नार्णव**—ग्रन्थकार—रामाप्रसाद शुक्ल। लिपिकार—×। अवस्था—साधारण, हाथ का बना कागज। पृष्ठ-सं० ८७। प्र० पृ० पं० लगभग—६६। आकार —९"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—चैत्र शुक्ल १३,१२७७ साल, बृहस्पतिवार। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"अथ अमलपित्त रोग प्रनारिकेल लवनलिषिहय ॥२९॥ नारिकेलजलतोला ४ सिघानोनतोला ४ षोरासानिवचतोला ४ तिनो दवा को नारिकेल जलमाहिषलरिनारिकेल के भित्र भरिक पति नोद्र को तिल पादकपठ मृतिकादेक गज पुठमांहि कुक देना सित सहोपत काठमासा ४ यस्य जललेषायतो दिन १४ माहि अम संचित जाय अगर भूसि के साथ षायतो भूष अधिक लावय ॥२॥४०॥३०॥ अथ दवावायु ४॥८४॥ खौरिस वायु का लिषिहय ॥३०॥ आठ किसिम के वायु कि गोलि ॥ ३० ॥ मूलक। जावत्रि लवंग।"

अन्त—"मोदक शताघ्रका ववासिरदस्माषांसिरोग ॥ कुसंजम १ कयाय विजरदारचिनि ३ चौसाइ का बिज ४ गाम्र बिज ५ जायफल ६ जावतृ ७ पिप्रसो ८ चतरा ९ केशर १० रुमिमस्तक ११ अंशगनागोरि १२ चिरिचिरि का बिज १३ पत्रज १४ अक्रकरा १५ चरकसि १६ धनिया १७ रेनका १८ काकोलि १९ तालमषासा २० पोस्ते का दाना २१ अंजवाइन २२ अकिम २३ कमलगठा २४ कुकाडिबिज १५ इन्द्रजव २६ भृग २७ सहिनाबिज २८ लौंग २९ सवद्र भस्मभारोचूर्न के श्मसहित मिलाय माशा ६ प्रमानमोदक बनाय शाथ षायतो दिन २१ माहि निश्चय रोग का नाश ॥ इति श्री रामप्रसादशुकुलपोशतक वैद्यरतनार्नवस्त्रीचिकित्सावासक रोगचिकित्सानानारोग चिकित्सा अस्टमोनाम अध्याए समाप्ततिथि १३ सूकलपछचैत्रमास वार वृहसपति सन् १२७७ साल।"

विषय—आयुर्वेदीय चिकित्सा।

विषय—यह पोथी प्राचीन है और आयुर्वेद की जिन औषधियों का वर्णन किया गया है, उस दृष्टि से महत्त्व की है। इसमें अनेक रोगों, उपरोगों तथा उनके निराकरण की आयुर्वेदीय दवाइयाँ तथा उनकी उपयोग-पद्धति आदि को विस्तार के साथ आठ अध्यायों में समझाया गया है। पोथी के साथ ही उर्दू-लिपि में छोटी पुस्तिका है, जिसमें यूनानी पद्धति के साथ सम्भवतः समन्वय किया गया है। ग्रन्थ में चिकित्सा-सम्बन्धी अनेक मन्तव्यों का संग्रह है। आयुर्वेद और यूनानी पद्धति का समन्वयात्मक विश्लेषण हिन्दी में किया गया है। ग्रन्थ ज्ञेय है। प्रारम्भ के २८ पृष्ठ नहीं हैं। प्रारम्भ में जो पृष्ठ हैं भी, वे बीच-बीच में फटे हैं। यह पोथी बिहार आयुर्वेद-भवन, जोगसर, भागलपुर के कविराज श्रीनरेन्द्रनाथजी के सौजन्य से प्राप्त हुई।

२०. **चित्तौरोद्धार**—ग्रन्थकार--अवधकिशोरसहाय वर्मा। लिपिकार--वंशीप्रसाद सुधाकर। अवस्था—अच्छी। पृष्ठ-संख्या—८८। प्र० पृ० पं० लगभग—३६। आकार—१०"×१६"। भाषा--हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—भाद्र कृष्ण १४, सं० १९६४ वि०।

प्रारम्भ—"बंदना (डमरु) सजल-जलद तन, अगम-निगम मन,
दुख सब बिदरत, भगत-सकल-कर।
ब्रज-रज भरमत जन-मन विचरत,
अति-सुख बरसत, कमल-नयन-वर ॥
वन-वन विरमत, तन-मन विसरत,
लखत चरण-रत, बनत जगत नर।
कहत अधम नर, चरण-शरण-धर,
युगपति जगवर, विघिन अखिल हर ॥१॥
प्रथम सर्ग (मन्दाक्रान्ता)
शोभावारी अमित रुचिरा काम की है कली-सी।
बिंदीभूता भरत-भुवि के भाल में है भली-सी ॥
आशाबेली, नवल-लतिका लोल लावण्य-शीला।
नाना भावों सहित दिखती अप्सरा प्रेम-लीला ॥२॥
जो है प्यारा भरत-सर तो, पद्मिनी-सी खिली है।
न्यारे प्यारे नभ-जगत में चाँदनी आ मिली है ॥
भावों रम्या परम-सुखदा स्वर्ग की भूमि न्यारी।
देवों पूरी वसति अलका अप्सरा-भूमि प्यारी ॥३॥"

अन्त—"भेदों त्यागे सकल मन से बैर सारे मिटा दें
राजें दोनों निज-निज धरा सौख्य लेके डरा दें

वार्ता ऐसी सुखद करते देश के प्रेम बोयें
प्यारी श्रद्धा मधुर-सरिता बीच में खायें गोते

(६१)

ऐ कान्हा जी भरत-भुवि में फेर हम्मीर होवें
ऊँचा हो जो रत-सकल हो लाड़ले देश जोवें
एका प्यारी यह विमल-सी युग्म के बीच होवें
दोनों हिन्दू यवन यक हों फूट की मीच होवें

इत्यलम् हरिः ऊँ तत्सत् ॥

विषय—चित्तौर की लड़ाई और राजपूती इतिहास से सम्बद्ध वीरकाव्य ।

टि०—बिहार-प्रान्त के पलामू जिले के डालटेनगंज के आसपास कंचनपुर ग्राम-वासी प्रसिद्ध कवि और साहित्यवाचस्पति अवधकिशोर सहाय वर्मा की यह सत्रह सर्गों की रचना है। यह रचना हरिऔधजी की शैली तथा 'संस्कृतछन्द-चुनाव' से प्रभावित है। इसमें अनेक स्थलों पर साहित्य-सम्बन्धी तथा कविता, छन्द और अलंकार के नियमों की त्रुटि रह गई है, जिसे स्वयं कवि ने ग्रन्थ के प्रारम्भ की भूमिका में स्वीकार किया है। कई स्थानों पर शब्दों के चुनाव में भी अस्वाभाविकता है। वर्णन में कहीं-कहीं प्रसंग-दोष भी स्पष्ट है। ग्रन्थ की समाप्ति तथा मध्य में भी यत्र-तत्र हिन्दू-मुस्लिम एकता का नारा बुलन्द किया गया है। रचना में देशभक्ति कूट-कूटकर भरी है। इसका यह भी कारण हो सकता है कि इसकी रचना का समय भी वही था, जब देशभक्ति और असहयोग से भारत गुजर रहा था। ग्रन्थ का प्रकाशन होना चाहिए। इससे (हरिऔधजी की शैली के कारण) बिहार का गौरव बढ़ेगा।

२१. शिवपुराण-रत्न—ग्रन्थकार—कुंजनदास। लिपिकार—× । अवस्था—अच्छी। पृष्ठ-सं० ६७२। प्र० पृ० पं० लगभग—३०। आकार—६"×११"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ—"दोहा। व्रण शंकर उर दंभ अति, जाति ऊँच निज जान।
निज-पतिवंचक नारि जग, पर पति के मन-मान ॥

चौपाई ॥

बालक मातु पिता नहिं मानी। गुरु मत खंड विबाद गुमानी ॥८६॥
विद्या हीन लोग संसारी। अपर देश जा विरति बिचारी ॥६०॥
जो कदापि कोउ मिलहि सहाई। मातु पिता कह निन्द सुनाई ॥६१॥
अघकरनी ते दुख जग माही। जप पूजा माला तेहि नाही ॥६२॥
इच्छा नारि प्रसंग सदाई। चिन्ह जनेऊ ते विप्र बड़ाई ॥६३॥
छलि तपशी कलि करि अशनाना। पुत्र विचार करिहें धरि ध्याना ॥६४॥

केस सवारन सुन्दरताई। दान सुकीरति नाम बड़ाई ॥६५॥
कारज उत्तम उद्र के भरना। ज्ञान सुभग कुल पालन करना ॥६६॥
दोहा—छली छुद्र के वारता, कहहीं सुचतुर सुजान।
तीरथ अटन कली मँह, सबते अधिक प्रमान ॥२४॥"

अन्त—"मणि भावे जिमि व्याल कह, मीन नीर रहे टेक।
तिमि कुंजन मन गौरि शिव, उपजे प्रेम विवेक ॥१६॥
कोटिन जन्म के चूक मेरो, रोम-रोम भरे पाप
अब कुंजन पर करहु कृपा, हरहु सकल भव ताप ॥१७॥
जत अशरण जग में रहे, दिये शरण तुम नाथ,
अब कुंजन एक तोहि तजी, काहि नबावें माथ ॥१८॥
तुम ठाकुर तिहुँ लोक के, हेरहु शिव निज ओर
कुंजन ही अपनावो प्रभु, समुझि बिरद वर जोर ॥१९॥
कहाँ लौ कहौं तेहि नाथजी, जानहु सब तुम आप,
कुंजन निज है करहु कृपा, छूट जाय संताप ॥२०॥"

विषय—शिव को आराध्य मानकर, शिवपुराण के आधार पर रचित सगुण-भक्ति का काव्य।

टि०—(१) ग्रन्थकार सन्त कुंजनदास आरा जिले के 'पँवार' नामक स्थान के निवासी थे। ऐसा निर्देश ग्रन्थकार ने ग्रन्थ में किया है। बिहार-प्रदेश के निवासी इस सन्त ने इस महाकाव्य की रचना करते हुए जीवन की कई उपयोगी समस्याओं का समाधान किया है। पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध दो भागों में विभाजित तथा अनेक खण्डों में वर्णित यह पोथी पठनीय और विवेच्य है। प्रत्येक अध्याय के अन्त में कवि ने अपने नाम और शिव के प्रति आत्मार्पण का भाव प्रकट किया है।

(२) पोथी यत्र-तत्र फटी हुई है। प्रारम्भ में चार पृष्ठ नहीं हैं। ग्रन्थ के अन्त में भी पृ० सं० ९७२ के बाद के पृष्ठ नहीं है। ग्रन्थ के प्रारम्भ या अन्त में लिपिकार के नाम का निर्देश नहीं है।

(३) ऐसा प्रतीत होता है कि कवि किसी 'दीनबन्धु दयाल' नामक राजा के आश्रित थे और इनके एक 'कुंजबिहारी' नामक मित्र थे, जिनसे अधिकतर शिवभक्ति-सम्बन्धी विचारों का परस्पर आदान-प्रदान होता था। इनका मत या 'पन्थ' मुंगेर जिले तक प्रचलित था। यथा ग्रन्थान्त में—
"अति सुगम पंथ कलेश बिनु बर दुर्लभ फल कर पावहू ॥२॥
कर जोरि विनवों भवानि शंकर चरित रत मोहि दीजिये।
प्रभु दीनबंधु दयाल दानी दास आपन कीजिये ॥३॥
यह कहत सुनत कलेश छूटे भक्ति प्रेम दिढ़ावहीं।
बिश्वास कुंजनदास उर बसे..........................।

कथा समस्त श्रवण करि, पाई हृदय विश्राम ।
गावत शिव गुण हर्ष अति, गवन कीन्ह मुनिधाम ॥१०॥
जिले मुंगेर में मालदह, अहै रजौरा ग्राम ।
मोर नाम के मित्र एक, कुंज बिहारी नाम ॥११॥
लेखक कवित्त प्रबंध शिव, सेवक सुमति नवीन
गाइ लिखी शिव यश विमल, पायउ परम प्रवीन ॥१२॥"

ज्ञात होता है कि कविवर कुंजनदास गाते या रचना लिखाते थे और उनके मित्र कुंजविहारी उसे लिखते थे। राजा 'दीनबन्धुदयाल' का नाम भी पोथी के अनेक स्थलों में आया है। पोथी में शिवपुराण की कथा का आश्रय लिया गया है। प्रारम्भ के पृष्ठ फटे होने तथा पाँचवें पृष्ठ के बीच के अक्षरों के फट जाने के कारण इस विवरण में प्रारम्भ की पंक्तियाँ छठे पृष्ठ की हैं। यह पोथी मुद्रित है, किन्तु दुर्लभ है। इस पोथी के आधार पर यदि कुंजनदास की अन्य रचनाओं की खोज की जाय, तो हिन्दी-साहित्य के इतिहास के लिए बहुत बड़ी सामग्री मिल सकती है।

२२. हितोपदेश—ग्रन्थकार—पदुमनदास । लिपिकार—मिश्रीलाल । अवस्था – अच्छी । प्राचीन देशी कागज । पृष्ठ-सं० ८७ । प्र० पृ० पं० लगभग—४२ । आकार—८"×४½"। भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—फाल्गुन शुक्ल पंचमी, बुधवार, सं० १७३८ वि० । लिपिकाल—फाल्गुन शुक्ल एकादशी, सं० १६१६ वि० ।

सोरठा ॥

प्रारम्भ—"सिद्धि दे उसे देव ॥ सदा साधु के काम में ॥
गंग फेनले—सेव ॥ जासु सीस ससि के कला ॥१८॥

दोहा ॥

जे हित उपदेशहि सुनै, संसकार पटु होय ॥
जामे बचन विचित्र सभ, नीति सुप्रद हैं सोय ॥१६॥

सोरठा ॥

अमर जानि है काय, विद्या धन चिंतत चतुर ॥
केस गहे जमराय, धर्म करत अनुमानि है ॥२०॥

दोहा ॥

सर्व दर्वते दर्व अति, विद्या दर्व अनूप ॥
धन देती षरचत अछै ॥ अरचत जाते भूप । २१ ।
विद्या मिलवै भूपतिहि ॥ सलिता सिंधु समान ॥
तापर अपनी भागफल । भोग करै मतिमान ॥२२॥
विद्या विनय हि देति है ॥ विनय ष्याति अनुकूल ॥
ष्याति भए धन धर्म सुष ॥ ताते विद्या मूल ॥२३॥

शस्त्र शास्त्र विद्यानि के ।। इतना अन्तर ताहिं ।।
बाबा ले बूढे हँसै ।। लसै तीनि पन माहि ।।२४।।
जैसे काँचे कलश में ।। कुंभकार कृतरेष ।।
मिटै न त्यौं अभ्यास शिशु ।। नीति कथानि विशेष ।।२५।।
मित्र लाभ हित भेद पुनि ।। विग्रह संधि वषानि ।।
पंचतंत्र अनुग्रन्थ मत ।। लिख्यो कथा क्रम आनि ।।२६।।"

सोरठा ।।

अन्त—"चित्र वर्न नरनाह ।। सदल सचिबजुत मुदितचित ।।
गए विंध्य गठ माह ।। संधि कथा पूरन भई ।।२५५।।

दोहा ।।

विप्र विष्णु सर्मा दयो ।। आशिष राजकुमार ।।
चारि कथा पूरन भई ।। सुभद होउ सब बार ।२५६

वस्तुआछंद ।।

इत श्री पदुमनदास वरनिपरिपूरन कीन्हो ।।
रुद्र सिंह जुवराज जिऔ जिन्ह हित करि लीन्हों ।।
जदपि आपु गुन सिंधु थाह गुनिअन्हि नहिपावा ।।
तदपि दान सनुमान दास पदुमनहि बढ़ावा ।।२५७।।"

विषय—नीतिकाव्य । प्रसिद्ध संस्कृत-हितोपदेश का हिन्दी-पद्यानुवाद ।

टि०—(१) ग्रन्थकार पदुमनदास बिहार-प्रान्त के कर्ण कायस्थ-परिवार के दामोदरलाल के सुपुत्र थे । ये रामगढ़-राज्य के आश्रित कवि थे । इन्होंने राजा दलेलसिंह की आज्ञा से हितोपदेश का हिन्दी-पद्यानुवाद किया । अपने और अपने राजा का परिचय देते हुए ग्रन्थ की प्रस्तावना में लिखते हैं—

"श्री गणेशायनमः ।। अथ हितोपदेश पदुमनदास कृत लिख्यते ।

।। अथ दोहा ।।

गुरुगिरीश गिरजा गिरा ।। ग्रह नायक गण ईश ।।
पदुमन विष्णु प्रणाम करि । जाचो ईहय असीश ।।१।।
होउ सुफल प्रारम्भ मम । कोउ करैं जनिहास ।।
स्रोता भनिता को सदा ।। मुदमंगल परगास ।।२।।
विप्र विष्णु सर्म्मा भनित ।। हित उपदेश विचित्र ।।
सुनत चाव प्रस्तावमय । भूपति नीति पवित्र ।।३।।
सुरभाषा पटुहीनते ।। कहैं चहैं प्रस्ताव ।।
सिंघदलेल मही पतिहिं ।। हेतु कियो चितचाव ।।४।।
कायथ पदुमनदास को प्रेम सहित सनुमानि ।।
रचन कहो सब दोहरा ।। बचन सुधामय जानि ।।५।।
तब गुरु द्विज पग बंदि तिन्ह ।। कवि जन को सिर नाई ।।
कविता पथ दुर्गमतदपि ।। नृप अज्ञा जनि जाइ ।।६।।

सेवक संकट हूँ चलैं ॥ प्रभु अनुसासन पाय ॥
कवि जन सिष आशिष सुअन ॥ इन्हहीं पाय सुहाय ॥७॥
प्रथम भूप कूल नाम कहि ॥ कहौं कथा इतिहास ॥
सुवरन वलित सुहावनी ॥ भाषत पदुमन दास ॥८॥
बैरा पूर्व निवास ते बैरवार भई ख्याति ॥
वेनु वंश विष्यात जग ॥ जानै छत्री जाति ॥९॥

छप्पय ॥

बाघदेव भूपाल भूमि भुजबल जिन्ह लीन्हे ॥
कीर्तिसिहतसुतनय सिंह विक्रम जिन्ह कीन्हो ॥
रामसिह तपनिष्ठ कुष्ठ उच्छीष्ठ गयो द्विज ॥
माधो सिंह महीप भयो तसुनंद महाभुज ॥
तसुनंदन जगत जहाज नृप हेमन्त सिंह तसुधर्मधुर ॥
स्री राम सिंह सुत तासु पुनि नीति निपुन जसु बचन फुर ॥१०॥

दोहा ॥

कुँअर करेरो बन्धु पितु ॥ कृष्ण सिंह मति मान ॥
प्रेम सिंह दलेल को ॥ जिन्ह के सरिस न आन ॥११॥
सरस पितामहुँ ते पिता ॥ राम सिंह रणधीर ।
तिन्ह के पुत्र पवित्र भुवि ॥ सिंह दलेल गम्भीर ॥१२॥
करनी सिंह दलेल के ॥ वरनी जात न काहु ॥
धरनी तल में धन्य तम ॥ गुन गन सिंधु अगाह ॥१३॥
तिन्ह श्री पदुमन दास को ॥ दीन्हो वहु विधि दान ॥
साधनि अवर सिहात हैं । निरषि जासु सनुमान ॥१४॥"

(२) कवि ने ग्रन्थ के अन्त में महाराज दलेल सिंह के पुत्र, जिनके लिए राजा ने ग्रन्थ का अनुवाद कराया था, की ओर भी संकेत किया है—
"भूपति सिंह दवेल के ॥ रुद्र सिंह जुवराज ॥
जिऔ जलगुजल गंग अरु ॥ शंभु शीश शीश छाज ॥२५८॥"

(३) निम्नलिखित पदों से कवि और उसके वंश तथा रचनाकाल का पता चलता है—
"दामोदर कायथ करन ॥ जिन्ह के धर्म प्रगास ॥
चारि पुत्र तिन्ह के भयो ॥ जेठे संकर दास ॥१५॥
मध्यम पदुमन गुन गरुअ ॥ तथा लाज मनि जान ॥
अनुज कृष्ण मनि गुन-निते ॥ अग्रज इव अभिमान ॥१६॥
सत्रह सै अड़तीस जब संवत विक्रम राय ॥
सित पांचे मधु बुध दिवस ॥ रच्यो गनेस मनाइ ॥१७॥
(ग्रन्थसमाप्ति-काल) सत्रह सै छयासठि कै ॥
पूष पंचमी सेत ॥ पदुमन लिखि पूरन कियो रुद्र सिंह के हेत ॥२५९॥

(४) ग्रन्थ की समाप्ति पर लिपिकार ने अपना परिचय देते हुए लिखा है—
"अंक धरानिधि विधु सहित ॥ संवत विक्रम भूप ॥

फाल्गुन सुक्ल यकादसी ॥ रविवासर सु अनूप ॥१॥
मिसरी लाल विचार करि ॥ हित उपदेश विचित्र ॥
लिख्यो चाव सो भाव करि ॥ है यह चरित पवित्र ॥२॥१६१६॥
श्री सीतारामाय नमः ॥"

(५) इसमें कोई सन्देह नहीं कि पदुमनदास एक महान् कवि थे। इतने बड़े पद्य-गद्य ग्रन्थ का हिन्दी-पद्यानुवाद करना साधारण बात नहीं है। इन्होंने पद्यानुवाद करते हुए पोथी की मौलिकता को समाप्त नहीं किया है, अपितु उसमें और भी प्राण डाल दिये हैं। रचना अच्छी और सुपाठ्य है। इसमें कई नवीन एवं अप्रचलित छन्दों का भी प्रयोग किया गया है। ग्रन्थ के प्रकाशन से बिहार का गौरव बढ़ेगा।

(६) ग्रन्थ की लिपि अच्छी और स्पष्ट है। यह पोथी मन्नूलाल पुस्तकालय में भी है। वहाँ की प्रति से यह मिलती-जुलती है। मन्नूलाल पुस्तकालय (गया) के संस्थापक और संचालक श्रीसूरजप्रसाद महाजन की कृपा से प्राप्त।

२३. (क) **हनुमान बोध**—ग्रन्थकार—कबीरदास। लिपिकार—ग्यानदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं० २२। प्र० पृ० पं० लगभग—४०। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फाल्गुन कृष्ण पंचमी, रविवार, सन् १२७८ साल।

प्रारम्भ—"सतसुम्मीत आप अदली अजर अमीत पुरुषमुनिदर करुना मै कब र सुरत जोग संतारेन धनी प्रेमदास ॥

मुक्तामनी नाम चुरामनी नाम ॥ सुदरसन नाम कुल पत्तनाम्रबोध गुरवाला...पीरु (अस्पष्ट है; पृष्ठ के कुछ अंश फटे हैं)
(३ पृष्ठों के बाद) साषी। सुनोमुनीद्र मोर गति ॥ राम नाम है आही।
सो दसरथ घर अबतरे ॥ जीनकी मता अगाध
॥मुनींद्रवाच ॥
कहै मुनींद्र बचन हमारी ॥ साधु भाव तुम सुनही जामी ॥
राम राम सम जगत कहाई ॥ कहै साधु इन नाहीं भाई ॥
राम नाम हम नीक कै जाना ॥ तुम का हमसे करहु बषाना ॥
रमीता राम वसे सब माही ॥ ताही राम तुम जानत नाही ॥
ऐ तो राम है अवतारा ॥ जीन लंकापती रावन मारा ॥"

अन्त—"जोती सरूप वस्तु है भूपा ॥ नीरंजन है काआ माही ॥
माआ करी के है छाही ॥ रराकार गरजे ब्रह्मंडा ॥ सपतदीप प्रगटे नवषंडा ॥ प्रथम.......॥ असथीर वसत वसे घरवारा ॥ ताही को कोई चीन्हत नाहीं ॥ ताते सभ जग रहै भ्रमाई ॥......।"

विषय—कबीर-साहित्य।

टि०—यह ग्रन्थ अपूर्ण है इसमें राम और हनुमान् के जीवन-चरित्र के आधार पर कबीर के दार्शनिक विचारों का प्रतिपादन किया गया है। यद्यपि ग्रन्थकार का नाम स्पष्ट नहीं है, तथापि कई स्थानों पर पदों में 'कबीर' का नाम आने से उनकी ही रचना प्रतीत होती है। कहीं-कहीं 'मुनींद्र' नाम भी आया है। हो सकता है, इसी नाम के कोई ग्रन्थकार या कबीरपन्थी हों, जिनके साथ कबीर ने वार्त्तालाप के द्वारा विचार व्यक्त किये हों। इस पोथी में 'काया' शरीर को 'माया' तथा शरीरस्थ आत्मा या परमात्मा को 'निरंजन' कहकर निगु^न ब्रह्म की विवेचना स्थान-स्थान पर की गई है, जिससे कबीर के सिद्धान्तों की पुष्टि होती है। यह भी सम्भव है कि 'मुनींद्र' से सनकादि मुनियों की ओर संकेत हो; क्योंकि ग्रन्थ के प्रारम्भ में सनकादि मुनियों की अवतारणा की गई है। प्रारम्भ के तीन पृष्ठ फटे होने के कारण कुछ अंश ठीक से नहीं पढ़े जाते हैं। यह पोथी अखौरी गुरुदयाल प्रकाश तथा अखौरी गुरुशरण प्रकाश (स्व० अखौरी भानुप्रकाश द्वारा संगृहीत) अनीसाबाद, गर्दनीबाग (पटना) के पास सुरक्षित है परिषद मेंइस ग्रन्थ का यथादर्श चित्र (माइक्रोफिल्म) है।

२३. (ख) गोरखगोष्ठी—ग्रन्थकार—धर्मदास। लिपिकार—ज्ञानदास। अवस्था—अच्छी। हाथ का बना देशी कागज। प्र० पृ० पं० लगभग—४०। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फाल्गुन कृष्ण पंचमी, रविवार, सन् १२७८ साल।

प्रारंभ—"सतनाम सत सुक्रीत आद अदली ।। अजर अमीत पुरस मुनीदर करुनामय कबीर ।। सुरत जोग संतारेन ।। धनी ध्रमदास पारगुरु वंस आसीस की दया सो लीषते गरंथ गोरष गुस्टी ।।
कवीरोवाच। साषी ।। सतसत सत सब कोई कहै ।। सत ना चीन्हे कोए ।।
सत सरूप चीन्हे वीना ।।जीव सब जाही वीगारे ।।
चौपाई ।। सत बचन सुष अम्रीत वानी ।। सतही चीन्हावै सो गुरु ग्यानी ।।"

अन्त—"साषी ।। सुवीगोरष सत मानी आ ।। छूटीं गए भ्रमफंद ।।
गुरु कबीर समुझाई आ ।। मेटेवो सकल दुष दंड ।।
नवो नाथ चौरासी सीध्या ।। ईन्हको अनहद ज्ञान ।।
असथीर कर है कवीर को ।। ऐह गती वीरले जान ।।
अछरमे नीह अछर ।। नीट्ट अछर मे नीजनान ।।
तीनी अछर जो परषै ।। पावै पद नीरवान ।।
संत कबीर की साषी ।। आदी पुरुष को ध्यान ।।
नीसा भई गोरष की ।। पा आपद नीरवान ।।

ऐती स्त्री गोरषनाथ की ।। गुस्टी संपुरन ।।
जो देखा सो लिखा मम वोष ना दते ।।
सकल संत महृंत को वंदगी मोरी छुटल अक्षर पठव सब जोरी ।।
दसत ध्यान दास दासन के दास ।।
शामक सुदावामो तैयार हुआ ।। अषरहा को हरापुर मो ।।
सन् ।।१२।।७८।। साल ।। फागुन वदी ।। पंचमी ।। रोज ।। रवीवार ।।"

वि०— कबीर-सहित्य । धर्मदास और गोरखनाथ के बीच होनेवाले प्रश्नोत्तर के रूप में ।

टि०— यह पोथी धर्मदास के साथ गोरखनाथ या किसी अन्य गोरखपन्थी सन्त के साथ हुए वार्त्तालाप के रूप में लिखित है । ग्रन्थ के नाम से ही स्पष्ट हो जाता है कि इसमें कबीरपन्थ और गोरखपन्थ की तुलना की गई है। इसमें चौरासी सिद्धियों तथा अनहद नाद के ऊपर भी प्रकाश डाला गया है । ग्रन्थ विवेच्य एवं पठनीय है । ग्रन्थ की लिपि प्राचीन और अस्पष्ट है । पृष्ठ यत्र-तत्र फटे हैं । यह पोथी अखौरी गुरुशरण प्रकाश, अनीसाबाद, गर्दनीबाग, (पटना) के पास है । परिषद् में इस का यथादर्श चित्र सुरक्षित है ।

२३. (ग)—गरुड़बोध—ग्रन्थकार-× । लिपिकार—वैरागीलाल दास । अवस्था—प्राचीन, देशी कागज । पृष्ठ-सं० २३ । प्र० पृ० पं० लगभग—४२ । आकार—६"×५" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल —× । लिपिकाल—माघ कृष्ण तृतीया, बुधवार, सं० १९३२ वि० ।।

प्रा०—"चौपाई ।। तवही गरुड़ जो वोलही वानी ।। कवन देश बसता हैं ज्ञाना ।।
हम वाहन है क्रीसन के भई । तीन की गति कीन उनही पाई ।।
तीन लोक के ठाकुर आही ।। ....।।"

अन्त—"साखी ।। कहही कबीर धरमदास सो ।। ऐही वीधी भव वीसतार ।।
गरुड़ ग्यान जब कीना ।। हरखे बहुत भुआल ।।
धजा फरके फरकै सुन भे ।। वाजै अनहद तुर ।।
....
अचल ध्यान कबीर का ।। गहो रेगरा नीसान ।।
हील।ऐ हीले नहीं ।। लागै सकल जहान ।।
ऐती स्त्री गरथ गरुरवोध ।। संपुरन ।। जो देखा सो लिखा मम दोष न दीअते ।। सकल साधु की वंदगी मोरी ।। टुटल बढ़ल अच्छरपठीहो सब जोरी ।। समत १९३२ के साल ।। महीना माघ ।। रोज बुध ।। तीथी तीज ।।"

वि०— कबीर-साहित्य ।

टि०—(१) ग्रन्थ प्राचीन है । इसकी लिपि अस्पष्ट है । पोथी में कबीर के सिद्धान्तों की विशद विवेचना हुई है, ऐसा प्रतीत होता है ।

(२) ग्रन्थ के प्रारम्भ या अन्त में ग्रन्थकार के नाम का उल्लेख नहीं है। प्रतीत होता है कि ग्रन्थ से सन्त धर्मदास का सम्बन्ध है। ग्रन्थ में यत्र-तत्र इनका नाम आया है।

(३) ग्रन्थ के लिपिकार ने अपने विषय में और अपने निवास-स्थान के विषय में ये शब्द लिखे हैं—"जीला मसुदाबाद ।। छावनी वरमपुर ।। असथाव चुटकी—डागा अखाड़ा ।। महंत मंगलदास के वैरागी लाल-दास के दसखत गरंथ लीखा सो सेवक सुन्दरदास को दीआ सो सही ।।" लिपिकार मुर्शिदाबाद जिले के ब्रह्मपुर छावनी के किसी अखाड़े में (साधुओं के स्थान) रहते थे और ग्रन्थ लिखकर अपने शिष्य सुन्दर-दासजी को दिया। यह ग्रन्थ अखौरी गुरुशरण प्रकाश, अनीसाबाद, गर्दनीबाग (पटना) के पास सुरक्षित है। परिषद् में इसका यथादर्श चित्र संगृहीत है।

२३ (घ)—सुमीरन-दानलीला—ग्रन्थकार-× । लिपिकार-वैरागी लालदास। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज। पृष्ठ-सं० ४। प्र० पृ० पं० लगभग-४१। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकार—×।

प्रारम्भ— "क—लीखते सुमिरन ।। दया सागर ग्यान आगर ।। सवदवुधीसत-गुरु ।। तासुवचनसरोजवंदो ।। सुखदाऐक सुखसागरं ।। जोग-जीतअजीतऊभर ।। भाखतेसतसुकरीतं ।।

ख—स्रीगनेसाऐनमह ।। स्रीसरोसतीजी सहाऐनमह ।। स्रीसुरुजदेवताजी सहाऐनमह ।। स्रीजगधरतीजीसहाऐनमह ।। स्रीकीश्नाऐनमह ।।

चौपाई ।।—प्रभुपुरनब्रम्ह अखंडा ।। जाकेरोमकोटीब्रह्मंडा ।। जबसतगुरब्रह्मकहाऐ ।। मथुराते वीरदावन आऐ ।। तहादेवलोगसभजेते ।।"

अन्त—'क—धरमदास तत खोली देखो। ततु मैनीहततु है ।। कहै कबीर नीह-तत् दरसै ।। आवागवन नेवारिऐ ।।

ख—कीस्न घंटा बजाऐ आरती ।। जोती वंदन सेवककरै ।। गीरजा प्रसाद पावै ।। जनम जनम को दुख हरै ।।

जो नर गावही दानलीला ।। सुनैमवचीतलाऐ कै ।। कोटीजगफल तवही पावे ।। वीस्नलोक सीधावही ।। चौपाई ।। ऐती स्रीपोथी दानलीला ।। संपुरन ।।"

३. (ङ)—ज्ञानप्रकाश—ग्रन्थकार-धर्मदास। लिपिकार-वैरागी लालदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं० ४८। प्र० पृ० पं० लगभग-४१। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फाल्गुनकृष्ण चतुर्थी, रविवार, संवत् १६३२ वि०।

आरम्भ—"सत [illegible]सुक्रीत ।। [illegible]द अद[illegible] अजर अमीत । पुरुष मुनीदर ।।
[illegible]उनमेंकवीर सुरतजो[illegible]संताएन ।।
धनं ध्रमदास ।। चुरामनी नाम ।। सुदरसन नाम ।। कुलपति नाम ।।
पर[illegible] ।। कवलनाम ।। अनीलना ।। सुरतसनेही नाम ।।
हकनाम । पाकनाम । प्रगटनाम ।। साहेब चारोगुरुवंसखासीसकोदआसो-
लिखते ।। श्रीगरंथ ग्यान प्रगास ।।

॥ चौपाई ॥

सत गुरुसतपुरुषसंतानाम । सतपुरुषसंतनसुखधाम । सतसुक्रीत लोकनेवासी।
दुखनासी····· ।"

अन्त—"साखी । साधु अैसा चाहीऐ । अंककाहु है । अैगुन पर जो गुन करै ।
सोकुल चाहु सुनै ।।
गुरतो अैसा चाहिऐ । जोसीकली गर होऐ ।। जन्म जन्म की मुरचा ।
गुरचरन भोडारैधोऐ ।।
चौपाई । ऐती श्री गरंथ ग्यान प्रगास।। ध्रमदास संबोधकथा । संपुरम ।
समापत । जो देखा सो लेखा ।। ममदोस न दीअते । टुटलबढलअछर-
पठीहौ सबजोरी । सकलसंतमहंत-सोबंदगी मोरी ।। संमत ।।१६३२।।
के साल महीना फागुन । क्रीस्न पछ तीथी चौथी । रोज आइतवार ।।"

वि०— कबीर-साहित्य ।

टि०—(१) इस पोथी में सोरठा, चौपाई, दोहा और छन्दों में कबीरपन्थ के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। इसमें कबीर, सद्गुरु और धर्मदास के साथ कहीं 'उवाच' और कहीं वचनम्' कहकर लिखा गया है। प्रतीत होता है कि कबीर-परम्परा के सन्त साधु धर्मदास-कृत यह पोथी है।

(२) इसकी लिपि अस्पष्ट तथा प्राचीन है। लिपिकार ने अपना पूरा पता निम्नलिखित शब्दों में दिया है—

"जीला मसुदाबाद। असथान चुटकीडेगा महंत मंगलदास के अखाड़मो । वैरागी लालदास । गरंथलीखीतेआरकीया । सेवक सुन्दरदासकोदीआ-सोसही ।।" इससे स्पष्ट होता है कि लिपिकार जिला मुर्शिदाबाद (ढाका के निकट) किसी अखाड़े के साधु थे। लालदास लिपिकार ने इस पोथी को लिखकर सुन्दरदास को सौंपा। यह पोथी विवेच्य और अनुसन्धान के योग्य है। विस्तृत-विवेचना के पश्चात् सम्भव है कबीर-साहित्य की श्रीवृद्धि हो। यह पोथी अघोरी गुरुशरण प्रकाश, अनीसाबाद गर्दनीबाग, (पटना) के पास सुरक्षित है। परिषद् में इसका यथादर्श चित्र संगृहीत है।

२४. दुर्गाप्रेमतरंगिनी—ग्रन्थकार—नगनारायण सिंह। लिपिकार—× । अवस्था—अच्छी। पृष्ठ-सं० १०८। प्र० पृ० पं० लगभग—३०। आकार—१०$\frac{3}{4}$"×८$\frac{3}{4}$"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी (कहीं-कहीं उर्दू)। रचनाकाल—संवत् १९४७ वि०। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"१—तरङ्ग। अथ श्री पोथी "दुर्गा प्रेमतरंगिनी लिख्यते १। श्री गणेशायनमः॥ आरती। श्री दुर्गा जी की।
करत आरती दुर्गा जी की॥ संकट तिमिर हरत सबहीं की॥
प्रथम आरती कृष्णमुरारी॥ रासमंडल गोलोक सवारी॥
सब सखियन मिलि आरति कीन्हा। जग प्रतिपाल करन वर लीन्हा॥१॥
द्वितीय आरति ब्रह्म संवारे। मधुकैटभ से जब लड़न प्रचारे।
तजि निद्रा श्रीपति तेहि मारेव। मधुकैटभ से प्रान उबारेव॥२॥
त्रितीय आरति शंकर साजेव। त्रिपुरासुर जवरन ये गाजेव।
चौथी आरति सुरपति कीन्हा। वृत्रासुर बध को वर लीन्हा॥३॥"

अन्त—'गीत-देवी पद।
देषु सखि हिमवन दिशनदिशनधन राजे गिरिनन्दिनी सखीन संग वन में॥
चन्दसी वदन सारो रवि दुति छवि वारी भूषन वसन सब सखनिके संगमें॥१॥
वनमांहि डोलति सो बोलति मधुर बानी गावती बजावती मृदंगचंग छन में।
चुनतीकुसुमवेली चंपाचीन वो चमेली। गुथी हारडारे गिरिनन्दिनीके तनमें॥२॥
ल्याइके बैठाई रचि सुमन हिंडोले सुचि सोहेवर वसन तडित जिमि घनमें।
हुदोका हूलावती सुगावती मधुर राग लषि अनुराग ते मगन नग मनमें॥३॥
इति ३ तरङ्ग॥

वि०—दुर्गा-सम्बन्धी भक्तिकाव्य।

टि०—(१) सम्पूर्ण पोथी १९९ पृष्ठों में है। किन्तु, 'दुर्गाप्रेमतरंगिनि' की पृ० सं० १०८ है। इस ग्रन्थ के अतिरिक्त नगनारायण सिंह एवं अन्य कवियों की रचित रचनाएँ भी हैं।
(२) नगनारायण सिंह की निम्नलिखित अन्य कृतियाँ भी इसमें हैं—
क. दुर्गाष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र पृ० १ से ७ तक।
ख. शतनाम स्तोत्र – पृ० ७ से १२ तक।
ग. दुर्गा नाम माहात्म्य—पृ० १३ से १६ तक।
घ. दुर्गा गकारादिस्तोत्र—पृ० १६ से २० तक।
ङ. दुर्गा निवार स्तोत्र—पृ० २० से २२ तक।
च दुर्गास्तोत्र—पृ० २२ से २४ तक।
छ दुर्गानाम मालाष्टक—पृ० २४ से २६ तक।
ज. दुर्गास्तव—पृ० २७ से २८ तक। इसमें 'कमल-बन्ध' है।
झ. शिवपंचाक्षर स्तोत्र—पृ० २८ से २९ तक।

ञ. रामषडक्षर स्तोत्र—पृ० २९वाँ मात्र।

ट. द्वादशाक्षर स्तोत्र—पृ० ३० से ३१ तक।

ठ. दुर्गा स्तोत्र (कष्टहरणं नाम)— पृ० ३१ से ३३ तक।

(उपर्युक्त सभी रचनाएँ संस्कृत में हैं।)

ड. दुर्गानामार्थ दोहावली—पृ० ३४ से ३५ तक—इसके अन्त में लिखा है "दुर्गा को नामार्थं नग किंचित कियो प्रकाश। भैरव वेदहि ग्रह सभी सम्वत माघहि मास ॥२८॥" अर्थात् सभी रचनाएँ (पोथियाँ) सं० १९४८ वि० में या इसके पूर्व लिखी गई हैं। इसके अतिरिक्त इनकी निम्नलिखित अन्य रचनाएँ भी इस जिल्द में हैं—

ढ. छप्पै (मध्याक्षरी) यह रचना अच्छी है। उदाहरण—"तरुन प्रमुख केहि कहत रंग कैसो पन्ना को। वैदेही पितु कवन भूमि-सूत कहिअत काको॥ दाड़िम को का कहत कवन वाहन विधि सोहै॥ को गिरजा को मातु-धातु पति कहिअत को है॥ आदि अन्त दुई परिहरो मध्यवरन मैं नाम है। कायस्थ वंश में है निपुन वसत पटेही गाम है—॥१॥' उपर्युक्त पदों में रेखांकित शब्दों का क्रमशः अर्थ या भाव है—'जवान', 'सबुज', 'जनक', 'मंगल', 'अनार', 'मराल', 'मयना' और 'कनक'॥ इन शब्दों के मध्य वर्ण को मिलाने से 'बाबू नगनारायण होता है, जो ग्रन्थकार का नाम है। यह अंश पोथी के पृष्ठ-सं० ४४ में है।

ण. दोहावली—(१) इसमें दोहा, कवित्त, चित्र-काव्य के उदाहरण हैं। बीच में एक अध्याय ऐसी रचनाओं का है, जिसका शीर्षक है—(व्यवस्था-पत्र) लेक्चर। उसमें कायस्थ-वंश का इतिहास भी है। इस ग्रन्थ के प्रसंग में ही 'पत्रिका-दोहावली' नाम की भी एक रचना है। उसमें लिखते हैं—

"स्वस्ति श्रीसवगुननिपुनसिन्धुशीलमर्जाद।
सकल काव्य कोविद चतुर बाबू महेन्द्रप्रसाद॥१॥
नारायण युतसिहजुगजनरिपुगजनूप।
रंजन सवशोभा जगतसजनशुभगस्वरूप॥२॥
यशतवचन्दमरीचिवत् गुनतव उदधिसमान।
अरिकुल दाहक अनल समतेज दिनेश प्रभाव॥३॥
नगनारायण इतलिषत अब रघुवीरप्रसाद।
करि प्रणाम बहुविनययुतकरिदुर्गा गुनवाद॥४॥
इहाँ कुशलवर्ततसदा सवप्रकार सुख अैन।
चाहत तव मंगल कुशलपलपलक्षनदिनरैन॥५॥

आयो तब शुभपत्रिका फागुनयुत शनिवार।
पढ़त सुखद तन को भयो आनन्द वढ़ेव अपार ॥६॥
सरजु पावन ते विमल आयो मीन 'मशाह्'।
किंचित बरनन किन्ह कवी याश्लोक मल्हार ॥७॥
'मीन कटि जल धोइऐ घाते अधिक पिआस।
तुलसी प्रीति सराहिए मुए मीत को आस ॥८॥
तेहि राषेव अति प्रेमतेसादर हर्षवढ़ाए।
लषि मूरत तव प्रीत की प्रेम हिये न समाए ॥९॥
जन्मपत्रिका तव सुभग निरषि परषिसबरीत।
लै सम्मत सम गणकसों लिषिभेजिहों तुमप्रीत ॥१०॥
मौपैं निसदिन राषिये कृपादृष्टि अनुकूल।
भेजत रहिये पत्रिका कुशल सुमंगल मूल ॥११॥"

इस 'पत्रिका' से जहाँ कवि की रचना-शैली का पता चलता है, वहाँ इनकी प्रतिभा तो परिलक्षित होती ही हैं, साथ ही यह भी प्रकट होता है कि इन्होंने जीवन के सभी क्षेत्र और व्यवहार में कविता को अधिक स्थान दिया था।

(३) यह पोथी तीस पृष्ठों में समाप्त है। दोहावली आरम्भ होने के पूर्व विषय-सूची और कविताओं की सूची भी दे दी गई है। प्रारम्भ में लिखा है—

"सारन में छपरा जिला वरइ परगन जान।
ग्राम पटे ही वसतु हौं गंगसमीप प्रधान ॥४॥
चित्रगुप्त के वंश में श्रीवास्तव्य सुकाम।
है कायस्थ सुवंश में 'नग नारायण' नाम ॥५॥
छन्द भंग अनमिल वरन व्यर्थ उपमा होय।
कवि-कोविद तेहि क्रिपा करि शुद्ध बनावहु सोय ॥६॥
सम्वत् सखि ग्रह ग्रह वेद दिन दिनकर मिथुना जान।
कृपा देवगण से भयो ....।"

(४) कवि की यह कृति सं० १९४७ वि० की है। इस ग्रन्थ में मुख, केश, भृकुटी, नयन, नासाबुलाक, अधर, दशन हास्य, वाणी, भुजा, कटि, जंघ, चरन, पद-नख-शोभा, गति, तन, तन-सुगन्ध, भूषण, षोडश शृंगार, नख-सिख आदि के आधार पर भिन्न-भिन्न छन्दों में वर्णनात्मक रचना की गई है।

(५) पुस्तिका की पृष्ठ-सं० २३, २४ और २५ में चौपड़बन्ध, डमरूबन्ध, और वृक्षबन्ध की कविताएँ हैं। ग्रन्थ में दिये गये निर्देश से प्रतीत होता है कि इस प्रकार के चित्रात्मक बन्धपरक रचनाओं की कुल संख्या ९८ है।

(६) पृ०-सं० २६ से व्यवस्था-पत्र (लेक्चर) प्रारम्भ होता है। इसमें कायस्थ जाति और उसके विवाह, तिलक तथा अन्य सामाजिक कृत्यों के सम्बन्ध में व्यवस्था दी गई है। जैसे—

"श्लोक —अशुद्धः शुद्धतां याति शुद्धो भवति किल्विषी।
न च गंगा गया काशी जातिगंगा गरीयसी॥"

उल्था दोहा (उपर्युक्त श्लोक का अनुवाद)—
"होत अपावन पावनो पावन पापी जान।
नहि गंगा काशी गया गंगा-जाति प्रधान॥"

"दोहावली—यथा व्यवस्था—

प्रथम सुमिरि गणपति चरन गिरिजा पद धरि ध्यान।
समाचार मंगल कहों कायथ जाति प्रमान॥
भये पितामह काय ते चित्रगुप्त गुणधान।
द्वादश सुत तिन्हके भये जग मंह विदित प्रधान॥
श्रीवास्तव्य बसिष्ट पुनि माथुर अरु सकसेन।
कर्ण सूर्यध्वज गौड़ कहि अवर निगम सुख देन॥
अरिष्यन अम्बष्ठ अरु भटनागर कुलश्रेष्ठ।
ऐ द्वादस कायस्थ हैं दुर्गापद तेति इष्ट॥
चतुर विचक्षण शास्त्रविद धर्मशील जयशील।
प्रगटे ब श्रीवास्तव्यकुल 'मुंशी प्यारेलाल।'
देषि दशा स्थान की मन में कियो विचार।
ब्याह हौसिला के जलधि बुड़े सब संसार॥
खान्दान स्थान के केते बहुत कुलीन।
ब्याह समय अति खुर्च ते भये सकल धनहीन॥"

इसी प्रकार, इस व्यवस्था-पत्र में विवाह-समस्या-सम्बन्धी उपयोगी व्यवस्था दी गई है, जो पठनीय है। इसके अन्त में 'संवत् कार्त्तिक कृष्ण एकादशी, गुरुवार १९३०' लिखा है।

(१) 'दुर्गा प्रेम तरंगिनी' के प्रारम्भ होने के पूर्व 'प्रेम तरंगिनी' की व्याख्या के रूप में कुछ दोहे लिखे गये हैं, जो पृष्ठ-सं० १०१ में हैं। उक्त व्याख्या-भाग के अन्त में निम्नलिखित दोहा है, जिसके विषय में कहा जाता है कि इसे बाबू साहब ने मृत्यु के दो दिन पूर्व बनाया था—

"सम्बत् शशी ग्रह वेद निधि दिन कर मिथुना जान॥
कृपा देव गुरुते भयो शुभ समास अनुमान॥२५॥"

इससे सिद्ध होता है कि इनका देहान्त १९४७ में मिथुन राशि के उपस्थित होने पर हुआ था। यह इनकी सबसे अन्तिम कृति प्रतीत होती है।

(२) इसमें कोई सन्देह नहीं कि बिहार के इस गौरवशाली कवि की प्रतिभा विचित्र थी। इन्होंने न केवल संस्कृत और हिन्दी में ही पद्य-रचना की है, अपितु इनकी फारसी की भी रचनाएँ इस पोथी में हैं। कई स्थानों पर तो विषय को ही तीनों भाषाओं में, बड़े सुन्दर शब्दों में व्यक्त किया गया है। यह ग्रन्थ पठनीय और प्रकाशनीय है। ग्रन्थकार के 'बन्धों' के आधार पर की गई रचनाएँ अधिक द्रष्टव्य हैं।

(३) पृष्ठ सं० ३२ में, इनके मथुरा जाने पर पण्डा की बही में लिखी गई रचना है। पृ० ३६ में तम्बाकू के ऊपर लिखी गई एक कविता है। मथुरा के पण्डे की बहीवाली कविता सं० १६२८ में लिखी गई थी, जिसमें कवि के साथ ही परिवार के अन्य व्यक्तियों की भी चर्चा की गई है।

(४) ग्रन्थ में कविवर नगनारायण सिंह के अतिरिक्त प्रान्त तथा विशेषत: छपरा जिले के कई अन्य कवियों की भी कविताएँ हैं, जिनमें ग्रन्थकर्त्ता की ही प्रशंसा की गई है। इससे प्रान्त के कतिपय कवियों, साहित्यसेवियों के नाम, स्थान आदि का पता मालूम हो जाता है—(१) वंशावली तथा प्रशस्ति में, पृष्ठ-सं० ३६—पं० प्रयागदत्त, (२) पृ० सं०—३७ नावापार घमवली के पण्डित के आशीर्वाद, (३) रीठ ग्राम के छठु पण्डित की रचना। पृ० सं० ३८, (४) पं० हृदयगुरु। इनकी रचना पृ० ३८ में है—

"सद्देशे सरकार सारणवरे जिल्लासुछपराह्वये।
परगन्ना वरई शुभा सुरसरित्सौम्ये हरित्कोशके।
तत्रास्ते नगरी वरा शिवकरी विद्वद्भिराकर्णिता।
कूजत्कोकिलकीरसारमधुपव्यूहै पटेही वृता ॥१॥
आस्ते तत्र सुधामयूषविलसत्कीर्तिश्रिया मण्डितो।
विद्यायां कुशलो विवेकदिनकृत्सौजन्यरत्नाकर ॥
कायस्थानन्वपुंजगुंजितमधु भ्रातैरलंवाग्रसो।
नीहाराद्रिसुतासरोजपदसंध्याता नगादिनृंप ॥२॥

(५) मझौल के पं० राजमणि—पृ० ४० में। (६) पं० तिलक त्रिपाठी—ग्राम नरौली, थाना दरौली। (७) पं० यशोदानन्दजी, ग्राम-शीतलपुर (सारन)। (८) पं० जनारदन जी, पटेहीपुरवासी। (९) पं० गणेशदत्त पाण्डेय, पण्डितपुरवासी। (१०) पं० रामचरित्र त्रिपाठी, तकीपुर। (११) श्रीबाबू अयाशरणजी। (१२) श्रीबाबू अम्बिका-शरणजी। (इन दोनों ने बाबू साहब के देहान्त के बाद उनकी प्रशस्ति में रचना की है—पं० सं० ४३। (१३) बाबू रघुवीर दत्तजी। (१४) बाबू धनुषधारीप्रसाद सिंह। (१५) श्रीफुल्लेश्वर बाबू मोतीहारी (इन्होंने २१–७–१६२० को एक कुण्डलिया लिखी थी, जो पृ० सं० ५४ पर है)। (१६) श्रीसुरेश्वरीशरण सिंह, गोपालपुर, भागलपुर (इन्होंने अधिक ज्येष्ठशुक्ल पंचमी, रविवार सं० १६८० वि० को बाबू साहब की प्रशंसा में लिखा)। (१७) बाबू राजेन्द्रप्रसाद सिंह (ये सम्भवत: कविवर नगनारायण सिंहजी के पुत्र थे। इनकी रचना 'चित्रकाव्य' और 'दोहावली' के रूप में पृ० ५५ से ६० तक में है; जो ११-११-१६१६ वि० की है। इन्होंने एक स्थान पर वर्णन करते हुए लिखा है—' गोरी नाइन पातरी लचकि

लंक गति मौन। नैनन चितको चोरती उरज उचकि भजि भौन ॥३॥ अधर लाल कुंचित अलक दीरघ चख वरवाम। दसन दाबि हँसि सैन कर चली जात निजधाम ॥४॥" इन्होंने 'परिसंख्या' अलंकार में छप्पै की रचना की है। जो पृ० सं० ५७ पर है। (१८) बाबू जानकी दास। (१६) बाबू वृन्दावनबिहारी। (२०) बाबू मुनेश्वर दत्त, (२१) बाबू रघुवीर नारायणसिंह। (२२) बाबू मंगलप्रसादसिंह। इस प्रकार, स्पष्ट ज्ञात होता है कि बाबू नगनारायणसिंह के साथ कवियों का एक विशाल परिवार रहता था, जो सदैव साहित्यिक चर्चा किया करता था।

श्रीबाबूराजेन्द्रप्रसाद सिंह भी हिन्दी, संस्कृत और उर्दू-फारसी में रचना करते थे—

(क) वनिता के ठुढी ल से छोटी तिल अभिराम।
मानो भँवरा कञ्ज भ्रम खटपट कियो विश्राम ॥१॥ (हिन्दी में)

(ख) अन्दर जे दखंदाँ खाल दिलवर बा स्याही ज़ेबदार।
हम चो अन्दर नीलोफ़र ज़म्बूर ज़ेबद आबदार ॥२॥ (फारसी में)

(ग) सनम के ठुढि के भीतर सियाही तिल के यों झलके॥
कमल के वर्ग भीतर में भँवर रस लेन को ललके ॥३॥

पृ०-सं० ७२। (उर्दू में)।

(६) पृ० सं० ४७ से ४६ तक कवि की 'विरहिनी प्रश्नोत्तरी' नामक रचना दी हुई है, जिसमें बुलबुल, कबूतर आदि के माध्यम से कवि ने विरह-वर्णन किया है जो मनोरम, हृद्य तथा प्रभावशाली है।

(७) इस ग्रन्थ की लिपि स्पष्ट है, किन्तु प्रतीत होता है कि लिपिकार ने भिन्न-भिन्न समय पर लिखा है, अतः लिपि तथा स्याही में भिन्नता है। ग्रन्थ में कवि की रचनाएँ—जीवनी, प्रशस्ति-काव्य तथा विभिन्न बन्ध-क्रमहीन और अस्त-व्यस्त रूप में हैं, अतः पुस्तकाकार मुद्रण के पूर्व क्रम आदि ठीक करना उपयुक्त होगा।

यदि इस पोथी के आधार पर (ग्रन्थ में आये विभिन्न व्यक्तियों तथा कवियों की रचनाओं की) खोज की जाय, तो साहित्य की तो बहुत बड़ी सामग्री मिलेगी ही, 'बिहार के साहित्यक इतिहास' के निर्माण में भी बहुत बड़ा सहयोग प्राप्त होगा और बिहार के छपरा जिले से सम्बद्ध इन कवियों की एक विशाल परम्परा का पता लग सकेगा।

यह पोथी 'बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्' के तत्कालीन मन्त्री आचार्य शिवपूजन सहायके द्वारा प्राप्त हुई है।

२१. शिवसागर—ग्रन्थकार—शिवनाथदास। लिपिकार—×। अवस्था-अच्छी। प्राचीन हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं० २३०। प्र० पृ० प० लगभग ४०। आकार—१०"×६"। भाषा-हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—पौष शुक्ल पंचमी, सं० १८५०।

प्रारम्भ—"शतनाम ।। ग्रन्थ शीवसागर । भाखल....शीवनाथ दाश फकीरह ।
प्रथमं ही बंदो शत पुरुख पुराना । जाकर जाप करहो भगवाना ।।
तब पगु बंदो अलख जगदीशा । बीमल नाम मंनी पावो पदमूला ।।
ब्रमा विश्नु बंदो गौरी महेशा बंदो गनपति अवही गनेशा ।।
वंदो राम क्रीशुन जग्रनाथा । भग्तवछल भग्ते ही शंनाथा ।।
ब्रनो श्रीशती जमुन सेंधु गंगा । ब्रनो अहीपती अंक पतगा ।।
बंदो माता आदि जोती कै प्रना । जाकें शुरनर मुनी ध्यान धरेशा ।"

अन्त—"पुत्र पुत्री रहे मांतु पीतु भरोशे ।। गाफील रहे शदैव नैते हो पोशे ।।
दौशे हंमरन्ही रहीले आपुक आशे रही दुरंतरमू भ्रान्ति कट रहो पाशे ।
रहीहो चेत नीशती जुग्ती जो गहो दुमंती कुमंती रही जीभ्ह्रो छेमंशना ।
तेलपा शेवका ऐक शनेही ताके नाउँ, राखे वो प्रेम वोर छोर प्रशेवो पाउ ।
ग्रन्थ शपुरनं प्रेमगती भाखल जन शीवनाथ गहंता शुनंत कहंता पठे प्रेमशों
करीहे शाहव तेहो शतगुरु के हाथा.... ।
छं०.... ४८ भाखा पान ब्रंभ प्रमेशर शें रीखि कुंभजे पूछा
कुंभ जोरिके शुजशंजनके भग्तौ महोमा ग्यान वीराग वीवेक शी
गुंन शदैव देत त्रिप नंरके ....जोग जुग्ती शंमांवो जगमें वीद्वा
वेदकितेव शास्त्र मंत्र तांहा शहारे ...। में जाके जांहा शीवत्रीथ ब्रत मख
दान क्रीती शेवाशंत.... जोगी मुंनी तांहा देंही ....।

सोरठा ।

फलचारी देंही क्रतार अरयधरमकांममोक्षशो
हंश उतरी भवपार कर गही हंश के लोक ले आवही '

विषय— दर्शन, निर्गुणधारा ।

टिप्पणी–(१) इस ग्रन्थ के निर्माता शिवनाथदास एक दरियापन्थी सन्त प्रतीत होते हैं । इन्होंने स्थान-स्थान पर सन्त दरियादास के नाम का स्मरण किया है तथा उनके प्रति श्रद्धापूर्ण विचार व्यक्त किये हैं—

'दरीया शाहबकर दाश मै दरीआ मोर शतगुरु'

यह पद प्रारम्भ की पहली साखी का है । पोथी के अन्त में भी कवि ने गुरु के सम्बन्ध में निम्नलिखित विचार प्रकट किये हैं—

गरंथ शपुरंन पत्रचारीशै भाखा
ताहीके छोट छोट हुरुफ....।।
जो देखा लीखा शो भाखा कही दीन्हा ।।
गुनगंमी नाम दीपक हीरें कीन्हा ।।
अभीलाख शास्त्र के शो शाहवे पुरावा ।।

(२) ग्रन्थकार ने अपनी रचना में सन्त दरियासाहब के समान ही सतपुरुष, निरंजन आदि के द्वारा निर्गुण-साधना की स्थान-स्थान पर विवेचना की है । प्राय: इस

प्रकार का विवेचन कुम्भज और साहब के आपसी वार्त्तालाप के से दिया गया है। अतः, कई स्थानों पर जब किसी सैद्धान्तिक पक्ष की पुष्टि की गई है, तब वहाँ 'कुम्भजो वचनं' पश्चात् 'साहब वचनं' ऐसा लिखा है—

' शाहन के पारे का जोग कमावे: ॥
जोग जुगुतीनीजु शार है जोगवीनानाहींशीख
जोग वीनु कीमो मुकुती है जोग वीनु रंकभीनीच
अश्टांगमंत जुगुती जोगशाधे . वीलाब्रह्मनिरंजनं
वोरंचोवीशनुशीधनांद शान्दशेशगंनेशवमुनी जंनं
धंकालोमश गोरखनाथ नव शीघचोराशीशुरनरंनः
जोगशेंगेवंशघलोकमुकुंशीघुखभंप्रदाजनघनं
सोरठा—
मगनाम गहेतेहीशाथ अमरलोक शो जनगए
शुनो कुंभज शीश दे: भाव भगतीजोगे: जगत रे"

इस प्रकार योग के साथ नाम-स्मरण की ओर संकेत करते हुए कवि ने लगभग बीस पंक्तियों में योग की महिमा गाई है। यह उद्धरण पृ० २३, २४ और २५ का है।

ग्रन्थ में साधु-सेवा, भिक्षाटन, प्रेम, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का विवेचन किया गया है। एक स्थान पर—

"शंतशुकीत वीनुमुकुंतीनाहोई जम हाथें मुंनीपंडीतजगगहई
नीगुननीरंजन शगुनजोभरवी . सोगुनध्यानों तीन देव
देवादेई व्रत तीथ दानं....।"

(३) ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है। प्रतीत होता है, लिपिकार और ग्रन्थकार दोनों एक ही हैं। लिपिकार ने अन्त में लिखा है "शंमत १८५० में ग्रन्थ शीवनाथ शागर भाखल लीखल भइल तेलपा के मठ में मांश पुश पंचमा।"

(४ ग्रन्थ में, भोजपुरी और सधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग किया गया है। ग्रन्थकार का सम्बन्ध तेलपा मठ से था, जो सम्भवत सारन जिले में है। पोथी अनुसन्धेय है। विचार स्पष्ट है और सन्त श्रेणी की महत्त्वपूर्ण रचना प्रतीत होती है।

यह पोथी डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री, उपनिर्देशक, शिक्षा-विभाग (बिहार) के सौजन्य से प्राप्त हुई।

२६. हंसमुक्तावली—ग्रन्थकार—सन्त धर्मदास। लिपिकार—खरगेदास। अवस्था—अच्छी। हाथ का बना, मोटा देशी कागज। पृ०सं० ५२। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। आकार—५½" × ६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचना-काल—अप्रसिद्ध। लिपिकाल आश्विन कृष्ण द्वादशी, शनिवार। सं०१८५४ वि०।

प्रारम्भ—"साहब की दयां सो लिषते श्री ग्रन्थ हंसमुक्तावली ।। गीतका छंद ।।
धर्मदासौ वचनं धर्मदास विनय कर ।। विहसि गुरुपंकज गहे ।
हो प्रभु होहु दयालं । दासचि अति देहु ।।
आदनाम सरूप सोभा । प्रगट भाष सुनाईए ।
कालदारुन अति भयंकर । क्रीट भ्रंग बनाई ऐ ।।
शतगुरोवचनं ।। आदनाम निह अछर अषिलपतिकारनू ।।
सो प्रगटे गुरुरूप तो हंस उबारनू ।।
सतगुरुचरनसरोज जेजनमन ध्यावहीं । जुरामरन दुषनास्त अचलधरपावहीं
महाकाल अहिदारुननाम है षगपती । मायामोहतमपूज दहन रवि तें अती ।।
गरलसुभावसोमनकर ।। नाम पीडषनदुराधर्ष काम अमित विध ।।"
अन्त—'धर्मदासौवचनं ।। हे प्रभु संसैगत अव आसिकदीजीऐ ।।
निज किंकर यह जान दयामोहेकीजीऐ ।।
सतगुरोवचनं ।। दीन्हेंउंतोहे अभै पद संत समजनेउ ।।
ईछ्या संभव अतिहितअस अनुमानेउ ।।
छंद ।।३५।। अनुमानहित डिढ़आसिका ।। विविअग्रचालिससंभवा ।।
अपवर्गतेहे अविचलमई ।
भवभेद गयदुहुकरभवा ।। नादसापाअसंषजुथ ।। जेहि विघनसोभापावही ।।
गज गिरजोकुंभकजलजउपजै ।। अनतछविकंहपावही ।।
नदी विन जल पौंन विन वल ।। चंद विन जिमि जामिनि ।।
तिमि नाद विननहिवींर सोभित ।। समुझधमनि आमिनि ।।
ईछ्यामंभवअभिमनसुतजनकपुंगेवजावयउ ।।
ईसभक्तलीनअधनता बिन ।। परम पद नहीं पायउ ।।

छंद

तोंहे देषदीन अधीज धर्मनीता हेतैं मनराचेउ ।। नादवींद अधोनता जिन ।।
हंस सो फल चाखेउ ।। मानसरोवर हंस विहरत कमल जुथमिरनाल का ।।
चुगतमुक्तापरमजुक्ता दरसतेहि अबघालका ।।
तिमिहंस प्रति मुक्तावली ।। सुनकै जो सादर गावहीं ।।
सतगुर क्रपा परसाद अविचल ।। अहै सुषधरपावहीं ।।
परसंग उतरतरनि दुहुतर ।। लौलनसुर्तजोराष हैं ।।
कामदिषलदलजीतकैं अपवर्ग अमिंत सोचाष हैं ।।
धर्मदास समोधनारस ।। पर्म वित्त सुनायऊ ।।
वैरगुलुविधीरंकजिमी ।। भागंन परसमनपायऊ ।। जनमजन्म पातिकमिटै
गुरनाम विरद जोगाय है ।। कहैं कवीरपरचारतेहे ।। आराम आलै पाय है ।।
ऐते श्री ग्रन्थ हंसमुक्तावली ।। संपूर्ण ।। सुभमस्तु ।। समाप्तं ।।"
विषय—दर्शन, निर्गुण-साहित्य ।

टि०—(१) यह पुस्तिका कबीर साहब और धर्मदास के प्रश्नोत्तर के रूप में रची गई प्रतीत होती है। इसमें 'धर्मदासो वचनम्' से जीवन, मुक्तिनाद, बिन्दु, ध्यान, भक्ति-विधि आदि विषयों पर प्रश्न किये गये हैं और 'सतगुरो वचनम्' से प्रश्न का समाधान किया गया है। ग्रन्थ सुपाठ्य और विवेच्य है।

(२) ग्रन्थ की लिपि-शैली प्राचीन है। लिपिकार एक कबीरपन्थी साधु हैं जिन्होंने 'सिघोरी' मठ में श्री श्रुतस्नेही दासजी की आज्ञा से ग्रन्थ की लिपि की है। जैसा कि अन्त में—' ग्रन्थ हंसमुक्तावलीसंपूर्ण ॥ सुभमस्तु ॥ समाप्त ॥ संमत १८५४ ॥ के साल ॥ महीना ॥ कुवार ॥ क्रस्नपछ ॥ तिथ द्वादसो ॥ वार सनीचर ॥ अस्थान सिघोरी ॥ गोसाईं सुर्त्त सनेही साहेब के हजूर मैं लिखा ॥ वैरागी षरगे दास ॥"—लिखा है।

(३) ग्रन्थ की समाप्ति के बाद 'पाताल पांजी' और 'वंशावली' नाम की पुस्तिका ६ पृष्ठों में है। इसमें कबीर के कुछ स्फुट पदों का संग्रह प्रतीत होता है। पुस्तिका, अनीसाबाद (गर्दनीबाग, पटना)–निवासी अखौरी गुरुशरण-प्रकाश के पास सुरक्षित है। इस ग्रन्थ का परिषद् में यथादर्श चित्र है।

२७. शब्द— ग्रन्थकार—कबीरदास। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या —१२२। प्र० पृ० पं० लगभग-२२। आकार—६ × ५३/४। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"प्रथम वचन रमेनी—अंतरजोती शब्द ऐक नारी ॥
हरि ब्रह्मा ताके त्रीपुरारी ॥
तेत्री ... अनंता ॥ काहुन जानल आदि आ अंता.... ऐक बीधाता कीन्हा ॥"

अन्त—"हम कुसेवक तुम प्रभु आना ॥ दुइ मह दोस काही भगवाना ॥
हम चली अइली तोहरे सरना। कतहु ना देखो हरी के चरना ॥
हम चली अइली तोहरे पासा। दास कबीर भल कइल नीरासा ॥११३
सब्द संपुरन हुआ '

विषय—कबीर-साहित्य।

टि०—(१) इस पोथी में कबीरदास ने अपने सिद्धान्तों का विषय विवेचन किया है। ग्रन्थ पठनीय है।

(२) ग्रन्थ की लिपि प्राचीन और अस्पष्ट है।
यह ग्रन्थ, अनीसाबाद (गर्दनीबाग, पटना)–निवासी अखौरी गुरुशरण प्रकाश के पास सुरक्षित है। परिषद्-संग्रहालय में इसका यथादर्श चित्र संगृहीत है।

२८. श्रीरामार्णव—ग्रन्थकार—ज्ञामदास। लिपिकार—शिवबोध तिवारी। अवस्था—प्राचीन, जीर्ण-शीर्ण। पुराना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—३१२।

प्र० पृ० पं० लगभग–३६। आकार १० × ६। भाषा—हिन्दी। लिपि–नागरी। रचनाकाल– ×। लिपिकाल–वैशाख, शुक्ल तृतीया, सं० १९५३ वि०, बृहस्पतिवार।

प्रारम्भ—

दोहा ॥१॥ "तन ए बिहिन मलिन नृप जिमो सुमंत समुझाई ॥
ऐहि तरंग सोई बर्णिहो रिषी आगमण उपाई ॥

चौपाई ॥

बसै अवघ दसरथ महिपाला। बरनि सकै को बिभव बिसाला।
सरजु तिर अवधपुर सोहु द्वादस जोजन आपतजोहु
बिस्तर जो जणतिनि निहारो।
बसहि तहा निर्मल नरनारि। जहा अपुनि तन कोऊ निहारे।
नहि अबद बितबिबिधि बिचारे।
नहि असुर बाहुज तहा कोई। दया बिना बैश्वन जोइ।
सेवा बिना सूद्र तहा नाही। कोस्य धर्म तजि पगुण धराही।
अंसपन नहिकोऊ तेही माही। धनपति लघु रुषितेन्ह रूब काही।
कोउ न असुन्दर तेहि पुर जोहे। सबही बिलोकि मारमण मोहे।

छंद ॥

यण मोही मार निहारो सब कह रूप रासि प्रकाशि है।
असतीन तहातिय देषि तिन्हके रूप पररति हासि है।
गजबाजिबृंदबिलोकिसिधरहरिहयलाजही।
नहि गाई जातबिभूतिअवध अकृतिसुषमा साजही।

दोहा ॥

मंत्र आठ महिप के इगितज्ञ सबकोई।
राजकाज समुझहि सदा सपनेहु अवरन जोई।"

अन्त— 'निकसिनगरबाहरप्रभु आए। जनुघनतेबिघुउदयदेषाए।
कोटिकलानिधिकेछबिछाजहि। बामभागपुनिरमाबिराजही।
स्वेत सरोरुह सोहत हाथा। गमनकरत सोउरघुपति साथा।
शोण कुंजकरदक्षिणभागी। चलिभूमिदेबिअनुरागि।
शस्त्र सहित बिधानधनुतीरा। चले संगधरि पुरुष शरीरा।
बेद बिबुधकरि द्विजबरदेहा। चले राम संगसहितसनेहा।
बेद मातुजुत प्रण बसि धाई। गवने सनकादिक रिषीराई।
महा भूमिधरधरेशरीरा। गवनहि राम संग धरिघोरा ॥

दोहा ॥

अंतहपुर नरनारी जो बालबृद्ध समुदाई।
भरत शत्रुहन सहित सब रघुपति संग सिघाई।

चौपाई ॥११॥

लघुबिशालपुर के नरनारी। सबकोउ रघुपतिसंगसिधारी।
षुलेरामअपवर्गकेबारा। जढ चेतनमनमुदित सिधारा।
सुग्रिवहि देइ बानर भालु। चले संग सब सुषी बिशालु।
अंतरहितपुर महजोकोऊ। रघुपति संग चले सबसोऊ।
निसोचर निकर सिधावहि संगा। किहे राम पर प्रेम अभंगा।
जीव चराचर अस नहि कोई। रहे अवध तजि रामहि जोई।
सेत बसन परिधान अन्हाने। नहीं कोउ दीन दुषीदेषराने।
नहिकोउजंतु अवधमहरहेउ। सबहि राम संगचित्तचहेऊ॥

दोहा॥

गवनेऊ जोजन अर्द्ध इमितहा लषिसरजुनीर।
जग असेप निजहियनिरषी मुदित भएरघुबीर।

चौपाई १२॥

तेहि अवसर चतुरानन आये। अमित बिमान गगन मह छाए।
अति प्रकासमय भयउ अकाशा। बहु सुषदायक बहत बतासा।
हरषि बिबुध प्रसुन झरि लावहि। करहि गान सुरनारीनचावही।
सरजु जल पदपरशि उदारा। तबहि पितामहबिनय उचारा।
कहत जोरीकर कृपानिधानहि। पुरुष पुराण प्रभुहि हम जानहि।
आनद रुप एक अबिनासी। जगतपालपति बेदप्रकाशि।
करिकृपाल ममविनय। सदा भक्तहितबेदबषाना।
करि सानुज निज देहप्रवेशा। पालहु अषिल भुवनअमरेशा॥

दोहा॥

एहिभाति बहु बिनय करि कीन्ह बिरंची प्रनाम।
निज मन भबित करिउ प्रभु सदा सुजन सुषधाम।
इति श्रीमद्रामचरित्रेरामार्णवेसकलपाप प्रशमने बिमलविग्यानानन्यभक्ति-प्रदायके उमामहेश्वर संवादेसप्तमार्णवे रामप्रयाणवे २१ तरंग।"

विषय—रामचरित्र-काव्य।

टि०—(१) यह ग्रन्थ लगभग २०० वर्ष का प्राचीन है। ग्रन्थकार झामदास ने यद्यपि अपने विषय में कुछ भी नहीं लिखा है, प्रत्येक काण्ड के अन्त में केवल अपना नाम दे दिया है; तथापि ज्ञात होता है कि झामदास मिर्जापुर जिले के अकोढ़ी नामक ग्राम के निवासी थे। यह ग्राम पूर्वीय रेल-पथ के विन्ध्याचल स्टेशन से एक स्टेशन आगे अष्टभुजा के करीब 'विरोही' स्टेशन के सन्निकट है।

(२) ग्रन्थ और ग्रन्थकार के विषय में निम्नलिखित बातों का भी पता चला है—झामदास की एक विधवा पौत्रवधू हैं। ग्रन्थ में अयोध्याकाण्ड और

सुन्दरकाण्ड नहीं है। दोनों काण्ड क्रमशः प० रामयज्ञ तिवारी और उसी ग्राम के एक साधु के पास है। ग्रन्थ और ग्रन्थकार के विषय में अन्य विशेष बातों का पता उसी ग्राम के एक जमीन्दार तथा पत्थर और कपड़े के व्यापारी ठाकुर राजधारी सिंह से चल सकता है।

(३) पोथी में—बाल, अरण्य, किष्किन्धा, लंका और उत्तर—ये पाँच काण्ड हैं। इन काण्डों की पृष्ठ-संख्या उसी पोथी में ही पृथक् दी हुई है; जो क्रमश ४८,३७, ४०, १२२ और ६५ है। लिपिकार ने इन काण्डों को भिन्न-भिन्न समय में लिखा है और सभी काण्डों के अन्त में लेखनकाल पृथक्-पृथक् दिया है, जो इस प्रकार है—

(क) बालकाण्ड—(कथावस्तु की समाप्ति के पश्चात् कवि ने अपने विषय में लिखा है)—

"छन्द ॥

निगमादि पाउनपार अति अधिकार जस जागृन महा।
संतत सुहावण पतित पावन जानी जन ज्ञामहु कहा।
एह सियराम बिबाह अति उत्साह मंगल करन हैं।
गावत सुनत नरनारी जो ताके अमगल हरन है॥

दोहा ॥

गावत सुनत सप्रेम जो नर नितो नेम निहारी।
बसत सदा ताके निकट अविचल अवधविहारी।१३।
कलिमल हरण सरिर अति नहि लषि अपर उपजाइ।
एह रघुपति गुन सिधुमरु मज्जत उज्जलताइ।१४।
वर्ण अलंकृत छंदरस कबित भेद बहु धाइ।
होनहि जानत एक उर सत्य राम गुन गाइ।१५।
अधम उधारण राम के गुण गावत श्रुति साधु।
ज्ञामदास तजि त्रासतेहि उर अंतर अवराधु।१६।
दिनबंधु रघुबिर के बानु सकल जग जानु।
ज्ञामदास उर आस यह नहि उपाय कक्षु आनु।१७।

इति श्री मद्रामचरित्रे रामार्णवे शकल पाप प्रसमने बिमल विज्ञानानन्य-भक्तिप्रदायके उमामहेस्वर संवादे प्रथमार्णवे अजोध्याभिनिवेशो नाम पचत्रिसस्तरंग ३५ शोरठ १ दोहा १७ चौपाई १०४ छन्द ११ सब १३३ श्लोक ११ सोरठ ९९ दोहा ४२२ चौपाई ३५९८ छन्द १०० सब ४२०० श्री संमत १९५९ मीती माघ बदी ८ बार मंगर लिषा सीवबोध तेवारी गाव अक्रोधपुर।"

(ख) अरण्यकाण्ड (इसकी कथा 'शबरी' की वन्दना के साथ समाप्त होती है)।

"दोहा ॥

करि एहि बिधि बिनति बिपुल जोग अगिनि तनुजार ।
शेवरीरघुपतिभजनबल रघुपतिसदनसिधाई ॥
अधम जातिहरिभजनवल पाइ मुक्ति जगजानु ।
जो उत्तम कुल भजतहो तो करिकहाबखानु ॥
राम चरण सुरधेनुसम सेवतसबकहसुषदानी ।
झामदास विस्वासकरि सुमरिहुआनदखानी ॥

इति श्रीमद्रामचरित्रे रामार्णवे सकल पाप प्रशमने बिमल विज्ञानानन्यभक्ति प्रदायके उमामहेस्वर संवादे तृतीयार्णवे सेवरी मोछ पावनेनाम नवमहतरंग ९ इति संपुण ॥ श्री संमत १९६६ मीती फागुन वदी ६ लिखा सीउबोध तेवारी वार बुध, गाव अकोढी ॥ राम राम राम राम ॥"

(४) किष्किन्धाकाण्ड—"सोरठा । सकल संकभवबंक बहु कलंकनाना दुषद महाबीर श्रुति अंक रसना रमत धिलास तब ।

दोहा ॥

एहकलिपारावारमह परोनपावतपार ।
झामराम गुन गानते बिनु प्रयास विस्तार ।

इति श्री मद्रामचरित्रे रामार्णवे सकल पाप प्रशमने बिमल विज्ञानानन्य भक्ति प्रदायके उमामहेस्वर संवादे चतुर्थार्णवे समुद्रसंतरणे निचपानामैकादसमस्तरंग ॥ ११ दोहा ॥ २०६ चौपाई १५७६ छन्द २५ सोरठा २६ । इति श्री चतुर्थार्णवे बरननं समाप्तम शुभमस्तु संमत १९५३ मीती बंसाष सुदी ३ बार बृहफइ लिषा शिवबोध तेवारी साकीन अकोढी ।"

(५) लंकाकाण्ड—"पापपंकतनलसितअतिबिनुश्रमसकलनसाई ।
झाम रामचरितार्णव जीसहप्रेम अन्हाई ।
कलि कानन अघ आध अति बिकटकुमृगन्हसमानु ।
हरि जस अनल लहं इतंग्यानविरागकृपानु ।
झामराम सुमिरन बिना देहन आवै काम ।
इतै उतै कतहु नहि जयाकृपिन कर दाम ।
राम भजनते काम सब उभय लोक आनंद ।
ताते भजुमन मुढ अब छोड़ी सकलजगफंद ।

इति श्रीमद्रामचरित्रे रामार्णवे सकलपापप्रशमने बिमलविज्ञानानन्य-भक्तिप्रदायके उमामहेस्वरसंवादे षष्ठार्णवे रामराज्योपालम्भनो नाम द्वात्रिंशस्तरंग ॥३२॥ सोरठा ४४ दोहा ५५१ ॥ चौपाई ४०६५ ॥ छन्द ११४ ॥ इति श्री षष्ठार्णवे बर्णनं समाप्तम् रामार्णव

शास्त्र आनंदरूपिनंम् । श्री संमत १९६४ लिखा शिवबोध तेवारी जिला मिरजापुर, थाना बिन्ध्याचल, गाँव अकोढी, संमत १९६४ मिती कुआर बदी १ बार इतवार ।"

(६) उत्तरकाण्ड—(इस काण्ड की कुछ अन्तिम पंक्तियाँ प्रस्तुत ग्रन्थ के परिचय के प्रारम्भ में 'अन्त' शीर्षक अवतरण में लिखी जा चुकी हैं, उसके बाद की अन्य अन्तिम पंक्तियाँ इस प्रकार हैं)—

रामदास पदपाई ज्ञामदास मृगपतिसूषनस्यारहिकाई
कहाचंद्रमा गगन में कहा चकोर दीतीमाही।
ज्ञाम जोहि से नेहरी तोहि तेइ निकट देषाही राम राम
सम्बत् १९५८ मिती माघ बदी ७ बार शुक्रबार लिषा शिवबोध तेवारी, गाँव अकोढ़ी में ।"

इस प्रकार, लिपिकार द्वारा सभी काण्डों के अन्त में दिये गये विवरण से कई बातों का संकेत मिलता है—

(क) किष्किन्धाकाण्ड के अन्त की—"महाबीर श्रुति अंक रसना विलास तव"—पंक्ति से ग्रन्थ-रचनाकाल का स्पष्ट संकेत नहीं मिलता है। प्रतीत होता है, १४१९ को संवत् है, जब इसकी रचना को गई है। इसके अतिरिक्त (ख) उत्तरकाण्ड के अन्त में 'रामदास पदपाई ज्ञामदास' पंक्ति से इनके गुरु का नाम 'रामदास' था, ऐसा बोध होता है। सभी काण्डों के अन्त में दी गई, दोहे, चौपाइयों, सोरठों और छन्दों की सूची भी विवेच्य है।

(४) ग्रन्थ की लिपि पुरानी, किन्तु स्पष्ट और सुन्दर है। लिपिकार का निवासस्थान ग्रन्थकार के ही ग्राम में था। यह ग्रन्थ हिन्दी-साहित्य के लिए गौरव की वस्तु है। इसमें श्रीगोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस कौ शैली का अनुकरण किया गया है। कथनक भी प्राय: बैसा ही है। किन्तु, ग्रन्थकार ने इस कथानक के वर्णन को कहीं-कहीं विस्तृत भी कर दिया है। कई स्थानों में ग्रन्थकार की स्वतन्त्र सूझ, विशिष्ट कल्पना और बोझिल वर्णन-शैली के रहने से प्रस्तुत ग्रन्थ में विशेषता आ गई है। सम्भव है, इस पोथी के अनुसन्धान से हिन्दी-साहित्य को एक नई दिशा मिले। यह ग्रन्थ श्रीवागीश्वरी पुस्तकालय, उनवाँस, डाकघर—अन्दौर, शाहाबाद से प्राप्त हुआ। [उक्त पुस्तकालय को यह ग्रन्थ २६ मई, १९२९, रविवार को, श्री सर्वदानन्द सिंह (काशी) के सौजन्य से प्राप्त हुआ था। श्रीसिंह मोगलसराय से पूरब धीना रेलवे-स्टेशन के स्टेशन-मास्टर थे]।

२३. **श्रीब्रह्म-निरूपण**—(सटीक) ग्रन्थकार—सन्त धर्मदास। टीकाकार—भजनदास। लिपिकार—मंगलदास साधु। अवस्था -अच्छी, प्राचीन, देशी कागज। पृष्ठ-सं० २२५। प्र० पृ० पं० लगभग—२५। आकार--१२"×८"।

भाषा—संस्कृत और हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल— प्रसिद्ध । टीकाकाल—ज्येष्ठ, शुक्ल तृतीया, गुरुवार, सं० १९२३ । लिपिकाल—पौष, शुक्ल चतुर्दशी, सोमवार, सं० १९३२ ।

प्रारम्भ—(मूल) "सतनाम ॥

सतनाम सुक्रित आदली अज अचित पुर्स मुनि ॥
इकरुनामै कबीर सुर्तजोग संतायन धनी धर्मदास ॥
मुक्ता मणि नाम ॥ सुदर्शन नाम कुलपति नाम ॥
प्रमोध गुरु बाला पीर ॥ कवल नाम ॥ अमोल नाम सुर्त सणेही नाम ॥
हक नाम पावक नाम ॥ प्रगट नाम ॥ साहेब चार गुरुवंस ब्यास ॥
ब्रह्मनिरूपणं नाम ॥
॥ ऊँ नमाभ्यादि ब्रह्म सर्ब्बं कारणं कर्णं तथा ॥ तद्रूपं ॥
सद्गुरुं बन्दे कर्म रेषा प्रशांतये ॥१॥ छ ॥ छ ॥ छ ॥
सद्गुरोः पादपद्मं ये निशं ध्यायंति मानवाः ॥ नास्ति ॥
दुखः भयं तेषांजन्म मृत्युश्च नो तथा ॥२॥

परम पुरुषाय नमः सत्सुकृताय नमः ॥ दोहा ॥
आदि ब्रह्म सत्पुरुष गुरु उरधर करके ध्यान ।
बारबार वंदन करूं दुष हर कर कल्यान ॥१॥
मंगल रूप प्रकाश गुरु संत कबीर कृपाल ।
बंदो प्रथमारंभ में साहेब दीन दयाल ॥२॥
सत्सुकृत सुकृत करो भाषाकरण हमार ।
बिघ्न बिनास फल मंगल नाम तुमार ॥३॥
प्रगट नाम गुरु प्रगटहे संकट टारन हार ।
धीरज धरम प्रकाश जग धीरज नामजसार ॥४॥
अंस वंस सब सतगुरु भये होय अरु आहि ।
सबकूं मेरी वंदगी बारबार करूं जा चाहि ॥५॥
ब्रह्म निरूपन ग्रंथ के संस्कृत श्लोक विचारि ।
भाषा सुगम बनाइके करन चहूं निरधारि ॥६॥

आदिब्रह्म ऊँनमामि० कि दृश्यमादिब्रह्म० सर्वकारणं० तथा करणं ॥ तद्रूपं सद्गुरु० कर्म रेषा प्रशातये० अहं बंदे० इत्यन्वयः ॥१॥ टीका ॥ अनंत रूप प्रकाशमान ऐसे सत्पुरुष की प्रेरणा धर करिके अमरलोकते आये कबीर साहेब ॥ जगत मे बाधू गढ नग्रके विषे धर्मदास प्रति शंसय निबारणार्थं ब्रह्मनिरुपण संस्कृत भाषा करिके कहते भये ॥ तिनकी प्राकृत भाषा करिके सुगम बिचारणार्थं ॥ टीका ॥ यथा बुद्धि चार गुरुबंस बियालीस की कृपा से कह देता हूँ ॥ आदि ब्रह्म ऊँनमामि नाम० आदि ब्रह्म सत्पुरुष जो है तिनोकूं मै ऊँकार सहित नमस्कार करता हूँ ॥

आशंका वे आदिब्रह्मतो अनादिकाल के स्वतः सिद्ध है तिनोकूं आदि ब्रह्म क्यौं कहिये ॥ तहां कहेते हैं ॥ जा कालके विषे जगत की उत्पत भई ताके आदि प्रथम ब्रह्म है ताते आदिब्रह्म कहिये ॥ तिनोकूं मैं ऊँकार सहित नमस्कार करता हूँ ॥ यहाँ ऊँकार को क्या प्रयोजन है ॥ तहाँ कहते हैं ॥ ऊँकार जो है सो अकार उकार मकार बिंदु अर्धमात्रा संयुक्त है ॥ वा मे स्थूल सूक्ष्मादि बहुत प्रकार के भेद हैं तिनो में से परापस्यंति मधिमा वैषरीबाचा चतुष्टय ग्रहण करिके नमस्कार करते हैं ॥ वा पालन पोषन अर्थ ग्रहण करिके ग्रंथ आरंभ के लिए नमस्कार करते हैं ॥ कि दृश्यमादिब्रह्म नाम वे आदिब्रह्म कैसे हैं सर्वकारण नाम समग्र जगत के कारण रूपी हैं ॥ आशंका ॥ कारण दो प्रकार के हैं ॥ निमित्त कारण—उपादान कारण ॥ जो कार्य सहबर्त्तमान रह्यो है सो उपादान कारण कहिये जैसे सुबर्ण के भूषण अरु मृतुका के घट यह उपादान कारण कहिये ॥ अरु जो कार्य ते भिन्न रह्यो है सो निमित्त कारण कहिये ॥ जैसे चक्र डंड कार्य करिके भिन्न है इनकूं निमित्त कारण कहिये ॥ ऐसे वे आदिब्रह्म जो है सो निमित्त कारण है वा उपादान कारण है तहां कहे हैं वे आदिब्रह्म जो है सो निमित्त कारण है तिनो की सत्ता रूपी निमित्त सें ॥ जगत रूप कार्य बन्यो है ॥ अरु आम जगत से भिन्न है ताते निमित्त कारण कहिये ॥ अरु माया उपादान कारण है सा कार्य सहवर्त-मानरहित है ताते उपादान कारण कहिये ॥ आशंका ॥ ब्रह्म तौ सर्व व्यापक है तिनोकूं भिन्न क्यौं कहिये ॥ तहाँ कहते हैं ॥ वे आदिब्रह्म सत्पुरुष जो है सो सर्वलोकन तेऊर्द्ध अमरलोक के विषे विराज-मान है ताते भिन्न कहिये ॥ अरु तिनो की सत्ता जो है सो सर्व व्यापक है ॥ जैसे सूर्य ऊपर आकास देस के विषे दृश्यमान है ॥ अरु प्रकाशरूप से सर्वव्यापक सत्ता है ऐसे वे पुरुष की सत्ता सर्वव्यापक है अरु आप भिन्न है ॥ ऐसे कारण रूप है ॥ तथा नामता प्रकार करिये करणं नाम सर्व जगत के कारण रूप है ॥ जा करिके जो कार्य होवे ताकूं करण कहिये ॥ ऐसे आद ब्रह्म सतपुरुष हैं ॥ तद्रूपं सद्गुरुं नाम वे आदिब्रह्म सत्पुरुष जो है वोही रूप सद्गुरु है ॥ कैसे जा कालके विषे पुरसने कबीर साहेब कूं बुलाय के तिनकूं मूलमंत्र दियो है ता ते वेही सद्गुरु रूप है और कोई नहि है ॥ वे पुरस रूप सद्गुरु कूं कर्म रेषा प्रशांतये नाम करे तिनकूं कर्म कहिये अरु कर्म की जो रेषा ताकूं कर्म रेषा कहिये अरु कर्म रेषा की जो प्रशांति तिनकूं कर्म रेषा प्रशांति कहिये सो कर्मरेषा की प्रशांति के अर्थे ॥ ये समासा अर्थ भयो ॥ अब इनकूं स्पष्ट करिके कहते हैं ॥ देषो जगत में अनेक प्रकार के नित्य-नैमित्य यज्ञायादि बर्णाश्रम के कर्म अनेक हैं ॥ तथा गुरु बिप्र बालस्त्री मित्रादि जीव-

हत्यादि पाप कर्म बहुत प्रकार के हैं तिनके फलभोग भांनदी रूप रेषा समग्र प्राणि मात्र के बुद्धि मे परी है ।। सो कर्म रेषा की अभाव रूप शांति के अर्थे अहंबंदे नाम मे बंदगी करता हूँ इत्यर्थः ।।

ये मानवाः सद्गुरोः पादपद्मं अनिशं ध्याति तेषां दुःख भयं नास्ति चपुनः ।। तथा जन्मभृत्यु श्चनो इत्यान्वयः ।।२।। टीका ।। ये मानवाः जे निष्काम कर्म उपास्ना करिके प्राप्त भयो ज्ञानाधिकार ऐसे जो मनुष्यों सो ।। सद्गुरोः पादपद्मं नाम वे जो ब्रह्मस्वरूपाकार बोध रूप सद्गुरु है तिनके पादपद्मंनाम चरणकमल जो है तिनकूं अनिशं ध्यायंति नाम निरंतर ध्यान करे ।। तेषां वे मनुष्यों के दुःखभयं नाम अनेक प्रकार के दुःख अनेक प्रकार के भय जो होय सो नास्ति हो जावे ।। च पुनः तथा ते प्रकार के जन्म मृत्यु नाम अनेक कीटपतंगसु पंक्षी जलजन्तु बहुत प्रकार कीं योनि के विषे जन्म लेना नहि प्राप्त होवे ।। च पुनः तथा मृत्यु नाम मरण काल के विषे अनेक प्रकार के व्याधिकृत दुःख रूप मृत्यु जो हे सो नीक हेता होवे मिट जावे इत्यर्थः ।।"

अन्त—"(मूल) ज्ञानध्यानविलाशकहि सततं मान्यंच पूर्णं गुरुं ।

ह्येदं ब्रह्म निरूपणं सुसुखदं प्राचीनकं स्तोत्रकंम् ।।
नत्वातत्कृपयामया भगवतीदासेन संशोधितं ।
शीघ्रं पाठविवाछिनांच सुगमार्थस्यैवलाभो भवेत् ।।३७५।।

टीका ।। हि निश्चय करिके ज्ञानध्यान विलाशकं नाम ज्ञान करिके अरु ध्यान करिके बिलास करने वाले ऐसे अरु पुनि सततं नाम निरंतर मान्यां नाम मान्यपुज्य ऐसु अरु पूर्णं नाम समग्र शुभ गुण से सम्पूर्णं भरे हुए गुरुं ऐसे नाम गुरु जो हैं तिनोकूं । नत्वानाम मनन करिके बंदगी करिके । तत्कृपया नाम तिनोकी कृपा करिके भयानाममैंने भगवती दासेन नाम—भगवती दासेन नाम--भगवती दासने इदंनाम यह सुसुख बंदनाम वर्णन कियो जो अच्छे प्रकार को मोक्ष सुष ताकूं देने वाले ऐसे ।। अरु प्राचीकंन बहुत काल को ऐसो ब्रह्म निरुपणं स्तोत्रं नाम ब्रह्म निरुपण स्तोत्र जो है याकूं संशोधितं नाम अच्छे प्रकार से व्याकर्णं शास्त्र के प्रमान से अक्षर संधिविभक्ति संयुक्त करिके शोधन कियो है ।। पाठविवांछिनां—नाम यह ग्रंथ का पाठ की है इच्छा जिनोकूं तिनोकूं सुगमार्थस्य एवनाम सुगमअर्थं को हि निश्चय करिके ।। शीघ्रं नाम तत्काल लाभः भवेत् नाथ लाभ होवे ।। इत्यर्थः ।।३७५।।

(मूल)—इति श्री सद्ग्रुरु चित्तं मुक्त्युपदेशं कलिमल विध्वंशकं ।। धर्मदास संबोधनं सारसंग्रहं ब्रह्म निरुपणं स्तोत्रं भवेत् ।।

(टीका)—इस प्रकार करिके सद्गुरु कबीर साहेब ने रचित कियो ऐसो अरु मुक्ति को उपदेश यामे ऐसो ।। अरु कलिमल जो पापनिकूं विध्वंस

नास करने वाला ऐसो ।। अरु धर्मदास साहेब को अच्छे प्रकार को बोध है यामे ऐसो ।। अरु सार बिचारको संग्रह कियों ऐसो यह ब्रह्म निरुपण स्तोत्र है सो संपूर्ण भरो ।।"

विषय— दार्शनिक; कबीर-साहित्य ।

टि०—(१) यह ग्रन्थ कबीरदास के शिष्य धर्मदास की दार्शनिकता का परिचायक है। इसमें ग्रन्थकार ने संक्षेप में और संस्कृत-भाषा में ब्रह्म, अर्थात् ईश्वर के सम्बन्ध में कबीरदास और उनके पथानुमोदित सिद्धान्त का विशद विवेचन किया है; साथ ही इस पोथी में स्थान-स्थान पर अपने पन्थ के लोगों को सामयिक तथा उचित उपदेश भी दिया है। ग्रन्थकार ने इसे एक स्तोत्र-ग्रन्थ का रूप दिया है और इसके पाठ की अनिवार्यता में कई श्लोक लिखते हुए व्यक्त किया है कि यह ज्ञान उन्हें सन्त कबीर साहब से प्राप्त हुआ । सम्पूर्ण ग्रन्थ गुरुशिष्य-संवाद— कबीर साहब और धर्मदासजी के परस्पर वार्त्तालाप तथा प्रश्नोत्तर के रूप में है। ग्रन्थकार ग्रन्थपाठ की विशेषता में लिखते हैं—

"प्रसन्नेन मया दत्तं चैतद्गुह्यतरं परम् ।।
तुभ्यं सुसाधवेज्ञानं तत्ज्ञात्वावं सुखी भव ।।३४८।।
पठनादेत्ग्रन्थस्य श्रवणद्वा तथैनच ।।
निष्कामा. प्राप्नुयुमुंक्ति सकामास्तु फलानिवै ।।३४९।।
एक श्लोकं तथा चार्द्धं पठंति शुद्धमानसाः ।।
जनास्तेपि सुखंचैन यान्ति मुक्तिंन संशय ।।३५०।।
एतस्य पठनादेव सर्वेविघ्नाः विनिश्चितम् ।।
नश्यंतेच तथा रोगाः लताविस्फोटकादयः ।।४५१।।
दैविकाः जैहिकाश्चैव भौतिका वा तथैवहि ।।
विनश्यंति त्रयस्तापाश्चैतस्य पठनादपि ।।३५२।।"

इस प्रकार, ग्रन्थ और ग्रन्थपाठ की विविध और फल दिखाने के बाद ग्रन्थकार ने अन्त में ब्रह्मस्तुति करते हुए—

"नमोस्तुते त्वादि ब्रह्मन्सदैव श्रद्धाय बुद्धाय निर्मायिकाय ।।
ज्ञानस्वरूपाय तथा क्षयाय .... ह्यनैतकाय ।।३६८।।
नमोस्तु पुरुषाय निरक्षराय निष्कामरूपाय प्रशांतमूर्तये ।।
तथाव्ययाय स्वजनोपकारिणे........प्रभन्वाय च सत्यनाम्ने ।।३६९।।
नमोस्त्वदेहायह्यनादयेच सत्य चिदानंद बिलाशकाय........। ३७०।।
संकल्पभिन्नाय भद्रस्वरूपिणे सर्वोपसज्जायनिस्तत्वव्यक्तये ।
स्वतः प्रकाशायच ह्यंबुजाक्षेत्वज्ञानध्वंसाय नमोस्तुनित्यम् ।३७१।।
ज्ञानोदयकरं ह्येतत् तथा च भक्तिवर्द्धकम् ।
ब्रह्म निरूपणं स्तोत्रं कथितं सारसंग्रहम् ।।३७२।।

गुरुमूर्त्तौरतिर्यस्य चेच्छितः साधुसंगमम् ॥
तस्यैतद्दीयते ग्रंथं नोभयतस्य कदाचन ॥ ३७३॥
प्रातरुत्थाय यो नित्यं पठंति भक्तिपूर्वकम् ॥
निश्चयं गच्छते प्राणी सत्यलोकं सनातनम् ॥३७४॥"

आदि में ग्रन्थमाहात्म्य लिखा है कि इस ग्रन्थ को प्राप्त करने का अधिकार सभी को नहीं है, अपितु जो गुरु के प्रति श्रद्धावान् है, वही इससे लाभ उठा सकता है। ग्रन्थकार ने अपने परिचय, काल आदि के विषय, में कहीं सम्भवतः कुछ भी नहीं लिखा है।

(२) ग्रन्थ के टीकाकार श्री भजनदासजी गुजरात देश के सूरत जिला के निवासी हैं। इन्होंने ग्रन्थ के अन्त में अपने विषय में निम्नलिखित रूप में लिखा है—

"साक्षाद्ब्रह्म कबीर सत्पुरुपज्ञानस्वरूप गुरुं स्मृत्वा हृद्यनिशंनिक्षरमखंडानंदलोकस्थितंम् ॥ तस्यप्रेरणया मया भजनदासेनस्फुटींताथिका श्रेष्ठासत्यथ भाषिणी सुफलदा टीकाकृता भाषया ॥१॥ साधोसंत दयानिधे प्रगटनामाचार्य सद्गुरोः वेदांतस्यहठस्यपचीकरण यायस्यशांख्यस्यवै ॥ ज्ञानध्यान परंच भक्तित्रिविधा सर्वांमया वर्णिता अस्याशुद्धमशुद्धता भवतिचे वत्ज्ञात्वाक्षमांकुरु ॥२॥ प्राकृतश्लोकः ॥ आदि ब्रह्म समान सद्गुरुभये शब्दार्थं दाता धनी तातेया पद बोधिनी सुसरलाभाषा सुटीका बनी ॥ बारंबारहि मोर भावसहितं सष्टांगहे वंदनं योमेमेरिजु भूल चूक सबहीमाफीकरोबंदनं ॥३॥ इतिश्री सद्गुरु पादपंकजरज भजनदास कृत पदबोधिनी ॥ प्राकृत भाषायां टीका समाप्ता। सत्कबीरार्पण मस्तुः सद्गुरु अर्पण मस्तु ॥"

कवित्त ॥

"गुजरात देसमाहि नग्र सूरत वामे वंश
गुरु साहेब को प्राचीन कांधाम है ॥
तामे गुरु अमरदासजी के सिष किसनदास
तिनोंकी चाहते कियो टीकाको काम है ॥
गुरु लछमनदासजी को सिष है दासान्दास
भजनदास टीकाकृत बोलबे को नाम है ॥
मोकूं अभिमान नाहीं ज्ञान को विचार आंही
संतन की दाया चाहीं और ते न काम है ॥"

सोरठा ॥

"एक नवहि दो तीन साल तिथि तृतीया गुरु ॥
ग्रंथ समापत कीन ज्येष्ठ मास शुध पक्ष में ॥"

उपर्युक्त श्लोक से ग्रन्थकार का स्थान, गुरु और टीकाकार का विषय स्पष्ट होता है। टीकाकार ने कहीं-कहीं भूल से टीका को दुरूह कर दिया है। टीका की भाषा 'सधुक्कड़ी' है और यत्र-तत्र संस्कृत के श्लोक को तथा उद्धरणों का भी प्रयोग किया गया है। टीका की शैली प्राचीन है। टीकाकार संस्कृत के अच्छे विद्वान् प्रतीत होते हैं, फिर भी, कहीं-कहीं व्याकरण की अशुद्धियाँ हैं।

(३) ग्रन्थ के लिपिकार मंगलदास भी कवि एवं कबीरपन्थी साधु हैं। लिपिकार ने ग्रन्थ के अन्त में "इतिश्री ग्रन्थ ब्रह्म निरुपण सटीक समाप्त ।। सम्पूर्ण शुभमस्तु जसप्रत देषितस लिपिस मम दोसो नदीयते ।। संमत १६३२ के साल पूस सुद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी पुर्नो ।।१४।। सोमारबार के दिन सम्पूर्ण भवेत् ।। दोहा ।। टूटा जो कुछ होयगा मात्रा बिंदु विचार ।। कर जोरी बिनती करों लीजो संत सुधार ।। बैठक कमदामिध्ये प्रगट नाम साहेब का धाम अस्थान तहा पर बेठ के लिषे हस्त अक्षर मंगलदास साधु ।। श्लोक: ।। जादृश्यं पुस्तकं दृष्टा तादृश्यं लिखितं मया ।। यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोशो न दीयते ।।२।। साषी ।। बंदो पुरस कबीर बंदो षोडश अंसको ।। बंदो परमातमधीर बंदो एकोत्तर बंस को ।।१।। मेरी बुद्धि मलीन है शुद्ध लिषो नहि जाय ।। बारबार बंदगी करूं लीजो अर्थ लगाय ।।१।।" इन दोहों में अपना परिचय दिया है।

(४) यह पोथी अनुसन्धेय और विवेच्य है। इसमें कबीर-दर्शन की समीक्षा की गई है। कबीर-दर्शन के सम्बन्ध में ग्रन्थकार का अभिमत देखिए— पृष्ठ-सं० १३६।

"मूल—सद्गुरुवाच ।। ज्ञान योगेहठेचेदंनास्थितं चंचल मनः ।।
शिवादीनां शुकादीनां भ्रामयत्यनिशंचतत् ।।२५।।
गोरक्षसदृशः कोपि नान्यज्ञाता जगत्यभूत् ।।
सोपिमनोवशीभूत्वा शापं ददौनरान्बहून् ।।२५३।।

टीका—सद्गुरुवाच ।। ज्ञान योगेचपुनः हठे इदं चंचलं मनः नास्थितं भवेत् । किंतु यत् शिवादीनां च शुकादीनां तत् अनिशं भ्रामयति इत्यन्वय ।।२५२।। टीका ।। अब ता ब्रह्म को उत्तर जो है सो सद्गुरुकबीर साहेब वर्णन करिके कहते भये ।। ज्ञान योगेनाम ।। स्थूल सूक्ष्मादि सहित अकार उकार मकार बिंदु-अर्द्धमात्रा को वर्णन करिके निःक्षर नामको भिन्नरूपदरसायोताकूं ज्ञान योग कहिये। ताके विषे ।। अरुहठनाम। यम नियमादि साधन सहित समाधिजो है ताकूं हठयोग कहिये ताके विषे ।। इदंनाम। यह चंचलं नाम श्रोत्रादिइंद्रिय द्वारा करिके शब्दादिविषे ये के निरंतर बृत्तिचलायमान होवे। किंतु नाम क्यों यत् नाम जो शिवा-

दीनां नाम—शिव आदि बड़े देव जो है तिनोंकूं। अरु शुकादीनां नाम—शुकदेव आदि लेयके बड़े-बड़े मुनि जो है तिनकूं। तत् नाम सो मन जो है सो अनिशंनाम नि हरं भ्रामयति नाम—चक्रके जैसे फिरावता है॥ इत्यर्थः ॥२१२॥ जगति गोरक्षसदृश. अन्यज्ञाता कः अपि न अभूत ॥ स अपि मनः वशीभूत्वा बहून् नरान् शापं ददौ इत्यन्वय ॥२१३॥

॥ टीका ॥ जगतिनाम—यह जगत के बिषे, गोरक्षसदृश नाम गोरष जोगी जो भये ताके सदृशनाम बराबर॥ अन्यज्ञातानाम और ज्ञानी. अपिनाम—कोई भी न अभूतनाम—नहि भया स अपि नाम—सो भी एण-मनः वशीभूत्वा नाम यह चंचलमन जो है ताकूं बस होयके॥ बहून् नरान् नाम—बहुत नरनक शापंनाम शाप जो है सो—ददौ नाम—दिये हैं—नाम है धर्मदासदेषो यह जगत के बिषे गोरष के समान और ज्ञानी कोई भी नहिभयाऐसा बड़ा गोरष ज्ञानीहुवा। परंतु सोभी एणमन के बसहोय के बहुत नरनकूं उन्ने श्राप दीये ऐसा ये मन चंचल है अरु महाबलवान है।

यहाँ ग्रन्थकार ने मन और उसके निरोध के सम्बन्ध में विवेचन किया है। यह ग्रन्थ अशोकी गुलशरण प्रकाश (अनीसाबाद, गर्दनीबाग, पटना) के पास सुरक्षित है। संग्रहालय में इसका छायादर्श चित्र संगृहीत हुआ है।

३०. **तुलसीमालोपनिषद्**—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। पृष्ठ—४। प्र० पृ० पं० लगभग २०। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। भाषा—संस्कृत। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"ॐ नमस्तुलस्यै॥ अथ तुलसीमालोपनिषद्॥

सनत्कुमारं विधिनोपसन्नं ब्रह्मन्नारददेवर्षिः
प्रब्रूहि मे तुलसीकाष्ठमालाधारणस्य किंफलं कश्चकालः ॥१॥
को विधिः का रीतिः सनत्कुमारः प्रोवाचतस्मै मुनये नारदाय।
यस्मै पुरा दृष्टवतेविधात्रा यथोपदिष्टं तुलसी महत्वम् ॥२॥
देवीन्दधानस्तुलसीन्महात्मनविष्णुप्रियां सर्वपापघ्नीम्।
समस्त पापानिविधूय सद्य परात्परम्मदमन्ते प्रयाति ॥३॥
श्रीशो जयतु॥ विधिकरके युक्तयो सनत्कुमारतिन देवर्षिजोनारदशो प्रश्नकरत भए कौन प्रश्न शो शुनो श्रीतुलशीकाष्ठ की माला किश प्रकार शो धारण करना वो क्या फल है वो को काल हे ॥१॥ वो क्या विधि हे वो क्या रीति हे, यह प्रश्न शुनकर सनत्कुमार नारद मुनि वास्ते प्रश्नोत्तर करत भय पूर्व ही प्रश्नकर्त्ताजो में तिश शे जैशा तुलशी महत्व ब्रह्मा ने उपदेश किया शो शुनो ॥२॥"

अन्त०—'अथ हैतामुपनिषदन्न परशिष्याय ब्रूयात् न नास्तिकाय नानृजवे नासूयवे न शठाय ना शान्ताय ना दान्ताय ना समाहिताय प्रब्रूयात् ज्येष्ठपुत्राय परां तामुपनिषदन्न प्रधीयानो रात्रिकृतं पापन्नाशयति सायमधीयानो दिवसे कृतं पापन्नाशयति स विष्णुलोकं गच्छति य पूर्वं वेद य पूर्ववेदेति ॥ इत्यथर्ववेदीया तुलसीमालोपनिषद् संपूर्ण ॥

वो यह उपनिषद् परशिष्य को नहीं कहे नास्तिक को नहीं कहे निन्दक को नहीं कहे शठ को नहीं कहे अशान्त को नहीं कहे अदान्त को नहीं कहे असमाधान को नहीं कहे ज्येष्ठ पुत्र को कहे, यह उपनिषद् को प्रात काल अध्ययन करनै वाळे मनुष्य रात्रि का किया पाप को दूर करता हैं। वो सायंकाल अध्ययन करनेवाले दिन का किया पाप को दूर करता है वो सो पुरुष विष्णुलोक को प्राप्त करता है जो यह जानता हे शो ॥ इत्यथर्ववेदीया सभाषा तुलशोमालिकोपनिषद् सम्पूर्ण ॥ शुभमविकम् ।

विषय—धार्मिक साहित्य । तुलसी-माला से सम्बद्ध स्तोत्र एवं माला जप-विधि।

टिप्पणी—(१) यह ग्रन्थ तुलसी-वृक्ष की बनी माला के सम्बन्ध में है। ग्रन्थकार ने 'अथर्ववेदीय' लिखकर ग्रन्थ का गौरव बढ़ाया है। ग्रन्थ में, प्रारम्भ करते हुए नारद आदि के परस्पर वार्तालाप की प्रसंग-चर्चा की गई है।

(२) ग्रन्थ में, मूल मोटे अक्षरों में और भाषा-टीका पतले अक्षरों में लिखी गई है। टीका की पुरानी और कथा-शैली से मिलती-जुलती है। ग्रन्थ की लिपि स्पष्ट और प्राचीन है। लिपिकार ने 'ब' के लिए 'व' और 'व' के लिए 'वृ' का प्रयोग किया है। इसी प्रकार य के लिए 'य' और 'य' के लिए 'यृ' लिखा है। लिपि की यह शैली ग्रन्थ की प्राचीनता सूचित करती है।

(३) इस ग्रन्थ के साथ ही एक और 'शंख-चक्र धारणे वैदिक प्रमाणानि' नामक तीन पृष्ठों का उपग्रन्थ हैं। ये दोनों पुस्तिकाएँ वैष्णव आचार से सम्बन्ध रखती हैं। यह ग्रन्थ केदारनाथ चौरसिया, (गया) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

३१. विचार-सागर- ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, देश कागज। पृ० सं०—१९७। प्र० पृ० पं० लगभग—२८। भाषा—हिन्दी। लिपि-नागरी। आकार—५¾"×६"। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—'श्री गणेशायनमः ॥ अथ वस्तुनिर्देशरूपमंगल ॥

दोहा ॥

जो सुपनित्यप्रकासविभु ॥ नाम रूप आधार ॥
मति न लपै जिहि मति लप ॥ सो मैं सुद्ध अपार ॥१॥

अब्धि अपार मम । लहरी विष्णु महेश ।।
विधि रवि चंद्रा वरुन यम ।। सक्ति धनेश गणेश ।२।।
जा कृपालु सर्वज्ञ को ।। हिय धारत मुनि ध्यान ।।
ता को होत उपाधिनै ।। मो मिथ्या भान ।।३।।
ह्वै जिहि जानै बिन जगत ।। मनहूँ जे वरी साप ।।
नशै भुजग जगजिहि लहै ।। सोहं आपे आप ।।४।।
बोध चाही जाको सुकृति ।। भजत राम निष्काम ।।
सो मेरो है आतमा ।। काकूं करूं प्रनाम ।।५।।
भर्यो बेद सिद्धान्त जल ।। जामे अति गंभीर ।।
अस विचार सागर कहूँ ।। पेषि मुदित ह्वै धीर ।।६।।
सूत्रभाष्य वार्तिक प्रभृति ।। ग्रन्थ बहुत सुरबानि ।।
तथापि मैं भाषा करूं ।। लपि मति मन्द अजानि ।।७।।

टीका ।।

यद्यपि सूत्र भाष्य वार्तिक प्रभृतिकहीये आदि लेके ।। सुरबानि कहिये संस्कृत ग्रन्थ बहुत ही ।। तथापि संस्कृत ग्रन्थन सैं मंदबुद्धि पुरुषन कों बोध होवे नही ।। औ भाषा ग्रन्थन सैं मंदबुद्धि पुरुषन कूं बिबोध होवे है ।। यातैं भाषा ग्रन्थ का आरंभ निष्फल नहीं ।। किंतु संकृत ग्रंथन के विचारनैं विषे जिनकि बुद्धि समर्थ नहीं है ।। तिनके मिमित ग्रन्थ का आरम्भ सफल है ।।८।।

दोहा ।।

कविजनकृत भाषा बहुत । ग्रन्थ जगत विख्यात ।।
बिन विचार सागर लषे । नहि संदेह नसात ।।८।।"

दोहा ।।

अन्त०—"तर्क द्रष्टि के बैन सुनि । सो बोल्यो बुध संत ।
जो मो सूतें यह कह्यो । सोई मुख्य सिद्धांत ।।२३।।
संसै सकल सायु । लष्यौ ब्रह्म अपरोछ ।।
जग जान्यो जिन सब असत । तैसे बन्धरूमोछ ।।५४।।
शेष रह्यो प्रारब्ध यूं ।। इच्छा उपजी येह ।।
चली तत्काल हि देपि यें । जननि जनकजुत गेह ।।२५।।

टीका ।।

ज्ञानी का सकल व्यवहार अज्ञानी की नाई प्रारब्ध सैं होवैं ।। यह पूर्व कही है । या ते इच्छा संभवे है ।। और कहूँ सास्त्र मैं अैसा लिष्या है ज्ञानी कूं इछा होव नहीं ।। ता का यह अभिप्राय नही ।। ज्ञानी का अंतःकरण पदार्थ की इछा रूप परिणाम कूं प्राप्त होवै नही काहे तैं अंत करण कै इछादिक सहज धर्म है ।। औ अतःकरण यद्यपि भूतन के सत्वगुण का कार्ज कह्या है ।। तथापि रजोगुण तमोगुण सहित

सत्वगुण का कार्ज है ।। केवल सत्वगुण का नही केवल सत्वगुण का कार्ज होवै तौ चलस्वभाव अंत:करण का अंत:करण का नही हुवा चाहिये ।। तैसे राजसो वृत्ति काम क्रोधादिक ।। औ मूढ़तादिक तामसी वृत्ति किसी अंत:करण की नही हुई चाहिये । यातैं केवल सत्वगुण का अंत.करण कार्य नहीं । किन्तु अप्रधान रजोगुण तमोगुण सहित ।। प्रधान सत्वगुण वाले भूतनतैं अंत.करण उपजे है । यातैं अंत:करण मैं तोन गुण रहै है । सो तीन गुणकवोउषंन के जितनैं अंत करण है ।। तिन मैं सभ नहीं किन्तु नून अधिक हैं । यातैं गुणोन की नूनता अधिकता सें सर्व के विलछण स्वभाव है ।। इस रीति सैं तीनू गुण का कार्य अंत:करण है ।। जितने अंत:करण रहै उतनै रजोगुण का परिणामरूप इछा अभाव बनै नहीं ।। यातैं ज्ञानी कूं इछा होवै नहों ताका यह अभिप्राय है ।। अज्ञानी औज्ञानी दोनू कूं इछा तो समान होवे है ।। परन्तु अज्ञानी तो इछादिक आत्मा के धर्म जानै है ।। और ज्ञानी कूं जिस काल मैं इछादिक होवैं है तिस कालमैंवीआत्मा के धर्म इछादिकन कूं जानै नहीं किंतु काम, संकल्प सन्देह राग द्वेषश्रद्धा भय लजा इछादिक ।। अंत:करण के परिणाम है ।। यातैं अंत:करण के धर्म जानै है । इस रीति सैं इछादिक होवै वी हैं । आत्मा के धर्म इछादिक ज्ञानीकूं प्रतीतौ होवैं नहीं । या तैं ज्ञानी मै इछाका अभाव कह्या है ।। तैं सैं मनबानी तन सैं जो व्यवहार ज्ञानी करैं ।। सो सारा ज्ञानी कूं आत्मा में प्रतीत होवै नहीं ।। किन्तु सारो क्रियामनबानीतनमैं हैं ।। औ आत्मा असंग हैं यह ज्ञानी का निश्चै है ।। यातैं सर्व व्यवहार कार्त्ता बीज्ञानी अकर्ता हैं ।। इसी कारण तैं श्रुति मैं यह कह्या हैं ।। ज्ञान तैं उत्तर किये जो वर्तमान सरीर मै सुभ असुभ कर्म ।। तीन कै फल तुराय पाप का संबंध होवै नहीं ।। प्रारब्धबल तैं अज्ञानी की नांई सर्व व्यवहार और ताकी इछा संभवे है ।। सुभ संतति नाम राजा कूं त्यागो कै तीनूं पुत्र निकसे ।। तहाँ पुत्र की कथा कहीं अबपिता का प्रसंग कहै है ।

दोहा ।।

पुत्र गयेलाष गेहतें पितुचित उपज्योषेद ।।
सूनो राजनतिनतज्यो ।। नहिजथार्थ निर्वेद ।।२६।।

टीका ।।

पुत्र ग्रहतैं निकसे तब राजा कूं तीव्र वैराग्य कै अभाव तैं । तिनके वियोग कादष हुवा तैं से दावैराग्यहु.........।

विषय—दर्शन निर्गुण-साहित्य ।

टिप्पणी—(१) यह ग्रन्थ खण्डित है। पुष्पिका (अन्त) के पृष्ठ खण्डित होने के कारण ग्रन्थकार लिपिकार, टीकाकार के सम्बन्ध में तथा इनके काल आदि किसी भी बात का संकेत नहीं मिलता है। ग्रन्थ के मध्य में भी यथासम्भव कोई परिचयात्मक संकेत नहीं दिया हुआ है। अतः, नहीं कहा जा सकता कि इसके लेखक और लिपिकार कौन हैं और उनका समय क्या है।

(२) इस ग्रन्थ में श्री दादू के निर्गुण-दर्शन की बड़ी सुन्दर तथा सारगर्भ विवेचना की गई है। ग्रन्थकार ने दोहे और चौपाइयों में जिस भाषा का प्रयोग किया है, वह सधुक्कड़ी भाषा कही जा सकती है। इसकी भाषा में स्थान-स्थान पर 'व्रज' का और यत्र तत्र अवधी का प्रभाव परिलक्षित होता है। जैसे—

"जन्म मरन गमना गमन ॥ पुण्य पाप सुप पेद ॥ निजरूप में भान ह्वै ॥ भांति विपानो वेद ॥ १००॥ (पृष्ठ संख्या ६:) में 'भान ह्वै' और 'विपानो वेद' व्रज भाषा का रूप है। और इसी प्रकार 'शिष्य कह्यौ जो तोहि मैं ॥ सर्व वेद को सार ॥ लहै ताहि अनयासही । समृतिनसै अपार ॥१२। (पृष्ठ-संख्या १५६) में कह्यो, 'व्रज' का और 'तेहि लहै' आदि 'अवधी' का प्रतीत होता है। इससे ज्ञात होता है कि ग्रन्थकार अवश्य अवध या व्रज के निवासी हैं। टीकाकार ने भी प्राय. ऐसी भाषा का ही प्रयोग किया है। 'यातैं' और 'ताहि' के प्रयोग का तो बाहुल्य है ही, अन्य सधुक्कड़ी शब्दों का भी प्राचुर्य है।

पूरा ग्रन्थ सात तरंगों में विभक्त है। तरंगों के अनुसार निम्न लिखित प्रतिपाद्य विषय हैं—(१) साधन और स्वरूप-वर्णन, (२) अनुबंध विशेषनिरूपणम्, (३) गुरुशिष्यलक्षणम्, गुरुभक्तिप्रकारनिरूपणम्, (४) उत्तमाधिकारी उपदेश निरूपणम्, (५) वेदादि व्यवहारिक प्रतिपादन मध्यमाधिकारी साधन वर्णनम्, (६) गुरु वेदादि साधन मिथ्या-वर्णनम्, (७) उत्तम, महायमक निष्ठाधिकारी वर्णनम्।

ग्रन्थकार दादू मतावलम्बी और दादू के परम शिष्यों में थे। इन्होंने ग्रन्थ में यत्र-तत्र गुरु-शिष्य के रूप में अपने को दादू के साथ संकेत किया है। जैसे—'दादू दिनदयाल जुसतसुषपरमप्रकास। जामैं मति की गति नहीं सोई निश्चल दास।' तन मन धन वानी अरथी जिहीं सेवत चितलाय, सकल रूप सो आप हैं दादू सदा सहाय' और "ओंकार को अर्थ लिपि भयोकृतार्थं अदृष्टि पढ़ैजुयहितरङ्ग तिहि दादू करहुसुद्रष्टि' में दादूदास के नाम की बार-बार चर्चा की है। यद्यपि ग्रन्थकार के नाम की चर्चा न हो तो ग्रन्थ के आदि में और न अन्त में हुई है; किन्तु दो स्थानों में नाम मिले हैं, जो अनुसन्धायकों के लिए विवेच्य है। पृ० ३३

छोटे गमार मारग माही मोलेगे एक कनक एक नारी ।।
सावाधान होइ पेंचन खइये रहो आप सम्भारी ।।
हरी के नगर जाइ पहुचोगे पइहो लाल अटारी ।।
चरनदास ताको समझावे राम न मोले रामवासी ।।"

विषय—कबीर-साहित्य ।

टि०— यह ग्रन्थ कबीरदास, धर्मदास और चरणदास प्रभृति सन्तों के शब्दों और वाणियों का संग्रह प्रतीत होता है । यह कोई मौलिक ग्रन्थ नहीं कहा जा सकता । अखोरी साधुप्रकाश ने अपने जीवन-काल में कबीर-सम्बन्धी भिन्न-भिन्न पदों को एकत्र कर दिया है । इसमें कई पद प्रकाशित प्रतीत होते हैं । कबीर साहब के बाद एक परम्परा-सी रही है कि कबीरपन्थी साधुओं ने दार्शनिक पदों को रचकर अपनी ओर से उसमें कबीर साहब का नाम जोड़ दिया है । यह ग्रन्थ भी उसी प्रकार का प्रतीत होता है ।

ग्रन्थ में लिपिकार का संकेत नहीं किया है । लिपि स्पष्ट और सुन्दर है । यह ग्रन्थ अनीसाबाद, (गर्दनीबाग पटना) निवासी अखोरी गुरुशरण प्रकाश के सौजन्य से प्राप्त हुआ है ।

३३. कबीर भानुप्रकाश—ग्रन्थकार परमानन्ददास । लिपिकार— × । अवस्था—प्राचीन जीर्ण शीर्ण । पृ० सं० ५४२ । प्र० पृ० पं० लगभग—२३ । आकार—६" × ९३/४" । भाषा हिन्दी । लिपि—नगरी । रचनाकाल-ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी, सं० १९३५ वि० । लिपिकाल—सं० १९३९ वि०, १८८३ ई० ।

प्रारम्भ—"ॐ सत्तनाम । अथ लिख्यते ग्रन्थ श्री कबीर भान प्रकाश प्रथम पूर्वार्ध भाग जम्बूद्वीप भरथ खंड को सर्व रात्री धर्मानि कथा बर्नन कबीर भानु अस्त संध्या बंदन छन्द सिखरणी ।

कबीरंभानंभीकरनिकरज्ञानंविधिमयं
परस्थाने थीरंजगत गुरपीरं निधिनयं
महातेजोरासं बदनबदनासं नृप नृपा
प्रतापं तापंत दनुजः दलदापंतव कृपा १
तरंतं तरंतं लहतजनसारं वसुमतो
महत्त्वं पारंतं अकथित अनंतंपसुपती
सुराधीसं धीसं ह्रियतिमिपीसंजगजये
भवं भावं भंगेरतिरकरुनामय पगपगे २
जनंकंजरं........दर सभ्रमभंजंसतहितं
निहारं हारंहातिमिरहरपारंगतहितं
सतीसूटंसातं बिलग बिलगातं दिनकरा

जती भोगं भागंहल विगतभाग किनकरा ई
प्रजा पीड़ा ब्रोंभाधनतिमिर कीडामहिमहाहते
मुद्रानिद्रा समदमन क्षुद्रागतिगहा
सतो अंगंरगंवसतप्रसंगंभसकरा
उमंगं अंगं ये कसमल अनंगं तसकरा ४
नमस्कारंकारं क्रमरक्रमकारंकक्रुते
बबंबंदेबंदेभनंत भवफंदेबबवृते
रमं रामंरम्यं ररतररकल्यान करनं
प्रनम्यंतोपीष्टे परमपरमीष्टेश्ववरनं
इति सिखरनीछंद

अथ कबीर भान वियोग सवैया—

सत नाम ब्रतीवरसंतसती दिन अंतं भयेभगवंत पयाना
जगनैन महा सुख दैनदुरे धरिघोर धरोपदपंकजध्याना
दृढ़ इंद्रिनद्रौन तेमोनगहो थिर आसन हो अनुसासन माना
यहिसं धिसचेत-सतो गुनते सतधारहि ये सत रूप समाना १"

अन्त—जिनकी नेह नाथ चरणन की और उपायन विसरणन को
लाज करे अपने परणन की दीन देखिदेनिजुपुरबासा ५
आरति हंस अमरपुर गाये इच्छा मूल अकूर सुभाये
सहज सोहंग अचितं पै आये अक्षरहू बने जाको दासा ६
सुरनर प्रभु आरति कीने धर्मदास गरतोन सहीते
गावैं संत महंतसप्रीते परमानन्दबिठोजमत्रासा ७ इति आरती ॥

विषय—कबीर-साहित्य ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ कबीर साहब के विचारों का एक लघु संग्रह तो है ही, साथ ही ग्रन्थकार ने इसमें अपने मौलिक विचार भी दिये हैं। जहाँ कबीर के दार्शनिक पक्ष की उत्तम विवेचना की गई है, वहाँ ईसाई, मुहम्मदी, कादियानी, स्मार्त्त, शाक्त, शैव वैष्णव, वाममार्गी आदि धर्मों और विचारों की भी परिचयात्मक अलोचना की गई है। ग्रन्थ विवेच्य और पठनीय है। ग्रन्थकार ने ग्रन्थ के अन्त में लिखा है—

सत गुरु की दायामय पूरो लिख्यो धर्म जो भूतल भूरी
रच्यौजोतिजुहि यहुवां हुलासा ग्रन्थ कबीर भानु प्रकाशा
पंडित जनसे विनय हमारी भूलचूक जौकतहु निहारी
टूटं अक्षर जह लखिपाई सो सुधारि कै पढ़ै बनाई

इसमें ग्रन्थकार ने, 'लिख्यो धर्म जो भूतल भूरी' कहकर स्वयमेव समस्त धर्मों के परिचय के सम्बन्ध में ग्रन्थ का अभिप्राय व्यक्त किया है। ग्रन्थ में स्थान-स्थान पर कबीर, बुल्लाशाह प्रभृति विद्वानों तथा

योगवाशिष्ठ, वेदान्तदर्शन, न्यायदर्शन आदि की उक्तियों को साक्षी रूप में रखकर अपने मन्तव्य की पुष्टि की गई है।

जैसे — पृष्ठ-सं० १८४ देखिए —

"भक्त कबीर बचन० साक्षी० —'कबीर जीर तु क्या करो साधो आपन शरीर
पांचो ईंद्री बश करो तुमहीदासकबीर०'

बुल्लेशाह बचन०—'काम क्रोध लोभमोह हंकार पंजों कछबोजूदोमार
इन्हा करनी हैं उद्यो बुल्ला आपै अल्ल हो,

रामानंद बचन० (पृष्ठ सं०—१७२)—पढ़ि पढ़ि राते गुनि गुनिमति हृदय सुद्धन होई०

जबूर में अँऊब के वृत्तांत में—"बंदुन का चतुराइ को प्रभु मिथ्या करडार
निजुमनोरथ निजु करन ते सके न कबहु संवार
बिद्वन को चातुरी मैं चाखत सदा फसाय
टेढे तिरछे लोग मत सिर की बल उलटाय"

ग्रन्थकार ने ग्रन्थ के अन्त में ग्रन्थ और अपने विषय में लिखा है—

"सम्बत उन्निस सौ पैतीसा शुक्ला थकादशी तिथि दीसा
मंगल अरु ज्येष्ठ महीना तादिन ग्रन्थ समापति कीना
महि पंजाब देश के माही शहर फिरोजपुर यक आही
नग्रमुक्तसरनाम यह अहई सोदा ग्राम निकटतेहिकहई
ताहि ग्राम में जब असीना भजनध्यान प्रभु के लीना
ग्रन्थ बचन गुर आज्ञा पाई लिख रच धर्म कथा समुझाई
जेते अक्षर लिखे बनाई जो कोई घटि बढ़ि नाहि मिलाई
सोगुर सन्मुख लिखा करिहे भिन्न भेद जो कोई करिहै इति...."

ग्रन्थ की लिपि पत्थरों के अक्षरों (प्राचीन लीथो) की प्रतीत होती है। लिपि स्पष्ट है। यह ग्रन्थ अनीसाबाद (गर्दनीबाग, पटना)-निवासी अघोरी गुरुशरण प्रकाशजी के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

३४. **रासमाला**—ग्रन्थकार—केशवानन्द गिरि। लिपिकार—लक्ष्मण तिवारी। अवस्था—अच्छा, प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ—१४। प्र० पृ० पं० —लगभग २४। आकार—५" × ६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—सं० १९४९ वि०।

प्रारम्भ—चूचचोला० लिलूलिलोअ १ मेषंस्वामीभौम ॥ इ उ ए ओ वा वि वु वे वो ॥ वृष रासि क कि कु घ ङ ६ क को ह मिथुन हो हु है डा डाडी डु डे डो कर्क म मि मु मे मो टा टी टु ठे सिंह टोपपीपुषणठेपेपो कन्या ररिरुरेरोतातीतुते तुला ७ तो न निु ने नो जाजिजु वृश्चिक ८ जेजोभभिभुधफुठभे धन ६ भोजजो पीपु वेपो गगि मकर १० गुगे गोशा सिशुशेशोद कुंभ ११ दिदुथझ ञा देदो चचो मीन १२ अथ प्रथमे मेषरासि वर्णन।

॥ दोहा ॥

मेषरासिहै जाहि किताकर मीठ सुभाव
अन्तर झूठ फरेब बहु बाहर कपट बनाव ८

अन्त— सुनो नवे वृश्चिक का हाल। सफर करैं बहुमाल न पावैं।
खर्च खाय खालि घर आवैं। दसंमें धन जूवो करी करै॥
लहनुकसान उठाना परै॥ एकादशें मकर का भेद।
मंनकि पुजै सकल उमेद। द्वादस कुंभ जो बैठे पास
सो दुस्मनी करैगा खास। मुख पर करै खुशामद तेरो समान ठीक मैं॥ पतीतखरा॥
बुडत ही मझधार सिंधु भव जल ते बेड़ा पार करो॥
कर्म प्रधान विश्व मे जो ता कृपा करो यह अर्ज कहौं॥
तु मे कर्म नाबाधै है॥ अपकर्म कर्म सर्व तुमी गहो।
जो करनी जोकी सोई भोगै ती एक नाम निहोर सुनी।
मैं तो हहो अवधुत संन्यासी सुभ औ सुभ न एक गुनो॥
इति श्री ज्योतिषसार निर्णय भाषा छन्द में रासि माला बनाइ।
कशवानन्द गीरी संन्यासी अवधूत मे ठिकाना बड़ी गैवी॥ शुभमस्तु

विषय—ज्योतिषशास्त्र।

टिप्पणी—(१)-ज्योतिषशास्त्र से सम्बन्धित दोहा, चौपाई और सोरठा में लिखित यह ग्रन्थ बड़ा ही अच्छा है। इस ग्रन्थ में सभी राशियों के संक्षिप्त परिचय के अतिरिक्त उनके फलाफल, राशियों का एक-दूसरे से अन्योन्य-सम्बन्ध, राशिस्वामी का प्रभाव तथा राशि के द्वारा होनेवाली विपत्तियों के निराकरण का समुचित समाधान अत्यन्त संक्षेप में दिया है। रचना सरल और पठनीय है।

(२) ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है। लिपिकार देवली के निवासी हैं। जैसा कि 'शम्वत १९४९ में पुस्तक लीषीतं लक्षुमन तिवारी देवली...।' लिखा है। लिपिकार ने सर्वत्र 'ख' के लिए 'ष' और 'ज' के लिए 'य' का प्रयोग किया है। 'ढ' की आकृति 'ठ' जैसी है। 'स' के लिए 'श' का व्यत्यय तो प्रायः संपूर्ण ग्रन्थ में है। यह ग्रन्थ पटना जिलान्तर्गत मोकामा के शंकरवार टोला-निवासी केशवप्रसाद शर्मा के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

३५. **ज्ञानरतन**—ग्रन्थकार—दरियासाहब। लिपिकार—बालकदास। अवस्था—अच्छी, पुराना, मोटा देशी कागज। पृष्ठ—१०८। प्र० पृ० पं०—लगभग ४०। आकार—६"×१३"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—अगहन शुक्ल-पंचमी, सन् १२१६ साल।

प्रारम्भ— सतनाम। गरथ ग्यान रतन भाखल दरीआसाहब सतगुर सुक्रीतप्रक उवारन साहब बंदीछोर प्रुखपुरान साहब जींदा साहब प्रुखपुरान साहब ग्यानरतनमनीअंगल वीमलसुधानीजुनाम करोवीवेकवीचारी के जाये अमरपुरधाम।

बीमलनामसनीमश्तकटीका बीनावीवेक भेखसभफीका
नीरखीनामनीजुप्रेमसमेता काठीकर्मकलीमंगलहेता

अन्त— छंद नाराच। हीशुखसागरशभगुनआगर नीगतीशभोवरनी शन्तपताल्ही जेवोदीनेसदीनहोधरनी जलमेथलमें कालवीभंजनमैलों शंतवृजन की फीकी करनी दारीआदासदेखीवीचारी कहा जीमीशालीशुखेजलहोभरनी ।।
शोरठा। जेबोध नीज लभा: नामवीमलगुनवीमल है
समुझीपकरीऐबाही भवनाहीबुरेजहाजबह

विषय— निर्गुण-दर्शन ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ प्रसिद्ध संत दरियासाहब का है। इसमें श्री दरियासाहब के दार्शनिक विचारों का संग्रह है। ग्रन्थ के लिपिकार बालकदासजी ने ग्रन्थ के अन्त में दरियापन्थ के अन्य अनेक साधुओं के नाम तथा परिचय देते हुए लिखा है—"गरंथ शपुरंन लीखलभइल-ग्यानरतन सतगुरुदरीआसाहब जो शाखलसो भाखलबालकीस्नदास दरीआसाहब के फकीर अपना दशखका साहबंदभरल साहब का सलाम परुसदसजोरीपरा ....शीतो अगहनसुदीपंचमी सुभदीन बुध के पुरनगरंथभइल। गंगादास की हार........।" इससे दरियासाहब के बाद उनके दो शिष्य बालकृष्णदास और गंगादासजी का पता चलता है।
यह ग्रन्थ दीवान मुहल्ला (तुलसीघाट, पटनासिटी)-निवासी मोतीलालजी 'आर्य' के द्वारा प्राप्त हुआ।

३६. आत्म-प्रबोध—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था जीर्ण-शीर्ण, प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०-६५। प्र० पृ० पं०—लगभग २४। आकार—६"×१२"। भाषा—हिन्दी। लिपि— नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— जजुरवेद की साखा द्वारा गोसायर में राम आतमा को चाहता है। सो इस आतमा आपणो आप प्रसिद्ध की वेदने भी उपमा भारी कही है।। सो अब आतमा हमको भूल गया है।। सो तीसकी ग्यातवासतेमतन्न कीया चाहता है। शिष्योवाच। हे गुरो आगे प्राथने यह कहा था।। जो राम आत्मासुख तुरीया है सोइ तेरा स्वरूप है।। सो अब जिस प्रकार इस अथरो आप सुषस्वरूप को जाणे। सोही प्रकार आप क्रिपा जणाहीये। श्री गुरोवाच। हे शिष्य जो तुम्हारा आप सुषस्वरूप है सो तिसको तुम जैसा भूला है। तीन इस्थानो विषे आयके। सो जिस प्रकार इनिने तुमको जीवभावविषे कीया है सोसुण।। सो तीन स्थान यह जाग्रत सुप सुषीस।। सो सात को........।

अन्त— स्वान की न्यायीं भटकता रहता है। सोतिसपुर्षकों............
की न्यायी कछू खबर नहीं पड़ती इस ब्रह्मांड की।

सो इस संसार बिषेसुभक्या है असुभक्या है।
सोय सुकी न्याइी आयके फिर चला जाता है ।।
सो इसलेय ब्रह्मांड ध्यान के आसरे है ।।
सो जिस पुर्ष को इसका ज्ञान नहीं ।। सो उसलेखे कछू है नही ।।
हे नारद सो इस ध्यान का आत्मा भीभूऔर है ।।
हे प्रभो सो अब इस ध्यान का आत्मा और कौन होवेगा
सोचित की इकागरता बिना कछू सिध नहीं होता ।।

विषय—दर्शन ।

टिप्पणी यह ग्रन्थ खण्डित है। प्रारम्भ में एक पृष्ठ नहीं होने के कारण ग्रन्थकार और लिपिकार के नाम तथा काल आदि का पता नहीं चलता है। ग्रन्थ के मध्य में भी यथासम्भव कहीं भी इनका संकेत नहीं मिलता है। ग्रन्थ भागवत महापुराण के आधार पर लिखित प्रतीत होता है। ग्रन्थ में गुरु-शिष्य-संवाद के रूप में, ईश्वर, जीव, आत्मा, मृत्यु, मोक्ष, जीवन, बन्धन, पाप, पुण्य और कर्म-अकर्म की सुन्दर विवेचना की गई है। बीच-बीच में दृष्टान्त देकर प्रतिपाद्य विषय को समझाया गया है। यत्र-तत्र, नारद, उद्दालक, श्वेतकेतु, जाबालि आदि ऋषियों के नाम तथा परस्पर के वार्तालाप की चर्चा है। ग्रन्थ मननीय तथा अनुसंधेय है। ग्रन्थ की भाषा सधुक्कड़ी तथा पंजाबी से मिलती-जुलती है। ग्रन्थ में 'न' के लिए 'ण' का तो प्रयोग है ही 'इ' और 'ई' के लिए ह्रस्व और दीर्घ मात्रा लगाकर 'इ,' 'ही' का प्रयोग है। विषय का प्रतिपादन गद्य में किया गया है। ग्रन्थ की लिपि, अस्पष्ट और प्राचीन है। यह ग्रन्थ दहियावाँ (छपरा)-निवासी अवधेन्द्रदेव के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

३७. अमुसागर—ग्रन्थकार—धर्मदास। लिपिकार—रामभरोसदास। अवस्था—अच्छी। प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—८२। प्र० पृ० पं० —लगभग ३२। आकार—६½" × ८½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—भाद्र शुक्ल-द्वादशी। सं० १३०८ साल।

प्रारम्भ—"सतसुक्रीत आदअदली अजर अचींत प्रुसमुनींद्रकरूनायेक वीर के दासा धनीध्रमदास के दासासकलसंतकेदासालेखिलीखते ग्रन्थ अमु-सागर—

।। दोहा ।।

ध्रमदास सीरनाऐके वीने कीन्ह करजोरी।
तुम्हवहीआंसभजीव कहकीएअनुग्रहमोरो ।।
तुअचरननवलीहारी जुगलेजातु अभालह।
जेहीवीधी हंस उबार मरदनकीन्होकालकह ।।

॥ छन्द ॥

अ.दीब्रह्म आनन्दअलखसर्नेभ्रापीअजवीर्ज हो।
आनन्दस्वामीसागरं तुम्हप्रपीकासअभयं।
अंधजीवअघोरजलके वीचसमभोजलतिर।
तुम्ह अधमकेगती देनके दासातन ....।

॥ सोरठा ॥

हंसराजकहकथा जीव मोर उवेर पंथयहे।
अमुसागर ग्रंथ सोवरन प्रभुकीजीए॥

॥ चौपाई ॥

धमदासपुर्सगुन गाउ जुगजुगले ... ... नाम सुनाउ।.... ....॥
अन्त—' पुर्सरूपवरनोअतीपावन। एके कुरखीकोटीलजावन॥
हंसरूपसोभावहुभाती। ओहसभानुहंसकेक्रांग्ति।
मुक्तीअमरपदजहमावासा दरसनपाऐहोऐअघनासा॥
ओसेघरसा... नीवर कीम्हा। पहुचेलोकवंसजीम्हचीन्हा॥
आदीवंतसागरमेंभाजा। अम्रीम्हारीसु तीजीन्हराजा॥
भोनी.... जीवजाई। जम्हसीवमरदोलोकपहुँचाई॥
इतिकथापावनअतीसोहावनअमुसागरवरननकीवो
जेहीकरहीभंजनसंजन अकथवीचीत्रचीतधरो॥
खंडमनोहरघाटगाजीसीठिलराई चढ़ेहंसतेहीवाट सुखसागर
पहुँचे सही इती ग्रन्थ समाप्तः।''

विषय—दर्शन। निर्गुण-साहित्य।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ चौदह खंडों में है। इसमें जीवन, मोक्ष आदि दार्शनिक विषयों की निर्गुणात्मक विवेचना की गई है। कथोपकथन के माध्यम से विषय का प्रतिपादन किया गया है। पूरे विषय को एक हंस के द्वारा कहलवाया गया है। ग्रन्थ विवेच्य और पठनीय है। यह ग्रन्थ प्रकाशित-सा प्रतीत होता है। ग्रन्थकार धर्मदासजी ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से लिखा है। प्रारम्भ में आदिपुरुष के दर्शन होते हैं। पश्चात् आदिपुरुष के यहाँ से सद्गुरु अपने सन्देशवाहक 'हंस' को भेजते हैं। वह हंस इनके सभी प्रश्नों के उत्तर के अतिरिक्त साधुओं के आचार-विचार, निर्गुण ब्रह्म, कलियुग में जीवन बिताने की रीति आदि विभिन्न विषयों पर अपना विचार व्यक्त करता है। पृष्ठ सं० ५, ६, ७, ८, और ९ में हंस ने अपना परिचय दिया है और अपने-आपको कबीर के रूप में प्रकट किया है—'अमरदेह हंसा तेही पावई' सत्गुरु अमर पुरुष के पास अनेक हंस (जीव) रहते हैं—

"सुत उसपत पुर्स जब कीन्हा । स्वासा सब्दते सबकुछ कीन्हा ॥
अछयदीप ऐक गुप्त रहाई । .... ॥
तीन्हकेबहुतजबीहैसाथा जीवनमाथदोआवाहाथा ॥"

आगे लिखते हैं—"क्रोटीहंसाताहांमाथनवाई । नामकबीरहंसरजवारा ।
जोव त्रवानदीन्ह जग आई । जब तुम्हार कीन्ह बहुताई ।
तब तुम्ह नींद्रा जागा स्वामी । हंसहीकोलेगऐ सुरधामी ॥"

हंस अपने निवास-स्थान के विषय में कहता है—
"दीप ऐक मानीकपुर गाउ । आदीपुर्सजाहाआपुरहाउ ॥
रूपरंग तीन्ह कछु नाही । वरनत वचनवने कछु नाही ॥
हीराछत्रामाथेपरछाजे । अनहदधुनी ताहाअतिप्रीअलागे ॥
क्रोटीन्हरविऐकरोमलखाही अमीसरूपहंसमहवीराजही ॥"

आगे और भी स्पष्ट करते हुए लिखा है—
"उत्तर दिशा लोक कहे आई । अगमपुर्सजाहाआपुरहाई ॥
ताकेनाम पावप्रेमाना । क्रोटीन्हमध्यहंसकोई जाना ॥
तसगुरुमीले जेहो देही लखाई । सुरतिनीरंतरध्यानबताई ॥
मकरतारजाहालागें डोरी । पहुँचे हंसनामकीसोई ॥
ताहीलोक के नाम अपारा । खोडस नाम तादृ अनुसारा ॥"

ये सारी बातें हंस द्वारा कही जाने के बाद धर्मदासजी ने कहा है—
"सब्द तुम्हार सुनत प्रीअ लागा । तुअदरसनपामदभागा ॥
अकथकथासुनीचीतमम मोहा । तुम्ह पारस हमहेंजीमीलोहा ॥
आगे और कहो मोही स्वामी । चरन गहो प्रभु अन्तरजामी ॥

इसके बाद कथा का विस्तार प्रारम्भ होता है और हंस अपने पूर्वजन्म की बातें करता हुआ 'सत पुरुष' को 'हंस उबारण' को संज्ञा देता है। इसमें एक 'कष्टम पंछो' की कथा के माध्यम से 'पापी जीव' के जीवन पर संकेत किया गया है। स्थान-स्थान पर ब्रह्म' पुरुष को निगुंण सिद्ध किया है। ग्रन्थ बड़ा ही महत्त्वपूर्ण है।३१

ग्रन्थ की लिपि अस्पष्ट और प्राचीन है। यह ग्रन्थ कबीर-मत के वचनवंशीय मठ के महंथ आचार्य बलदेवदासजी, रोसड़ा (दरभंगा) से प्राप्त हुआ।

३८. विचार-गुणावाली—ग्रन्थकार—कृष्णकारख दास। लिपिकार—स्याम्दास। अवस्था—अच्छी, प्राचीन। देशी कागज। पृष्ठ-सं०—२४। प्र० पृ० पं०—लगभग २८। आकार—७½"×७"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— 'सतनाम सत सुकीत आदी अली अजरअचोन्तपुरुसमुनीन्द्र करुनामैक-बीरबनीध्रमदासवंन्दीछोरकस्तुदास सकल सन्त के दआ से लीखते ग्रन्थ विचार गुन्ण ।

साखी ॥

"वीवधवीचारऐइग्रन्थ है । सुनोसंन्तचीतलाइऐ ॥
औरग्यानबहुवादहे । सोतोहीकहीबुझाऐ ॥
सबदवीचारजोबुझीहै । ताकोहीरदैअगाघ ॥
और पाखंन्डी नीन्दा करैं । साई प्रणम्हु चान्हुऐ ॥"

अन्त— "गुरुत्राता ऐहु जगत्र में । ताहीसरीसनेकोऐ ॥
पोरपरावीनभाव से । पारलगावहीसोऐ ॥
इतीस्रीग्रन्थवीचारगुन्ण समापत ।"

विषय— कबीर—साहित्य ।

टिप्पणी— यह ग्रन्थ धर्मदास जी के द्वारा कबीरसाहब द्वारा किये गये प्रश्नों के उत्तर के रूप में लिखित है । ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही—
"ध्रमदासअरजीकरैसुनिऐपुरुषपुरानकोनविधिहमपाइहौसाहबतुम्हरे ग्यान बन्दीछोरअधीरपनाहौऐश्रीपाकरीसोऐजौकछुभग्तीमुलहैसोदीजेहमसोऐ ।
धर्मदास जी द्वारा किये इन प्रश्नों के उत्तर में 'परम पुरुष' ने पहले अपना स्थान बताया है । उसके बाद आगे की कथा में 'गुरु' का महत्त्व, अनहद नाद, सुरति, ध्यान आदि की चर्चा की गई है । ग्रन्थ ध्येय है । इन ग्रन्थों के प्रकाशन और अनुसंधान से संभव है, कबीर-परम्परा के साहित्य में कुछ वृद्धि हो । ग्रन्थ की लिपि अस्पष्ट और प्राचीन है । इसके साथ एक ही जिल्द में दो और 'त्रियाबोध' तथा 'आदि उत्पत्ति' नामक लघुकाय ग्रन्थ सम्बद्ध है । यद्यपि ग्रन्थ का रचना-काल और लिपिकाल का स्पष्ट संकेत नहीं है तथापि ग्रन्थ के प्रारम्भ में '२ फागुन सं० १३१४ साल आरम्भ कीआ' तथा 'त्रियाबोध के प्रारम्भ में '९ फागुन सं० १३१४ साल' लिखा है और 'आदि उत्पत्ति के अन्त में '१४ फागुन सं० १३१४ साल' लिखा है । किन्तु यह प्रतीत होता है कि लिपिकार ने लिपि का समय लिखा है । ग्रन्थ की भाषा पूर्वी अवधी है । सधुक्कड़ी भाषा का प्रचुर प्रयोग किया गया है । यह ग्रन्थ रोसड़ा (दरभंगा) के वचनवंशीय मठ के महन्थ आचार्य बलदेवदास जी के सौजन्य से प्राप्त हुआ ।

३६. विनयपत्रिका—ग्रन्थकार- गो० तुलसीदासजी । लिपिकार – × । अवस्था—प्राचीन, जीर्ण-शीर्ण । हाथ का बना देशी कागज । पृष्ठ-सं०—१५६ । प्र० पृ० पं०—लगभग ४२ । आकार—६"×१०" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकार—× ।

प्रारम्भ—"श्री गणेशाय नमः राग बिलावल ।
गाइए गणपति जगवंदन शंकरसुअनभवानीनंदन टेक
सिद्धिसदनगजवदनविनायक कृपासिंधुसुन्दरसबलायक ।।
मोदकप्रियमुदमंगलदाता । विद्यावारिधिबुद्धिविधाता ।।
मागततुलसीदासकर जोरे । वसहिंरामसियमानसमोरे ।। १ ।।
दीनदयालदिवाकरदेवा । करैंमुनिमनुजसुरासुरसेवा टेक
हिमतमकरिकेहरिकरमाली । दहनदोषदुखदुरितरुजाली ।।
कोक कोकनदलोकप्रकासी । तेजप्रतापरूपरसरासी ।
सारथिपंगुदिव्यरथगामी । हरिशंकरविधिमूरतिस्वामी ।।
वेदपुराणप्रकटजसजागैं । तुलशीरामभक्तिवरमागै ।। २ ।।"

अन्त—"सकलसभासुनिलौउठी जानिरीतिरहीहै ।
कृपागरीवनेवाजकी देखतगरीबकीसहसावाहगही है ।।
बिहँसि राम कह्यौ सत्य है सुधि मैं हूँ लहीहै ।।
मुदितमाथनावतबनीतुलसी अनाथकीपरीरघुनाथसहीहै ।। २७८ ।।
इतिश्री गोसाईं तुलसीदासकृतविनयपत्रिका समाप्त शुभमस्तु ।।"

विषय—तुलसी-साहित्य ।

टिप्पणी—यह गोस्वामी तुलसीदासजी का प्रसिद्ध ग्रन्थ है । प्रकाशित ग्रन्थों से इसमें यत्र-तत्र पाठभेद प्रतीत होते हैं । लिपि स्पष्ट और सुन्दर है । यह पत्थर के अक्षरों (लीथो) में लिखा है । इस ग्रन्थ का लिपिकाल स्पष्ट नहीं है, तथापि संवत् १८०६, फाल्गुन शुक्ल-सप्तमी होना चाहिए । मन्नूलाल-पुस्तकालय (गया) में स्थित प्रति का लिपिकाल सं० १८६६ है और नागरी-प्रचारिणी सभा में स्थित प्रति का सं० १८७६ है । यदि यह लिपिकाल ठीक है तो यह ग्रन्थ अबतक प्राप्त सभी ग्रन्थों से प्राचीन है । ग्रन्थ प्राचीन होने के कारण यत्र-तत्र कीड़ों से छिन्न-भिन्न हो गया है । यह ग्रन्थ बजाजा लेन, बाकरगंज (पटना)-निवासी लखनलाल गुप्त द्वारा प्राप्त हुआ ।

४०. रामचरितमानस—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास । लिपिकार—× । अवस्था—अच्छी । देशी कागज । पृष्ठ-सं० ८१ । प्र० पृ० पं०—लगभग ३० । आकार—६⅓" × १०" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचना-काल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—× ।

॥ दोहा ॥

प्रारम्भ—"गिरा अर्थ जल बीचि सम । कहियत भिन्न न भिन्न ।
बन्दौं सीता राम पद । जिनहिं परम प्रिय खिन्न १७ ।।

॥ टीका ॥

कपि पति सुग्रीव ऋक्षराज जामवंत निशाचरराज लंकेश विभीषण और अंगदादिक जो समस्त बानरों का सामज १ सब के सुन्दर

चरण कमलों को मैं वन्दना करता हूँ जिन्होंने अधम शरीर ही में राम पाये २ अब जितने श्रीरामचरण उपासक इस संसार में हुए हैं खग जटायु इत्यादि मृग राजेन्द्र सुर ब्रह्मादि असुर प्रह्लादादि नर अम्बरीष इत्यादि जो निष्काम भगवद्दास हैं तिन सब के चरणकमलों को अभिबन्दना करता हूँ ३"

॥ सोरठा ॥

अन्त—"अस विचारि मति धीर । तजि कुतर्क संशय सकल ।
भजहु राम रघुवीर । करुणाकर सुन्दर सुखद ॥
निजमति सरसि नाथ मैं गाई ।
प्रभु प्रताप महिमा खगराई ॥१।"

विषय—रामकाव्य ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ खण्डित है । प्रारंभ के चौबीस पृष्ठ नहीं हैं । अन्त में भी कुछ पृष्ठ नहीं हैं । खण्डित होने के कारण प्रारंभ की पंक्तियाँ पृष्ठ-संख्या २५ से लिखी गई हैं । ग्रन्थ की टीका अच्छी है । टीकाकार शुकदेवजी हैं । बालकाण्ड के अन्त में लिखा है 'इति श्री शुकदेव भणित मानसहंस नाम भूषण बाल-कांड संपूर्ण शुभम्" टीका की भाषा ब्रजभाषा से प्रभावित मध्यकालीन हिन्दी है । ग्रन्थ में यत्र-तत्र पाठभेद भी हैं । ग्रन्थ प्राचीन पत्थर के अक्षरों (पुरानी लीथो) में लिखित है । यह ग्रन्थ पूर्णिया जिले के कस्बा ग्रामस्थित गदाधर-पुस्तकालय के सौजन्य से प्राप्त हुआ ।

४१. रामायण—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास । लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन; हाथ का बना मोटा देशी कागज; पृष्ठ सं०—४६३ । प्र० पृ० पं०—लगभग २२ । आकार—८" × ११३/४" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—श्रावण कृष्ण-पंचमी; सं० १८३६ ।

प्रारम्भ—"श्री गणेशाय नमः ॥ अथ बालकांड लिख्यते ॥

॥ श्लोकाः ॥

वर्णानामर्थसङ्घानांरसानां छंदसामपि ।
मङ्गलानां च कर्त्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ ॥१॥
भवानी शङ्करौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ ॥
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरम् ॥२॥
वन्दे बोधमयं नित्यं गुरु शंङ्कररूपिणम् ॥
यमाश्रितोहिवक्रोपि चन्द्रः सर्वत्र वंद्यते ॥३॥
सीताराम गुणग्राम पुण्यारणय विहारिणौ ॥
वन्दे विशु विज्ञानौ कवीश्वरकपीश्वरौ ॥४॥

उद्भवस्थितिसंहारकारिणीं क्लेशहारिणीम् ।।
सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोहं रामवल्लभाम् ।।५।।
यन्मायावशवर्तिविश्वमखिलं ब्रह्मादिदेवा: सुरा
यत्सत्वाद्मृषैव भाति सकलं रज्जौ यथाहेर्भ्रमः ।।
यत्पादप्लवमेकमेव हि भवाम्भोधेस्तितीर्षावतां ।
वन्देहंतमशेषकारणपरं रामाख्यमीशंहरीम् ।।६।।
नानापुराणनिगमागम सम्मतंय—
द्रामायणे निगदितं क्वचिन्यतोपि ।।
स्वान्त: सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा
भाषानिबन्धमति मञ्जुलमातनोति ।।

॥ सोरठा ।।

जेहि सुमिरतसिधिहोइ । गणनायक करिवरबदन
करौ अनुग्रह सोइ ।। बुद्धिराशिशुभगुणसदन ।।१।।
मूक होइ बाचाल । पंगु चढ़ै गिरिवरगहन ।
जासु कृपासु दयाल । द्रवौ सकल कलिमल दहन ।।२।।"

।। दोहा ।।

अन्त—"मो सम दीनन दीन हित । तुम समान रघुवीर ।।
अस बिचारि रघुवंशमणि । हरहु विषम भवभीर ।।२२२।।
कामिहि नारि पियारि जिमि । लोभिहि प्रियजिमिदाम ।।
तिमि रघुनाथ निरंतर । प्रिय लागहु मोहि राम ।।२२३।।

।। श्लोका ।।

यत् पूर्वं प्रभुणाकृतं सुकविना श्री शम्भुना दुर्गमं
श्रीमद्रामपदाब्जभक्तिमनिशं प्राप्तं तु रामायणम्
मत्वातद्रघुनाथनाम निरतंस्वांतस्तम: शान्तये
भाषाबद्धमिदं चकार तुलसी दासस्तथामानसं ।।१।।
पुण्यं पापहरं सदाशिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं
मायामोहमलापहं सुबिमलप्रेमाम्बुपूरं प्रभुं ।।२।।
श्रीमद्रामचरित्रमानसमिदंभक्त्यावगाहन्तिये
ते संसारपतङ्ग घोर किरणैर्दह्यन्ति नो मानवा:

इति श्री रामचरित मानसे सकलकलि कलुष विध्वंसने विमल वैराग्य संपादिनो सप्तमः सोपानः समाप्तः ।। शुभमस्तु ।। सिद्धिरस्तु ।। समाप्तोयं ग्रन्थ ।।"

विषय—रामकाव्य ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ लीथो में लिखा गया है । ग्रन्थ में यत्र-तत्र पाठभेद हैं । ग्रन्थ के प्रारंभ के पृष्ठ जीर्ण-शीर्ण हैं । मुख्य पृष्ठ के ऊपर लिखा है—

"मुकुन्द राम नयनराम भगत ने छपाया"। कागज प्राचीन है। यह ग्रन्थ श्री राजनन्दन शर्मा, चिन्तामणिचक, मोकामा (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

४२. रामचरितमानस—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—खण्डित, प्राचीन; देशी कागज। पृष्ठ-सं०—४९१। प्र० पृ० पं०—लगभग ३२। आकार—८" × १२"। भाषा – हिन्दी। लिपि—प्राचीन कैथी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"[illegible]मंजुलअंजन। [illegible]दोषवीभंजन ॥
तेहीकरवीमलवीबेक [illegible]। बरनौ रामचरीत्र भवमोचन ॥
बन्दो प्रथम [illegible]शीशवहरना ॥
[illegible] करी प्रनाम सुप्रेम शुबानी॥

अन्त—"राम अजोध्या छाड़त [illegible]। [illegible] कहइ ॥
लछुमनकुरते [illegible]। [illegible] रामा ॥
वोपुलवीछाहश्रुहन कोन्हा। [illegible] नीज पुत्रन दीन्हा ॥
मथुरा देशसुबाहु[illegible] दीन्हा। दुशरेयुन [illegible] कोन्हा ॥"

विषय—रामकाव्य।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ प्राचीन कैथी लिपि में लिखा गया है। लिपि अस्पष्ट है। इसमें प्रचलित (मुद्रित) रामचरितमानस से कई पाठभेद हैं। ग्रन्थ के अन्त में उत्तरकांड के बाद कुछ भाग अधिक हैं जो संभवतः प्रक्षिप्त 'लवकुशकांड' प्रतीत होता है। अन्त में पोथी खण्डित है। पुष्पिका न होने से लिपिकार के नाम तथा लिपिकाल स्पष्ट नहीं है। तथापि लंकाकांड के अन्त में "इति श्री रामचरीत्रे मानशे शकलकलीकलुपवीधंशने [illegible] नाम खशटमो शोपान लंका काण्ड शमपुरन जः देखाशोलोखाभम दोखनदीअते पंडीतजनशोवीनतीमोरी टुटल अछर पढ़त्र जोरी मीतो अशाढ़ वदी ६ १२६१ शाल वं० ओशरनाथशोघ शा० शोभानगर ...... लिखा हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि कोई ईश्वरनाथ सिंह नामक व्यक्ति इस पोथी के लिपिकार हैं। यह ग्रन्थ जोहरी सावजी, कस्बा, पूर्णिया से प्राप्त हुआ। ग्रन्थ के अधिकारी द्वारा ज्ञात हुआ कि उनके पिता मुटाई सावजी ने यह संग्रह किया था। यद्यपि ग्रन्थ में लिपिकाल का संकेत नहीं है, किन्तु जोहरी सावजी ने इसका लिपिकाल लगभग फ० १२९५ साल बताया।

४३. सूर-सागर—ग्रन्थकार—सूरदासजी। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ सं—७३९। प्र० पृ० पं०—लगभग १८

आकार–४" × १०" । भाषा—हिन्दी । लिपि–नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल–अगहन, कृष्ण १५, सं० १८२५, बृहस्पतिवार ।

॥ रागगौरी ॥

प्रारम्भ—हलरौहलरावैमाता ॥ बलिबलि जाउघोषसुषदाता ।
जसुमति अपनो पुन्य विचारै ॥ बारबार सिसुवदनुनिहारै ॥
अंगफरकाइअलप मुसकानों ॥ याछविपर उपमाको जानों ॥
हलरावति गावति कहि प्यारे । बालदसाके कौतिक भारे ॥
महरी निरषिमुषहियहुलसानी ॥ सूरदास प्रभु सारगपानी ॥ ३५ ॥

॥ राग कानरा ॥

पलना स्याम हलावति जननी ॥
अति अनुराग परस्पर गावति प्रफुल्लित मगन मुदित नंदघरनी ॥
उमगि उमगि प्रभु भुजा पसारत हरषिजसोमतिअंकमभरनी ॥
सूरदास प्रभु मुदित जसोदा पूरन भई पुरातनकरनी ॥३६॥

॥ राग बिलावल ॥

गोपालमाई पालने झुलाए ॥
सुरमुनि कोटि देवतैतोसौ देषनकौतिकअंमरछाए ॥
जाको अंतुन ब्रह्मा जानत सिवसनकादिनपाए ॥
सो अबदेषौंनंदजसोदाहरषिहरषिहलराए ॥
हुलसत हंसतकरत किलकारी मन अभिलाष बढ़ाए ॥
सुरअस्यामभगतहितकारननानाबेष बनाए ॥'

॥ रागमारू ॥

अन्त— अति सुष कौसिल्या उठिधाई ॥
मुदित बदन ह्वै सुदिनसदनते आरति साजि सुमित्रा लाई ॥टेक॥
ज्यौं सुरभी वन बसत बछ बिनु परबस पसुपति की विहराई ॥
चलीं सांझ समुहाई श्रवतथन उमगि मिलन जननी दोउ आई॥
दधि फल दूब कनक के कोपर साजत सौर विचित्र बनाइ ।
अमी वचन सुनि होत कुलाहल देवव्यौम दुंदुभी बजाई ॥
अनेक रंगपट परत पवारे वीथो सुमन सुगंधसिचाई ॥
हरषित रोम पुलकित गदगद ह्वै जुवतिनि मंगल गाथा गाई ॥"

विषय—काव्य । सूर-साहित्य ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ अबतक प्राप्त सभी हस्तलिखित प्रतियों से प्राचीन है। नागरी-प्रचारिणी सभा, बनारस में 'सूर-सागर' की ४ प्रतियाँ हैं जो सं० १८९२, १८७३, १८६६ और १८५३ में लिखी गई हैं। श्री मन्नूलाल पुस्तकालय (गया) के संग्रहालय में प्राप्त दो प्रतियों का

लिपिकाल सं० १८५७ और सं० १९२४ है। ग्रन्थ खंडित है। बीच के पृष्ठ १०७, १०८ और १११ से १९७ तक तथा २२८, २७८, ३५२, ३८१, ३०८, ३९१, ३९८, ४२२ एवं ४२७ से ४३२ तक नहीं हैं। पृष्ठ सं० ५२६, ५३६, ५४७, ५४८, ५४९ और ५५० भी नहीं हैं। इस प्रकार कुल पृष्ठ-सं० ५४० में ९१ पृष्ठ नहीं है।

संग्रह विस्तृत है, अतएव ग्राह्य है। प्रकाशित ग्रन्थ से कई स्थानों में पाठभेद हैं तथा पौर्वापर्य का विपर्यय भी। संभव है, इसके अध्ययन-अनुसंधान से 'सूर' के कुछ नवीन पद भी प्रकाश में आयें। ग्रन्थ का अन्तिम पृष्ठ नहीं है। लिपिकाल ग्रन्थ के अन्तिम पृष्ठ में ही लिखा था; किन्तु ग्रन्थ के मालिक से वह खो गया। प्रारम्भ के १६ पृष्ठ भी नहीं हैं। प्रारम्भ की पंक्तियाँ १७ पृष्ठ से लिखी गई हैं। ग्रन्थ की लिपि प्राचीन और स्पष्ट है। लिपि की शैली पुरानी है। यह ग्रन्थ विन्देश्वरी प्रसाद वर्मा, ग्राम मैनपुरा (दीघा, पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

४४. **शब्द**—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—सिवप्रसाददास, जोधनदास तथा रामदत्त दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज; खण्डित। पृष्ठ-सं०—३१४। प्र० पृ० पं०—लगभग १६। आकार—५½" × १०"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल प्रसिद्ध। लिपिकाल—वैशाख कृष्ण-षष्ठी, मंगलवार, सं० १९५५ वि० (फ० १३०५ साल)।

सतनाम

प्रारम्भ—सब्द के गरन्थ भाख ल दरीया साहब हंस उबारन स्ब्द कबीहर लीखयते
काहे के आसन बासन बाबल काहे के पवन पीवै दिन राती।१।

मध्य—धन्य सतगुर सत सब्द बोचारा।
मानुष से देवता जिन्हि कीन्हो मेटेव सकल बिकारा।१।

अन्त—कहँ दरोया दरबेस कोई इस्किदा महल मासुक, महबुब जानी।

× × ×

मास बैसाख क्रीस्न पक्ष, षष्टी मंगलबार
दुइ पहर के भितरे, ग्रन्थ भया तइयार।।

विषय—दरिया साहब का यह सबसे बड़ा ग्रन्थ है। इसमें विभिन्न रागों एवं छन्दों के द्वारा सद्गुरु एवं ईश्वर का माहात्म्य वर्णित है।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ विशालकाय है। कबीरदास के 'बीजक' के समान ही यह ग्रन्थ भी दरिया-पन्थियों में सम्मानित है। विभिन्न छन्दों में ग्रन्थ-रचना हुई है। दरिया-पन्थ के प्रायः सभी दार्शनिक और साम्प्रदायिक

सिद्धांतों एवं मान्यताओं की इसमें विवेचना है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। ग्रन्थ धरकंधा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४५. (क) ज्ञानदीपक—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—नरहरदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ सं०—१६७। प्र० पृ० पं०—लगभग १८। आकार—१०½" × ११½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—आषाढ़ शुक्ल-द्वादशी। फ० १२६६ साल।

प्रारम्भ— प्रेम जुक्ति निजु मूल है, गुर गमी करो सुधार
दया दीपक जबही बरै, दरसन नाम अधार ॥

मध्य— बिनय कीन्ह कर जोरि, सभ भव भर्म नशाइया
बिमल मती भव जोरि, धन साहब दरसन दिवो।

अन्त— तहा देखी दरसन मूल, सभ मेटि दोविधासूल
तव गवन भव छपलोक, सभ छुटी जमके शोक ॥

× × ×

भयो सपूरन ग्यान, सतगुर पद पावन करो
उबरे संत सुजान, जिन्हि गमि किवो विवेककरी।

विषय— सद्गुरु और संत की वंदना। निर्गुण तथा त्रिगुण ज्ञान-द्वारा मुक्ति। तीर्थ और अन्य पाखंडों का उपहास।

टिप्पणी— ज्ञानदीपक दरिया साहब का अनुपम ग्रन्थ है। आत्मनिरोध, अहिंसा, ईश्वर, माया आदि विषयों पर कुंभज और भारद्वाज के बीच वार्तालाप का प्रसङ्ग दर्शन-जैसे शुष्क विषय को सरसता प्रदान करता है। सुक्रित (दरिया) के विभिन्न जन्मों की कथा बड़े सुन्दर ढंग से लिखी गई है। सृष्टि के सम्बन्ध में शिव-पार्वती-संवाद तथा सत्पुरुष के पुत्रों के विषय में कुंभज और नारद-वार्तालाप बड़े रोचक हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकंधा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ है।

४५. (ख) दरियासागर—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—नरहरदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ-सं०—७२। प्र० पृ० पं०—लगभग १६। आकार—१०½" × ११½"।

भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—सावन वदी-नवमी, शनिवार; फ० सन् १२६६ साल।

प्रारम्भ— ग्रन्थ दरियासागर मुक्ति भेद निजु सार
जो जन शब्द विवेकिया सो जन उतरही पार॥

मध्य— निस्चै ब्रह्म रत है सारा निस्चै उतरही भवजल पारा
निस्चै तेहि मिलही करतारा निस्चै भक्ति प्रेम निजुसारा॥

अन्त— कोठा महल अटारिया, स्रवन सुनै बहुराग
सतगुर शब्द चिन्हे विना, ज्यों पंछिन महँ काग॥

विषय— शब्द और नाम की महिमा। छपलोक का प्रसंग। निगुर्ण सत्पुरुष और सगुण अवतार का वर्णन। सद्गुरु द्वारा सुशिष्य को उपदेश। साधु-संगति से लाभ। मूर्ति-पूजा-खंडन तथा जाति-प्रथा के विरुद्ध आक्षेप।

टिप्पणी—दरियासागर में शब्द और नाम का माहात्म्य वर्णित है। इसमें निगुर्ण और सगुन का बड़ा सुन्दर विवेचन हुआ है। ग्रन्थान्त में संसार की अनित्यता तथा माया की प्रबलता का वर्णन है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकंधा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महन्त चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४५. (ग) भक्ति हेतु—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार × । अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठसं—३०। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। आकार—१०½"×११½"। भषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल सावन सुदी सप्तमी, शुक्रवार; फ० सन् १२६६ साल।

प्रारम्भ— ज्ञान भक्ति निजुसार है, सुनो स्रवन चितलाए
बिक्ति-बिक्ति बिख्यान यह, ब्रह्म अनूप देखाए॥

मध्य— सहर धर्कन्धा थै कीन्हो, भाव भजन निरवान
सत पुर्ख चलि आएउ, लीला अगम निशान॥

अन्त— मन पवना के साधिए, साधू सब्दहि सार
मूल अकह में गमि करो, मोती घना पसार॥

विषय— अनेक प्रकार के उदाहरणों द्वारा भक्ति और ज्ञान का उपदेशपूर्ण वर्णन। साधु और असाधुओं के चरित्र की चर्चा तथा सत्संगति से लाभ। सद्गुरु की स्तुति, लोभ-त्याग, दिव्य-दृष्टि आदि का वर्णन।

टिप्पणी—पुस्तक केवल ३० पन्नों की है। फिर भी इसके विषय बड़े गंभीर हैं। पशु-पक्षी और कीट-पतंगों के उदाहरणों के द्वारा ज्ञान तथा भक्ति की

विशद व्याख्या इसमें की गई है। साधु-आसाधु-वर्णन उपदेशप्रद है। इस पुस्तक में दरिया साहब ने जाति-पाँति का खंडन करते हुए विश्व-बंधुत्व पर बल दिया है। ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकंधा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४५. (घ) ज्ञान-सरोदे—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार - ×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृ०-सं०—२३। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार १०½"—११½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—श्रावण शुक्ल-एकादशी, भौमवार; फ० सन् १२६६।

प्रारम्भ—दरिया अगम गंभीर है, लाल रतन की खानि
जो जन मिलै जौहरी, लेहि सब्द पहिचानि॥

मध्य—पाँच तत्तु को कोठरी, तामे जाल जंजाल
जीब तहांवासा करै, निपट नगीचै काल॥

अन्त— दरियानामा फारसी, पहिले कहा किताब।
सो गुन कहा सरोद में, गहिरि ग्यान गरकाब॥

विषय—ईश्वर, आत्मा और शरीर आदि विषयों के अतिरिक्त इसमें स्वरोदय (श्वास की क्रिया-प्रक्रिया) के विज्ञान का वर्णन है।

टिप्पणी— ज्ञान सरोदे (जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है) प्राणायाम के माध्यम से ज्ञान-प्राप्ति का पथ-प्रदर्शन करता है। 'ज्ञान स्वरोदय' और 'दरियानामा' मूल फारसी-ग्रन्थ का रूपान्तर है। ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरियामठ के महन्त चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४५. (ङ) प्रेममूला—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार — ×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ-संख्या—१५। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—१०½"—११½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—श्रावणी पूर्णिमा, शुक्रवार; फ० सन् १२६६ साल।

प्रारम्भ—प्रेम कवल जल भीतरै, प्रेम भँवर ले बास
होत प्रात सूपट खुलै, भान तेज परगास॥

मध्य— कहे दरिया सतगुरु खोजो सत सब्दही करो बिचार
वो गुरु रासता जगत मै निर्मल मिला न सार॥

अन्त— त्रिया भवन बिच भगति है, रहै पिया के पास
मन उदास नहि चाहिए, चरन कँवल की आस ॥

विषय— ईश्वर और सद्गुरु के प्रति प्रेम की दृढ़ता का प्रतिपादन ।

टिप्पणी—इस छोटी-सी पुस्तक में भी पशु-पक्षी और कीट-पतंगों के उदाहरण द्वारा ईश्वर के प्रति प्रेम का अनूठा प्रदर्शन किया गया है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

४५. (च) **ब्रह्म-विवेक**—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना कागज । पृष्ठ-सं०—३० । प्र० पृ० पं० —लगभग २० । आकार—१०½" × १२½" । भाषा – हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—भाद्र शुक्लपक्ष-एकादशी, बुधवार; फ० सन् १२६६ साल ।

प्रारम्भ— ब्रह्म बिबेक ग्यान एह, स्रोता सुमति सुधार
ग्यानी समुझि बिचारही, उतरहि भौजल पार ॥

मध्य— देख ही कौतुक नर औ नारी, कोमल बालकुमारी
सीता उठि झरोखै देख ही, सुन्दरि प्रेम पिआरी ॥

अन्त— ब्रह्म बिबेक ग्यान यह, पढ़े सुने चित लाए
मुक्ति पदारथ पावई, सदा रहे सुख पाए ॥

विषय— सत्पुरुष के सत्यस्वरूप का वर्णन । विवेक-बुद्धि की आवश्यकता । पाषण्ड का भंडाफोड़ । हठयोग के विरुद्ध सहजयोग का प्रतिपादन ।

टिप्पणी—यह पुस्तक सुन्दर अवस्था में है। इसमें सत्पुरुष तथा छपलोक का बड़ा अच्छा वर्णन है। आदि भवानी (माता) और ब्रह्म (पुत्र) के बीच वार्तालाप-कथाएँ बीच-बीच में बड़ी रोचक हैं। दुर्वासा-उर्वशी-प्रेम तथा पराशर के वेश्या-प्रेम की कथा और अन्त में दरिया के अवतार की भी कथा है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकंधा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महन्त चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

४५. (छ) **अमरसार**—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना पतला कागज । पृ०-संख्या—२४ । आकार—

१०½" × ११½"। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। रचनाकाल–प्रसिद्ध। लिपिकाल—कार्त्तिक बदी-नवमी, गुरुवार; फ० सन् १२६७ साल।

प्रारम्भ— अरज कीन्ह सिरनाय, दयानिधि सुनु लीजिये
सदा सब्द समुझाय, बहुरि ना भव जल आवही॥

मध्य— सत गुर चरन सनेह करो, भगित दया धरो
प्रेम प्रीति नीति नेह, भवसागर तरिजाइहौ॥

अन्त— बेबहा पुर्ख अमान हहिं, दरसन दीन्हों आए
सहि जादा सुक्रित हहिं, सभ बिधि कहा बुझाए।।

विषय— सत्पुरुष और सद्गुरु की स्तुति। दरिया साहब का सत्पुरुष से साक्षात्कार। पाषण्ड की निन्दा आदि।

टिप्पणी—इस ग्रन्थ में माया का प्रपंच और हिन्दू-देवताओं तथा ऋषियों पर प्रभाव दिखलाकर भक्ति का पथ-प्रदर्शन बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकंधा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महंत चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४५. (ज) निर्भय ज्ञान—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—रघुनाथ दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृ०-संख्या—१२। आकार—१०½" × ११½"। भाषा–हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल–प्रसिद्ध। लिपिकाल—ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-नवमी, मंगलवार, सं० १९५२ वि० (फ० सन् १३०२ साल)।

प्रारम्भ— आदि पुर्ख कर्त्ता हहिं, जिन्हँ कीन्हो सकल संसार
प्रथिमी नीर अकास जत, चंद सुरज बिस्तार॥

मध्य— घर घर सत गुरता कही, ग्यान कथही बिस्तार
सुक्रित कहा सतगुरु कही, हंस उबारही पार॥

अन्त— सतगुरु सब्द प्रतीति करि, गहो सन्त चितलाय
छप लोक के जाइहो, बहुरि ना भव जल आय॥

विषय— सद्गुरु और शब्द में विश्वास की आवश्यकता, सत्पुरुष का गुणानुवाद, आत्मा पर सद्गुरु का शान्तिप्रद सुधारपूर्ण प्रभाव।

टिप्पणी— ग्रन्थ अच्छी अवस्था में है। नागरी और कैथी—दोनों लिपियों में ग्रन्थ लिखा गया है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है।

यह ग्रन्थ घरकंधा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महन्त चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४६. ज्ञानदीपक—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—रामफलदास। अवस्था—आधुनिक। यंत्र का बना पतला कागज। पृष्ठ-सं०—१२३। प्र० पृ० पं०—लगभग २७। आकार—६½"×१०¾"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—पूस बदी-सप्तमी, मंगलवार; सन् १३३२ फ०।

प्रारम्भ—सत्तनाम ॥

संतबानी ग्रन्थ भाखल
संतबानी सतगुरु दरिया साहब कृत
ग्रन्थ ज्ञानदीपक भाखल मुक्ति के दाता
हंस उबारन बंदी छोड़-छोड़ : साखी।
प्रेम जुक्ति नीजु मुल है, गुरुगमी करो सुधार
दया दीपक जबहीं बरै, दरसन नाम अधार ॥

मध्य—छपलोक में भम रहे, सदा पुर्ख के पास
तीनिलोक जंह लुटिया, कोइ निमरीस कैनाही दास ॥

अन्त—भँव संपूरन ज्ञान, सतगुरु पद पावन करो
उबरे संत सुजान, जिन्हि गमी किवो बिबेक यह ॥

विषय—सतगुरु-कुम्भज-कथा, भवानी-कथा आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ की लेखन-शैली प्राचीन है। कागज आधुनिक यन्त्रालयों का बना है। किसी-किसी पृष्ठ पर अँगरेजी के अक्षर एवं अंक छपे हैं। ग्रन्थ सुपाठ्य है। ग्रन्थ के अन्त में छंदों के निम्नलिखित प्रकार से गणना की गई है।

साखी	चौपाई	छंदतोमर	छंदनारायन	सोरठा
२२०,	२२६,	५१,	५१,	५१
२१२,	२२६१,	जामा २६१२ ॥		

यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह घरकंधा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४७. (क) ज्ञानरतन—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—कमलदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ-संख्या—१४६।

प्र० पृ० पं०— लगभग १४। आकार— ६½"×८½"। भाषा— हिन्दी। लिपि— नागरी। रचनाकाल— प्रसिद्ध। लिपिकाल— पौस, शुक्लपक्ष-षष्ठी; फ० सन् १२७८ साल।

प्रारम्भ— ग्यान रतन मनि मंगल, बिमल सुधा निजुनाम
करो बिबेक बिचारि के, जाए अमरपुर धाम।

मध्य— मारा रघुवर बान ते, लंका परि गव दंक
लंक बंक गढ टूटी है, कोइ ना रहा निहसंक॥

अन्त— भादो बदी चउथी दिन, गवन किवो छपलोक
जो जन सब्द बिबेकिआ, मेटि जाए सभसोक॥

बिषय— रामकथा तथा सगुण, निगुर्ण आदि विषयों पर शुजाशाह और संत दरिया साहब का वार्तालाप।

टिप्पणी— इस पुस्तक में संतकवि दरिया और शुजाशाह (नोखागढ़, आरा के जमीन्दार) का वार्तालाप बड़ा सरल है। संक्षेप में राम-कथा वर्णित है। सतनाम तथा सद्गुरु-विषयक वर्णन बड़ा मनोहर है। ग्रन्थ की लिपि-शैली प्राचीन है। किन्तु लिखावट स्पष्ट और सुवाच्य है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

४७. (ख) ज्ञानदीपक— ग्रन्थकार— संतकवि दरिया साहब। लिपिकार— कमलदास फकीर। अवस्था— प्राचीन। हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ संख्या २१४। प्र० पृ० पं०— लगभग १४। आकार— ६½"×८½"। भाषा— हिन्दी। लिपि— नागरी। रचनाकाल— ×। लिपिकाल— अगहन, पूर्णिमा, शनिश्चर ; फ० सन् १२७६ साल।

प्रारम्भ— सतनाम
सतपुर्ष साहब जींदा जाग्रीत हंस उबारन सूक्रित दरिया साहब सतगुर ग्रन्थभाषल 'ग्यान दीपक' साखी सतनाम।
प्रेम जुक्ति निजु मुल है, गर गमि करो सुधार।
दिया दीपक जबहि बरे, दरसन नाम आधार॥

मध्य— करो भक्ति ग्रीह जाएके, रानी लेहुली आए
सो जीव जम शे बांचि है, सतनाम गुन गाए॥

अन्त— जो सतगुर कह चीन्हि के, ग्यानहि करै विचार
सोइ दफा सोइ बंस है, गुन गहि होखै पार॥

विषय— सद्गुरु और सत्पुरुष-माहात्म्य-वर्णन ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है । लिपि स्पष्ट और कागज मजबूत है। ग्रन्थ में संभवत: रचना-काल का निर्देश नहीं है। लिपिकाल और दरिया साहब का निर्वाण-काल लिखित है। उनके निर्वाण-काल के सम्बन्ध में अधोलिखित पद पठनीय हैं—

"समत अठारह सै सैतिस, भादो चौथी अंधार
सावा जाम जब रइनि गएवो, दरीया गौन विचार ॥
भादो बदी बार सुक, गवन किवो छप लोक
जो जन सब्द बिवेकिया, मेटे सकल सभ सोक ॥

यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

४८. विवेक-सागर—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना हरे रंग का मोटा कागज । पृ० सं०—४६ । प्र० पृ० पं०—लगभग १४ । आकार—६½" × ८½" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल— माघ, कृष्णपक्ष-एकादशी, मंगलवार ; फ० सन् १२७५ साल ।

प्रारम्भ— सतगुरु मत ह्वीदै मम, पद पंकज करुध्यान
लोचन कंज मंजन करो, सुघर संत सुजान ।

मध्य— अघ मोचन गर्व भंजन शो मम तोहरे शाथ
करो पतन जिरजोधन ही तुम्हके करों शनाथ ॥

अन्त— नीच भया नाचत फिरे, बाजिगर के साथ
पाव कुल्हाड़ी मारिया, गाफिल अपने हाथ ॥

विषय— ज्ञान, भक्ति और सद्गुरु में विश्वास आदि ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ सुन्दर कागज पर लिखित है। लिपि सुस्पष्ट है । ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार के नाम का निर्देश नहीं है। प्रतीत होता है, पूर्व ग्रन्थ के लिपिकार ने ही इसकी भी लिपि की है। दोनों ग्रन्थ एक ही जिल्द में हैं। सद्गुरु-माहात्म्य का वर्णन विस्तार से है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह धरकन्धा (शाहाबाद) ग्राम के दरियामठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

४९. शब्द्अरजी—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—ठाकुरदास। अवस्था–प्राचीन। हाथ का बना जीर्ण-शीर्ण कागज। पृष्ठ-सं०—४४। प्र० पृ० पं०—लगभग १३। आकार—$४\frac{१}{४}$" × $५\frac{१}{४}$"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल –प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— सब्द अरजी ॥

तुम बिनु सरन राखै कवन
भगत जन सभ तुम्है जानत
दनुज दानव दवन ॥ १ ॥

मध्य— हरिनाकस जो गर्व किवो है
गर्व गर्द मिलि जाइ ॥
नखते फारा उदर वोर्द बिदारा
हाथ के हाथे पाइ ॥ २ ॥

अन्त— जोगी जंगम सेव डाइन्ह् तें पन्थ निनारा
हरे हारे अवधु कहें दरिया
दरसेउ सोइ है संत पिआरा।

विषय— ज्ञान और भक्ति का गीति-काव्य।

टिप्पणी— इस छोटी-सी पुस्तक में विभिन्न प्रकार के पदों में सत्पुरुष की स्तुति की गई है। पद गेय हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ है।

५०. (क) शब्द्-अरजी—ग्रन्थकार–सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—फकीर रामधन-दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना जीर्ण-शीर्ण कागज। पृष्ठ सं०—५२१। प्र० पृ० पं०—लगभग १९। आकार—$५\frac{१}{३}$" × $८\frac{१}{२}$"। भाषा–हिन्दी। लिपि–नागरी। रचनाकाल–प्रसिद्ध। लिपिकाल–×।

प्रारम्भ— शब्द अरजी सत

तुम बिनु सरन राखे कवन
भगत जन सभ तुमै जानत
दनुज दानव दवन ॥

मध्य— जोग जागे काल-भागे करम कलि कवलेस छूटे
जुगुति जोगी जानी।

× × ×

मेरु डंडके साधी धाधे
अरध लेके उरध बांधे ।
जाय अजपा ....अनी ॥

अन्त— अति सोहाग भाग गनिका को राग
बिरह रस पाना जो कीन्हे वो
प्रेम प्रीति करि तेहि व्रत
नीति ग्यान बिना दुख दारुन वीन्हैव
कहें दरिया दर छेकेव काल ने
लाल बिसारि हारि प्रभु दीन्हेवो ॥

विषय— ज्ञान और भक्ति ।

टिप्पणी—ग्रन्थ अत्यन्त प्राचीन है। कुछ अंश अस्पष्ट हैं। ग्रन्थ के अधिक भाग अपठनीय हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरी-दास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५०. (ख) गणेशगोष्ठी—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—उजागिर दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना जीर्ण-शीर्ण कागज। पृष्ठ संख्या—१२। प्र० पृ० पं०—लगभग १४। आकार—५½"×८½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— सत्तनाम
ग्रन्थ गुस्ठी हुआ है गनेस पंडित
ओ दरियासाहब से धरकन्धा में
दरिया बचन—
पंडित राज सुनो सतबानी
पढ़ी गरंथ कछु लाज न आनी
वेद पढ़ा पर भेद न जाना
ताते जमके हाथ बिकाना ।

मध्य— जबलगी बिरहना उपजे, हिए ना उपजे प्रेम ।
जौं लगी हाथ ना आवही, धर्म किए व्रत नेम ॥

अन्त— सत्तनाम सर्ब उदितं, जैसे देवस पतंग
जो जन सुमिरन ठानही, पछ होत नाही भंग ॥

विषय— मूर्ति-पूजा, कर्मकाण्ड, साम्प्रदायिक भेदभाव, वेद, ईश्वर आदि ।

टिप्पणी—यह पं० गणेश और दरियासाहब के बीच हुए विवादों के आधार पर रचित एक छोटी-सी पुस्तिका है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में

सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५०. (ग) शब्दकवित्त—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरियासाहब। लिपिकार—उजागिरदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना जीर्ण-शीर्ण कागज। पृ०-संख्या—२०। प्र० पृ० पं०—लगभग १३। आकार—५⅓" × ८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १६४१ वि०।

प्रारम्भ— सतनाम

रहत रहित रस ग्यान बिचारा
शब्द कवित रस खंडन
अस काहे के आसन बासन बाधन
काहे के पवन पीवे दिन-राती।

मध्य— त्रिगुन नदो त्रिबिधि धारा यह
देह धरे नाहि बाचु कोइ।

अन्त— हमके कहा कहन को ऐसा
महर महो ऐसो बुझे
कहे दरिया दर पेस महल मे
जिन्ह का जैसा सुझे॥

विषय—सद्गुरु एवं ईश्वर-माहात्म्य-वर्णन।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ खण्डित है। लिपिकार के अनुसार यह ग्रन्थ किसी 'राम बहाल भगत' नामक व्यक्ति के लिए लिखा गया है। ग्रन्थ छोटा है। लिपि स्पष्ट है। ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५१. (क) भक्तिहेतु—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—पीताम्बरदास। अवस्था—अच्छी, प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृ० सं०—३०। प्र० पृ० पं०—लगभग १६। आकार—५½" × ८½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—भादो सुदी-चतुर्थी, बुधवार; सं० १८९३ वि०।

प्रारम्भ—सतनाम

गंरथ भगती हेतु भाखल दरी

आ साहब मुकुति का दाता सत ग्रग साखी
ग्यान भगती नीजु सार है; सूनो सत्रन चीतलाय।
बीगती बिगती बीरवान है; ब्रम अनुप देखाये।

मध्य— च्रंनघरो बहुभाती से; श्रीकेवल ग्रोभै ग्यान।
प्रेम प्रीति के कारने; आऐ पुर्ख अमान ॥

अन्त— मन पवना का साधीये; साधो सबद ही सार।
मूल अकहं मे गमी करो; मोतो घना पसार ॥

विषय— अनेक प्रकार के उदाहरणों द्वारा भक्ति और ज्ञान का उपदेशपूर्ण वर्णन। लोभ त्याग, दिव्य-दृष्टि, सद्गुरु की स्तुति आदि।

टिप्पणी—पुस्तक छोटी है। ज्ञान और भक्ति की विशद व्याख्या की गई है। कतिपय पृष्ठ कीटाणु-बिद्ध हैं। यह ग्रन्थ परिषद् संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५१. (ख) अग्रग्यान—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—पीताम्बरदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृ०-संख्या—२६। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार—५½" × ८½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—भादो सुदी-अष्टमी, सोमवार; संवत् १८९३ वि०।

प्रारम्भ— सतनाम
सतपुर्ख बेबाहा साह
ब सूक्रीत नाम सतगुरु
जोगजीत दरीआसाहब गंरथभा
खल अग्रग्यान हंसउबारंन ॥१॥

साखी

अरज कीन्ह सीर नाऐ दयानीधी सूनि लेजीयै
सार सबद समुझाऐ : बहुरी ना भव जल आवही ॥

मध्य— तन मन धन नीज ग्यान इअह : अरपन सब तुम्है कीन्ह।
दआ करो बहुभाती इम्ह : रहो कबही जनि भीन्ह ॥

अन्त— बेबाह पुर्ख अमान हंही : दरसन दीन्हो आय।
साहीजदा सुक्रीत हंही : सभ बीधी कहा बुझाय ॥

विषय— निर्गुण तथा जोगजीत (सुक्रीत) चर्चा एवं माया की व्यापकता का वर्णन।

टिप्पणी—ग्रन्थ की सुन्दर अवस्था है। लिपि स्पष्ट है। माया की व्यापकता एवं सत्पुरुष के सोलह पुत्रों की कथा वर्णित हुई है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५१. (ग) विवेकसागर—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—बखोरीदास। अवस्था—सुन्दर, प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृ ·सं०—४६। प्र० पृ० पं०—लगभग १८। आकार—५½″ × ८½″। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—भादो सुदी·द्वादशी, बृहस्पतिवार ; संवत् १८६३ वि०।

प्रारम्भ— सत्तनाम
सत्त सुक्रीत साहब
जोग जीत हंस उवारन
मुकुति के दाता दरिया सा
हब ग्रन्थ बीबेक साग्र भाखल
दरीआसाहब : साखी :
सतगुर मंतर्हिदआ मम : पद पंकज कह ध्यान :
लोचन कंज मंजन करो : सुघर संत सुजान : :

मध्य— आतंम दरस बीबेक करि : कहि दीन्हो प्रभूग्वान :
दरपन टुककरो रहै : नाही दुजा कोइ आन : ।

अन्त— सबसें बड़ा हैं साधु है साधु सें बड़ा ना कोऐ :
दंसन प्रसन प्रेम रस : आनंद मंगल होऐ :

विषय—ज्ञान, भक्ति और सद्‌गुरु-माहात्म्य-वर्णन आदि।

टिप्पणी— ग्रन्थ सुवाच्य है। ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय जहाँ-तहाँ फटे हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२. (क) प्रेममूल—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—१२। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—५½″ × ६″। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फ० सन् १२८६ साल।

प्रारम्भ—सतनाम

ग्रन्थ प्रेम मुला भाखल ....।
साखि .. ....।
प्रेम कमल जल भीतरे........।
होत प्रात सुपट खुले भा ...।

मध्य— तीली को तेल फुले लल्य मेटो तील को नाम
सतगुर सब्द समानेव, बसेव अमं पुर गाव ॥

अन्त— इया भवन बिच भगित मे, रहै पिया के पास
मन उदास न चाहियै, चरन कमल को आस ॥

विषय— सद्गुरु-भक्ति-प्रतिपादन।

टिप्पणी—इस ग्रन्थ में सद्गुरु और ईश्वरभक्ति का सुन्दर प्रतिपादन है। लिपि नागरी है। जहाँ-तहाँ कैथी अक्षरों का प्रयोग भी हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२. (ख) ज्ञानमूल—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—२२। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—५½"×६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फ० सन् १२८६ साल।

प्रारम्भ—सतनाम

ग्रंथ ग्यान मुल
भखल दरीया साहब सुक्रित साहब, सत्तनाम साखी
सतबर्ग सर्ब उपरें, सखा पत्र सभ जीव
जल थल सभ मे ब्यापिया, सरब सुधारस पीव ॥

मध्य— कपट काटी कंठा करो, काटु कुबुधि बन ठाट
सतगुर दोस न दीजियै, जम रोकेगा बाट ॥

अन्त— रबी को छबी एह छीत पर, यह निर्गुन को भाव
छबी ते रबी नहि होत है, निर्गुन सर्गुन को राव ॥
यह घट पट जब खुलत है, छटकत कवि तब जाए
ओ छबि उल्टी न आबही फेरि ना हि घटहि समाए ॥

विषय—त्रिगुण देवों से सत्पुरुष की विभिन्नता, सत्पुरुष का स्वर्ग से जंबूद्वीप आकार सुक्रित के प्रचारों के हेतु उन्हें रक्षा-प्रदान करना, मन की व्यापक प्रबलता का वर्णन आदि।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। लिपि अस्पष्ट है। लिपिकाल स्पष्ट नहीं है। विषय का प्रतिपादन बड़े सुन्दर ढंग से हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२ (ग) ब्रह्मविवेक—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—होरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—२७। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—५½" × ९"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फ० सन् १२८९ साल।

प्रारम्भ—सतनाम

ग्रन्थ ब्रह्मविवेक भाष ल दरिया साहब: साखी
ब्रह्म विवेक ग्यान एह, स्रोता सुमति सुधार।
ग्यानी समुझि बिचारही, उतरहि भौ जल-पार।

मध्य— तीनि लोक के ठाकुर, भुली धरा भव ग्यान
जो मोहनि सुरनर मुनी छडेव सो न परा पहचान ॥

अन्त— ब्रह्मविवेक ग्यान एह पढे गुने चितलाए
मुकुति पदारथ पाइ है, सदा रहै सुख पाए ॥

विषय— सत्पुरुष स्वरूप वर्णन, पाषण्ड भण्डाफोड़ आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ कथा-कहानी के माध्यम से लिखा गया है। दर्शन जैसे नीरस विषय को दरिया साहब ने कथा-कहानी के साँचे में ढालकर सर्व-जन-सुलभ बना दिया है। अन्त में दरिया के अवतार की कहानी है। ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२. (घ) भक्ति-हेतु—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना खण्डित, किन्तु चिकना कागज। पृष्ठ-संख्या—२५। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—५½" × ९"। भाषा—हिन्दी।

लिपि - नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फ० सन् १२८६ साल; कार्तिक, कृष्णपक्ष, बुधवार।

प्रारम्भ— सत्तनाम
गरथ भगित हेतु भाखल दरी—
या साहब सतगुर हंस उबारन
सत्तनाम साखी
ग्यान भगति निज सार है सुने सर्वन चितलाए
बिग्ति बिग्ति बिखान एहः ब्रह्म अनूप देखाए॥

मध्य— कहिं दरिया बोए अजर हंही, छपलोक मे बास
तदपा काल न आवही, बहु बिधि करहिबेलास॥

अन्त— हीरामनि निजु दास है, सब दासन्हि को दास
सतगुर से परचे भइ, बीगसा प्रेम परगास॥

विषय— साधु-असाधु-चर्चा, स्त्री-संपत्ति-लोभ-त्याग, आत्मा की अमरपुर यात्रा का वर्णन आदि।

टिप्पणी—कीट-पतंगों के उदाहरण द्वारा भक्ति और ज्ञान का उपदेशपूर्ण वर्णन। निर्गुण और त्रिगुण-विवेचना। अन्त के कुछ पन्ने फटे हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२. (ङ) अमरसार—ग्रन्थकार-सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—१६। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—$5\frac{1}{2}'' \times 9''$। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—कार्तिक वदी, रविवार; फ० सन् १२८६ साल।

प्रारम्भ— सत्तनाम
ग्रन्थ अमर सार भा
खल दरिया साहब सुक्रित नाम सत वर्ग बदी छोड़ स
तगुर साहब हंस उबारन : साखी
सतगुर चरण सुधा सम बीमल मुकुति के मुल
पद पंकज लोचउ हीआ, अर्ज अनुप मकुल॥

मध्य— कहें दरिया जग जात्रै सो रिखि काम अधीन
बिरला बाच मोहबसो रहे नाम ललीन॥

अन्त— गुरु मुरती गति चंदमा सेवक नैन चकोर
पलक-पलक निरखत रहो, गुर मुरती के वोर ॥

विषय— सत्पुरुष और सद्गुरु की स्तुति, दरिया साहब का सत्पुरुष से साक्षात्कार, पाषण्ड की निन्दा आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुपाठ्य है। छंद, सोरठा, चौपाई, साखी आदि छंदों का प्रयोग हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२. (च) विवेकसागर—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृ०-सं—३२। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—५½"×६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १६३८ वि०, कार्त्तिक बदी, शनिवार।

प्रारम्भ— सत्तनाम
गरथ बोबेक सागर भाखल दरिया साहब

साखी

सतगुर मत हीर्दए म्म : पद पंकज करु ध्यान
लोचन कंज मनन करो सुघर संत सुजान ॥

मध्य— राज काज सब देखिया : गज गर्जंहि तेहि द्वार
बाज पखेरु हाथ लेइ यह सोभा दरबार ॥

साखो

अन्त— सब से बड़ा साधु है साधु से बड़ा ना कोए
दरसन परसन प्रेम गति आनन्द मंगल होए ॥

विषय— ज्ञान-भक्ति, सद्गुरु में विश्वास-वर्णन आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ में अन्य ग्रन्थों के समान 'पुष्पिका' वाक्य नहीं दिये गये हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५२. (छ) अग्रग्यान—ग्रन्थकार-सन्त कवि दरिया साहब। लिपिकार-हीरादास। अवस्था-प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—२३। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार- ५½"×६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी।

रचनाकल—अप्रसिद्ध। लिपिकाल—अगहन सुद-षष्ठी, रविवार; संवत् १६३७ वि०।

प्रारम्भ— सतनाम

गरथ अग्र ग्यान, शाखल दरिया साहब
सुक्रित हंस उबारन सन्त गुर बंदी छोर ।।

साखी

अरज कीन्ह धीरनाए दआ नीधि सुनी लीजिए
सार सब्द समुझाए, बहुरी न भव जल आवही ।।

मध्य— तन मन धन अब तुम पर यह सभ अरपन कीन्ह
करो दआ बहु भाति यह रहो कवही जवही जनि भीन्ह ।।

अन्त— बेबाहा पुर्ख अमान है, दरसन दीन्हो आए
सरहीजदा सुक्रित है; सबबीधि कहा बुझाए ।।

विषय— माया की व्यापकता, निर्गुण-वर्णन तथा जोगजीत (सुक्रित) की चर्चा।

टिप्पणी—इस ग्रन्थ में सृष्टि-रचना तथा माया की व्यापकता का सविस्तर वर्णन है। सत्पुरुष के सोलह पुत्रों की कथा में पाप और पाषण्ड की बड़ी तीव्र भर्त्सना है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५३. (क) गणेश-गोष्ठी—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—शुकुलदास। अवस्था—प्राचीन। हस्त-निर्मित मोटा कागज। पृ०-सं०—२१। प्र० पृ० पं०—लगभग १३। आकार—६" × ६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—कार्त्तिक बदी-अष्टमी, शनिवार; संवत् १८६४ वि०।

शतनाम

प्रारम्भ— आ जग मे पढ़ी-पढ़ो वेद पूराना
जोति शरूपि जाके कहीयै करै, जीवन्ह कै घाता।

मध्य— ढंढा ढोल मारू मैदान डंगर मे ढाल धमका
शुनहि शूर जो हो दिन गर मे
ढाल ले जर हाथ तेग दहिने भला ।।

अन्त— गंध शुगंध शमै जूठि आवै
संत ना जूठ खाहि शवशारा ।।
ताह पर करै नेम अचारा

कहें दरिया सेह जरा को रगरा
शतनाम गहर मे दौ रगरा: ॥

विषय—मूर्त्ति-पूजा, कर्मकांड आदि का खण्डन ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ खण्डित है। प्रारम्भ के सात पृष्ठ नहीं हैं। कागज प्राचीन है। पृष्ठ-क्रम ठीक करने के लिए पुन: पेंसिल से पृष्ठ-संख्या लिखी गई है। दन्त्य 'स' के लिए 'श' का ही प्रयोग है। यह ग्रन्थ परिषद्-सग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महन्त साधु चतुरोदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५.३ (ख) ज्ञानमूल (मुलज्ञान)—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—शुकुलदास फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृ०-सं०—१८—(२२—४०)। प्र० पृ० पं०—लगभग १४। आकार—५½" × ½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—कार्तिक बदी-एकादशी, मंगलवार।

प्रारम्भ— शतनाम
बेबाहा शाहेब बे कोमती गरथ मुल ज्ञान भाखल
दरिया शाहेब गरोब नेबाज बंदि छोड़
शत वर्ग शबं उपरे शाखा पत्र शभोव: ॥
जल थल शभ मे व्यापिशा शामशुवार शपीव
आदि अन्त के उपमुंला: ॥

मध्य— शोइ हंश गुन शार है जीन्हि मानहि कहा हमार।
शब्द तेग यह गहि कै उतरै भव जल पार ॥

अन्त— जाके नीगुन बेद यह कहइ शगुन शरुप देह धरी लइइ ॥
रबी को न छबी यह न छोत पर, यह नीगुंन को भाव
न छबी ते रबी नाहि होत है, नीगुंन सगुन को राव: ॥

विषय— त्रिगुण देवों से सत्पुरुष की विभिन्नता, सत्पुरुष का जंबूद्वीप में प्रचार-कार्य।

टिप्पणी— यह ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। कागज प्राचीन है। ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। लिपिकार ने चवर्ग 'छ' का प्रयोग 'ज्ञ' के समान किया है। दन्त्य 'स' के स्थान में तालव्य 'श' का प्रयोग अधिक है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरोदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५३. (ग) अग्रज्ञान—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—शुकुलदास फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—

२० (४१-५६) । प्र० पृ० पं०—लगभग १४ । आकार—५½" × ५½" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—कार्तिक सुदी नवमी; संवत् १८६४ वि० ।

प्रारम्भ— शतनाम ॥

बेबाहा नाम नीशन
शत बरग जींदा आमान जा
प्रीत जींद दरीआ शाहेब दरीआ
गरी नेवाज: ॥
अर्ज कीन्ह शीरनाए, दया नीधि शुनिलीजोयै
शार शब्द शमुझाए, बहुरि न भौ जल आवही ॥

मध्य— तन मन धन अब तुम्ह पर यह सभ अरपन कीन्ह ।
करो दया बहुभांति यह रहो कबही जनि भीन्ह ॥

अन्त— बेबाहा पुरुख अमान है, दरश.........हो आए
शाही जदा शूक्रीत है शभ बीधि काहा बुझाए ॥

विषय— माया की व्यापकता, निर्गुण-त्रिगुण-विवेचन आदि ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ यद्यपि अति प्राचीन है, फिर भी इसके अक्षर साफ एवं सुन्दर हैं। ग्रन्थ में तालव्य 'श' का अधिक प्रयोग हुआ है। लिपि अस्पष्ट है। अन्त के कुछ पन्ने दीमक द्वारा नष्ट कर दिये गये हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५४. गणेशगोष्ठी—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—रामपीतदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृष्ठ-संख्या १७। प्र० पृ० पं०—लगभग २५। आकार—४" × ६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—ता० १३-६-४०।

प्रारम्भ— शतनाम ॥

गुष्टी भइल काशी में असी बरना के तीर
गणेश पंडित औ दरिया साहब से

साखी

पंडितराज सुनी लीजिये, बचन सत सुबास
पढ़ी ग्रन्थ कुछ लाज ....रो, मेटे नरक कुबास ॥

मध्य— चारी खुट के भेष सब, नाना रंग तरंग
काहे न घंटा बाजिया, महा सुरति भौ भंग ॥

अन्त— साधु साधु सब कहत है, साधु समुझे बार
अलल पक्ष कोई एक है ; पंछी कोटि हजार ॥

विषय— साम्प्रदायिक भेदभाव, मूर्त्ति-पूजा, कर्मकाण्ड, वेद आदि के खण्डन तथा ईश्वर का प्रतिपादन ।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। लिपि आधुनिक एवं सुस्पष्ट है। अक्षर सुन्दर है। पंक्तियाँ सीधी हैं। लिपिकाल एवं लिपिकार के लिए दो तरह के परिचय प्राप्त हैं। ग्रन्थ के अन्त में उपर्युक्त तिथि-निर्देश है, किन्तु दूसरे पृष्ठ पर 'संम्वत् १८८३ पूख साल, सन् १३४७' लिखा है। इसी तरह लिपिकार के लिए—'लिखा था दसख्त दीलराम दास जी के था' लिखा है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५५. मूर्त्तिउखाड़—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ-सं—३६। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार—४"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ— सतनाम।
सत सुक्रीत जोग जीत अर्ज अंचीत
पुर्स मुनीर्द करु नामे कबीर दरीया
नाम आ मोल हंस उवारन बदी छोर
गरंथ मुरति उखार भाखल दरिया
साहब धरकंधा मो तख्त कीया०।

॥ चोपाई ॥

जाहाँ बसे सतगुर सतपुर देसवा
भेसवा धरीय पगु ढारंही रेजी।

मध्य— असल अमान तो ही पाने उरेजी
दुनो दीन मे खलल परा है।
मारी की हिसी कुकुरा नेउरे जी
दुनो दीन के ऐक भीलावैं ॥

अन्त— पवन सबद लि गान करत है
बीरह सबद सीख पैठे

धका देखी कुल त्यागिया
त्यागेवो धन और धाम ॥

विषय— मूर्ति-पूजा-खण्डन एवं सुक्रित के विभिन्न अवतारों का स्व-मुख-वर्णन ।

टिप्पणी— ग्रन्थ खण्डित है । लिपि सुन्दर है । स्थान-स्थान पर कोष्ठ और चक्र बनाकर दरियापन्थी विचारों को व्यक्त किया गया है । ग्रन्थ के खण्डित होने के कारण लिपिकाल का उल्लेख नहीं है । विषय का प्रतिपादन सुन्दर ढंग से किया गया है । यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरी-दास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

५६. ग्यानमूल— ग्रन्थकार— सन्तकवि दरिया साहब । लिपिकार—प्रतापदास फकीर । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना मोटा कागज । पृ०-संख्या—२६ । प्र० पृ० पं०— लगभग १६ । आकार—६" × ८½" । भाषा—हिन्दी । लिपि— नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकार—कार्तिक बदी पूर्णिमा (?) सोमवार, वि० सं० १८६९; सन् १२५० फसली ।

प्रारम्भ— सतनाम
नाम नी सान सुकृत
दरीआ साहब ग्रन्थभाख
ल ग्यान मुल सतबरग नाम
नीसान हंस उबारन : साखी नाम
सत बरग सरब उपरै , सखा पत्र सब जीव ॥
जल थल सभ में व्यापीआ साच सुधा रस पीव ॥

मध्य— झुठो मीठो लागइ साचो तीतो बात
थोरे पवन में डोलत हैं जौ पीपर को पात ॥

अन्त— रबी को छबी यह छीत पर, यह नीगुंन को भाव
छबी ते रबी नाही होत है, नीगुंन सगुंन को भाव ॥

विषय— सत्पुरुष-माहात्म्य वर्णन ।

टिप्पणी— ग्रन्थ पूर्ण है । कागज सुन्दर है । भाषा शुद्ध एवं लिपि स्पष्ट है । ग्रन्थ के अन्त में दरिया साहब के स्थान का पूरा नाम उल्लिखित है— "भोजपुर परगने दनवारी तपे बीसी मौजे धरकंधा" आदि । यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के

दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५७. (क) दरियासागर—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—फकीर गिरधारीदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना हरे रंग का कागज। पृ०-सं०—८२। प्र० पृ० पं०—लगभग १५। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—वैशाख सुदी-पंचमी, शुक्रवार, फसली सन् १२९० साल।

प्रारम्भ— सतनाम ॥
सत सुकृत दरीया साहेब
सत वरग नाम नीसान ग्रन्थ
दरीया सागर सतस
सुक्रीत—साखी
ग्रन्थ दरीया सागर मुक्ति भेद नीजुसार
जो जन सब्द बीबेकीया सो जन उतरे पार ॥

मध्य— मरकठ नग नाही चीन्हही, नगन फीरै बनमाझ
नाम बेमुख नर बीकल है, बलु जननी होए बाझ ॥

अन्त— कोठा महल अटारिया सुनो सखन बहुराग
सतगुर सब्द चीन्ह बीना जेवो पंछीन्ह में काग ॥

विषय— शब्द और नाम की महिमा, निर्गुण सत्पुरुष और सगुण अवतार का वर्णन, साधु-संगत से लाभ आदि।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। ग्रन्थ की भाषा और वर्णन-शैली अच्छी है। लिपि स्पष्ट है। ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार का पूरा पता लिखित है। चौपाई और साखी की लेखन-प्रणाली पुरानी है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५७. (ख) ग्यानदीपक—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरियासाहब। लिपिकार—गिरधारीदास फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना हरे रंग का कागज। पृ०-सं०—१५५। प्र० पृ० पं०—लगभग १५। आकार-६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—चतुर्दशी, मंगलवार, सावन शुक्लपक्ष, संवत् १९४१ वि०; फसली सन् १२९१ साल।

प्रारम्भ—सतनाम

सत सुक्रीत हंस उबारन बीदी (बंदी) छोर
सत बरग नाम नीसान ग्रन्थ ग्यान
दीपक भाखल दरीया साहेब संत
गुरु सतनामा साखी
प्रेम जुगुति नीजु मुल है गुर गमी करो सुधार
दायादीपक जबही बरे दरसन नाम अधार ॥

मध्य— कागा कछीआ भेख धरी, नाची का छीगुनगाए
चोर साहु पहचानी हो, प्रेम भगतीलव लाए ॥

अन्त— भवो संपूरन ग्यान, सतगुर पद पावन करो
उबरैं सन्त सुजान, जीन्ही गमी किवो बीवेक यह ॥

विषय— सत्पुरुष और सद्गुरु-माहात्म्य वर्णन ।

टिप्पणी—ग्रन्थ की अवस्था अच्छी है। लिपि सुस्पष्ट है। शिव-पार्वती और कुंभज-नारद-वार्तालाप दार्शनिक भित्ति पर आधारित है। दरियापन्थ के दार्शनिक तत्त्व का सुन्दर परिचय मिल जाता है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५७. (ग) नौमाला—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—लछुमनदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना हरे रंग का कागज। पृ०-सं०—२। प्र० पृ० पं०—लगभग १८। आकार—६"×४"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—चइत (चैत्र) सोमवार; फसली सन् १३०४ साल; संवत् १९५४ वि०।

प्रारम्भ—अथ नौ माला :

प्रथम नाम सतनाम सजीवन
सामरथ दीन देआल।
सत साहेब मुख सागरसामी
सरब सपूरन काला ॥

मध्य— का हीर गनीकहिमाके सोर, छक अंत्रजामी
मौला परवर दीगार हक छत्रपती सुखधामी ॥

अन्त— सतपुर्ख सत नाम सतबर्ग सत
धाम सत बरत सतग्यान सतसंग गहुरे ॥

अजर अंग अजर गुन अजर रंग
अजर लोक अम्रित अगम पंथ रहु रे ।।

विषय— सतनाम-माहात्म्य-वर्णन ।

टिप्पणी—इस दो पन्ने के ग्रंथ के पद सुललित हैं। लिपि नागरी है। इसमें ईश्वर-भक्ति के उपदेश हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५७. (घ) अग्रग्यान—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार— गिरधारीदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना हरे रंग का कागज। पृ०-संख्या—२६। प्र० पृ० पं०—लगभग २०। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—कुआर सुदी, बृहस्पतिवार, ता० २१ संवत् १९४१; सन् १२९१ फसली साल।

प्रारम्भ— सतनाम
ग्रन्थ अग्रग्यान
भाखल दरीआ साहेब
मूक्ती के दात। हंस उबारं बं
न बंदी छोर दरीआ साखो।
अरज कीन्ह सोरनाए, दाआ (दया) निधी सूनी लीजीए
सार सब्द समूझाए बहुरी ना भौ जल आवही ।।

मध्य— नीगुंन नीअछर नाम है सरगुन सरीर तोहार
ऐन झरोखा देखियै हम रहो दुनो सोन्वार।

अन्त— हीरा मनी नीजुदास हए सभ दासन्ह को दास
सतगुर से परचे भइ, ब्रीगसा प्रेम परगास ।।

विषय— माया की व्यापकता, निर्गुण-त्रिगुण-विवेचन।

टिप्पणी— यह ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। कागज प्राचीन है। लिपि स्पष्ट है। चौपाई और साखी आदि का यथास्थान ठीक उल्लेख हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महन्त साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

५८. अलिफनामा—ग्रन्थकार—सन्तकवि दरिया साहब। लिपिकार—प्रताप फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना साधारण मोटा कागज। पृष्ठ-

संख्या—७। प्र० पृ० पं०—लगभग २३। आकार—६"×८$\frac{1}{3}$"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—वि० १८६० संवत्; सन् १२५१ साल।

प्रारम्भ—सतनाम

गंर्थं अलिफनामा भाखल दरोआ साहब हंस उबारन दआ को सार्ग
अलिफ अलाह सभको सीरताज अउअल आखिर वाहि काज ॥

मध्य—अलीफ नीसान ईलाही कुदरत अलीफ दीदार देखै सो हजरत ॥

अन्त—ईहा बेबाहा है साहब मेरा हों आसिक दील बंदा तेरा
दरीआ दिल जो करै सफाई ऐन दीद परगट सो पाई ।

विषय—सत्पुरुष-माहात्म्य-वर्णन ।

टिप्पणी—ग्रन्थ बहुत छोटा है। इस छोटे-से ग्रन्थ में सत्पुरुष का माहात्म्य-वर्णन हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहित हुआ।

५६. **सहस्रानी**—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—प्रताप फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ-सं०—५३। प्र० पृ० पं०—लगभग १८। आकार—६"×६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—पौष कृष्णपक्ष ११, शनिवार, संवत् १८७० वि०।

प्रारम्भ—सत्तनाम

गंर्थं सहस्रानी साखी भाखल दरिआ साहब सतगुर सतनाम।
बेबाहा नीजु जानहु जाकबाहा न होए
आदी अंत गुन सत्त है दुजा औरो नाही कोए ॥

मध्य—ज्ञान हुआ तब ध्यान है, भग्ती हुआ तब जोग
जहां दया तहां धरम है, बोगसा प्रेम संजोग ॥

अन्त—सत सुकृत सुमिरन करो सम बीधि होत आनन्द
सकल सभा मह संत सोभै ज्यों उडीगन महं चंद ॥

विषय—दरिया साहब के विभिन्न विषयों पर १०५३ पदों का संग्रह ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ दरिया साहब के अन्य ग्रन्थों से उद्धृत कुछ पदों का संकलन है। जहाँ-तहाँ कुछ मौलिक रचनाएँ भी हैं। सामान्य धारणा के अनुसार इसका प्रारम्भिक रूप 'सतसई' के रूप में था। केवल सात ही पद

इसके प्रारम्भ में लिखे गये थे। शनैः-शनैः इसमें पद बढ़ते गये और उनकी संख्या बढ़कर १०५३ तक पहुँच गई। इसलिए इसका नाम 'सहस्त्रानी' पड़ा। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६० (क) प्रेममूला—ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—बाबू जंगबहादुर राय। अवस्था—अच्छी। आधुनिक यंत्र का बना कागज। पृ०-सं०—१२। प्र० पृ० पं०—लगभग १६। आकार—१६"×११"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—श्रावण शुक्ल-पक्ष १३, बुधवार, संवत् १९८३ वि०।

प्रारम्भ—···म कमल जल भीतर, प्रेम भवर ले बास
होत प्रात सुपट खुले, भान तेज प्रकाश ॥

मध्य—तन करु मटुकि प्रेम करु पानी, निकले घृत सुबास बखानी
कर्म जीव मलिन जो कीन्हा, सत्य विना ब्रह्ममय कीन्हा ॥

अन्त—प्रेम भक्ति जाके बसे, निस दीन रहे अधीन।
दरिया दिल कहँ देखिये, रहे चरण लव-लीन ॥

विषय—सद्गुरु-भक्ति-प्रतिपादन।

टिप्पणी—ईश्वर-भक्ति और सद्गुरु-माहात्म्य-वर्णन पठनीय है। यह ग्रन्थ आधुनिक कागज पर प्रचलित (नई) लिपि में लिखा गया है। ग्रन्थ खण्डित है। प्रारम्भ की कुछ पंक्तियाँ नहीं हैं। जहाँ-तहाँ लिपि में अँगरेजी का भी व्यवहार हुआ है। ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार का नाम अँगरेजी और नागरी दोनों लिपियों में है। ग्रन्थ का प्रारम्भ बारहमासा आदि गीतों से हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६०. (ख) दरियासागर—ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार छेदीदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना खण्डित जीर्ण-शीर्ण कागज। पृ०-सं०—६४। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार—१६"×९"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—फाल्गुन शुक्ल-पक्ष, रविवार,

प्रारम्भ—सोभा अगम अपार हंस बस सुष पावही ।
कोई ग्यानी करे बिचार, प्रेम तत्त जाके बसे ।।

मध्य—हंस नाम अम्रित नाहि चाषे, नाहि पावै पइसार ।
कहें दरिया जग अरुझेवो, नाम बिना संसार ।।

अन्त—कोठा महल अटारीया मुनेवो सर्वन बहुराग ।
सत गुर शब्द चिन्हे बिना, जेवों पछीन्ह मे काग ।।

विषय—निर्गुण और सगुण अवतार-वर्णन तथा शब्द-नाम माहात्म्य-प्रसंग ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ अत्यन्त प्राचीन है। कागज जीर्ण-शीर्ण और ग्रन्थ का अन्तिम भाग खण्डित है । अक्षर और लिपि मनोहर हैं। ग्रन्थ के अन्त में दरिया साहब का निर्वाण-काल निम्नलिखित है—
"संबत सै अठारह शै सैंतीस पआनकी वो छपलोक ।
जो जन शब्द बिबेकिया मेटे सकल सभ सोक ।।
भादो बदि चौथि अधार के दिन रहेवो सुक्रवार ।
सवा जाम जरैनि गवो दरिया गवत बिचार ।।"

यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

६०. (ग) **अमरसार** (अम्र सार)—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—बुनआद दास। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना जीर्ण-शीर्ण कागज। पृ०-सं०—३० । प्र० पृ० पं०—लगभग १५ । आकार—६½"×९" । भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ—सतनाम
सत वर्ग नाम
नीशान बुक्रीत दरी
आ शाहब हंस अबारन मु
क्ति दाता ग्रन्थ अर्म सार भाख
ल दरीआ साहब सतनाम साखी: १
शत गुर चर्न शुधा सम बीमल मुकुति का मूल
पद पंकज लोच तहीआ अजर अनूपम फूल ।।

मध्य—दरपन दाग न लागहि नैन रहै भरीपूर।
ऐन ऐन मे दीशै कहैं दरीआ सांइसूर ।।

अन्त—मूल नाम गति पार कथा बहुत बीश्तार है।
शंतन्हि करो बिचार शंशे शकल वीशारिकै ।।

विषय—सद्गुरु और सत् पुरुष की स्तुति, पाषण्ड-खंडन आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ जीर्ण-शीर्ण कागज पर लिखित है। लिपि अस्पष्ट है। लिपिकाल अज्ञात है। लिपिकार का भी पूर्ण पता नहीं चलता। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६०. (घ) **यज्ञ-समाधि** (जग्य समाधी)—ग्रन्थकार--संत कवि दरिया साहब। लिपिकार--ठाकुर फकीर। अवस्था—प्राचीन हाथ का जीर्ण-शीर्ण कागज। पृष्ठ-संख्या—१६। प्र० पृ० पं०—लगभग १८। आकार—६½"×९"। भाषा—हिन्दी। लिपि--नागरी। रचनाकाल--प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १९०६ वि०।

प्रारम्भ—सतनाम
गंथं जग्य समाधी
स्त्री क्रीस्न दुदीस्टील
का बोध जानव ।। छंद ।।

एही भाती कोप री पचके सोभा रथ को महिमा कीवो।
मुकूति कारन जुधी ठानेवो तीन्हकी गती कैसे दीवो ।।

मध्य—चारी खुट के भेख सभ नाना रंग तरंग।
काहे ना घट बाजीआ महा सुरति भौं भंग ।।

अन्त—साधु साधु सभ एक है, जब पोसता कर खेत।
कोइ कूदरती लाल है अबर सेत का सेत ।।

विषय—कृष्ण-युधिष्ठिर-संवाद के द्वारा ज्ञानोपदेश, पाषण्ड का बहिष्कार, सद्गुरु में विश्वास आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। कागज जीर्ण-शीर्ण है। लिपि स्पष्ट है। लिपिकाल अपूर्ण है। श्रीकृष्ण-युधिष्ठिर-संवाद के द्वारा 'ज्ञानोपदेश' हुआ है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-

मठ के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६१. (क) **दरिया सागर**—ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—उमराव दास फकीर। अवस्था—अच्छी। हाथ का बना मोटा कागज। पृ०-संख्या—८४। प्र० पृ० पं०—लगभग १६। आकार—६"×९"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १८८५ वि०, वैशाख सुदी-त्रयोदशी, रविवार।

प्रारम्भ—सत्तनाम

सुक्रीत दरीआ साह

ब हंस उबारन मुकुति दाता

ग्रन्थ दरीआ सार्ग भाखल दरी ॥ साखी ॥

ग्रन्थ दरीया साग्र: मुक्ति भेद नीजु सार।

जो जन शब्द बीबेखोआ: सोजन उतरही पार ॥

मध्य—हंस नाम अम्रोत नाही चाखेवो: नाहि पाए पइसार।

कहैं दरीआ जग अरुझेवो: एक नाम बीना संसार ॥

अन्त—कोठा महल अटारीआ : सुने शर्वन बहुराग :

सत गुर शब्द चोन्हैं बीना : ज्यों पंछीन्ह में काग : ।

विषय—नाम की महिमा तथा छप-लोक का वर्णन आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। लिपि स्पष्ट है। लेखन-शैली पुरानी है। रचनाकाल अज्ञात है। ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार का पता लिखित नहीं है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६१. (ख) **भक्ति-हेतु (भगतिहेतु)**—ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—उमराव दास फकीर। अवस्था—अच्छी, प्राचीन। हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ-संख्या—३२। प्र० पृ० पं०—लगभग १६। आकार—६"×९"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १८८५ वि०, ज्येष्ठ बदी-नवमी।

प्रारम्भ—सत्तनाम

ग्रन्थ भगति हेतु भा

खल दरिआ साहब सतनाम

ग्यान भगति नीजु सार है : सुनो सर्वन चीत लाए।

बिगति बीगति बीखान एह, ब्रह्म अनुप देखाए ॥

मध्य—ब्राह्मन सो जो ब्रह्म हीं चीन्है : करै भगति लौ लीन।

कहें दरीआ सो बांचीहो पंडीत पर्म अधीन ॥

अन्त—भादो बदि चउथ दीन : गवन कीवो छपलोक।

जो जन सब्द बीबेखीआ : मेटे सकल सभ सोक ॥

विषय—अनेक उदाहरणों द्वारा ज्ञान-भक्ति-विवेचन, सद्‌गुरु-स्तुति और साधु-असाधु-वर्णन आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ के अन्तिम कुछ पन्ने दीमकें चाट गई हैं। लिपिकार ने ग्रन्थ की लिपि करने में बड़ी सावधानी से काम लिया है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६२. (क) दरियासागर—ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—लालधारी दास। अवस्था—सुन्दर, हाथ का बना प्राचीन मोटा चिकना कागज। पृष्ठ-संख्या—८४। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार—६"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचना-काल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—बैबाहा साहब

सुकरीत दरीआ साहब

गरथ दरीआ सागर भाखल : ॥

॥ साखी ॥

गरथ दरीआ सागर : मुक्ती भेद नीजुसार।

जो जन सबद बीबेकीआ : सो जन उत्तर ही पार ॥

मध्य—यह मन काजी यह मन बाजी :

यह मन करता यह मन दरवेश :

यह मन पाडे यह मन पंडीत :

यह मन दुखीआ नरेश ॥

अन्त—कोठा महल अटारीआ : सुनै सर्वन बहुराग।

सतग सब्द चीन्है बीना : जेव पंछीन्ह मे काग ॥

विषय—छपलोक, सद्गुरु-माहात्म्य एवं नाम की महिमा का सविस्तर वर्णन ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। कागज मोटा है। लिपिकाल का उल्लेख सम्भवतः नहीं है; क्योंकि ग्रन्थ के अन्त में केवल—
"समपुरन—
"दस्तखत लालधारी दास" ही लिखा है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

६२. **(ख) ग्यान रतन**—ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब । लिपिकार—लालधारी दास का फकीर। अवस्था—अच्छी, हाथ का बना प्राचीन मोटा मसृण कागज। पृष्ठ-सं०—१०६। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार – ६"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचना-काल—प्रसिद्ध। लिपिकाल –संबत् सन् सावन सुदी शुक्रवार ।

प्रारम्भ—सत्तनाम—
सत्त पुर्ख साह
ब सुक्रीत नाम सत गूर जो
ग जीत दरीया साहब गर्थं
भाखल ग्यान रतंन मुक्ति के
दाता हंस उबारन बंदी छोर :

॥ समो ॥

ग्यान रतन मनि मंगल बीमल सुधा नोजु नाम
करो बीबेक बीचारी के जाए अमरपुर धाम।

मध्य—कहे सीव सुनु बचन भवानी: माआ गर्व उत्तपात
नाम म भगत ना दास राम को भर्मी रसातल जात ॥

अन्त—सोरठा : सत्तनाम—
जेवो तरनी जलमांह नाम बीमल जग बीदील है ।
समुझी पकरीअै बाह भव नाही बुडे जहाउ एह ॥

विषय—ज्ञान, भक्ति, सगुण-निर्गुण आदि का सविस्तर वर्णन, संक्षेप में राम-कथा आदि ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ आद्योपान्त सुवाच्य है। लिपि स्पष्ट है। लिपिकाल का उल्लेख अपूर्ण है। "समत सन" लिखने के बाद तत्संबंधी

अक्षर या अंक कुछ भी लिखित नहीं है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६२. (ग) **ब्रह्म विवेक**—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—लालधारी दास। अवस्था—अच्छी, हाथ का बना प्राचीन मोटा मसृण कागज। पृष्ठ-सं०—३३। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार—६"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— सत्तनाम

बेवाहा साहब सुकरीत
दरीआ साहब गरथ ब्रह्म
बीबेक भाखल : साखी: ॥।
ब्रह्म बीवेक ग्यान एह स्रोता सुमती सुधार
ग्यानी समुझी बीचा ही उर्त ही भ्वो जल्परिवार ॥

मध्य—तीनी लोक कै ठाकुर : भुली प्ररा भ्वो ग्यान
जे मोहनी सुर त्र (नर) मुनी डंड वौ सोन परी यह धान।

अन्त—ब्रह्म बीबेक ग्यान यह : पढे सुने चीत लाए
मुक्ती पदारथ पावए: सदा रहे सुख पाए।

विषय—सत्पुरुष के सत्य-स्वरूप का वर्णन। विवेक-बुद्धि की आवश्यकता। पाषण्डादि-खंडन। सहजयोग-प्रतिपादन।

टिप्पणी— ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। लिपि स्पष्ट और अच्छी है। लिपिकाल का उल्लेख सम्भवतः नहीं है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६३. **ज्ञानरत्न**—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—प्रताप फकीर। अवस्था—नवीन यंत्र-निर्मित (फुलस्केप) कागज। पृष्ठ-सं०—११७। प्र० पृ० पं०—लगभग ३४। आकार—८"×१३½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १८३४ साल, फाल्गुन कृष्ण-पक्ष, सोमवार।

प्रारम्भ—शतनाम

ग्रन्थ ग्यान रतन भाखल
दरीआ शाहब शत गुर शुक्री
त हंश उबारन मुकुति के
दाता नाम नीशान बंदी छोर
दीन देआल शरन शामर्थ के ।।

।। शमो ।।

ग्यान रतन मनी मंगल : बोमल शुधा नीजु नाम
करो बीबेक बीचारी कै : जाए अमरपुर धाम ।।१।।

मध्य—चले भभीखन राम पहः तेजी शकल परीवार
बहुरी भवन में आइके : देखन लंक दुआर ।।

अन्त—गुर शे भर्म जनी राखहु : मीली शब्द नीजु शार
शुक्रीत बचन बीचारीआ : उतरी जहु भवपार ।।

विषय—सगुण-निर्गुण भक्ति-प्रतिपादन, ज्ञानोपदेश तथा संक्षेप में राम-कथा-वर्णन ।

टिप्पणी—ग्रन्थ की स्थिति अच्छी है। कागज नवीन (फुलस्केप) है । लिपि स्पष्ट एवं आधुनिक है। लिपिकाल स्पष्ट नहीं ज्ञात होता; क्योंकि कागज की नवीनता और संवत् की प्राचीनता दोनों असंबद्ध हैं। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

६४. **ब्रह्म चैतन्य**—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—दिलराम दास साधु। अवस्था—सुन्दर, हाथ का बना प्राचीन मोटा कागज। पृष्ठ-सं०—३७। प्र० पृ० पं०—लगभग ८। आकार—४½"×७½"। भाषा—विकृत संस्कृत। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—चैत्र सुदी-पंचम, शुक्रवार ।

प्रारम्भ—सत्यनाम सत्यवर्ग नाम णिसाण भाष्य

बे की मति साहब सत सूकृत नाम सत्त
गूर जोग जित दरिया साहेब भाष्य
सत्य ग्रंथं ब्रह्म चैतन्य इस लोकः
सत्य ब्रह्म णिरूपं सदा गूणवन्तंः ·
अर्धेन उर्धं सुमध्ये न अन्तं ।।१।।

मध्य— दीण दयाल दा आलश्च, पर्मि पदरज सणाथकम्
काल कर्म सर्ब नास च ईमि प्रभूता बल जाणितम् ।।

अन्त—पूरर्व सब्द व भेद भेदो स्वेत ब्रह्म सरूपणम्
दरिया भाष्यं तत्त्सारं ज्ञाण ब्रह्म निरूपणम् ।।

विषय—द्वैताद्वैतवाद, निर्गुण-सगुण-ब्रह्मनिरूपण, विहंगम-योग और पीपिलिक-योग वर्णन, सद्गुरु कीर्त्तन तथा हिंसा और पाषण्ड-बहिष्कार आदि।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुन्दर अवस्था में है। लिपि अस्पष्ट है। भाषा (विकृत) संस्कृत है। हस्तलिखित प्रति हाल की है; परन्तु पोथी पुरानी है; क्योंकि सन् १८१० ई० में बुकानन ने इसका उल्लेख किया है। कुछ लोग इसे कोकिल साहब की भी रचना मानते हैं*। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६४. (क) ग्यान दीपक ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—लोकराज दास। अवस्था—सुन्दर, हाथ का बना प्राचीन मोटा कागज। पृष्ठ-सं०—१८४। प्र० पृ० पं०—लगभग १७। आकार—४½"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १९१३ वि०; सन् १२६३ साल, चैत्र वदी कृष्ण-पक्ष, नवमी, एतवार।

प्रारम्भ— सत्तनाम
ग्रन्थ ग्यान दीपक
भाखल दरिया साहब हंस
उबारन मुकूति के दाता दीन देयाल

।। साखि ।।

प्रेम जुगूति नीजु मुल है ।। गुर गमी करो सुधार :
दआ दीपक जबही बरे ।। दर्सन नाम अधार : ।।

मध्य—छप लोक मे ममेरहउ ।। सदा पुर्ख कए पास
तीनि लोक जम लुटीआ ।। कोइनी मरी सेके नाहो दास ।।

अन्त—हीरा मनी नीजु दास है ।। सभ दासन्ही को दास
सतगुर से परचै भइ ।। ब्रीगसा प्रेम परगास ।।

* देखिए, डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री-कृत 'दरिया—एक अनुशीलन'।

विषय—सद्गुरु और संत की वंदना। निर्गुण तथा त्रिगुण-ज्ञान द्वारा मुक्ति। अमरपुर का वर्णन। पाषण्डों का उपहास।

टिप्पणी—ग्रन्थ की अवस्था अच्छी है। विषयों का प्रतिपादन बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। पाषण्डों का उपहास, आत्म-निरोध, अहिंसा और ईश्वर-भक्ति आदि विषय पठनीय हैं। लिपि सुवाच्य है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद)-स्थित दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ है।

६५. (ख) भक्ति हेतु—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास, लोकराज दास। अवस्था—अच्छी, प्राचीन, हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ-सं०—६६। प्र० पृ० पं०—लगभग १४। आकार—४½"×६¾"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १९१२ वि०, माघ सुदी-प्रतिपद्, बुधवार।

प्रारम्भ—"सत्तनाम।
शत सुक्रित साहब ग्रंथ भग्ति हेतु भाख
ल दरीआ साहब मुक्ति के
दाता अगम ग्यान ॥साखी॥
ग्यान भग्ति नीजुशार है शुनो सर्वन चीतलाए
बीग्ति बीक्ति बीख्यान एह: ब्रह्म अनुप देखाए।"

मध्य—"अबीगती रूप ऊपार है : कोबरने तेहीठाव:
सत शब्द पहचानीहें : सोइ बसही नीजुगाव॥"

अन्त—"मुलनाम गतिपार कथा बहुत बीस्तार है
संतहि करो बीचार : संसे सकल बीसारी कै : ॥"

विषय—अनेक उदाहरणों द्वारा ज्ञान-भक्ति-विवेचन, सद्गुरु-स्तुति और साधु-असाधु-वर्णन।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुवाच्य है। कागज टिकाऊ है। लिपि स्पष्ट एवं सुन्दर है। लिपिकार दो हैं, अतएव दो प्रकार के अक्षर लिखित हैं*। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा

---

* ग्रन्थ के अन्त में भ्रमवश 'ग्रन्थ संपुरन अमरसार लीषल भइल' लिखा गया है।

(शाहाबाद)-स्थित दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६५. (ग) **ब्रह्म-विवेक**— ग्रन्थकार--संतकवि दरिया साहब। लिपिकार--लोकराज दास फकीर। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना मोटा कागज। पृ० सं०—६७ से १०४। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार—४½"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १६१३ वि०, मिति (२) दूज, चैत्र-शुक्ल, सोमवार।

प्रारम्भ—"सत्तनाम।
ग्रन्थ ब्रह्म बीबेक भाखल
दरीआ साहब मुकूति के दाता
हंस उबारन॥ साखि १॥
ब्रह्म बीबेक ग्यान एह॥ स्रोता सुमती सुधार
ग्यानी समुझी बीचा रही॥ उतरहीं भव जल पार॥"

मध्य—"सत के रेख घइचोकी॥ सीआ सउपे तेही जानी
जब लागी राम पलटी हम आवही॥ सीआ बचन लहुमानी॥"

अन्त—"ब्रह्म बीबेक ग्यान एह पढ़ै सुनए चीतलाए
मुकूती पदारथ पाइ है सदा रसे सुखपाए॥"

विषय—सत्पुरुष-माहात्म्य-वर्णन, पाषण्ड-खण्डन तथा सहजयोग-प्रतिपादन।

टिप्पणी—ग्रन्थ सुव्यवस्थित है। लिपि स्पष्ट है। इस ग्रन्थ की पृष्ठ-संख्या पहले ग्रन्थ से सम्बद्ध है। शैली सुन्दर है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह धरकन्धा (शाहाबाद)-स्थित दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६५. (घ) **प्रेममूल**—ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार–लोकराज दास फकीर। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना सुन्दर मोटा कागज। पृष्ठ-संख्या—१०६ से १२५। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार ४½"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—संवत् १६१३ वि०, कृष्णपक्ष नवमी, मंगलवार।

प्रारम्भ—"सत्तनाम ।
सत सुक्रित साहब
ग्रंथ प्रेम मुला भाखल
दरीआ साहब मुकुति के दा
ता हस उवारन ।। साषि १
प्रेम कमल जल भीतरे ।। प्रेम भर्म से बास
होत प्रात संपुट खुले ।। भान तेज परकास ।।"

मध्य—"कहैं दरीया सतगुर खोजो ।। सत सब्द ही करो बिचार
अवगुर : ससता जगत में ।। नीरमल मीला न सार ।।"

अन्त—"भीया भवन बीच भग्ति है : रहें पीआ के पास
मन उदास नाहो चाहीए चर्न कमल की आस ।।"

टिप्पणी—ग्रन्थ के कुछ पन्ने फट चुके हैं। लिपि स्पष्ट है। ग्रन्थ के अंतिम भाग के कुछ पृष्ठों को दीमकों ने चाट लिया है। ग्रन्थ में लिपिकार ने अपना पता नहीं दिया है। लिपिकाल में मास-नाम-निर्देश सम्भवतः नहीं है। यह ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद)-स्थित दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

६६. रामचरितमानस*—ग्रन्थकार — तुलसीदास । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन, देशी कागज । पृष्ठ-सं०—२३ । प्र० पृ० पं० लगभग—१९ । आकार—६$\frac{3}{4}$"×१०" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ—"जैरामभ्रातासहीतः जैकपीससुग्रीवः
ग्रजहींकेहरीनादकरीः मालुमाहावलसीव
चौपाइ
घटाटोककरीचहुदीसघेरी मुखन्हीनीसानवजावहींभेरी
भएउकोलाहलनग्रमझारी सुनेउदसाननअतीहंकारी
देखहुवानरकेचठीठाइ वींहसीनीसाचरसैनवोलाइ
असकहीअस्टहास सवकीन्हाघखैठेअहाखीधीदीन्हा"

मध्य—(पृ० सं०—४६) "सुनीदसकंधरीसानतवतेइकीन्हमनहीवीचार
... ..."

अन्त—"नाककानकाटेतेहीजीअजारी, फीराक्रोधमनभइगलानी
सहजभीमपुनीवीनुस्रुतीनासा देखतकपीदलउपजीत्रासा"

* क्रम-संख्या ६६ से १०० तक के ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' [बंगरो, मोतीहारी (चंपारन)-निवासी पं० गणेश चौबे द्वारा संगृहीत और प्रदत्त] के हैं।

विषय—रामचन्द्र-जीवन-गाथा । गोस्वामी तुलसीदास के प्रसिद्ध ग्रन्थ रामचरितमानस के लंकाकाण्ड का खण्डित भाग ।

टिप्पणी—प्रकाशित अन्य प्रतियों से पाठान्तर । प्रकाशित प्रति के उनचालीसवें दोहे से छियासठवें दोहे के पूर्व की चौपाई तक ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। प्रारम्भ और पुष्पिका-भाग के खंडित होने के कारण न तो लिपिकार का पता चलता है और न लिपिकाल का ही । यह ग्रन्थ पं० गणेश चौबे, ग्रा० बँगरी, मोतीहारी (चंपारन) के सौजन्य से प्राप्त ।

श्रीमद्भगवद्गीता—हिंदी-रूपान्तरकार—भुवाल । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन, देशी कागज । पृष्ठ-सं०—४४ । प्र० पृ० पं० लगभग—४२ । आकार—५१/२"×६" । भाषा—हिंदी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

दोहा

प्रारम्भ—"आरजुन सो प्रभुभाखा गीता ग्यान अपार ।
जन भुआल के स्वामी करहु मोर उवार ।।

चौपाइ

धीतरास्टकशंजेशोकहइ ध्रमछेत्र कुरुछेत्रजे अहइ
ममसुतपंडोहैंनरनाहा उस समजुधी करे......"

मध्य—(पृ० सं०-२२) "मोरीभर्गतीकरुआरजुन दुरलभभौसार
औरदेवतहांपुजैसोनहीउतरेपार"

अन्त—"गीतामहजोकहा वोचारी सोइभाखाष्क्रीस्न.......
शुनतकाथार्चीतभैउ अनंदा गीताशुनत गनेस.......

दोहा

हरीजनशोकरोवीनती दोसनलावहु मोही
जन भुआलके स्वामी शावीधी से वातोंही
ईतीश्री:भागवतगीता सुपनेख असतुती व्रम्हवीचे आजोभ्य
.......क्रीसनआरजुन शंवादेसन्यासिजोगवरनो नाम
आठाहभो अध्याए ।।१८।।"

विषय—प्रसिद्ध संस्कृत-गीता का दोहे-चौपाइयों में हिंदी-रूपान्तर । कृष्ण और अर्जुन का संवाद ।

टिप्पणी—कवि भुवालस्वामी खोज में नये मिले हैं । नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में यह ग्रन्थ मिला है, जिसमें लिपिकाल सं० १७६२ वि० है । देखिए खो०—वि० १९०९—१९११-ग्र० सं०-१३२ । ग्रन्थकार ने प्रारम्भ या अन्त में अपने संबंध में स्थान, काल तथा रचना आदि का कोई भी संकेत नहीं किया है । दोहे-चौपाइयों में रूपान्तरित यह ग्रन्थ भाषा, रचना

तथा वर्णन की दृष्टि से संग्रहणीय है। प्रारम्भ का प्रथम पृष्ठ जीर्णता के कारण अवाच्य है। लिपि-शैली पुरानी कैथी से मिलती-जुलती नागरी है। यह ग्रन्थ पं० श्रीगणेश चौबे के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

६८. **भक्त-विवेक**—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—जीर्ण-शीर्ण, पुराना देशी कागज। पृ०-सं०—६४। प्र० पृ० पं० लगभग—२८। आकार—७½"×६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचना-काल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"नामप्रतापतेभएरनधीरा नामवीभीखनरहापस्वारि
नामप्रतापतेभऐअवीकारि भीलनीशवरी मलादनिखादा
नामप्रतापते कीवोप्रसादा"

मध्य—(पृ० सं०–४६) चौपाई। "कहेनारदशुनुकाशीपराइ भेखप्रतापकहौमे गाइ
जनीमोहीकेकरमवेकारा भेखप्रतापताहिकेतारा
हाशीहेतुतुह कीन्हभुआरा"

अन्त—"तेहीतेजानुसकलसबसारा झुठकहतजानहीसबकोइ
अस्तुतिनीदादुइसमहोइ गुरुमुखहोतेमनेनाकीजे
भजन······सुधानीरपीजे"

विषय—रामनाम-महिमा-वर्णन और 'गुरुमुख' विशेषता-प्रतिपादन।

टिप्पणी—ग्रन्थ का प्रारंभ और अंत खंडित है। ग्रन्थकार और लिपिकार का नामोल्लेख ग्रन्थ के मध्य में भी नहीं हुआ है। ग्रन्थ की यत्र-तत्र अवाच्यता का कारण ग्रन्थ की जीर्णता है। दोहे-चौपाइयों में लिखित यह ग्रन्थ भक्तों की गाथा तथा भक्तिवैशिष्ट्य-द्योतक कथाओं के उदाहरणों से भक्ति के महत्त्व को पुष्ट करता है। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) के खोज-विवरण के अनुसार इस ग्रन्थ के रचयिता बोधीदास हैं। उक्त सभा की खोज में उपलब्ध दो पाण्डुलिपियों का लिपिकाल क्रमशः सं० १९३० वि० और १९३६ वि० है। सरभंग-साधुओं में भी एक बोधीदास हो चुके हैं, किंतु ये उनसे भिन्न प्रतीत होते हैं। काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा का दे०—खो० वि०—१९२९–३१ ई०; ग्रन्थ-संख्या ५५ और ५५ (बी)।

ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। पं० गणेश चौबे, बँगरी, मोतीहारी (चंपारन) के सौजन्य से 'चौबे-संग्रह' के लिए यह ग्रन्थ प्राप्त हुआ।

६९. **ज्ञानसरोदै**—ग्रन्थकार—श्री चरनदास। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, मोटा देशी कागज। पृ० सं०—३२। प्र० पृ० पं० लगभग—१६।

भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फाल्गुन कृष्ण १२। संवत्—१८७७ वि०।

प्रारम्भ—"रामजी
श्रीगनेसाऐ नमः।
सुखदेवजी सहाऐ॥ ग्रन्थ ग्यान सरोदै॥ श्री चरणदास क्रीत॥
दोहा॥ नमोनमो सुखदेवजी। प्रनमों कुरू अनंत॥
तु प्रसाद संचर भेद को॥ चरनदास बरनंत॥
परसोतीम पर आतमा॥ पुरन वीस्वो बीस
आदो पुरुस अवीचल तेही॥ ताही नवावो सीष॥
कुंडलिया॥ छरदंड सो कहत है। अछर सो टंग जान
नीह अछर स्वासा रहीत॥ ताही कोमन आन
ताही को मन आनी॥ राता दीन सुरती लगावो
आप आप वीचारी॥ औरन सीस नवावो॥"

मध्य—(पृ० सं०—१६)
"हानी होई वहरै नही, आवन की नही आस
दहीने चलत न चलीऐ, दछीन पछीम जानी।
जारे जाऐ बदुरे नहां तहाँ कछु आवै नाही
दहीने स्वर मह जाइऐ पुर्व उत्तर मत जो"

अन्त—"प्रोथी के प्रगास मे जुधी करै जो कोऐ
दोउ दल रहे बराबरी हारी वाऐ मो होऐ
अग्नी संत के वहतही जुधकरन मती जाव
हारी होऐ जीतै नही और आव तन घाव॥"

विषय—संत-साहित्य। कबीर-दर्शन से मिलती-जुलती भावना। नाद, विन्दु, इड़ा, चक्र, अनाहतनाद, शब्द, वैन, पहिया, काल और निकाम आदि का विवेचन। निर्गुण-विचारधारा की मीमांसा से ओतप्रोत। देखिए—
"निराकार त्रलीष्कतु देही जानी अकार।
आप न देही मानते ऐही तन तत् प्रसार॥
देह मेरे तु अमर अविनासी त्रीवान।
देह नही तु ब्रभ है व्यापो सकल जहान॥"

योग की स्वर-प्रक्रिया और गमनागमन से सम्बन्धित श्वास के फलाफल का दिग्दर्शन। विभिन्न दिशाओं की यात्रा में दक्षिण, वाम एवं मध्य श्वास की प्रक्रिया एवं आरोहावरोह के परिवर्त्तन की विधि और उसका प्रभाव। पाप, पुण्य, सद्गति, सतपुरुष, नाम और परमलाभ आदि का पुनः-पुनः प्रयोग और मोक्षधाम तथा निर्वाण की विशिष्ट व्याख्या।

टिप्पणी— इस ग्रन्थ के ग्रन्थकार चरणदास हैं। जैसा कि पुस्तक के नाम से ज्ञान होता है, सम्पूर्ण पुस्तक स्वर-प्रक्रिया-विधि का अवबोधन कराती है। भाषा सरल है। हस्तलिखित प्रति अव्यवस्थित है। दोहा, कुण्डलिया और चौपाई—ये तीन प्रकार के ही छन्द इस पुस्तक में मिलते हैं। कबीर के समान 'अनहद', 'सूक्ष्म आदि पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग हुआ है। 'ब्रभ' शब्द का प्रयोग 'ब्रह्म' के अर्थ में किया गया है। स्वर-प्रक्रिया को ब्रह्म-प्राप्ति (निर्वाण) का माध्यम बताया गया है। देखिए –

"आसन पदुम लगाइके ऐक व्रत नीत साच।
बैठे लेटे डोलते स्वास ही अव राच॥"

ग्रन्थकार चरणदासी संप्रदाय के प्रवर्त्तक और प्रसिद्ध संत थे। नागरी-प्रचारिणी-सभा (काशी) की खोज विवरणिका के अनुसार इनका पहला नाम रणजीत था; सुखदेव के शिष्य; दहरा (अलवर, राजस्थान)-निवासी; जाति के धूसर बनियाँ, सहजोबाई नाम की एक स्त्री इनकी शिष्या थी। जन्मकाल सं० १७६० वि० और मृत्युकाल सं० १८३८ वि०। इनके अबतक अठारह ग्रन्थ खोज में नागरी-प्रचारिणी-सभा को मिले हैं। देखिए – खोज विवरण १९०५, ग्र० सं० – १७, १८, १९; १९०६ – ९, ग्रं०-सं० – १४७; १९०९ – ११, ग्रं० सं० – ४५; १९१७—१६, ग्रं०-सं० – ३७; १९२० – २२, ग्रं० सं० – २९; १९२३ – २५, ग्रं०-सं० – ७४; १९२६ – २८, ग्रं० सं० – ७८; १९२९ – ३१, ग्रं०-सं० – ६५; १९३२ – ३४, ग्रं० सं० – ३८। ग्रंथकार ने स्वयम् एक ग्रन्थ में लिखा है – 'चरनदास हित सूं कियो ग्रन्थ अनेक प्रकार। अष्टादस और चारको काढि लियो तत्सार॥' यह ग्रन्थ पं० श्री गणेश चौबे, ग्राम बँगरी, जिला चंपारन के सौजन्य से प्राप्त।

७०. स्वासागुंजार—ग्रन्थकार – × । लिपिकार – × । अवस्था - अच्छी। प्राचीन देशी कागज। आदि खंडित और मध्य का एक पृष्ठ भी। पृष्ठ-सं० - ८०। प्र० पृ० पं० - लगभग ३४। आकार – ५½" × ७⅘"। भाषा हिन्दी। लिपि – नागरी। रचनाकाल ×। लिपिकाल ×।

प्रारम्भ— "कामक्रोधममीतालपटानी॥ अंतकालसतजुगकरभैऐउ। बारीउजुगपरलैतरगऐउ ॥

समो

ऐकजुगकेवीतेबारीजुगभऐनासा॥ ऐकनादबारीजुगलागेसतजुगकीनहप्रास"

मध्य—(पृ० सं० १५६)

चौपाइ। "ऐहीवीधीगहैसवदकीआसा नीसुवासरहमताकेपासा ॥
अतीअधीरकरनीकरसुरा करनीकीऐसीलैगुरुपुजा ॥"

अन्त— "जोभ्याकहोतेजगतरे ॥ प्रकटकहोनजाऐ ॥ गुपतप्रवानदेतहो ॥
राखीसीसबढ़ाऐ ॥ हंसातुमतीडरपो ॥ कालकोकछमोपरती ॥
अमरलोकपहुचाइहौ ॥ चलींहवभवजलजीती ॥ ऐतोगरंथस्वासागृं
उदैरेकसारसंपुरन ॥ जोपरतीदेखादेखासोलीखाममदोखनदीअतेपंडीत
बनसोमीनतीमोरीटुटलअछरलेवसभजोरीसुभमस्तु"

विषय— श्वास के विचारों का वर्णन, गुरुपूजा का महत्त्व और मोक्ष-प्राप्ति के साधन का प्रतिपादन।

टिप्पणी— यह ग्रन्थ खण्डित है। प्रारम्भ के ११८ पृष्ठों का अभाव। ग्रन्थ के केवल मात्र अवशिष्ट ८० पृष्ठों के कलेवर से ही सन्त-साहित्य के उत्तम विचारों का प्रस्फुरण होता है। अन्त में ग्रन्थकार, लिपिकार अथवा ग्रन्थ-रचनाकाल या लिपिकाल का संकेताभाव है। नागरी-प्रचारिणी-सभा (काशी) को कबीरकृत स्वासगुंजार की प्रति खोज में प्राप्त हुई है। दे० – खो० वि०–१९०९–११; ग्रन्थ-सं०–१४३ जे०। ग्रन्थ की लिपि-शैली प्राचीन है। कैथी अक्षरों से मिलती-जुलती लिपि है। यह ग्रन्थ बँगरी (मोतीहारी)-निवासी पं० गणेश चौबे के सौजन्य से चौबे-संग्रह' के लिए प्राप्त हुआ।

७१. लक्ष्मी-चरित्र—ग्रन्थकार – ×। लिपिकार – मोहनलाल। अवस्था – प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृ० सं० – ८। प्र० पृ० पं० – लगभग २८। आकार – ९" × ५ ½"। भाषा – हिन्दी। लिपि – नागरी। रचनाकाल – ×। लिपिकाल – १२७० साल (सं० १९१९ वि०, १८६३ ई०)।

प्रारम्भ— "श्रीपोथीलछीमीचरीत्र ॥ चौपाई
जटामैपुरवीलससैसाचीतयमैआऐचरनतुम्हसाखी
जुगजुगमोहीचरनतुम्हआसातवहोदखऔपुरुषहीआसा
लछीमोकारनराखेउनाइदाआकरहुरहोतुम्हठाउ
मैथीरजनोतुम्हठाकुरमोरीचरनकमलसेवककरजोरी"

मध्य— (पृ० सं०-५) "बोलैलछीमीप्रानपीआरी
कहहीचरनसोअमोल सारीमैतुमत्रीआसवासंगवासी"

अन्त— "...नगुन कछु न करीहै प्रगासी
धनवोहलछीमीकेमहीमाजनमीदेखुसंसार
दुखमुख लीखा बोधाता सोकोउ मेटेपार
इतीश्रीलछीमीचरीत्रसंपुरनजोदेखासोलीखाममहोसनदीअते
पंडीतजनसेवीनतीमोरीटुटलआखरलेवसबजोरी"

पोथीदुखीतसरदारलीखनीहारमोहनलालबसोवासमौजे
डुमखानाटोलासरैंआ ता० १ जेठ सन् १२७० शाल"

विषय— अवतरण और विष्णु का आत्मनिवेदन— समुद्र-मंथन से लक्ष्मी की जन्म-चर्चा। लक्ष्मी का पुलकित होना। लक्ष्मी की विष्णु से उक्ति। विभिन्न तिथियों में लक्ष्मी-पूजन का महत्त्व-वर्णन और नारी-सम्मान तथा पूजा की विशेष चर्चा।

टिप्पणी— यह ग्रन्थ खोज में नवोपलब्ध है। ग्रन्थकार का नामोल्लेख नहीं है। ग्रन्थ संभवत: अप्रकाशित है। भाषा में यत्र-तत्र भोजपुरी के भी शब्दों का प्रयोग हुआ है। ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। यह ग्रन्थ श्री गणेश चौबे जी के दिवंगत पिता श्री पं० भरथरी चौबे जी के द्वारा संगृहीत हुआ था। परिषद्-संग्रहालयस्थ 'चौबे संग्रह' के लिए प्राप्त।

७२ बिहारी सतसइ—ग्रन्थकार—बिहारी लाल। लिपिकार— × । अवस्था—प्राचीन। देशी कागज, जीर्ण-शीर्ण। पृ०-सं०—१६। प्र० पृ० पं० —लगभग ४८। आकार—८३/४" × ५१/४"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल— × ।

प्रारम्भ— "श्रीगणेशाय नम: ॥
मेरीभवबाधाहरोराधानागरिसोइ
जातनकीझाईपरलस्यामहरितद्युतिहोइ १
निकिदइअनाकनीफीकीपरीगोहरितरोमतें
तारणविरुदवारकवारणतानि
जमकरिमु••• •••••हरिपरयोइहिधनहरिचितलाइ
विषैत्रिषापरिहरिभज्यौंनरहरिकेगुनगाइ ३"

मध्य—(पृ० सं०-१५)
"व्यासेदुपहरजेठकेरहेमतीरनसोधि
मरुचरुपाइमतीरहीमारुकहतपयोधि ॥ ६१४ ॥
दुसहदुराजप्रजानिकांक्योंनवढेदुखदंद ॥
अधिकअधेरेजगकरतमिलिमावसरविचंद ॥ ६१५ ॥"

अन्त— "इहीआसअटक्योरहेअलिगुलावकेमूल
ऐहेंकेरिवसंतरितुइनिडारनिवेफूल ॥ ६३८ ॥"

विषय— शृंगाररस के दोहों में शृंगाररस-वर्णव।

टिप्पणी— हिन्दी के प्रसिद्ध कवि, ग्वालियरराज्य के निवासी सं० १७१० वि० के लगभग वर्त्तमान, जयपुर-नरेश जयसिंह मिर्जा के आश्रित महाकवि बिहारीलाल (दास) की प्रसिद्ध रचना की खंडित प्रति। पृ०- सं० ३, ४, ७, ८, ९, १५–२२ नहीं हैं। पृ०-सं० २४ के बाद ग्रन्थ खण्डित हैं। ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। मध्य के पृष्ठ कीटाणुबिद्ध हैं। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे, बँगरी (मोतिहारी-चंपारन) से प्राप्त हुआ। श्री चौबेजी को उक्त संग्रहालय के लिए यह ग्रन्थ सतवरिया (चंपारन)-निवासी श्री जीतन चौबे तथा उपेन्द्रनाथ मिश्र के सहयोग से मिला था।

७१. विज्ञान-गीता— ग्रन्थकार—केशवदास। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज, जीर्ण-शीर्ण और खण्डित। पृष्ठ-सं०—५२। प्र० पृ० पं०—लगभग ३४। आकार—८$\frac{1}{3}$" × ६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"दोहरा ॥ बोरसिंघन्रिपकीभुंजां। जद्यपिकेसषतूल
एकसाहिकौंसूलसीएकसाहिकौंफूल ॥२०॥

कवित्त ॥ लूटिबेकेनातेंपुरपहनुतौलूटीयतुतोरिबेकेनातेंगढतोरिडारीयतुहैं ॥
घालिबेकेनातेंगर्बघालियतिराजनिकेजारिबेकेनातेंअरिउरजारीयतुहैं ॥
राजाबीरसिंघजूकेराजगुनीतीयतुहारिबेकेनातेंअनिजन्मुहारीयतुहैं ॥
बांधिबेकेनातेंतालबांधियतिकेसोंराइमांरिबे-
केनातेंतौदरिद्र मारोयतुहै ॥२१॥"

मध्य— (पृ० सं०-२६)
"कुसलप्रश्नसबबूझिकैंतबबूझोनृपनाथ ॥
करुणापतश्रधासकलकहौआपुनीगाथ ॥"

अन्त— "किधौवत्सवत्सलजानियैं ॥
अर्घसिंधुअस्तकरयौअगस्तिसदाप्रसस्तिवषानियैं ॥
मनमारकंडुविहीनहौमुनिमारकंडुपमानियै ॥"
(इसके आगे के पृष्ठ कीटाणुबिद्ध होने के कारण अस्पष्ट हैं।)

विषय— विज्ञान-गीता का पद्य में वर्णन। विभिन्न ऋतुओं पर रचना।

टिप्पणी— ओरछा के सुप्रसिद्ध कवि केशवदास (मिश्र) के अन्य कई ग्रन्थ खोज में मिले हैं। काशी-नागरी-प्रचारिणी-सभा की खोज विवरणिकाओं में इनकी उपलब्ध पाण्डुलिपियों की चर्चा हुई है।

यह पाण्डुलिपि आदि और अन्त में खण्डित होने के कारण लिपि-काल का अवबोध नहीं कराती है। लिपि पुरानी प्रतीत होती है। आदि के २ पृष्ठ नहीं हैं। मध्य के भी कई पृष्ठ खण्डित हैं। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे (बँगरी-चंपारन) ने सतबरिया (चंपारण)-निवासी श्री जीतन चौबे और श्री उपेन्द्रनाथ मिश्र के सहयोग से प्राप्त किया।

७४. रामचरितमानस—(बालकांड) ग्रंथकार—तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—जीर्ण। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—२६०। प्र० पृ० पं०—लगभग १४। आकार—८" × ४¾"। भाषा—हिन्दी (अवधी)। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— "प्रभुमुसकाना बरील न्हुजवीरीकीन्हचहै ।।
कहोकथासूनाईमातुबूझाईजेहीप्रकारसूतप्रेमलहै ।।
मान्तापूनीबोलीसामतीडोलीतज्हूतातऐहरूपा ।।
कीजैसोसूलीलाअंतीप्रीअसीला........... ।।"

मध्य— (पृ०-सं० १०७)
"सोप्रभु जानह अंतरजामी। परब्रह्ममोर मनोरथस्वामी ।।
सकलहीवीहाऐमांगुप्रापमोही.......... .... ।।"

अन्त— "वीस्ववीजेजनुजानकी पाइ। आऐसवन व्याही सब भाई ।।
सकलमानुख करम तुम्हारे। केवलकीसोक क्रीपा तुम्हारे ।।
जेहीदीनगएेउतुम्हैवीनुदेखे। तेगीरंचीजनुपारहीलेखे ।।
दोहा ।। कोन्हसो...... जयसहजसुची। सरीतापुनीत नेहाऐ ।।'

विषय— गो० तुलसीदास-विरचित रामचरिमानस का बालकांड।

टिप्पणी— ग्रंथ की लिपि पुरानी है। प्रचलित रामायण से पाठभेद है। ग्रंथ खण्डित है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे (बँगरी-चंपारन) द्वारा संगृहीत और प्रदत्त।

७५. रामचरितमानस—(उतरकांड, ग्रंथकार—तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज, खण्डित। पृ०-सं०—५०। प्र० पृ० पं०—लगभग ४५। आकार—८½" × ४½"। भाषा—हिन्दी (अवधी)। लिपि—नागरी। रचनाकाल प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— 'महीमंडलमंडनचारु...भीत। साऐकचाप निखंगवर।'

मध्य— (पृ०-सं० २५) दोहा
"ऐसीप्रसंगवीहँपयतीकौन्हकाकसौजाऐ ।
सोमवसादरकहीहै । सुनहुउमाचीतलाऐ ॥"

अन्त – "नमोभुतीक्रोटोप्रमासनी..........।
सञुरनीकलंक लोलनी ....॥"

विषय – रामचरितमानस का उत्तरकांड (खण्डित) ।

टिप्पणी – इस खण्डित ग्रंथ की लिपि-शैली पुरानी है । प्रचलित प्रतियों से पाठभेद है । 'चौबे-संग्रह' के लिए बँगरी (चंपारन) - निवासी श्री गणेश चौबे द्वारा प्रदत्त ।

७६. सूर्यकथा – ग्रंथकार – × । लिपिकार – × । अवस्था – हाथ का बना देशी कागज, जीर्ण-शीर्ण और खण्डित । पृ०-सं० – २५ । प्र० पृ० पं० – लगभग ३६ । आकार – ५" × ६½" । भाषा–हिन्दी । लिपि – नागरी । रचनाकाल – × । लिपिकाल – × ।

प्रारम्भ – "तेजप्रतापहै आगीनो समाना । तुम आदीतपरमेस्वर स्वामी
अलंखरंजनीजनअंतरजामी । वरनोनजोई आदीतकै लीला
धरमधुरंधर परम सुसीला
जोतीकलाचहुवारवीराजै । जगमगकानन्हकुंडलछाजै
नीलवरनछवीतुरगसवारी । ग्यान नीधानधरमव्रत धारी
जासुकथामे कहावखाना । सोपुरुष है आगानो समाना
महिमा आदीत अगम अपारा । तीनोभुअनमै जोतीउजीआरा

दोहा ॥ आदीतकथा पुनीत है गावही संभु सुजान ॥
तीनीभुअदछवीजोती है करो प्रताप वखान ॥"

मध्य – (पृ०-सं० १२)
"नीसोसमनग्रसकल अंध्यारा । उगहीनभानुनहीजोतीवजीआरा
तहावासकलजुगकरहोई । तवसोपापमलीछ न सोई ॥
ऐहीवीधीकवहोउगहीनभाना । मैतोहीवचनकहौ परीमाना ॥"

अन्त – "अवसुनुऐहअस्थानन्हकहई । पाटजोगगुजाकह गहई ॥
वीवुधनदीआसरजुतीरा । वासी मंदीर उत्तीमनीरा ॥"

विषय – पद्मपुराणांतर्गत सूर्य भगवान् की कथा, माहात्म्य और व्रतफल का वर्णन आदि ।

टिप्पणी – ग्रंथ का आदि और अंत खण्डित है । नागरी प्रचारिणी-सभा के खोज-विवरण के अनुसार रामायण के रचयिता तुलसीदास से भिन्न तुलसीदास की यह रचना है । उक्त खोज

विवरण में इस ग्रन्थ के ग्रन्थकार का रचनाकाल सं० १८७० वि० (सन् १७१३ ई०) है। उक्त विवरण में दिये गये उद्धरणों से प्रस्तुत ग्रन्थ के दोहे-चौपाइयों से तुलना करने पर कई पाठ-भेद भी हैं। दे०—काशी-नागरी-प्रचारिणी-सभा का खो० वि० १९२६–२८ ई०; ग्रं०-सं०-४८५ ए०, बी०, सी०, डी०, ई०, एफ्०, जी०, एच्० और आई०। अबतक अप्रकाशित। यह ग्रन्थ खण्डित है। चौबे-संग्रह' के लिए श्री गणेश चौबे, बँगरी (चंपारन) द्वारा संगृहीत और प्रदत्त। यह ग्रन्थ चौबेजी को अपने पिता (स्व० भरथरी चौबे) से प्राप्त हुआ था, जिसे चौबे जी के पितामह (स्व० भगत चौबे) ने संकलित किया था।

७७. क्षेत्रमिति और पहेलियाँ—ग्रन्थकार—× । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज, जीर्ण-शीर्ण और खण्डित। पृष्ठ-सं०—५८। प्र० पृ० पं० - लगभग १२। आकार - ८" × ५" । भाषा - हिन्दी । लिपि - नागरी । रचनाकाल - × । लिपिकाल— × ।

प्रारम्भ— "अर्थ विषमकोण और आजात्यायत चतुरभुज के मापने के यह काम दोहे की किसी एक कोण से लंब करके लंब भुमी से गुण कर देने से क्षेत्रफल मालुम होता है जैसा (अ क म ब) क्षेत्र का (अ) कोण से (अ च) (१६) है और (क म) (२८) है तो क्षेत्रफल बताओ।

२८ + १६ = १४४८ ÷ ४०० = $३\frac{२}{४}\frac{४}{०}\frac{८}{०}$
२४८ ÷ २० = $१२_{२}\frac{८}{०}$ } ३।।२।३ यही उत्तर हुआ

(विषम चतुर भुज)
(दोहा) (६)

सोहै भुजा एकत्रकरी अर्ध २ करीताही
(४) गुनहु युगल तस फल मिलै बिषमचतुरभुज आहि"

मध्य—(पृ०-सं० २९) "(अंडाकृति के माप) अंडाकृति का क्षेत्र निकालने का कायदा। (दोहा) (३०)

(१) "युगल व्यास के घोत कर पुनि श्रुति सर वसु सुसात
यह दशमलते गुनन करी फल सु अंडहोइ जात"

अन्त— "घंटा के शुइ (क) घड़ी के सुइ (ग) है जबघंटा के शुइ (१) घंटा चलता है तब मीन्ट १२ घंटा चलता है इससे मालुम होता है के जब घंटा के शुइ १ घंटा चलेगा तो मीन्ट १२ बजा ··· ·····।"

विषय— "ज्यामिति-गणित-संबंधी दोहे-चौपाइयों में रचना और अर्थ तथा उदाहरण-सहित विवेचन। विविध ग्रामीण मंत्रों तथा पहेलियों से युक्त।

टिप्पणी— ग्रन्थ खण्डित है। लिपि-शैली प्राचीन है। ग्रन्थ संभवतः अप्रकाशित है। ग्रन्थ-संकलयिता पं० गणेश चौबे के अनुसार इसमें संकलित पहेलियाँ खुसरो की हैं और बिहारी के दोहे भी। 'चौबे-संग्रह' के लिए बँगरी (चंपारन)—निवासी पं० गणेश चौबे ने मुंशी धनुषधारी लाल के संग्रह से उनके कर्मचारी के सहयोग से प्राप्त किया।

७८. सिद्धांतपटल— ग्रन्थकार – रामानन्द (गरु)। लिपिकार – × । अवस्था – प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृ०-सं० – २५। प्र० पृ० पं० – लगभग १२। आकार – ६"×४"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल – ×।

प्रारम्भ— श्रीमतेरामानुजायनमः अथ सिद्धांतपटल प्रारम्भ ओं अब आगे श्रीरामनन्द अवधूत शेली सिंगीजंवर्बचोटा········घडोद········ छोंटा··· ······ एडाचमरअडानीविह्नीवळ··· ····मंचराटो····· विरलाहोईं··· ··· ····· ··· ··· ····· ··· कानकीकुंचमिसकेसनकादिक माथेकामुकुटसिंदुरकीश्रीअंगुरीकीअंगुठी हाथ का कडाजह्वा..."

मध्य—(पृ० सं०-१२) "ओंप्रथमजगतहेतप्रगटेसनकादिकाव्हांसे आयेकोनफुर ··· ····वरग···· ˝ नसुआ··· ··· श्री गुरुशिषसुनीफुरगयेदूरवासा ऋषिश्वराये शोस्नकिलकडीसुरतिकाभंडाररक्षाकर जानकी माता इतियुगलभंडारबिजमंत्र"

अन्त— अथभभुतिपटलनमंत्र

सितसमुद्रते तड़मंदीरचोनथवछायाउलटंत भभुतीपलटंतकाया कोइसिधनकोजोगसादी कपाया उलटेपलटे खड़ेराग श्रीगुरु-रामानंदजी ! कहेवचानाचाजोग ईतिश्रीगुरुरामानंदजीवीरंचित-सिधासपटलसंम्पुणम्''

विषय— ''गुरुरामदास के सिद्धांत। गुरुरामानंदजी पंचमात्रा, गुरुरामा-नंदजी का अभूषणबीजमंत्र, अफीमंत्र, सनकादिकमंत्र, कूचीमंत्र, निरंजनमंत्र, सिंदुरमंत्र, यज्ञोपवीतविधि, कानपरचढ़ावनमंत्र, यज्ञोपवीतसुद्धमंत्र, ब्रह्मतारकमंत्र, भर्थरीमंत्र, कामधेनुमंत्र, चुल्हाचेतावनमंत्र, युयलमंडारबीजमंत्र, तिलकमंत्र, भागवती-मंत्र, भंडारमंत्र धूनीमंत्र, और पंचधूनीमंत्र, पर आधारित रचना।

टिप्पणी— गुरुरामानंद-विरचित यह ग्रन्थ खोज में नया है। अन्य खोज-विवरणों में इस ग्रन्थ की चर्चा नहीं है। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) के खोज-विवरण में 'सिद्धांत' नाम ग्रन्थ का उल्लेख-मात्र हुआ है। दे०—खो० वि०—१६२६—२८, पृ० सं०—७८३। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए बंगरी (चंपारन)—निवासी पं० गणेश चौबे से प्राप्त हुआ।

७६. कोकसार— ग्रन्थकार—आनन्द कवि। लिपिकार—रामलोचन। अवस्था—अच्छी, आदि-खंडित। पृ०-संख्या—४२। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार—६"×६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—३३ भाद्र, १२७० साल, संवत् १८८३ वि०।

प्रारम्भ—''मदनांकुशतैशोचहत : तोसूखहोतसरीर: कोकसारभूमीउचरत :

दोहा : जेहिंतियाकोरतीरुचीनहि : पीयचीलसतजोताहि :

भामीनीमूदीतनहोइकछु : ग्रीथासकलतवआहि :

जोजनजानैकोकपढ़ी : करहीसुजतनवीचार :

अतिसूखउपोजैरमनीको : बहुसूखमानेनारि :

अनरूचितियपूर्खहिमोले : कहेकोकयहभारि :

जैसेरोजीनीवको : आंखीमूदीपोवजाय : १०।

ईतिआकवीआनन्दक्रीतेकोकसारभाखापारतिभेदत्रितीयखंड:समाप्तम् ३''

मध्य—(पृ० सं०-२१) दोहा

''सुरतीसमयसुखमेलीकै : सुरतीकरैजोकोय :

सूरतीसमयहारैनही : सुरतीअखंडीतहोय : ६''

अन्त—"अथपदमीनीआसन : चौपाइ :
आसनजानीपरस्परनाम : ताकोकरतपुरुखश्रीवाम
.. .. पंचदसआसनरहैतेपुरुखैकरीवेकोकहै :

दोहा

सुनलरसीकजनस्रवनेधनी : कोकसारसुखनास
चहैतचतुरसूनैचहैकरतमुढअतिहांस
इतीश्रीकोकसारकथास्मात्त प्रतीजोदेखासोलीखाममदोखनदीअतेसजन-
जनसोवीनतीमोरीटुटलआखरपरहुवजोरीलीखीरामलोचनजी ...."

विषय—पुरुषों तथा स्त्रियों के भेद और उनके लक्षण, दिनानुसार शरीर के विभिन्न स्थानों में काम-निवास-वर्णन चुम्बन-आलिंगनादि-वर्णन, विभिन्न आसनों-सहित वन्ध्यात्वदोष-परिहारोपाय और विविध औषधियों से अनेकविध उपचार-प्रक्रियाओं का निर्देश। पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी, हस्तिनी आदि स्त्रियों के लक्षण तथा आसनों का वर्णन।

टिप्पणी—ग्रन्थ के आदि दस पृष्ठ खंडित हैं। कवि ने अपना परिचय नहीं दिया है। अध्याय-समाप्ति तथा ग्रन्थ-समाप्ति में 'आनन्दकृते' ऐसा लिखा है। ग्रन्थ में कोकशास्त्र-सम्बन्धी विषयों का दोहे-चौपाइयों तथा अन्य विविध छन्दों में सविस्तर उल्लेख हुआ है। रचना हृद्य और पठनीय है। ग्रन्थ अप्रकाशित है। कवि और कवि-कृतियाँ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को भी खोज में मिली हैं। इनकी अन्य 'कोकविलास', 'कोकमंजरी' और 'आसनमंजरी' नामक रचनाएँ उक्त सभा के अन्वेषकों ने प्राप्त की हैं। इनका रचनाकाल सोलहवीं शती का मध्य माना गया है। दे०—खो० वि०—१९०२, ग्रं० सं०—५; १९०६–८, ग्रं० सं०—१२६; १९१७–१९१९, ग्रं० सं०—७; १९२०–१९२२, ग्रं० सं०—६ ए०, बी०; १९२३—२५, ग्रं० सं०—१३ ए०, बी०, सी०, डी० ई०, एफ०, जी०, एच्०, आई० और जे०; १९२६–२८, ग्रं० सं०—१० ए०, बी०, सी०, डी०, ई०, एफ०, जी०, एच्०, आई०, जे०, के०; १९२९–३१, ग्रं० सं०—११ ए०, बी०, सी०, डी०, ई०, एफ०, जी०, एच्०।

कवि की कृतियाँ जो खोज में मिली हैं और जिनका खोज-विवरणों में उल्लेख हुआ है, उनका रचनाकाल और लिपिकाल अधोलिखित-क्रम से है—

ग्रन्थनाम	लिपिकाल	खोज-विवरण की ग्रं० सं०
१—कोकसार (३८ प्रतियाँ)	१७३४ ई०, १७४८ ई०, १७६५ ई०, १७८१ १८४६ १८५३ ई०, १८८४, १९०१ ई० ।	१९०२, ५; १९०६-८ और १९१७ १९–९७ १९२३ २५, १३ डी०, ई०, जी०, एच०, आई०, जे० ।
	१८१७, १८३५, १८६९, १८७५, १८९८, १९०१, १८२८ ई० ।	१९२३ १-२८, १० सी०, डी०, ई०, एफ०, जी०; एच्०, आई०, जे० ।
२—कोकमंजरी (१० प्रतियाँ)	१८६१, १७९४, १९८६ और १८०२ ई० ।	१९२९-११ डी०, ई०, जी०, और एच्० ।
	१७३४ ई०	१९२०-२२, ६ ए० ।
३— कोकविलास	१७९९, १८०० ई०	१९२६-२८, १० ए०, बी०
(१ प्रति)	१७५२, १८६६ ई०	१९२९-३१; ११ बी०, सी० ।
४ आसन-मंजरीसार (१ प्रति)	१७७१ ई०	१९२६—२८, १० के०, १९२९—३१; ११ एच्० ।

उपर्युक्त विवरणों से प्रतीत होता है कि कोकसार के ग्रन्थकार का रचनाकाल सोलहवीं शती का मध्य या सत्रहवीं शती का प्रारम्भ रहा है। 'मिश्रबन्धु-विनोद' में ग्रन्थकार का रचनाकाल १७११ ई० दिया गया है, किन्तु इसके किसी स्पष्ट प्रमाण का उल्लेख 'विनोद' में नहीं किया गया है। 'कोकसार' की अबतक उपलब्ध प्रतियों का लिपिकाल १७३४ ई० से १९०१ ई० तक है। इस ग्रन्थ का लिपिकाल है १८८३ वि० (१८२६ ई०)। ग्रन्थ की लिपि-शैली पुरानी है। प्रारम्भिक भाग खंडित है और कुछ अन्य दोहे लिखे गये हैं। ग्रन्थ प्रकाशित है। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के ग्रन्थदाता श्रीगणेश चौबे (बँगरी, मोतीहारी, चंपारन) को साढ़ाडमर (बडुराज, मोतीपुर, जि०—मुजफ्फरपुर)–निवासी श्री रामदयाल ओझा से मिला।

८०. बीजक—ग्रन्थकार—कबीरदास। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी; हाथ का बना कागज। पृ० सं०—१५४। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार—६"×३½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपि-काल—१२१२ साल (१९५१ वि०, १८०५ ई०)।

प्रारंभ—"दया गुरूकिलीष्यतेबीचारप्रथमाअनसारपदरमैनी
अंतरजेतीग्रहदयक नारी।। हरी ब्रह्माताके त्रीपुरारी।।
तेतीरीयाभगलिंगअनन्ता।। ते उनजानेउवादीअवंता।।
वाषरीयकविधातेंकीन्हा।। बौदाठइरपाठसा लीन्हा।।
हरिहरब्रह्मामहंतोनाउ ।। तीनपुनोतोनबसावलगाउ।।"

मध्य—(पृ० सं०—७३) "संतोजागतनीदनाकीजे।।
कालनाषाऐकल्पनहीबीआपेदेइजरानाहींछीजे।।
नुलोटागंगसमुद्रहिसोषेससिऔसुरगरासे।।
नोगृहमारोरोंगीआबऐठेजलमहंवेमुप्रगासे।।"

अन्त—"हींदुतुरुकोबूढोवारा।।
नारीपुरुषकामीलिकरदुबीचारा।।
कहिएकाहिकाहानहीमांना।। दासकवोरसोइयेजांना।।
बाहाहैवहिजातु हैकरगहेंचहुँवोरजौंकाहानाहीमानेतो
देषकायकवीर।।१ अतिवप्रमतीसीसपूर्ण"

विषय—कबीर के निर्गुण-दर्शन का प्रसिद्ध ग्रन्थ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ कबीरपंथ का प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रन्थ है। ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे से प्राप्त हुआ। चौबेजी ने पं० मथुरा चौबे द्वारा मठगोपाल के एक कबीरपंथी साधु से प्राप्त किया था।

८१ छप्पयरामायण—ग्रन्थकार—तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना, मोटा देशी कागज। आदि और अंत खंडित। पृष्ठ-सं०—१२। प्र० पृ० पं० लगभग—१७। आकार—६"×४"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारंभ—"अस्तुतिकरतकपोतनाथप्रनतारनहारी।
सोप्रभुवेरिगिदया छहोजोकपोतसरनअपना।।
क्रीपाकरिअे श्रीरामचंद्रममहरिअे सोक संतापनो ३"

मध्य—(पृ० सं० ६) "चीत्रकूटवसि अमितकोल भीलन्हकितपावन।।
रहैतहांमुनिवृंदसकलभएसोकनसावन।।

प्रभुहिमनावनभरतजापतसोचत मनमाही ।।
पुरवासीलीअेसंगजाइपहुँचेप्रभु पाही ।।
मोलेभरतअस्तुतिकरतसरनराषहुप्रभु आपना ।।
क्रिपाकरिअेश्रीरामचन्द्रममहरिअेसोकसंतापना ।।१५"

अन्त—"वीरहबंततनतपतआपुहित राषतिनैना ।।
अबविलंब जनिकरहुसोआकहिआरतबैना ।।
सक्रसुअनमृगहेमजानुप्रभुवानप्रतापा ।।
जानुकवंबअबबालिकहाभैसोसरचांपा ।।"

विषय—गोस्वामी तुलसीदासकृत छप्पय छंद में रामायण का वर्णन ।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ प्रकाशित है और प्रसिद्ध भी । इसकी अनेक पाण्डुलिपियाँ विभिन्न अनुसंधान-संस्थानों में सुरक्षित हैं । 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे ने साढ़ा (चंपारन)-निवासी पं० श्री भागवत ओझा से प्राप्त किया ।

८२. विष्णु पुराण—ग्रन्थकार— × । लिपिकार—रमनदास । अवस्था—अच्छी, देशी कागज । पृ०सं०—१२ । प्र० पृ० पं० लगभग–२० । आकार—६½"×४" । भाषा –हिन्दी । लिपि-नागरी । रचनाकाल— × । लिपिकाल—१२ सावन ११३१ साल ।

प्रारम्भ—"सतगुरुकीदाआसोलीषतेवीसुनपुरान
स्रीरामजी साहाऐ ।। स्रीगनोजी साहाऐ ।।
स्रीभावानी जी सहाऐ ।। स्रीसकलोदेवजी साहाऐ ।।
स्रीपोथीवीसुनपुरानलीषते ।

चौपाइ

कैसेस्तजुगत्रेतागऐउ । कैसेध्योप्रकलजुगभऐउ ।।
कैसेन्योजन्म अवतारा । कैसे स्रीजिऐ सकल पसारा ।।
कैसेपानीपवन अनुसारा । कैसे कलजुगलीन्ह पैसारा ।।"

मध्य—(पृ० सं०-१६)
"सुनहप्राछीतहरीके चतुराइ ।। कवनचरीत्रकीन्ह रघुराइ ।।
नग्रध्यारीकाक्रीस्ननेवासा ।। दानपुन्यसादासुपवासा ।।"

अन्त—"इंद्रदेवस्वचलही अगुआना । इन्द्रपापीकैहत्यप्राना ।।
राजाकहहीअसहंभसेनाहोइ ।। अपनाहाथ षोलहुसोइ ।
तवजोगीखोलकेवारा ।। स्वदेहजग्रनाथसवारा ।।
पहुचानहीजीन्हकाभएउ ।। स्वदेहसंपुरन भऐउ ।।

॥ दोहा ॥

दोषनाभऐउजोगीका ॥ ... ...रजाऐ ॥
देहअभैंत्रमागु ॥ जैं जैं जादोराऐ ॥"
"इतीस्रोहरीचरीत्रेवीस्नपुरानेजोगीदुस्ननामव्रनो दसोमो अध्याऐ १० इतीस्रीवीस्नुपुरानः स्मपुरन जो देखा म्मदोषनादेते: साधसंतकेबंदगीडंडवत पहूँचेवारं मवार: पंडीतजनसोवीनती मोर : टुटल बढ़ल अछ्रप्रहवाजोर ।"

विषय—विष्णुपुराण पर आधारित कृष्ण-चरित्र ।

टिप्पणी—दोहे-चोपाइयों में रचित इस ग्रन्थ के आदि और अंत में ग्रन्थकार के नाम, स्थान तथा रचनाकाल का उल्लेख नहीं हुआ है। भाषा और कालपक्ष ग्रन्थ का दुर्बल है, किन्तु पुराणांतर्गत कथा का रूपांतर अच्छा हुआ है। ग्रन्थ संभवत: अप्रकाशित और खोज में नवोपलब्ध है। लिपि पुरानी है। मूर्धन्य 'ष' का प्रयोग 'ख' के लिए हुआ है। यह 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे [ग्रा०—बँगरी, मोतीहारी, (चंपारन)] को पं० मथुरा चौबे के सहयोग से मठगोपाल के एक कबीरपंथी साधु से प्राप्त हुआ।

८३. ज्ञान-सम्बोध—ग्रन्थकार—कबीरदास। लिपिकार—मथुरा चौबे। अवस्था - अच्छी। पृ०-सं०—३८। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार—८" × ६¾"। भाषा - हिन्दी। लिपि-नागरी। रचनाकाल-प्रसिद्ध। लिपिकाल—१। १०। १९१२ ई०।

प्रारम्भ—"सतनाम सती कबीर जी।
श्रीसुक्रीत आदि अदली अजरअचिंत प्र........नाम कबीर सुरती जोग्यसंताएनधनी धरमदास ...... लिकादआते

साखी ॥

संतसमाजसमधनीनहीं, सुनोसंतचिलाए।
पुरबीलपुन्यअमीतहोही तौसंतसमाजेएनेती
पवित्रेजुगजुगजीवे, जोसंतो सं ....भाए।
क्रमकोटीत्रीगुनफंदसो....त्रीतपीए अघाए ॥"

मध्य—(पृ०-सं०-१६) ॥ सोरठा ॥
"मनकैलहरी अपार, छीनमहदे उतपातकरी।
बीहेंबहुजाएगवार। वहरी रहै कोई सुरमा।
जीमी सपने मह देखिये, लेई कोई शीशत्रीदारी।
तीमीमनकौतुक झूठ हैए, करै अनेक पसार ॥"

अन्त— "॥ साखी ॥

जाके ग्यान बिबेक है, सो यह ग्यान बिचार।

और सकल जग अंधरे, बुझैं ग्यान विचार॥

इतिश्री० ज्ञानसम्बोध ग्रन्थ संपूर्णं शुभऽ तु जो देखासो लिखा मम दोष नहीं दीयते। पंडित जनसे बिनती मोरी। टूटल अछर-लेब सब जोरी। श्री रामचन्द्राय नमः॥"

विषय—संतों की महिमा का वर्णन। संत-साहित्य (कबीर) का ग्रन्थ।

टिप्पणी—१. प्रसिद्ध संतकवि कबीरदास की यह रचना संभवतः अप्रकाशित है। इसकी एक प्रति नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) की खोज में मिली है। दे०—खो० वि० १६०६–११, ग्र० सं०—१४३। अन्य किसी खोज-विवरण में कबीरदास की कृतियों में इसका नाम नहीं है।

२. इसके साथ ही एक ही जिल्द में 'ज्ञानदीपक' और 'अनुभव-सागर' भी क्रमशः १० और १३ पृष्ठों का है। मूल प्रति से १६३२ ई० में श्रीगणेश चौबे के प्रयास से उपर्युक्त तीनों ग्रन्थों की प्रतिलिपि हुई। 'अनुभव-सागर' की मूल प्रतिलिपि का समय सं० १८७७ वि० है।

३. ग्रन्थ-लिपिकार ने मूल प्रति से ईकार, ऊकार आदि मात्राओं की प्रतिलिपि करने में विपर्यय कर दिया है।*

४. मूल प्रति बेलवनवा (चंपारन)-निवासी श्री धनुषधारी लाल के पास सुरक्षित है।

ग्रन्थ की लिपि-शैली अच्छी है। प्राप्त अन्य प्रतियों से यत्र-तत्र पाठ-भेद प्रतीत होता है। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे से प्राप्त।

८४. स्वासागुंजार—(सहसगुंजार)—ग्रन्थकार—कबीरदास। लिपिकार—गणेश चौबे। अवस्था—अच्छी। पृ० सं०—५७। प्र० पृ० पं० लगभग—२१। आकार—$8\frac{1}{3}'' \times 6\frac{1}{3}''$। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—१६३२ ई०।

प्रारम्भ—"सहसगुंजार॥ चौपाई—

सत्यनाम सुकृत गुन गावो। अविचल वाह अखै पद पावो॥

संसै हरित सदा सो गाउ। सील रूप सभइन्ह के भाउ॥

करै कोलाहल हंस उजागर। मोहरहित सभ सुख कै सागर॥

---

*पं० गणेश चौबे [ग्रा०—बँगरी, मोतीहारी (चंपारन)] की टिप्पणी इस ग्रन्थ की प्रतिलिपि में देखिए।

तेहीपुर जुरामरन नाहीं। मनवेकार इन्द्री तहां नाहीं ॥
सत्यलोक हंसन सुख होई। सो सुख इहा जाननै कोई ॥
जानै सो जो उहाकर होई। इहा आएके करै बुझाई ॥"

मध्य—(पृ० सं०—२८)

"करि असनान पुरुष पगु परसै। निरमल जोति अखंडित दरसै ॥
जब फिरि चंद सरोवर आवै। बहुरि जीव संगहि फिरि धावै ॥
आवत जात बार नहीं लावै। पल पल जीव दरस तहां पावै ॥
कृष्णपक्ष अमावस जब आवै। तब फिरिजीव सूरघर जावै ॥"

अन्त— समौ

"एक जुग के वीते, चारो जुग भै नास।
एकनाद चारी जुग खाये, सतजुग कीन्हे ग्रास ॥

चौपाई

किलक कमोद चंद से नेहा। कामत कंकव सूर उनेहा।"

विषय—श्वास के जानने की रीति। कबीर-पंथ की योगसाधना का आध्यात्मिक विवेचन।

टिप्पणी—कबीरदास का यह ग्रन्थ संभवतः अद्यावधि अप्रकाशित है। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को भी खोज में यह ग्रन्थ मिला है। उक्त खोज में प्राप्त पोथी का लिपिकाल है—१८४६ वि०। दे०—खो० वि० १९०७—१९११, ग्रं० सं०—१४३ जे०। ग्रन्थ का नाम 'श्वासागुंजार' है, किन्तु 'सहसगुंजार' नाम से भी यह मिलता है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे [बँगरी, मोतीहारी (चंपारन) से प्राप्त।

८५. भागवतभाषा· ग्रन्थकार—कृपाराम। लिपिकार—महेशदास। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना, देशी कागज। पृष्ठ सं०—२४४। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। आकार—९$\frac{3}{4}$ × ६$\frac{1}{2}$"। भाषा हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपि-काल—१९५० वि०।

प्रारम्भ—"॥१॥ श्रीः गणेशाय नमः। श्रीः राधाकृष्णाय नमः। श्रीः पोथी भागवत भाषाकृः त्पकृपादासजी एकादशस्कंध पोथी लीखलवाः महेशदास।

शोरठाः ॥

वन्दौ श्रीः रघुरकृपाशेंघुशांतसशुखद
प्रनतपालरणधिरदुखहरनदारिद्रदमन

दोहा ॥

हरनमोहतमदंद्व शव श्रीः गरपदकरीध्यांन
रामकथावरणोवीमल अघहरनकरनरल्यांन

सोरठा ॥

मैंमतीमंदमलीनकुरकपट कलीमल चह्यो :
जानौअतीशैदीनगुरु दकपालपावनकियौं"

मध्य—(पृ० सं०—१२२)

"श्री सूक देउवाच ॥
अवअध्यायसत्रहकेमाही भक्तोलक्षण अरु धर्म कहाही
ब्रह्मचर्यअरजेगृहवाशी ताशुधर्मकहीहेशुपरासी"

अन्त—"सुनै सुनावै पुनी कहै कृष्ण कथा सुख कन्द
उपजय भक्ति अनन्यतेहि मीटे जगत दुष दंद
ध्याणयोगतपदानमखपुजाअरुवरतनेम
मकलसौषितेहिहोइफल कृष्णकथाजेप्रेम
ईतीश्रीभागवतेमाहापुरानेएकादशकंधे श्रीशुकदेव परिछीत संवादे भाषानीबन्ध कृष्णारामकृतश्रीकृष्ण वैकूंठपआननाम एकतीसमो अध्या ॥३१॥ सूभसम्वत १९५० । शाके १८१५ । समयनाम.......... कृष्णदसम्मों भोमवासरेपोथी एकादस स्कंध समाप्त संपुरनभैलदशषतीवा: महेशरदाशसाधु । समैनाम अषाढ़ ता: । रोजसुक के तेआर भएल जो देषा सो लीषा मम दोषनदीअते । सूभ सम्वत १९५० । शाके १८१५ । सन १२१० साल मौजेटीकुआ (कुटिआ) तापाषण्हा प्रगनामझौआ । पोथी दसषतीलोषतवा: महेशरदास साधू दसषत शहिः ॥"

विषय—भागवत के एकादश स्कन्ध का अनुवाद । कृष्ण-कथा-वर्णन ।

टिप्पणी—इस ग्रन्थ में ईश्वर-भक्ति का माहात्म्य-वर्णन हुआ है । कहीं-कहीं अभक्त ब्रह्म का निरूपण किया गया है । देखिए—

'तोन के तनय भए शत एका ।
ब्रह्म चार भए शहीत विवेका ॥"

भगवद्भक्ति से पूर्ण उपदेश अधोलिखित पदों में—

"हरि वीनु रहित शकल जे करमां
तेशबजानेहु माणके भरमां
श्री मुष आपु कह्यौ जगदिशा
लहै जीव जेही वीधी करिइशा ॥"

उद्धव का ज्ञानोपदेश और गोपियों की अनन्य कृष्णभक्ति का वर्णन। संपूर्ण पोथी ११ अध्यायों में विभक्त है। लेखक ने विषयों का वर्गीकरण बड़े सुन्दर ढंग से किया है :

(क) ईश्वर-गुणानुवाद ; (ख) जाना णारद का वसुदेव कीहां; (ग) कबीनाम प्रथमे योगी ने बोले; (घ) हरी नामा नाम दूसरा जोगी बोले; (ङ) हंस औतार कथा; (च) भगवत उद्धव जी; (छ) संतो का हाल वरनन; (ज) उधौजी का बदरीकाशरम आना।

इसके ग्रन्थकार हैं कृष्णराम। यह ग्रन्थ भागवत के एकादश-स्कंध का अनुवाद है। प्रारंभ सोरठा से हुआ है। सोरठा, दोहा, चौपाई और छंद प्रयुक्त हुए हैं। भागवत की कथा के अतिरिक्त ईश्वर के अव्यक्त स्वरूप का विस्तृत विवेचन, भागवत के मूल पाठ का स्मरण दिलादेता है। उपदेश और कथा-प्रसंग का निर्वाह सुन्दर है भाषा हिन्दी के प्रारंभ-काल की है। नागरी लिपि में कहीं कहीं कैथी का भी प्रयोग हुआ है। पुस्तक सजिल्द है। यह ग्रन्थ 'चौबे संग्रह के लिए बँगरी [मोतीहारी (चंपारन)]-निवासी पं० गणेश चौबे द्वारा संगृहीत हुआ।

८६. रसिक प्रिया—ग्रन्थकार—केशवदास। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज, खंडित। पृष्ठ सं०—६। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार—८"-८½"×४¾"। भाषा - हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"श्रीगणेशायनमः ॥ षट्पदीवाविस्वं ॥
एकरदनगजवदनसदनबुधिमदकदनसुत
गौरिनंदआनंदकंदजगवंदवंदयुत
सुखदायकदायकसुकिर्ति गननायकनायक
खलघायकघायकदलिद्रलायकलायक
गुरुगुणअंतभगवंतभवभगवंतभवभयहरण
जयकेशवदासनिवासनिधिलंबोदरअसरणसरण १
दोहरा। नदीवेतवैतीरतहतीरथतुंगारन्युरनगरओड़छो
वहुवस्यो धरनीतलमयधन्य२

मध्य—(पृ०-सं०—४) "अथशठलक्षनं दोहरा
मुहमीठीबातैं कहै निपटकपटजियजानु
याहिनडरअपराधकोशठकरिताहिवषानु

असकहीकै जय नन्दालाला ॥ सभकोउठीकीन्हासींगारा ॥
कोइपीतपीतभरपहोरा । जामेलाग्वो मोतीवो होरा ॥"

अन्त—"लरीकानजीयेजाको माई ॥ एहगानकरैजीवजाइ ॥
एहलीला अगमअपारा ॥ भवसागरसेकरेपारा ॥
एहरासकीयोनंदलाला ॥ ताको गावतपुरुषविपाला ॥
एहप्रेममगनहोइ गावै ॥ सोइदिव्यपरमपदपावै ॥
एहसंस्कृतसेहै भाषा व नयोहैहरिश्रीदासा ॥
जाकोछुटीगयोभवत्रासा ॥ जाकेकीन्हेविहारीके आसा ॥
इतिश्रीकृष्णकृतरासलीला संपुर्णम् ॥"

विषय— राधाकृष्ण के विहार का वर्णन ।

टिप्पणी— ग्रन्थकार हरिदास नवोपलब्ध हैं । नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) की खोज में राधाकृष्ण के विहार से संबंधित 'हरिदास स्वामी की बानी' नामक रचना मिली है । किन्तु, ये उनसे भिन्न प्रतीत होते हैं । दे०—खो० वि० १९०५, ग्र० सं० ६७ और १९०६—१९११, ग्र० सं० १०९ बी० । ग्रन्थ की लिपि शैली पुरानी है । यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए बँगरी (मोतीहारी—चंपारन)-निवासी पं० गणेश चौबे से प्राप्त ।

८८. समुद्रि (रमल)— ग्रन्थकार — × । लिपिकार—शुकेश्वर शर्मा । अवस्था—अच्छी, प्राचीन, देशी कागज । पृष्ठ-सं०—११ । प्र० पृ० पं० लगभग —२४ । आकार—८३/४" × ५" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—पौष, शुक्ल-एकादशी, शनिवार, सं० १९४२ वि० ।

प्रारम्भ— 'पोथी रम्हल प्रारम्भ श्रीगणेसयेनम:
११४ येह सगुन आछा है बुलके बीचहै सस्वतिमीले गायीत्रसोमीलापहोगा: तथा पत्रफूलहोगा: तुम्हाकोतीन महीनामो-आछाहोगा अपनाइष्टगुरुकेपुजाकरोगेमन कामना सुफलहोगातेरे छातिआपेटर्पतोलवाहै सोदेषलेना ।'

मध्य—(पृ० सं०—६) "२४४ ऐहसगुनसुनोधरमकाहैवमपंतीत रहेगा
सर्वकामतेरासीधहोगातुम्हार क्रोधकादिनजातहै
संतोषराखनाऐकआदसीतुम्हारासर्वकामवीगारता है"

अन्त—"४४४ ऐहसगुनकाफलसुनीऐजोकामवीचारतेहोसो
सीधहोगाधनलाभहोगाकइपरस्त्रिमीलेगा सत्र तुमारा आहै-
केआपुपाऐलेपरेगावैपारमोलाभहोगा राजामानकरेगाममो
बहुतषातिरराषनातेरा इद्रोपरऔलहैसादेखीलेना इति श्री पोथी
समुंद्रि समाप्त संपुरणा सुधंवाअसुधंवममदोखोनदीअतेजोदेषासो

लीषाममदोषोनदीअते समास संपुंण संवत १९४२ साके १८०७ पौष मासेसुक्ल पछे ११ येकादस्यांवारेसमीक्रीतीकानअत्र.... ... . लीषीत्वासुकेश्वरसर्माहिं सुभमस्तु ।"

विषय— रमल (ज्योतिष्-सामुद्रिक)।

टिप्पणी— यह ग्रन्थ खोज में नया है। ग्रन्थकार का नामोल्लेख संभवत. ग्रन्थ में नहीं हुआ है। ग्रन्थ-लिपिकार बिहार के चंपारन जिलान्तर्गत महेसी ग्रामवासी हैं। देखिए ग्रन्थ-पुष्पिका—
'लीषीत्वासुकेश्वरसर्माहिंग्रामअहीतपैसिरवना संजुग्तापंगानामेहसीमे'
ग्रन्थ की लिपि पुरानी है। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए श्री गणेश चौबे से प्राप्त।

८९. रमल— ग्रन्थकार—×। लिपिकार—शुकेश्वर शर्म्मा। अवस्था—अच्छी, पुराना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—११। प्र० पृ० पं० लगभग—२६। आकार—८½"×५"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचना-काल—×। लिपिकाल - सं० १९४१ वि०।

प्रारम्भ—"अ अ अ १ सुनो ये साहेब: फलबुझो: जो कुछ दिल मे रखेहोसोआछा होगाअपसोचमतकरोजोतहोगा ॥१॥
॥ अ ज द ॥ सुनोयेसाहेब फलकामतुम्हाराआछानहि है: थोरारोजसबुरकरोअन्देसामतकरो।"

मध्य—(पृ० सं० ८) "द अ ज ५८ सुनोऐदोस्तकामतुम्हाराकठोनहै, हलाकीतकरेगाजलदिमतकरोरामजीकावचनहै।"

अन्त—"द प ज ६३ ऐपुछनेवालासुनोकामतुम्हाराकरनाहोएतवजलदीकरोअछापाहुगे द अ प ६४ सुनो ऐसाहेबकामदीलमेरखतेहैसोडरमतकरोखातीरजमा-रखोऐरामजीकेधाक है श्रीरामचन्द्रकेक्रीतरम्हलसमापतसुभ"

विषय— फलित ज्योतिष से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर के रूप में फलाफल का विचार और सगुण-वर्णन।

टिप्पणी—(१) यह ग्रन्थ खोज में नवीन है। ग्रन्थकार का नामोल्लेख नहीं हुआ है। ग्रन्थ-सं० ८८ के लिपिकार ने ही इस पाण्डुलिपि को प्रस्तुत किया है। दोनों ग्रन्थ एक ही जिल्द में सुरक्षित हैं। ग्रन्थ पुष्पिका में लिखा है कि दक्षिण के राजा लंकेश्वर रावण को पराजित करने के लिए चौंसठ-चौंसठ पण्डितों की सभा बुलाकर रामचन्द्र ने इस रमल-प्रश्न का उपयोग किया और रावण को सर किया। दे०— "रामचन्द्रजीवसुधकीअ आलंका के सरकरनेके चौंसठ चौंठपंडित मजलीस मोहाजीरथापरदछीनकेरावनकोकीसतरहसरकरेगेसम पंडीत-मीलीकेऐहसगुनने उत्तीमवनाअजेतनेवातकेपुछनेहोऐजेतनेवातके

पुछनेहोएसोइसो मे मालुम होगा'' । सगुन से सम्बन्धित प्रश्न तथा उनके फल-ज्ञान की विधि का उल्लेख— 'वारपहलकालके दीपदान .... गुलकोबनावेपहीले ७ लीखेदोसरपर ५ लीखेतीसरपर ७ लीखे चौथेपर ६ लीखेतीनवारके .... के देखताजा ७ कौन-कौनहरफपरताहैतेकरवीचारकरे पुछनेवालाहोऐवीस्वसकरेकीरामजी कावचनहै वीस्वासकरोसतमानी इतिश्रीरामचन्द्रकीतरम्हल समापत संपु'रणसुभ''—हुआ है ।

(२) ग्रन्थ की लिपि-शैली पुरानी है । ग्रन्थ में प्रयुक्त गद्य-शैली पुराने कथा-वाचक पण्डितों और ज्योतिर्विदों की-सी है । यह ग्रन्थ 'चोबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चोबे के सौजन्य से प्राप्त ।

६०. नौमाला— ग्रन्थकार—धर्मदास । लिपिकार—रूपदास । अवस्था—अच्छी । पृ० सं०—२४ । प्र० पृ० पं० लगभग—३६ । आकार—८" × ५" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपि-काल— × ।

प्रारम्भ— ''सतनाम सतसुकीत आद अदली अजर अचीता पुरुसमुनीद करुनामे कवीर सुरतजोगसं नताऐनधनी ध्रमदास पुरामनीनामसुरसननामकुल पतनामप्रमोधगुरुवालापीरकवलनामअमोलनामसुरतसनेहीनामहकनाम प्रज्ञनामासाहेबपार गुरुवंसावालीसकोदाआसोलीखते श्रीग्रंथमंनौवमाला—

चोपाइ ॥

कथारीसालकहौकछुवानी बुझेसोहोऐब्रह्मग्यानी
ऐह गुरामसतकरी लखो प्रगटेग्वानतवयेरखो
अनभौआदीकछुकहोवखानीरुनहुसंतगुरुगंमकीवानी
अनंतकोटजुगअकहमलीगैऐउ........ टीकोठजुगअैसेगैउ''

मध्य—(पृ० सं०—१२)

''ताकरगुरुआनकरी लीन्हा नामरतनधनतीनकहदीन्हा
जवगुरुनाहीसमनीकहाऐ भगतीहेतुकहकैसेकेजानी''

अन्त— ''ताहाजाऐ अमरपदपावे गुरुकीसब्दहीहै समावे
क्रोटीनअसुरफीरेजबआइ हीदवीसवासतेजीनहीजाइ
ऐहतेजाऐजोप्राना सतगोवीदजोसमआना
कहहीकवीरऐहसब्दरहेला गुरुपुरामेलाहोऐसुना

॥ दोहा ॥

गुरुपुरालीखसुरावागमोररेनपदै
सतसुक्रीतकेचोन्हके असलकथारहजाऐ
ऐतीस्रीगरंथनौमाला: समापत''

विषय— कबीर-पंथ से संबन्धित रचना।

टिप्पणी—संभवत: धर्मदास-कृत यह रचना खोज में नई मिली है। अन्य खोज-विवरणिकाओं में यह ग्रन्थ संभवत: उल्लिखित नहीं हुआ है। इसके साथ ही अंत में दो पृष्ठों 'गुरुअष्टका' नामक ग्रन्थ ही संयुक्त है। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे से प्राप्त हुआ।

६१. नाममाला—ग्रन्थकार—अवतार मिश्र। लिपिकार—गोपाललाल। अवस्था-अच्छी। पृ० सं०—२७ (१७५)। प्र० पृ० पं० लगभग—३४। आकार—८३/४" × ६१/३"। भाषा—हिन्दी। लिपि--नागरी। रचनाकाल—१३१६ फसली (१९६४ वि०, १९०८ ई०)। लिपिकाल—१९३२ ई०।

प्रारम्भ— "श्री गणेशाय नमः। ॥ गणेश ॥१। दोहा—
गौरीसुत द्वैमातु पुनि, धूमकेतु गणराज
मूषक वाहन इकरदन, पूर्ण करिय मम काज ॥१॥
गणाधीप गणपति गणय, गणनायक सुगणेश।
कपिल गजानन गजबदन, बिघ्नराज बिघ्नेश ॥२॥
ह्वलन हेरम्बविनायकों, लम्बोदर इभदंत।
नमो रुदायक गजकरण, अरुणाधिप इकदंत ॥३॥

मध्य—(पृ० सं०—१३) '॥ शराब ॥ ६३ ॥ दोहा
मधु माध्वी मदिरा इरा, दारुड़ी मैरेय।
सुरा वारुणी बुद्धिहा, कश्य प्रसन्ना जेय ॥१॥
आसवमद कादम्बरो, सिन्दूर नद जामद्य।
गंधोत्तमा हलाहलो, तव अवगुण अनवद्य ॥२॥"

अन्त— "॥ सवैया ॥
सुख खोजत सूखे शरीर सबै रुबहू न मिल्यौ नहि आशभगी।
भगवान के नाम रुनेम करी कभु नाहि लियो हिमसो उमगी ॥
जपजोग सुसाधन नहि कियो नवाला कोउना तब प्रेम पगी।
भयो कान्त कहा जगजन्म लिये गरखेलि लगी न नवेलि लगी ॥४॥

दोहा ॥
तेरह सौ षोड़स फसिल ज्येष्ठमास भृगुवार।
शुक्लपक्ष नवमी तिथि पद को लियो उतार ॥"

विषय— विभिन्न १७५ शब्दों के पर्याय-कोष।

टिप्पणी— चंपारन जिला (वरिअरिया ग्राम)-निवासी श्री अवतार मिश्र 'कान्त' की यह रचना सरल और सुबोध शैली में एक सौ पचहत्तर शब्दों के

पर्याय के रूप में रची गई है। लिपिकार की टिप्पणी के अनुसार यह रचना अपूर्ण है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे के सौजन्य से प्राप्त।

६२. **विरहमासा**—ग्रन्थकार—परमानंद। लिपिकार—गणेश चौबे। अवस्था—अच्छी। पृ० सं०—१०। प्र० पृ० पं० लगभग—३६। आकार-६$\frac{३}{४}$"×८$\frac{३}{४}$"। भाषा हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—१८५५ वि०; १७९८ ई०। लिपिकाल—१९४१ ई०।

प्रारम्भ— 'बिरहमासा परमानन्द के।
बन्दौ श्री गुरु गौरीगनेशायनमः। बन्दौ ब्रह्मा विसुन महेशायनम॥
बन्दौगुरुपदकंजचरनसुरगुरु विमल। जासे पांडप्रेमपदारथ ग्यानकल॥
बन्दौ नारदसारदशीशमुनीशको। बन्दौरीखरीखेसर चंद्रदिनेशम॥''

मध्य—(पृ० सं०—५) ''मास फागुन
फागुन फाग मचावत आयेधूमसे।
सखि सब होरी खेलहि बहुतहजूमसे।
घरघरतालमृदंग परवाउजबाजरी।
खेलहि फागबनाय हरख मन गाजहि।
कोई सखिताल बजावहि होरी गावहि।
कोई सखि देइदेइतालमृदंग बजावहि।
आउर बाजे पायल झनझनकारिया।
अकड़ चले गज चाल जोबन मतवालिया॥''

अन्त—''मस्त भइ मद अधर रस रसावहि।
पीत्रनतीरछि नैन चितरि चोरावहि।
मिलि जुली गले लगाइ पलंग पर सो रही।
कलो सुगंध रस टानी एकसंग होरही।
एक ओर नारी नारी एक ओर होय रहे।
थरस अकुला गरी गरीहोनी होयसेहोयहै।
बहुभांति को आशा देइके काम बढ़ावहि।
नारो वारि के मंत्र अधाररसावहि।''

विषय— बारहों महीनों पर आधारित शृंगार-रचना।

टिप्पणी-(१) इस ग्रन्थ के कवि बिहार के शाहाबाद जिलान्तर्गत कोरी ग्रामवासो हैं। कवि के शब्दों में ही परिचय है—

''हिन्दुस्तान के सूबे में सूबे बिहार है।
वाये साहाबाद सुजस सरकार है॥

प्रगने पवारा के कोरी में मेरी ग्राम है।
बंरी परमानंद हमारा नाम है ।।"

(२)–रचनाकाल के संबंध में कवि का संकेत है—
"सन् अठारह सौ पचपन के संवत आइयां।
कहो कहानी बिरह सो प्रेम पिआइयां।"

रचना हृद्य और मनोहर है। इसमें आइयां, पिआइयां छाइयां बातियां और टोरियां आदि का प्रयोग विवेच्य है। एक पद देखिए—

"बोलत अनमोल पपिहरा पीव पीव।
कहां गये बिछुराइ हमारे कन्त जीव ।।
कन्त गये परदेश सभे सुख लेइ गये।
छतिअनि वजर केबार जंजिरा देइ गये ।।"

ग्रन्थ की भाषा खड़ी बोली के प्रारंभ-काल की है। संभवत ग्रन्थकार सदल मिश्र के समकालीन थे। ग्रन्थ अप्रकाशित है और बिहार के साहित्यिक इतिहास के लिए महत्त्वपूर्ण है। ग्रन्थ-संकलयिता श्री गणेश चौबे को यह ग्रन्थ श्री तारकेश्वर प्रसाद (मोतीहारी चम्पारन) के लोकगीतों की कापियों में मिला। इसके साथ ही चम्पारन जिले के अनेक अज्ञात तथा बेतियाराज से संबंधित कवियों की भी रचनाएँ हैं। दूलमदास, चिंतामनि, माधोदास, हरिदास, माखनलाल, सुन्दर, आनंद (बेतिया के महाराजा), नवलकिशोर (बेतिया के महाराजा), रामनारायन (दामोदरपुर-गोविन्दगंज) और नवल प्रमुख कवि हैं, जिनके पद इस संग्रह में हैं। 'चौबे संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे (बंगरी मोतीहारी, चम्पारन) के सौजन्य से प्राप्त।

६३· सूरज पुरान— ग्रंथकार—×। लिपिकार—× अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृ०-सं०—१०। प्र० पृ० पं० लगभग—१७। आकार—$४\frac{१}{२}" \times १०"$। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— "श्रीगणेशायनमः श्री दोहा
वंदोचरनजोरीके भगती प्रेम लवलीन
महीमा आग अपार है जाहेवाग्वानप्रवीन

चौपाइ

सुरुजदेवताशुमीरोतोही शुमीरत ग्वानबुधीदेहुमोही
जोतीशरूप आदीतवलवाना तेजप्रतापतुमअगीनीशमाना

तुमही आदी परमेशरस्वामी अलखनीरंजन अंतरजामी
वरनी न जाइजोतीके लीला धरमधुरंधरंपरमसुशीला''

मध्य—(पृ० सं० ९) "दोहा
तवमुनी बोलबचनशोहाए धरीपदकमलशुरनगाए
कहेमुनीशशुनुपंचनहमारे मोशेचुकीभएअतीभारे
एहअपराधछमहुप्रभुमोरी बीन्तीनाथहुदोकरजोरी
तबप्रभुकहएशुनहुममबानी हम्राकेंलोगशकलगुनखानी''

अन्त—"धरमकथाचलीहेदीनराती नेमधरमचलीहेबहुभाती
वीप्रजेवाइ आपुतव खेहे नीश्चैनामशुर्ज के गेहे
लक्षमीधरघरछिहोनेवाशा धरमकथातवहोएप्रगाशा
स्रोथावचनकोइलाकहीहे धर्मबीच रशुर्जतबकरीहे
द्वादशकलाजोतीलेकरीहे द्वादशकलालेइतबउगीहे
आदीततबहीआके पुरवजन्मके पातख कथाशुनतछएजइ
इति शुर्जपुरानशपुरनोनाम: अष्टमो अध्याय:''

विषय—सूर्यकथा और व्रत के फल का वर्णन।

टिप्पणी—ग्रन्थ-संख्या ७६ की टिप्पणी देखिए। ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण और अप्रकाशित है। 'चौबे-संग्रह' के लिए श्रीगणेश चौबे (बँगरी, मोतीहारी, चम्पारन) के सौजन्य से प्राप्त।

६४. हनुमानचालीसा—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी, पुराना कागज। पृ० सं०—४। प्र० पृ० पं० लगभग—१४। आकार—३½" × ५। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"श्रीगनेसायनम: ।। अथ श्रीहनुमानजीकोअस्तोत्रलिख्यते ।।
बालसमैरविभछकियौजबतीनोहुलोकभयोअधिआरो
असीत्रासभइीसबकौ अतसंकटकाहुपैजातनाटारो
देवनआइकरीविनतीजवछोडिदियौरविकष्टनिवारो
कोनहिजानतहैजगमैयहसंकटमोचननामतुमारो १''

मध्य—(पृ० सं० २)
"रावनत्रासदइीसियकौ तवरछकसोकहिसोकनीवारो
तेहीसमैहनुमानमहाप्रभुजाइीमहारजनीचरमारो''

अन्त—' बेधसमेततवैमहिरावनलैरघुबीरपतालसिधारो
देवीकौपूजभलीविधिसौजवदानभ''......''

विषय—हनुमान् की शक्ति और उनके जीवन से सम्बद्ध स्तोत्र-साहित्य। प्रसिद्ध जेगोयमान ग्रन्थ।

टिप्पणी—प्रसिद्ध हनुमानचालीसा की खण्डित पाण्डुलिपि। अन्तिम पृष्ठों के खण्डित होने के कारण लिपिकार तथा लिपिकाल का ग्रन्थ में उल्लेख नहीं हुआ है। लिपि-शैली पुरानी है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे से प्राप्त।

९५. बेतियाराज-वर्णन—ग्रन्थकार— × । लिपिकार— × । अवस्था—प्राचीन। पृष्ठ-सं० ४। प्र० पृ० पं० लगभग—८। आकार—३"×५"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल— ×।

प्रारम्भ— 'दोहा

गणपतिपदउरराखिके शिवाशीवशिरनाइ ॥
जगन्नाथरविवंदिके खिलतकहौंनृपगाइ ॥१॥
अवधनगर वरबेतिया घरघरमंगलचार ॥
फूलिरहेपुरकंजसम लखिनृपखिततमार ॥२॥
विविधवतनृपनवलाइके जिततितदियेटिकाइ ॥
मानोमखवाअवलिमे ठवरठवररहछाइ ॥३॥"

मध्य—(पृ० सं० ३)

"सकलदेशकेलोगसभ लखततमाशाआइ ॥
मंगलमयवेतिआभये शोभावरणिनजाइ ॥४॥
[illegible] वसनअंगलियेलाइ ॥
[illegible] सुमिरतश्रीगणराइ ॥५॥"

अन्त—"धनिधनितृप [illegible] धनिधनिधरमनरेश ।
धनिधनिकविकोविदकहे धनिधनिदेसविदेस ॥६॥
धनिधनिमभअमलाचले नामशकोंनहिगाइ ॥
जिमिसुरेशकाशंकमे विवुधनामनकहाइ ॥७॥"

विषय—बिहार के अन्तर्गत चम्पारन जिले के प्रसिद्ध और अनेक कवियों का आश्रयदाता बेतिया-राज्य का वर्णन।

टिप्पणी—यह ग्रन्थ खण्डित है। यद्यपि आदि और अन्त में ग्रन्थकार का नामोल्लेख नहीं हुआ है किन्तु प्रथम पंक्ति 'जगन्नाथ-? रविवंदिके'—से प्रतीत होता है कि किसी जगन्नाथनामा कवि की यह रचना है। यह ग्रन्थ बिहार के साहित्यिक इतिहास के लिए महत्त्वपूर्ण है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे के सौजन्य से प्राप्त।

९६. सूर्यमाहात्म्य—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, जीर्ण-शीर्ण खण्डित। पृष्ठ-सं० ३२। प्र० पृ० पं० लगभग—१४।

आकार—५" × ६" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी ।
रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ— "चौपाइ ॥
कहौंकथारविअमृतबानी । [illegible] हरिहरकरिसुनहुभवानी ॥
कुस्टवा [illegible] इजाके अंगा । छुटइअदुजसोनूदर्शप्रसंगा ॥
रविदिनजोजनकरअलोना ॥ पुष्पनुवासहादैदोना ॥
विप्रजोजिमि [illegible] दै ॥ सोइसम्लैअगलगावै ॥
निश्चैकुस्टवरअछैजाइ ॥ धर्महिमाआदित्य गोशाइ ॥"

मध्य—(पृ० सं० १७) "चौपाइ ॥
गिरिजाकहैदोउकरजोरे ॥ एक संदेहऊपरमनमोरे ॥
उत्तरदिशिकहंनगरिगोशाइ ॥ सो मोहिनाथकहहुसमुझाई ॥"

अन्त—"ज्येष्ठमासकामावसियादी ॥ तीनहि अंगुलजलअम्पादी ॥
मासअसाढ़ब्रतजोधरई ॥ तीननिरिखजोलम्वसोकरई ॥
सावनमासवरतरविजीका ॥ छाड़तीनपलहैसवहरिका ॥
भादोमासरविव्रतदाई ॥ अंगुल........मुखहिखाई ॥"

विषय—सूर्य-माहात्म्य की कथा और व्रत फल आदि का वर्णन ।

टिप्पणी—ग्रन्थसंख्या ७६ की टिप्पणी के समान । इस ग्रन्थ में अन्य प्रतियों से पाठान्तर है । 'चौबे-संग्रह' के, लिए पं० गणेश चौबे के सौजन्य से प्राप्त ।

९७. विज्ञान-गीता—ग्रन्थकार—केशवदास । लिपिकार—× । अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज । जीर्ण-शीर्ण और खण्डित । पृ० सं० ७० । प्र० पृ० पं० लगभग—३६ । आकार—६" × ८$\frac{१}{३}$" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—प्रसिद्ध । लिपिकाल—× ।

प्रारम्भ— " ॥ रति ॥ नगस्वरूपिणीछंदु ॥
प्रसिद्धपापिकारिणी ॥ असेषवंसहारिणी ॥
बिलोकि सम्भिता भई ॥ किधो असम्मतादई ॥२३॥
करैबिनासु जुवैरको ॥ ताको नित्यनिवासु ॥
केसवदासप्रकास जग ॥ ज्योंजडुवंसविवासु ॥२४॥
कामकह्मो तवकलहसौं ॥ दिल्ली नगरी जाइ ॥
दंभहिदैरुपदेसुपुनि ॥ प्रभुकेदेषहुपाइ ॥२५॥

इति श्रीमन्विविधश्र केषवराइविरचितायांचिदानंदमग्नायां विग्यानगीतायांकामरतिकलहंसवादवर्ननोनांम द्वितीयोप्रकाशः ॥२॥'

मध्य - (पृ० सं० ५४) "॥ विचार सवैया ॥
कौनहुँ आयौकहा कहि केसबकोअपुनोपरिपूरनकोहै ॥
बंधुअबंधुहियेप्रहिहेरतोजातैछुटैछितिसाधुसुटोहै ॥
आयौजहांतैंहौआउतहीअवचाकिमनोजयकाहूनमोहै ॥
नित्यअनित्यविचारकरैचितसोईविचारविचारमैंसोहै ॥५३॥"

अन्त— "॥ दोहा ॥
भक्तिजोगवरभूमि लाइहविधसावतसाध ॥
षेपार संसार हैयद्पिअनंत अगाध ।"
(इसके आगे के पृष्ठ नहीं हैं)

विषय—विज्ञान-गीता का भाषा-पद्य में वर्णन ।

टिप्पणी—कवि केशवदास की यह प्रसिद्ध रचना खण्डित है । प्रारम्भ का एक प्रकाश तो है ही नहीं, द्वितीय प्रकाश के भो बीस पद खण्डित हैं । अन्त में भी ग्रन्थ खण्डित है । ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है । आदि और अन्त खण्डित होने के कारण लिपिकार और लिपि-काल का उल्लेख नहीं हुआ है । यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए प० गणेश चौबे के सौजन्य से प्राप्त हुआ ।

९८. रामचन्द्रिका— ग्रन्थकार—केशवदास । लपिकार—× । अवस्था—प्राचीन हाथ का बना, देशी कागज । पृ० सं० १०३ । प्र० पृ० पं० लगभग—२२ । आकार—१२"×५¾" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल प्रसिद्ध । लिपि-काल—भादो वदी अष्टमी, सं० १७६३ वि० ।

प्रारम्भ—"श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीजाणकीवल्लभोजयते ॥
॥ कवित्त ॥ बालकमृणालनिज्यों तोरिडारै
.... उषकौं ।
विपतिहरतहरिपद्मिमनिकेपातसमषकज्योंपतालपेलि
पठवैकलुखकौं ॥
दूरिकेकले........ . सीससिसमराषतहैकेसोदास
दासके वपुखकों ॥"

मध्य—(पृ० सं० ५२) "॥ भुजंगप्रयात ॥
इहै लोकुएवकैसदासाधिजानै

वलीवेगुज्यौआपुहीइसमानै
करैसाधनाऐकपरलोकहीकों
हरिश्चन्द्र जैसैंगएदैमहींको
दुहैंलोककोंएकसाधैंसयानैं ॥
विदेहीनिज्यौविदवानीवषानै ॥
नठै लोकदोउहठा ऐक अैसें
त्रिसंकेहैंसै ज्यौं भलेइ अनैसैं २२''

अन्त—''चंचला ॥ असेषपुन्यपापकोकलापआषमेवहाई
विदेहराजजौंसदेहभक्तरामको कहाई ॥
लहैसुभुन्क्तिलोकएहि अन्तमुक्तिहोइताहि ॥
पठै × नैकहैसुनैजुरामचंद्रचंद्रिकाहि ॥३६॥
इतिस्रीमत्सकललोकलोचनचकोरचिंतामनि श्रीरामचंद्र चंद्रिकायां
कुशलवादिपुत्रानांराज्याभिषेकवनंसिक्षादानंनाम एकोनचत्वारिंशतम:
प्रकाश: ॥३६॥ इतिकेशवदास श्रीरामचंद्रकापुस्त ॥ सामाप्तः ॥''

विषय—रामायण-कथा का तुलसीकालोत्तर शैली में वर्णन।

टिप्पणी—सं० १६०० ई० के लगभग वर्त्तमान कवि केशवदास की यह प्रसिद्ध रचना है। इसके अबतक जितने हस्तलेख प्राप्त हुए हैं, उनमें इसका द्वितीय स्थान है। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली प्रतियों में प्राचीनतम प्रति का लिपिकाल है सं० १६३१ वि०। मन्नूलाल पुस्तकालय, गया के संग्रहों का लिपिकाल है—सं० १८३५ और सं० १६३७ वि०। इस प्रति का लिपि-काल है—सं० १७६३ वि०। ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे (बँगरी, मोतीहारी, चम्पारन) के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

६६. रामायण (बालकाण्ड)—ग्रन्थकार—तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृ० सं० २३३। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। आकार—१३"×५½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—सं० १६०६ वि०।

प्रारम्भ— ''॥ चौपाई ॥

गुरुपदरजमृदुमंजुलअंजन ॥ नयनअमियदृगदोषविभंजन ॥
तेहिकरीविमलविवेकविलोचन ॥ वरनौरामचरितभवमोचन ॥
वंदोप्रथममहिसूरचरना ॥ मोहजनितसंसयसवहरना ॥

सूजनसमाजसफलगुनखानि ।। करीप्रणामसप्रेमसुवानि ।।
साधुचरीतसुभसरीसकपासु । निरसबिसदगुनमयफलजासु ।।
जोसहिदुषप्रछिद्रदूरावा ।। वंद्यनियजेहिजगजसपावा ।
मुदमंगलमयसंतसमाजु ।। जोजगजंगमतिर्थराजु ।
रामभक्तिजहासूरसरीधारा । स्वरसतिब्रह्मविचारप्रचार।।"

मध्य—(पृ० सं० ११५) "।। चौपाई ।।
सोमैचरीतवहाअसगाइ । सुनुषगपतीगौरीनामनलाइ ।।
सोसमादभएकहोबषानी ।। षगपतीसुनीप्रेमसुषमानी
जाहाकेसंइकतह.पहुचाई ।। कीरेगरुउनीजधामसीधाई
जाहाकेलोषाताहासमाने ।। नीतीदुछइरघुकुलमनीजाने ।।'

अन्त—"निजमीरापावनिकरनिकारणरा ॥ जुतुलसीकह्यौ ।।
रघुविरचरीतअपारवारीधिपारकविकोविदलह्यौ ।।
उपवितब्याहउछाहमंगलसुनिहिजेसादरगावहि ।।
वैदेहि............ ....जनमसुषयावहिं ।।
सुनिगाइकहोगीरीसकन्याधन्यअधि ...... ।।
... . बिवाहजेसप्रेमगावहिसुनहि ।।
तिन्हकहसदाउछाह........ ... . मजस ।।३६४ ।।
इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुष ....
........बिज्ञानसंपादनोनामप्रथमोसोपानसंपूर्ण"

विषय—रामचरितमानस के बालकाण्ड को कथा।

टिप्पणी—तुलसीदास-विरचित रामायण की सं० १६०६ वि० की पाण्डुलिपि। ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है। प्रारम्भ के दो पृष्ठ खण्डित हैं। यह ग्रन्थ 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

१०० **रसिकप्रिया**—ग्रन्थकार—केशवदास। लिपिकार—×। अवस्था – प्राचीन, जीर्ण-शीर्ण। पृष्ठ-सं० ५५। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। आकार—८$\frac{१}{३}$" × ४$\frac{१}{४}$"। भाषा—हिन्दी। लिपि — नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"देषिआगिलागीवृषभाणजूकेमन्दिरमेरे ....धाइकें
जहातहासोरभारोभीरणरनानिनिकीसबहीकीछूठिगइलाज
हायमायकै ।।
ऐसेमेकुअरकान्हसारोरआबाहिरकैराधिकैजगाइऔर
जुवतीजगाइकै ।।

लोचणविशालचारुचिबुकलिलारचुम्बिचेथेकीसीबाल
लाललीनीउरलाइकै ॥"

मध्य—(पृ० सं० २८) "अथउत्तमालक्षणं ॥
मानुकरैअपमानतेतजैमाननेमानु ।
पिउदेषैसुषपावइताहि उत्तमाजानु ॥

॥ अथउत्तमा ॥
होतकहाअवकेसमुझेसद्रुझेनतवैजवहेतमुझाए ॥
एकहिबंकविलोकमणिमाहअनेकअमोलविकैकविकाए ॥"

अन्त—"॥ अथभारतीलक्षणनम् ॥
वरनिएयामेवीररसअरुसिंगाररसहास ॥
कहिके तबसब ... अथ ... सो भारतीप्रकास ॥
काननिकनकपत्रचक्रचमकतचारुद्वयफजुभूलीझलकतिअतिसदाइ।
केशवछवीलोछत्रुमीसफूलसारथीसोकेसरिकोअउअघ
राधिकारवीवनाइ ॥
निकेहीनवेसरिकोमोतिनकीनाव एकहिविलोकति
गोपालातोगएविकाइ ॥
लोचनविशासाभालजटितपराइला ...... मीननिकरेथ
मनमथराय ॥"

विषय—नायक, नायिका, रस-अनरस, हाव-भाव, शृंगार आदि का मनोरम वर्णन ।

टिप्पणी—ग्रन्थ खण्डित, जीर्ण-शीर्ण और अस्त-व्यस्त है । प्रारम्भ के पृष्ठ खण्डित हैं तथा वर्त्तमान चार पृष्ठ अत्यन्त जीर्ण होने के कारण अपठनीय हैं। इसीलिए, प्रारम्भ की पंक्तियाँ पृष्ठ-संख्या १६ से उल्लिखित हुई हैं। अन्तिम भाग के भी खण्डित होने के कारण लिपिकाल का उल्लेख नहीं हुआ है। ग्रन्थ की लिपि पुरानी तथा अस्पष्ट है। 'चौबे-संग्रह' के लिए पं० गणेश चौबे (बँगरी, मोतीहारी, चम्पारन) के सौजन्य से प्राप्त ।

प्राचीन हस्तलिखित संस्कृत—पोथियों का विवरण

१. मुहूर्त्तचिन्तामणि–ग्रन्थकर्ता—दैवज्ञानन्त सुत श्रीदैवराम। ग्रन्थ-लिपिकार—खुसिहाल। अवस्था–प्राचीन, देशी कागज। पृ० सं० ४६। प्र० पृ० पं० लगभग—१३। लिपि—नागरी। रचनाकाल–सं० १५२२। लेखनकाल—×।

प्रारम्भ—"श्री गणेशाय नमः ।। गौरीश्रवः केतक पत्र भङ्गमाकृष्य हस्तेन ददन्मुखाग्रे ।
बिघ्नं मुहूर्ताकलितद्वितीय दन्तप्ररोहो हरतु द्विपास्यः ।।१।।
क्रिया कलाप प्रतिपत्ति हेतुं संक्षिप्त सारार्थ विलास गर्भम् ।
अनन्त दैवज्ञ सुतस्स रामो मुहूर्त चिन्तामणिमातनोति ।।२।।"

अन्त—"गिरीश नगरे वटे भुज भुजेषु चन्द्रैर्मि तेशके। विनिर्मितमिदं खलु मुहूर्त चिन्तामणिम् ।।
इति श्री दैवज्ञानन्त सुत दैव राम विरचिते मुहूर्त चिन्तामणौ गृहप्रवेश स्समास. ।।
समाप्तोयम् ।
कार्तिके चासिते पक्षे धूमर्किगजमुके मिते विलेखि खुसिहालेन श्री मुहूर्त चिन्तामणिः ।।
पाटलिपुत्रके ।।"

विषय - ज्योतिष-शास्त्र का, संस्कृतभाषा का, प्रसिद्ध ग्रन्थ। ग्रन्थ में सिद्धान्त से सम्बद्ध चित्र भी दिये हुए हैं।

टि०— लिपिकार के निवासस्थान तथा काल आदि कासंकेत ग्रन्थ के आदि अथवा अन्त में स्पष्ट नहीं है। अन्त के श्लोक का 'धूमर्कि गजमुके मिते' स्पष्ट नहीं होता है। यह ग्रन्थ शिवचन्द्रजी आर्य (मीरजानहाट, छत्रपति तालाब, भागलपुर) से प्राप्त हुआ है। ग्रन्थ की लिपि पटना में हो की गई है; क्योंकि 'पाटलिपुत्रके' लिखा हुआ है।

२. रणदीक्षा-प्रकार—ग्रन्थकार–×। ग्रन्थलिपिकार–×। अवस्था—प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ-सं० ६३। प्र० पृ० पं० लगभग –१७। लिपि–नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"ततश्च व्याख्यान प्रकाशित देवताद्यर्थ विशेषामंत्राः केचनाध्यात्मिकाधिदैविकाधिभौतिकानुपसर्गानपाकर्तुं मनोरथपथप्रवर्तमानानर्थांश्च साधयितुं वाजसनेय संहितायां समुच्चीयते यद्यपि मंत्रानुकल्पाश्चिरंतन विविधप्रयोगसंबंधबधुरासबंधाः संति तत्र तेषां मन्त्राणांप्रतीकोपादानमात्र कृतार्थत्वादवसान व्यवस्थितिरवश्यबोद्धव्या देवताद्यर्थ विशेषाश्च भाष्या। ....। तत्र तावत्प्रथमं सर्वमंत्राणांशिरः शेखरीभूतस्य प्रणवस्योपासनोच्यते यत्र ग्राम्य पशूनां शब्दो न श्रूयते तत्र गंगा-यमुना-तटादिपुण्यक्षेत्रेषु वृक्षैक स्थूणं प्राङमुखं कुशछन्न कुशध्वजं कुशपरिवेष्टितं गृहं कृत्वा कुशचीरः कुशवासा कुशयज्ञोपवीतः कुशहस्तः शाकयावक पयोभक्ष्येष्वन्यन्तमभोजन. विजितेंद्रियः पंचलक्षप्रणवंजपेत्। अस्य प्रणवस्य ब्रह्माऋषिः गायत्री छंदः परमात्मा-

देवता सकल कल्मष विनाशनद्वारा सर्वमंत्रसिद्ध्यर्थे विनियोग. इति विनियोगपूर्वंजपित्वा दशांशतिसाज्यं जुहुयात् ।। ततः सर्वदेवा सर्वमंत्राश्च सिद्धा भवंति अथ गायत्री साच प्रसिद्ध ऋष्यादिका अतश्चात्रैवलंप्रातीतिकः [समुदायार्थो लिख्यते धीमहि ध्यायामः चिंतयाम इति यावत् किं तत् भर्गः तेजः भृज्यंते] अनेन । श्रुति स्मृति विहित कर्माणि फलप्रायकत्वद्वारेणेति भर्गः भ्रस्जो पाके अस्मादोणादिक असुन प्रत्यय ग्रहिज्याव-यीत्यादिना संप्रसारणं कीदृशं वरेण्यं वरणीयं अभिलषणीयं ब्रह्मादिभिरपीत्यर्थः स्य तत् प्रथमाया पृष्ठ्याविपरिणामात् तस्य सवितुर्देवस्य सर्वे .. ।"

अन्त—"अपि च एनं प्रथमः प्रथम प्रागेवाध्यैतिष्ठत् अधिष्ठितः अस्याश्वस्य रशन गधर्वं अगृह्णर। इत्याददेतमश्वं स्तौमीत्यभिप्रायः ।।२६।। अनेनाश्व स्कदाहुतीना मृष्य सहस्र जुहुयात् चतुरश्वयुक्तं रथं लभते ।३०।। असियम इति तिलाहुर्नाः शतसहस्र जुहुयात् विपापो भवति । ब्राह्मणमपिलक्षहोमेन तारयेत् ।। इतिप्रकारः ।। इति चतुर्थ पल्लव ।।"

विषय – शुक्ल-यजुर्वेद के चुने हुए मन्त्रों के अर्थ, व्याख्या आदि संस्कृत-भाषा में हैं। मन्त्रों के पूर्व उनके ऋषि, देवता तथा विनियोग आदि भी हैं।

टि०—१. प्रारम्भ के चार पृष्ठ नहीं हैं। ५वाँ पृष्ठ फटा हुआ है। प्रारम्भ की पंक्तियाँ पृष्ठ ६ से लिखी गई हैं।

२. ग्रन्थ का प्रारम्भ अथवा अन्त देखने से कर्त्ता एवं लिपिकार का पता नहीं चलता है।

३. ग्रन्थ कर्मकाण्डपरक है; हवन तथा बड़े बड़े यज्ञों के सम्बन्ध में लिखा गया है।

४. ग्रन्थकार ने इन वैदिक मन्त्रों की व्याख्या के सम्बन्ध में अपना अभिप्राय प्रकट किया है। किन्तु, पृष्ठ फटे होने के कारण स्पष्ट नहीं होता है। ग्रन्थ अनुसन्धेय है। यह ग्रन्थ श्रीशिवचन्द्रजी आर्य (छत्रपति तालाब, मीरजानहाट, भागलपुर) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

३. श्रीदत्तात्रेयतन्त्र—ग्रन्थकर्त्ता—×। ग्रन्थलिपिकार—श्रीसरयूप्रसाद। अवस्था—प्राचीन, साधारण कागज। पृष्ठ-स०४०। प्र० पृ० पं० लगभग २२। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल ×।

प्रारम्भ—"श्रीगणेशायनमः। अथदत्तात्रय लिख्यते ।। श्री दत्तात्रय उवाच ।।
कैलासे शिखराशीन देव देवं महेश्वर
दत्तात्रय परिप्रछ शंकरं लोक शंकर ।।१।
कृतांजलि पुटो भूत्वा पृच्छते [भक्तवत्सलः ।।
भक्तानां च हितार्थाय कल्पतन्त्रश्च कथ्यते ।।२।।
कलौ सिद्धि महाकल्पं तन्त्र विद्या विधानकं
कथयति महादेव देव देवं महेश्वरम् ।।३।।
सन्ति ना ना विधा लोके मंत्र मंत्राभिचारिक ।।
आगमोक्ता पुराणोक्ता ज सोक्ता डामरो तथा ।।४।।"

अन्त—"पिता शैवः शैवी तदनु जननी च सुहृदः पिता शैवः शैवी कुलमरिफलं शैवमिति च रुचिः शैवेशास्त्रे शिवशरणपूजानुसरणं मुखे शैवी वाणी भवतु भगवन्मे शिव शिवं ।।५।
इति श्री दत्तात्रेय तंत्रे दत्तात्रेयईश्वर सम्वादे इन्द्रजाल समाप्ति ।।
यादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृशं लिखितं मया ।।
यदि शुद्ध मशुद्धं वा मम दोषो न दीयताम् ।।१।।
लिखितं पुस्तकं तन्त्रं सरयू प्रसादेन श्रीमता ।।"

विषय—तन्त्र-शास्त्र—इन्द्रजालविद्या, सर्पविषविमोचन, व्याघ्रभयनिवारण आदि विषय इसमें हैं। यथा ३८ पृष्ठ में—'अथ सर्प निवारणं ।।
अस्तिकं मुनिराजं च नमस्कार पुनः ।।२।।
स्वप्ने सर्पभयं नास्ति नान्यथा० ।।३।
गृहीत्वा पुष्यनक्षत्रे अमृते मूलकं हरेत् ।
यन्माला धारयेत् कण्ठे सर्प बाधा भयं न हि ।।४।।
अथ व्याघ्रभय निवारणं ।।
गृहीत्वा शुभनक्षत्रे धत्तूर मूलकं हरेत् ।।
धारयेद्दक्षिणे कर्णे वृश्चिकानां भयं न हि ।।"

टि०-१. सम्पूर्ण ग्रन्थ २२ 'पटल' में समाप्त है।
२. ग्रन्थकार का पता आदि और अन्त में, नहीं मिलता है। किन्तु, यह संकेत है कि ग्रन्थकार 'शैव' हैं।
३. लिपिकार ने अपना 'नाम' लिखने के अतिरिक्त, अपने सम्बन्ध में कुछ भी नहीं लिखा है। यह ग्रन्थ श्रीभागवतप्रसादजी खुशरूपुर, पटना) से प्राप्त हुआ।

४. गीतगोविन्द—ग्रन्थकार—श्रीजयदेव कवि। ग्रन्थलिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन देशी कागज, फटा हुआ। पृष्ठ—सं० ७८। प्र० पृ० पं० लगभग—१३। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"विहरति हरिरिहसरसवसंते ।।
नृत्यति युवति जनेन समं सखि विरहजनस्य दुरंते ।। ध्रुपदं
उन्मद मदनमनोरथ पथिक वधूजनजनित विलापे ।।
अलिकुल संकुल सम समूह निराकुल बकुल कलापे ।।२।।
मृग मद सौरभ भरस वशंवद नवदल माल तमाले ।।
युवजन हृदय विदारण मनसिज नखरुचि किंशुक जाले ।।३।।
मदन महीपति कनकदंडरुचि केशर कुसुम विकाशे ।।
मिलित शिलीमुख पाटले पटल कृत स्मरतूण विलासे ।।४।।
विगलित लज्जित जगदवलोकन तरुणकरुण कृत हासे ।।
विरहिनि कृन्तन कुंतमुखाकृति केतकि दंतुर तासे ।।५।।"

अन्त—"श्री जयदेव भणित विभवद्धि गुणीकृत भूषणभारं ।।
प्रणमत हृदिविनिधाय हरिं सुचिरं सुकृतोदयसारं ।।८।।

विषय—श्रीराधाकृष्ण के विरह-वर्णन के साथ कश्मीर-सुषमा-वर्णन ।

टि०–१. गेय पदों के पूर्व 'ध्रुवपद' आदि ताल-निर्देश किया हुआ है ।

२. ग्रन्थ अपूर्ण है । प्रारम्भ के २ पृष्ठ नहीं हैं । मानिनी' वर्णन नाम दशम सर्ग समाप्त करके ११ सर्ग का कुछ अंश है । आगे के पृष्ठ नहीं हैं । प्रारम्भ के पृष्ठ फटे होने के कारण ऊपर का अंश पृष्ठ ८ से लिखा गया है । यह ग्रन्थ श्रीशिवचन्द्रजी आर्य (मीरजानहाट छत्रपति तालाब, भागलपुर) से प्राप्त है ।

५. सारस्वतप्रक्रियाव्याकरणम्—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। पृ० सं० ६६। प्र० पृ० पं० लगभग—१४। लिपि नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ 'श्री गणेशाय नमः ॥ आनन्दैक निधिन्देवमन्तरायतमोरवेम् ॥
दया निरूपनं वन्दे वरदं धिर दान नम् ॥१॥
वाग्देवतायाश्चरणारविन्द मानन्द सान्द्रे हृदिसन्निधाय ॥
श्री पुञ्जराजः कुरुते मनोज्ञां सारस्वतव्याकरणस्य टीकाम् ॥१॥
इह ग्रंथस्य कर्त्ता निरन्तरायाभीप्सितार्थसिद्धयेशिष्टाचार प्रतिपालनायवेष्टदेवता-नमस्काररूपमंगलाचरणपूर्वकं श्रोतृप्रतिपत्ति द्वारा सप्रयोजनं चिकीर्षितं प्रति-जानीते। प्रणम्य परमात्मानमित्यादि ॥१। तत्र परमात्मानं प्रणम्य ॥ बालधी वृद्धिसिद्धये ॥ नातिविस्तराम् ॥ सारस्वतीं प्रक्रियां ऋजु कुर्वे इत्यन्वय ॥ प्रक्रियन्ते प्रकृति प्रत्ययादि विभागेन व्युत्पाद्यन्ते शब्दाः अनया इति प्रक्रिया ॥
सरस्वत्या प्रणीता या प्रक्रिया सा सारस्वती प्रक्रिया तां सारस्वतीं प्रक्रियां ऋजुं प्रयोगानुकूल सूत्रक्रमां कुर्वे करिष्ये वर्तमान समीप्ये वर्तमानवदेति सूत्रातत्ककरिष्ये इति स्थाने कुर्वे इति ॥"

अन्त—"आपतः स्त्रियाम् ॥ आकारान्तामात्र स्त्रियां वर्तमानादाप् प्रत्ययो भवति ॥ आपि विहिते। आपरीतसेर्ध्वोपः। जाया माया श्रद्धा धाना एवमादिपु स्त्रीप्रत्यय विशिष्टेषु वालानां लिङ्गविशेषज्ञानं भवतीति लिङ्गविशेषविजिज्ञार्थायेतियुक्तमेवोक्तम् ॥ इत्यादिन्यादि शब्दात् ॥"

विषय—संस्कृत के प्रसिद्ध व्याकरण की टीका ।

टि०–१ इस ग्रन्थ के टीकाकार ने ग्रन्थ की टीका करते हुए इसे सरल बनाने का यत्न किया है। यद्यपि टीकाकार ने अपना परिचय नहीं दिया है, तथापि प्रारम्भ के 'श्रीपुञ्जराजः' से प्रतीत होता है कि टीकाकार कोई पुञ्जराज हैं ।

२. यह ग्रन्थ श्रीभागवतप्रसादजी (खुशरूपुर, पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

६. वाजसनेयसंहिता—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। पृ० सं० ३१। प्र० पृ० पं० लगभग—१४। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"ये अग्नयः समनसोन्तराद्यावापृथिवीऽइमे ।
शारदावृतूऽ अभिकल्प्यमानाऽइन्द्रमिवदेवाऽअभिसंविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद्ध्रुवे-सीदतम ॥१६॥"

अन्त—"अभिगोत्राणि सहसा गाहमानो दयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः ॥
दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुद्धोऽस्माकक्षसेना अवतु अयुत्सु ॥३६॥"

विषय—यजुर्वेद की शाखा—वाजसनेय-संहिता, मूल।

टि०—१. ग्रन्थ की लिपि अच्छी नहीं है। प्रारम्भ के १०१ पृष्ठ नहीं हैं। पृष्ठ १०२ से प्रारम्भ होकर पृष्ठ १३४ में समाप्त हो गया है।

२ यह ग्रन्थ श्रीपरमानन्द सिंहजी (ग्राम-चन्दनपुरा, जमालपुर- मुंगेर) के प्रयत्न से प्राप्त हुआ है।

३. ग्रन्थ अपूर्ण है। अतएव, लिपिकार का नाम नहीं ज्ञात हो सका। मन्त्रों के साथ उदात्त, अनुदात्त, स्वरित-बोधक चिह्न भी दिये हुए हैं। ग्रन्थ के बीच-बीच में अध्याय समाप्त होने पर 'इति वाजसनेय संहिता पाठे' लिखा हुआ है। ग्रन्थ १७वें अध्याय तक ही है।

७. **रुद्रयामलतन्त्र**—ग्रन्थकार—×। लिपिकार ×। अवस्था—प्राचीन देशी कागज। पृ० सं० ३१। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"पूर्णगिरि पीठाय नमः। उड्डियान पीठाय नमः॥ कामरूप पीठाय नमः। जालंधर पीठाय नमः। इति संपूज्य षट्कोणो षडंगसंपूज्य॥ त्रिखंडेन त्रिकोणाग्र दक्षोत्तरं संपूज्य॥ मध्ये॥ आधारशक्तये नमः। इति संपूज्य॥ त्रिकोण गर्भे यत्रिका संस्थाप्य नमः इति सामान्यार्घ्य जलेनाभ्युक्ष्य। यंधूम्रार्चिषे नमः॥ रं उष्मायै नमः॥ लं उवलिन्यै नमः॥ वं ज्वालिन्यै नमः॥ शं विस्फुलिंगिन्यै नमः॥ षं सुश्रियै नमः॥ सं स्वरूपायै नमः॥ हं कपिलायै नमः॥ लं हव्यवाहायै नमः॥ दां कव्यवाहायै नमः॥ इति संपूज्य॥'

अन्त—"चंचत् कांचन कंडलांग षरामबद्धकांचीस्रजं।
य त्वां चेतसि त्वद्गते क्षणमपि ध्यायंति कृत्वास्थिरराम्।
तेषां वेश्म सुविभ्रमादहरहः स्फारी भवत्यश्चिरं॥
माद्यत्कुंजकणाति लातरतलाः स्थैर्यं भजंते श्रियः॥१०॥"

विषय—तन्त्रशास्त्र।

टि०—१ ग्रन्थ अपूर्ण है। पृ० १६ से प्रारम्भ है। ४७ पृ० में समाप्त हुआ है।

२. यह ग्रन्थ श्रीरामनारायणजी 'आर्य' (मन्त्री, वैदिक पुस्तकालय, खुशरूपुर, पटना) के उद्योग से प्राप्त हुआ है।

८.—ग्रन्थकर्त्ता - ×। लिपिकार ×। अवस्था—प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ-सं० २२। प्र० पृ० पं० लगभग × १४। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—"आचम्य प्रमुख उपविश्य प्रथम रक्षामारभ्य क्रमेण॥ ऊं गणपतिरसि। ऊं गौर्य्यसि। ऊं पद्मासि। ऊं शच्यसि। ऊं मेधासि। ऊं सावित्र्यसि। ऊं विजयासि। ऊं जयासि। ऊं देवसेनासि॥ ऊं स्वधासि। ऊं स्वाहासि। ऊ मातरः स्थ। ऊं हृस्तिरसि। ऊं पुष्टिरसि। ऊं तुष्टिरसि। ऊं आत्मकुल देवतासि। ऊं स्नीरसि। ततो पिंडमादय प्रथमरक्षामारभ्य॥ ऊं भूर्भुवः स्वःगणपति इहागच्छ इह तिष्ठ। ऊं भूर्भुवःस्वःगौरि

इहगच्छ इहतिष्ठ । ऊँ भूम्भुर्वः स्वःपद्मे इहागच्छ इह तिष्ठ । ऊँ भूम्भुर्वः स्वः शचि इहागच्छ इह तिष्ठ । ऊँ भूम्भुर्व स्वः धेमेइहागच्छ इह तिष्ठि । ऊँ भूम्भुर्वः स्वः सावित्रि इहागच्छ इह तिष्ठ । ऊँ भूम्भुर्वःस्वः विजये इहाग........।"

अन्त—"ब्राह्मणः स्पापनं कृत्वा प्रणीता द्युत्तरेपरम् ।
जलपात्र निधायाथ प्रणीतापूरणादिभिः ॥१॥
कृत्वाज्यभागपर्यन्तं वह्नौ पचाहृतिस्ततः ।
चरोः प्रजापतिर्हुत्वा भूयः पञ्चाहुतीश्चरोः ॥
प्रजापतिस्त्रिक्षकृते व्याहृत्यादि घृतैर्न्न च ॥"

विषय—इसमें ग्रन्थ का नाम नहीं है। ग्रन्थ में श्राद्ध. तर्पण पिण्डदान, मातृकापूजा और जातकर्म—निष्क्रमण-संस्कार की विधि लिखी हुई है।

टि०—१. ग्रन्थ अपूर्ण है। प्रारम्भ के ४५ पृ० नहीं हैं। ४६ पृ० से प्रारम्भ होकर ६८ पृ० में समाप्त हो गया है। ग्रन्थ का अन्तिम भाग भी नहीं है। अतएव, ग्रन्थ के लिपिकार का पता नहीं है। अक्षरों से ज्ञात होता है कि इसके लिपिकार कोई बँगला-भाषा-भाषी पण्डित हैं।

२ यह ग्रन्थ श्रीरामनारायणजी 'आर्य' (खुशरूपुर, पटना) के उद्योग से प्राप्त हुआ है।

६. राजनीतिशास्त्रशतकम्—ग्रन्थकार—आचार्य चाणक्य। लिपिकार—भीष्मदास। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज। पृ०सं० ६। प्रतिपृष्ठ पंक्ति लगभग—१२। आकार-प्रकार १३"×५"। भाषा—संस्कृत। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लेखनकाल—संवत् १९२६ वैशाख, कृष्ण–पूर्णिमा, रविवार।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ—'श्री गणेशायनमः ॥ नीतिशास्त्रं प्रवक्ष्यामि चाणुक्येन तु भाषितंयन विज्ञानमात्रेण बुद्धिर्विकास्यते नृणाम् १

प्रथमे नार्जिता विद्या द्वितीयरेनार्ज्जित धनन् तृतीये नार्ज्जितो धर्मश्चतर्थे किं करिष्यति कृते च लिप्पते देशस्त्रेतायां ग्रम एव च द्वापरे लिप्पते भर्ता कलौ कर्तब लिप्पते कृते त्वस्य गताः प्राणं स्त्रेतायां मांस एव च द्वापरप्वंङ्यपाः प्राणः कलौ चान्नगता परम् ४"

अन्त की पंक्तियाँ—'संतोषस्त्रिषु कर्तव्य सुदारे भोजनेधने त्रिषु चैव न कर्तव्यो दान तपसि चाव्यतपेत् ।
सर्वप्यारम्भते कार्ये मे कचित्त न भाषितं एकाक्षर प्रदारं यो गुरुं नाभिवंदते
स्वानयोनि शतंगत्वा चांडालेष्वपिजायते ९८
जुगांते चलति मेरुः कल्पान्ते सप्तसागरः साधवः प्रतिपन्नार्था न चलंति कदाचनः अध्वाजरादेहस्वतामनध्वावाजिनां जरा असंभोगा जरा स्त्रीणां संभोगः करिजरा १००

इति श्री राजनीतिशास्त्रं शतकं समाप्तम् शुभं भूयात् ॥" (वस्तुतः यहाँ 'अध्वा जरा देहवतामनध्वा वाजिनां जरा असम्भोगो जरा स्त्रीणां सम्भोगः करिणां जरा॥' होना चाहिए। यही शुद्धपाठ है।)

विषय—साधारण व्यवहार के प्रसिद्ध नीतिश्लोक।

टि०—१. ग्रन्थ पुरानी शैली में लिखा गया है। यत्र-तत्र अशुद्धियाँ भी हैं। लेखक ने श्लोकों को भी कई स्थानों में प्रचलित पाठ से भिन्न लिखा है। कहीं-कहीं छन्दोभंग भी है।

२. यह ग्रन्थ कबीरमठ, रोसड़ा के महन्त श्रीअवधदास साहबजी के सौजन्य से प्राप्त किया।

१०. पञ्चदशी—ग्रन्थकर्ता–×। लिपिकार–×। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज। पृष्ठ-सं० २५८। प्र० पृ० पं० लगभग–२५। आकार-प्रकार—१२″×५१/६″। भाषा—संस्कृत। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल—×।

प्रारम्भ—"ओं श्री गणेशायनमः ॥ ओं नमो भगवते वासुदेवाय ॥ ओं नत्वा श्री भारती तीर्थ विद्यारण्य मुनीश्वरौ प्रत्यक्तत्व विवेकस्य क्रियते पद दीपिका ॥

प्रारीप्सितस्य ग्रन्थस्याविघ्नेन परिसमाप्ति प्रचयगमनाभ्यां शिष्टाचार परिप्राप्तमिष्ट देवता गुरु नमकारलक्षणं मंगलाचरणं स्वेनानुष्टितं शिष्यशिक्षार्थं श्लोकेनोपनिवप्राति अर्थाद्विषय प्रयोजने च सूचयति नम इति।

(मोटे अक्षरों में)—ओं नमः श्री शंकरानन्द गुरुपादाम्बुजन्मने सविलासमहामोह ग्राहग्रासैककर्मणे १ ॥

तत्पादाम्बु रुहद्वंद्व सेवा निर्मलचेतसाम् सुखवोधाय तत्वस्य विवेकोयं विधीयते २"

अन्त—"तर्हि किमेतदित्याशंक्याह ब्रह्मविद्येति इयं ब्रह्मविद्या कथमुत्तनेशंक्याह ध्यानेनेति असंगतित्वे हेतुमाह विद्यायामिति भेदकोपाधिवर्जनादित्युक्तं तानि विभेदकोपाधिनाह शांतेति एतेषां परिहारः केनोपायेनेत्याशंक्याह योगाद्विवेकेति। फलितमाह निरुपायोति त्रिपुटीनाम मावाद्भूमानंद इत्युच्यर्थतः ग्रन्थमुपसंहरति (मोटे अक्षरों में) शांताघोराः शिलायाश्चभेदकोपाधयोमताः योगाद्विवेकतोवैषामुपायीनामकृतिः।६२ निरुपाधि ब्रह्मतत्व भासमाने स्वयं प्रये अद्वैते त्रिपुटित्रास्ति भूमानंनत उच्यत ६३ ब्रह्मानंदाभिये ग्रन्थे पंचमोध्याय ईरितः विषनानंदपते न द्वारेणांतः प्रविश्यतो ६४ प्रियाद्वारिहरोऽ नेन ब्रह्मानंदेन सर्वदा पायाच्च प्राणितः सर्वान् स्वाश्रितान् बुद्धमासिनः ६५ (पतले अक्षरों में) ब्रह्मानंद इति ६४, ६५ इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीभारती तीर्थ विद्यारण्यमुनि विरक्तिकरण श्री रामकृष्णख्य विरचिते उपदेशग्रन्थविवरणे विषायानंदः पंचमोध्यायः ॥"

विषय—दर्शन (वेदान्त-दर्शन)।

टि०—१. वेदान्त के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'पंचदशी' की टीका।

२. टीका अच्छी है। मोटे अक्षरों में मूल ग्रन्थ है। पतले अक्षरों में उसकी टीका है।

११. सूत्रपाठ—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज। पृष्ठ-सं०—४। प्र० पृ० पं० लगभग—२२। आकार-प्रकार १४″×५३/४″ भाषा—संस्कृत। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल–×।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ—"श्री गणेशाय नमः ।। अ इ उ ऋ लृ समानाः १ ह्रस्व दीर्घप्लुत भेदास्सवर्णाः २ ए ऐ ओ औ संध्यक्षराणि ३ नुयेस्वराः ४ अवर्णानामिनः ५ ह य व र ल ६ ञ ण म ङ भ ७ उ ठ ध घ म ८ ज ड द ग व ९ ख फ छ ठ थ १० च ट त क प ११ श ष स १२ अद्यामाभ्याम् १३ असंस्वरादिष्टिः १४ ।।"

अन्त की पंक्तियाँ—"दो द ति ७७ स्वरान्तो वा ७८ स्थायी ७९ दस्तस्यनोदश्च ८० स्वाद्योदितश्च ८१ छार्थंषुतत्कत्त् के तुम् ८२ पूर्वकालेत्का ८३ समासे क्वप् ८४ पौनः पुन्येणास्पदं द्विश्च ८५ लोकाच्छेपस्य सिद्धिः ८६ ।

इति सूत्रपाठ सर्वसूत्र संख्या ९४ पंचसंधि ।। षटलिंग पूर्वं पाठ सूत्रपाठ अख्यात कृदन्त सूत्र पाठः ।।"

विषय—संस्कृत-व्याकरण ।

वि०—पाणिनीय व्याकरण से इतर किसी प्रसिद्ध व्याकरण के सूत्रों का संकलन प्रतीत होता है। यह ग्रन्थ अपूर्ण-सा ज्ञात होता है, यतः व्याकरण-शास्त्र के तद्धित, समास, स्त्रीप्रत्यय, तिङन्त और सुबन्त के लिए सूत्रों का समावेश इसमें नहीं है। यह ग्रन्थ, कबीरमठ, रोसड़ा (दरभंगा) के महन्त श्रीअवधदास साहबजी से प्राप्त किया है।

१२. सारस्वतप्रक्रियाव्याकरण—ग्रन्थकार- ×। लिपिकार-भीष्मदास वैरागी । अवस्था—ठीक. ग्रन्थ अपूर्ण । पृष्ठ-सं० १९ । प्र० पृ० पं०लगभग—२७ । भाषा—संस्कृत । लिपि—नागरी । रचनाकाल --प्रसिद्ध । लेखनकाल—संवत् १९२७, आश्विन कृष्ण, अमावस्या, रविवार । आकार-प्रकार—$14\frac{1}{3}$" × $5\frac{1}{2}$" ।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ—"श्री गणेशानमः ।। अथाख्यात प्रत्ययानिरूप्यंते धातोः वक्ष्यमाणाः प्रत्ययाः धोतोर्ज्ञाथाः भ्यादिः भूसत्तायानित्यादि शब्दोधातु संज्ञो भवति धातुत्वात्तिपादयः स च त्रिविधः आत्मनेपदी १ परस्मैपद्युभयपदी चेति आदनुदात्ताङितः अनुदात्तोङितश्च धातोरादित्यात्मने पदं भवति ञित्स्वरितेत्तवुभे ञितः स्वरितेतश्च धातोरात्मनेपदपरस्मैपदे भवतः आत्मगामि चेत्फलमात्मनेपदपरगामिचेत्फलं परस्मैपदं प्रयोक्तव्यमन्वर्थात् परतोऽन्यत् पर्वोक्त निमित्तविधुरादन्यस्माद्धातोः परस्मैपदं भवति न चेदपाम् तिबादीनामष्टादश संख्याकानामद्यानि न वचनानि परस्मैपद संज्ञानि भवन्ति पररायात्मने पदानि।"

अन्त की पंक्तियाँ—'कथंकारम् इत्थंकारम् भुवोभावे क्यप् ब्रह्मभूयं गंतः लक्षेरीमङव लक्षदर्शनांकनयोः लक्ष्मीः स्त्यायतेःस्त्रीत्वादृटिलोपः संयोगात्तस्यलोपः दित्वादीप् थैस्थै शब्द संघातयोः स्त्री वर्णात्कारः रादिको वा रेफः रकारादीनि नामानि शृवण्तो मम पार्श्वनिमतः प्रसभतामेति रामनामाभिसंकया १ लोकाछेपस्यसिद्धिः यथा मातारादेः इति कृत्य प्रक्रिया स्वरूपान्तोऽनुभूत्यादिः शब्दो भूद्यत्रसार्थकः समस्करी शुभांचके प्रक्रियां चतुरो चिताम् १ अवत्ताद्धोयग्रीवः कमलाकर ईश्वरः सुरासुरनराकार मद्ययापीतपंकजः ।।२।। इति श्री सारस्वती प्रक्रिया यादृशं पुस्तके दृष्टं तादृशं लिषतं मया यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ।। ।। इदं पोस्तक लिषीतं भीष्मदासेन ।।"... । श्री सरस्वत्यै नमः । श्री गणेशाय नमः ।"

विषय–संस्कृत-व्याकरण की एक शाखा। सारस्वतप्रक्रिया सम्पूर्ण नहीं है। केवल तिङन्त-प्रकरण है।

टि०—ग्रन्थ में अधिक अशुद्धियाँ हैं। पाठभेद भी प्रतीत होता है। ग्रन्थ में, पूर्णविराम या अर्द्धविराम के प्रयोग का अभाव है। यह ग्रन्थ श्रीअवधदास साहबजी, महन्त कबीरमठ रोसड़ा (दरभंगा) के सौजन्य से प्राप्त किया।

१३. श्रीमद्भगवद्गीता—ग्रन्थकार—श्रीवेदव्यासजी। लिपिकार—रामभक्त। अवस्था—ठीक, देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—४२। प्र० पृ० पं० लगभग–२०। आकार-प्रकार—$10\frac{1}{2}'' \times 5\frac{1}{4}''$। भाषा—संस्कृत। लिपि—नागरी। रचना-काल—×। लेखन-काल–संवत् १९२२, मंगलवार, द्वितीया।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ—"श्री गणेशायनमः॥ अस्य श्री भगवद्गीतामालामंत्रस्य श्री भगवान्वेद ऋषिरनुष्टुप् छन्दः॥ श्री कृष्णः परमात्मा देवता अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषासेतिवीजम्॥ सर्वं धर्म्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रजेति शक्तिः॥ अहं त्वां सर्वं पापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचेति कीलकम्॥ नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक इत्यंडगुष्ठाभ्यां नमः॥ न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारुत इति तर्जनीभ्यां नमः। अच्छेद्योयमदाह्योयमक्लेद्योशोष्य एव चेति मध्यमाभ्यां नमः॥ नित्य सर्वगतः स्थाणुरचलोयं सनातन इत्यनामिकाभ्यां नमः॥ पश्य मे पार्थ रूपाणि इति कनिष्टकाभ्यां नमः॥"

अन्त की पंक्तियाँ—"राजन् संस्मृत्य रूपमत्यद्भुतं हरेः विस्मयो मे महान् राजन्हृष्यामि च पुन पुनः ७६ यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः तत्र श्री विजयो भूतिर्ध्रुव नीतिर्मतिर्मम ७७

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्री कृष्णार्जुन संवादे मोक्ष संन्यासयोगो नामष्टादशोऽध्यायः १८॥ इति श्रीकृष्णर्जुन गीता संपूर्णः॥"

विषय-कर्मयोग-दर्शन।

टि०— पोथी की लिखावट में प्राचीन शैली अपनाई गई है। लिखावट अच्छी है। यत्र–तत्र अशुद्धियाँ रह गई हैं। पाठभेद भी है।

यह ग्रन्थ श्रीअवधदास साहबजी, महन्त, कबीरमठ, रोसड़ा, दरभंगा से प्राप्त किया।

१४. धातुपाठ—ग्रन्थकार—×। लिपिकार—। अवस्था—अच्छी है, प्राचीन हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ संख्या—८। प्र० पृ० पं० लगभग–१८। आकार-प्रकार—$13'' \times 5\frac{1}{2}''$। भाषा—संस्कृत। लिपि–नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल–×।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ- "श्री गुरवे नमः॥ भूसतापाम्॥ चितो सज्ञानेच्युतिर् आसेचने श्च्युतिर रक्षणे मंथ विलोडने कुथि पथि लथि मथि हिंसा संक्लेशनयोः षिधु गत्याम् षिधु शास्त्रे माङ्गल्ये च खदस्थैर्य्ये हिंसायां च गद व्यक्तां वाचि।"

अन्त की पंक्तियाँ—"कपि चलने लवि आस्रंसने पुण भ्रमणे मृणहिंसायाम् कुल संक्याने चिड़ भेदने विड भातौ खड आकांक्षायाम् नुक्ष सेवने पुष वृद्धौ भूखज मंथने इति धातुगणपाठः॥०॥ श्री॥०॥"

विषय—संस्कृत-व्याकरण के धातु (क्रिया) गणों की सूची तथा उनके अर्थ।

टि० १. इस पोथी की लिखावट बहुत अच्छी और साफ है। सब अक्षर पृथक् पृथक् हैं। इस ग्रन्थ में भी वर्त्तमान मुद्रित ग्रन्थों से पाठभेद सा प्रतीत होता है। सम्भवतः, कुछ धातु नहीं भी दिये गये हैं।

२. यह ग्रन्थ श्रीअवधदास साहबजी महन्त, कबीरमठ, रोसड़ा, दरभंगा के सौजन्य से प्राप्त किया।

१५. धातुपाठ—ग्रन्थकार—। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ संख्या—५। प्र० पृ० पं० लगभग - २४। आकार-प्रकार – १४″×५⅔″। भाषा—संस्कृत। लिपि नागरी। रचना काल ×। लेखनकाल—×।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ 'श्रीगणेशायनमः॥ भू सत्तायाम् चिती सज्ञाने च्युतिर् आसेचने श्च्युतिर् क्षरणे मंथ विलोडने कुथि पुथि लुथि हिसा संक्लेशनयोः षिधु गत्याम् षिधू शास्त्रे माङ्गल्ये च खद स्थैर्ये हिंसायां च गद व्यक्तायां वाचि रदविलेखने साद अव्यक्ते शब्दे अर्द्धगतौ याचने च अत सातत्य गमने खादु भक्षणे अद अदिबंधने टुरादि समृद्धौ चदि आह्लादने।"

अन्त की पंक्तियाँ—"कपि चलने लवि आस्रंसने पुण भ्रमणे मृग हिंसायाम् कुल संख्याने चिड़ भेदने खिड विडभाती खऽ आकांक्षायाम् भुक्ष सेचने यूप वृद्धौ भखज मंथने इति धातुगणपाठः॥०॥ श्री॥"

विषय—संस्कृत-व्याकरण के धातुओं (क्रियाओं) की सूची।

टि०—ग्रन्थ प्राचीन है। लिखावट की शैली भी पुरानी है। यह ग्रन्थ श्रीअवधदासजी महन्त, कबीरमठ, रोसड़ा से प्राप्त हुआ है।

१६. वैराग्यशतक – ग्रन्थकार–श्रीभर्त्तृहरि। लिपिकार – भीष्मदास वैरागी, कबीरपन्थी। अवस्था—अच्छी है। पृष्ठ संख्या—११। प्र० पृ० पं० लगभग –२०। आकार-प्रकार–३″×५½″। भाषा–संस्कृत। लिपि—नागरी। रचनाकाल—प्रसिद्ध। लिपिकाल —संवत् १९१० आषाढ कृष्ण त्रयोदशी १३।

प्रारम्भ की पंक्तियाँ–'श्रीगणेशाय नमः ओं तत्सद्ब्रह्मणे नमः अपार संसार समुद्र मध्ये संमज्जतो में सरणं किमस्ति गुरो कृपालो कृपया वदैत ....। (प्रश्नोत्तरी के कुछ भाग समाप्त करने के बाद) श्रीराम कृष्णायनमः अथ वैराग्य शतक मारभ्यते चूडोत्तं सितचन्द्रचारु कलिका चंचच्छिखा भासुरो लीलादग्धविलोलकामशलभः श्रेयोदशाग्र स्फुरन् अतस्फूर्जदयारमोहतिमिरप्राग्भारमुच्छेद यच्चेत सः समानयोगिनां विजयत ज्ञानप्रदीपो हरः।"

अन्त की पंक्तियाँ—"पाणीपात्रं पवित्रं भ्रमण परिगतं भैक्षमक्षय्यमन्नं विस्तीर्णं वस्त्रमाशा सुदशकमलमल्पमस्त्वल्पमुर्वी येषां निःसंगतानां करणपरिणति स्वांतः॥
संतोषिणस्ते धन्या संन्यस्त दैन्यव्यतिकरनिकराः कर्म निर्मूलयंतिः॥१००॥
इति श्री भर्तृहरियोगींद्र कृतौ वैराग्यशतके अवधूतचर्या निरूपणे नाम दसम दसके॥इति श्री भर्तृहरिकृत वैराग्य शतकं संपूर्णम्।"

विषय—वैराग्यपरक, दार्शनिक, मननशील विचार। यह ग्रन्थ प्रसिद्ध है।

